GORAKHPUR POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:-20-09-2023

स्कूल गई छात्रा नहीं लौटी घर, अज्ञात के खिलाफ केस

सहजनवा (एसएनबी)। सहजनवा थाने के सीहापार निवासी सुभाष ने तहरीर देकर बताया कि कि उनके साले की बेटी कई वर्षो से सीहापार में रहकर पढ़ाई करती थी। सोमवार को स्कूल गई लेकिन वापस लौट कर नहीं आई। थानाध्यक्ष इत्यानंद पांडेय ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सहजनवां क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती से गांव का ही युवक ने युवती से छेड़खानी किया। विरोध करने पर स्वजनों के साथ मिलकर पीड़िता के पिता और भाई को बुरी तरह से पीट दिया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर तीन आरोपितों के खिलाफ घर में घुसकर कर छेड़छाड़ और मारपीट का केस किया गया है। **युवती से की छेड़खानी :** सहजनवां थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती पढ़ाई खत्म होने के बाद गांव पर ही रहती है। गांव का एक युवक आए दिन युवती से छेड़छाड़ करता रहता है। आरोप है कि रविवार की शाम को युवती पशुओं को चारा डालने गई तो आरोपित छेड़छाड़ करने लगा। युवती ने स्वजनों से शिकायत की तो पिता ने विरोध किया। आरोप है कि आरोपित अपने स्वजनों के साथ घर में घुसकर फिर छेड़छाड़ किया तथा पिता और भाई को पीट कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष इत्यानंद पांडेय ने बताया कि नंदलाल शर्मा, आदर्श शर्मा और सूरज शर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

दहेज में नहीं मिली आपाची, विवाहिता को घर से निकाला

चिलुआताल (एसएनबी)। चिलुआताल इलाके में दहेज में आपाची बाइक नहीं मिलने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 428, 323 , 504, 506 आईपीसी व डीपी एक्ट के तहत मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल कर रही है। ग्राम सभा दहला निवासी लक्ष्मी पत्नी रामचरन ने लिखित तहरीर देकर बतायी की मेरे पिता जी अपनी सामर्थ के अनुसार दान दहेज देकर हिन्दू रीति रिवाज से मेरी शादी 14 -9 -2022 को दहला निवासी रामचरन पुत्र राम केवल के साथ किया था कुछ ही दिन बीता था कि मेरी सांस चानमती व मेरे पति रामचरन अपाची बाइक के लिये हमेशा मारने पीटने के साथ ही मानसिक उत्पीड़न करने लगे न लाने पर अंजाम भुगतने की धमकी देने लगे।

'सेटिंग' बैठाने को बेताब हैं बिचौलिए

गोरखपुर (एसएनबी)। बिचौलिए अभी भी घूम रहे हैं और मेडिकल कालेज परिसर में 'शिकार' तलाश रहे हैं। आउटसोर्सिंग के तहत काम करने वाले कर्मचारियों के बीच बिचौलियों की अच्छी पैठ है। अब वे 'वर्दी' से सेटिंग बनाने को बेताब हैं। इसको लेकर बिचौलिए प्रयास भी कर रहे हैं। यही कारण है कि कुछ बिचौलिए अभी भी सक्रिय हैं और अपने काम को अंजाम दे रहे हैं। इनको पकड़े जाने का भय अब नहीं सता रहा है।

नेहरू चिकित्सालय के ट्रामा सेंटर परिसर, 100 बेड वार्ड तथा बाल रोग संस्थान के पास बिचौलिए अपनी हरकतों को जारी रखे हुए हैं। इस काम में उनकी मदद कर रहे हैं आउटसोर्सिंग कर्मचारी। बता दें कि पिछले दिनों दो आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को इस तरह के खेल में अहम भूमिका अदा करने की सजा भी मिल चुकी है। बावजूद इसके कई संदिग्ध आउटसोर्सिंग कर्मी जो पहले इसी तरह का काम करने थे अभी भी बिचौलियों की मदद कर रहे हैं। मेडिकल कालेज में जगह-जगह गार्ड भी लगे लेकिन उनको बिचौलियों से कोई लेना-देना नहीं है तभी तो अब तक वे एक भी बिचौलियों को पकड़ नहीं सके। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनकी भूमिका बिचौलियों को लेकर कैसी है?

नेहरू चिकित्सालय में इस बात को लेकर चर्चा चल रही है कि बिचौलियों ने पुलिस से सेटिंग बनानी शुरू कर दी है। यह भी कहा जा रहा है कि मामला फाइनल स्टेज पर आ गया है। हकीकत क्या है यह तो बिचौलिए ही जानें? कई लोगों ने बिचौलियों और कई वर्दीधारियों से कालेज परिसर में बातचीत करते हुए देखा है। इससे उनको इस बात का बल मिलता है कि वर्दी से कहीं ना नहीं बिचौलिए सेटिंग बना रहे हैं। आखिर बिचौलियों से वर्दीधारियों की बातचीत का क्या मतलब निकलता है? कुछ माह पहले बीआरडी मेडिकल कालेज प्रशासन ने सख्त निर्देश दिया था कि बिचौलियों से अगर कोई कर्मचारी बातचीत करते दिखता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। कुछ दिन तक तो डर बना रहा लेकिन अब आउटसोर्सिंग कर्मचारी बिचौलियों से मिल रहे हैं लेकिन वार्ड में नहीं, बाहर। चौरीचौरा सीओ रहे मानुष पारीक तक बीआरडी मेडिकल कालेज में बिचौलियों की हरकतों का पता चला तो उन्होंने इनकी कमर तोड़ने का प्रयास किया। ताबड़तोड़ कार्यवाहीं हुई और पुलिस संग बैठगी करने वाले बिचौलिए भागने लगे। अब श्री पारीक को कैंट का सीओ बना दिया गया है। उनके हटते ही पुलिस भी बिचौलियों संग मेडिकल कालेज परिसर में बातचीत करते हुए दिख रही है। मतलब साफ है कि कहीं ना कहीं कुछ चल रहा है।

मेडिकल कॉलेज

ट्रामा सेंटर, बाल रोग संस्थान और 100 बेड वार्ड के इर्द-गिर्द अभी भी शिकार तलाशने के लिए भटक रहे हैं बिचौलिए

आउटसोर्सिंग के तहत काम करने वाले कई कर्मचारी अभी भी बने हुए हैं बिचौलियों के करीबी

'वर्दी' देखकर पहले बिचौलिए भागते थे, अब ऐसा कुछ नहीं है

स्कोर्ट आने से पहले पुलिस की गाड़ी से टकराया बाइक सवार

पादरी बाजार(एसएनबी)। गोरखपुर पहुंची राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। चरगावां ब्लाक के जंगल धूसड़ से वापस लौट रही राज्यपाल की फ्लिट आने से पहले दो बाइक सवार युवक पुलिस की लापरवाही से सड़क पर आ गए जिसकी वजह से तेज रफ्तार पुलिस की गाड़ी से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। दोनों घायलों को इलाज के लिए बीआरडी भेजा गया।

राज्यपाल की सुरक्षा में बड़ी चूक

घायल को मेडिकल कालेज में कराया गया भर्ती



इतना ही नहीं, तेज रफ्तार पुलिस की गाड़ी बाइक सवारों को ठोकर मारते हुए एक दुकान में घुस गई। जिसके बाद गाड़ी पेड़ से टकराकर रूक गई। घटना पिपराइच इलाके पादरी रोड पर स्थित लाला बाजार, हैदरगंज मोड़ पर हुआ। हादसे के बाद नाराज लोग सड़क पर उतर आए और सड़क जाम करने की भी कोशिश की लेकिन पुलिस ने उन्हें ऐसा करने से रोक लिया। इसके बाद राज्यपाल का काफिला शहर की ओर आगे बढ़ा।

आंगनबाड़ी केंद्र से लौट रही थीं राज्यपाल : दरअसल, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल दो दिनों के दौरे पर गोरखपुर पहुंची हैं। वे मदन मोहन मालवीय इंजीनियरिंग कालेज के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के बाद मंगलवार को पिपराइच इलाके के जंगल धूसड़ स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पहुंची थीं। इस कार्यक्रम में शामिल होने के बाद राज्यपाल करीब 3.30 बजे वापस शहर में आ रही थीं।

पुलिस को चकमा देकर सड़क पर आ गए बाइक सवार: उनका काफिला आने से पहले सड़क जीरो यानी कि ट्रैफिक पूरी तरह से रोक दिया गया था। इस बीच पिपराइच-पादरी रोड पर स्थित लाला बाजार, हैदर गंज मोड़ पर एक बाइक सवार दो युवक पुलिस को चकमा देकर अचानक गली से मेन रोड पर आ गए। तभी बाइक सवार सामने से आ रही पुलिस की तेज रफ्तार गाड़ी से जोरदार टक्कर हो गई।

पेड़ से टकराकर रूकी पुलिस की गाड़ी : राज्यपाल के काफिला में होने की वजह से पुलिस की गाड़ी की रफ्तार भी काफी तेज थी। जिसकी वजह से गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पटरी दुकान को तोड़ते हुए पेड़ में टकरा गई। हादसे में बाइक सवार चुम्मन का बेटा प्रवेश (21) और स्वसुजीत निषाद का बेटा मोनू निषाद (23) गंभीर रुप से घायल हो गए।

महिला के सीने पर लागी चोट, मौत पिता सहित तीन पर हत्या का केस

भटहट (एसएनबी)। गुलरिहा इलाके के बरगदहीं में विवाद का वीडियो बनाने को लेकर हुए मारपीट में ईंट लगने से यशोदा देबी की मृत हो गई थी। कड़ी सुरक्षा के बीच बैकुंठ धाम पर शव का अंतिम संसार कर दिया गया। उधर मृतका के पति घूरे प्रसाद निषाद की तहरीर पर पुलिस पिता पुत्र समेत तीन के खिलाफ धारा 304 और 323 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सीने में गंभीर चोट लगने से योशोदा के मौत का कारण बताया गया है।

बुजुर्ग महिला के पति की तहरीर पर केस दर्ज

पुलिस की देख रेख में हुआ दांह संस्कार

मृतिका यशोदा देवी के पति घूरे प्रसाद निषाद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव के सोनू शर्मा व बलवंत सिंह पुत्र बंधू सिंह के बीच सोमवार के शाम चार बजे किसी बात को लेकर मारपीट हो गया। मेरा लड़का विकेन्द्र निषाद अपने घर खड़ा था। उसी बीच बलवंत सिंह और उनके पुत्र मंजीत व अजीत दरवाजे पर आए और मेरे पुत्र विकेन्द्र से मोबाईल छीनने लगे। मना करने पर घर से लाठी डंडा व ईंट लेकर आए। मुझको- मेरी पत्नी यशोदा देबी और पुत्र विकेन्द्र को मारने पीटने लगे। इस दौरान पत्नी यशोदा को काफी लोग लगने से वहीं पर मर गई। मारपीट करने वाले वहां से भाग निकले।

उधर बलवंत सिंह पक्ष के लोगों ने घटना के बाद डायल 112 पर सूचना दिए कि विकेन्द्र ने ईंट से मार कर अपनी मां की हत्या कर दिया। बलवंत सिंह पक्ष के लोगों ने पुलिस को बताया कि विकेन्द्र ईंट चला कर मंजीत को मारना चाहता, लेकिन मंजीत एकाएक बैठ गया, चोट योशोदा देबी के सीने पर लग गई। फिलहाल पुलिस मृतिका के पति से तहरीर लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम के उपरांत पुलिस की कड़ी निगरानी में मंगलवार के देर शाम शव का अन्तिम संस्कार स्थानीय बैकुंठ धाम पर कर दिया गया।

इधर पुलिस तहरीर के आधार पर बलवंत सिंह, मंजीत व अजीत के खिलाफ केस दर्ज कर दोनो पहलूओं पर गहनता से जांच पड़ताल करने में जुटी है।

इस वावत थाना प्रभारी जेएन शुक्ला ने बताया कि केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है। इसके बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी

एटीएम कार्ड बदल कर जालसाज ने खाते से रुपये निकाले

चरगावां (एसएनबी)। गुलरिहा थाना क्षेत्र के सराय गुलरिहा स्थित एक एटीएम पर सोमवार को युवक का कार्ड बदलकर जालसाजों ने खाते से पांच हजार रुपए निकाल लिए। पीड़ित के गुलरिहा थाने में लिखित तहरीर दी है। पिपराइच क्षेत्र के जंगल औराही हाता टोला निवासी सुनील पुत्र मक्कू सोमवार की दोपहर डेढ़ बजे सराय गुलरिहा स्थित एटीएम पर रुपए निकालने गया था। पीड़ित ने बताया की लाइन के पीछे तीन से चार लोग खड़े थे,रुपए निकालने के लिए जब एटीएम कार्ड मशीन में डाला तो एटीएम पैसे नहीं निकला तो पीछे वाले युवक ने पीड़ित का कार्ड लेकर मदद करने के बहाने कार्ड बदल दिया। बाद में खाते से 5 हजार निकलने पर पता चला कि एटीएम कार्ड बदल दिया गया है। पीड़ित ने मंगलवार को लिखित शिकायत गुलरिहा पुलिस को दी।

ई-रिक्शा में चेन चुराने वाली महिला को भेजा जेल

गोरखपुर(एसएनबी)। ई-रिक्शा में चेन चुराने वाली महिला को पीड़ित ने राहगीरों की मदद से नगर निगम गेट के पास पकड़ लिया।उसके कब्जे से कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपित के कब्जे से चोरी की चेन बरामद कर मंगलवार को दोपहर बाद न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। गोलघर में काली मंदिर के पास रहने वाली संगीता चौरसिया सोमवार की दोपहर ई-रिक्शा जिला अस्पताल जा रही थीं।रास्ते में एक महिला बगल की सीट पर बैठी।आरोप है कि नगर निगम गेट के पास उसने संगीता की चेन चुरा लिया। आहट मिलने पर उन्होंने शोर मचाने के साथ ही राहगीरों की मदद से पकड़ लिया।आरोपित की पहचान उरुवां के बधुआरी की रहने वाली किरण के रुप में हुई।दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

बुजुर्ग महिला को झांसा देकर मंगलसूत्र लेकर फरार : कैंट इलाके में घर जाने के लिए आटो में बैठी बुजुर्ग महिला को झांसा देकर जालसाजी मंगलसूत्र लेकर फरार हो गए। बेटे की तहरीर पर मंगलवार को पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, मोहद्दीपुर पावर हाउस निवासी शशि भूषण सिंह ने दिए तहरीर में लिखा है कि सोमवार को माता श्रीमती उमा सिंह तीज के अवसर पर गोलघर बाजार गई थी। वापसी में मोहद्दीपुर के लिए आटो पकड़ने के लिए गणेश चौक पर खड़ी थी। जहां से दो अन्जान उच्चको ने माता जी से बातचीत करने का प्रयास किया तथा अपनी बातो मे उलझाकर आटो से रेलवे स्टेशन गोरखपुर जंशन के गेट नं0 6 पर ले गए उसी बीच उच्चको ने माता जी का मंगलसूत्र जिसकी किमत 25 से 3 लाख तक होगी। जिसे चोरी के बदनिती से उच्चको ने बातों में उलझाकर ले लिया । प्रभारी निरीक्षक के रणधीर मिश्रा ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

UP'S MOST WANTED

गोरखपुर के राघवेंद्र पर भी ढाई लाख इनाम

iUPDATE

फरार अपराधियों की दहशत में आज भी जी रहा पीड़ित परिवार

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (19 Sept): 'जमीन निगल गई या आसमान खा गया...' यह मुहावरा उत्तर प्रदेश के मोस्ट वांटेड अपराधियों पर एक दम सटीक बैठता है. वर्तमान समय में गोरखपुर के राघवेंद्र यादव समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों के 28 खूंखार पराधी मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल हैं. जिनपर 50 हजार से लेकर 5 लाख रुपए तक का इनाम है. अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस, एसटीएफ और क्राइम ब्रांच की टीमें भी लगी हैं लेकिन किसी भी टीम को कामयाबी नहीं मिल पा रही है. आइए जानते हैं, प्रेजेंट टाइम में कौन-कौन अपराधी प्रदेश के मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल है, पुलिस उन्हें ढूंढने के लिए क्या कर रही है.

कौन है राघवेंद्र

गोरखपुर जोन का सबसे बड़ा इनामी अपराधी राघवेन्द्र यादव झंगहा थाना क्षेत्र के सुगहा का रहने वाला है. राघवेन्द्र ने सुगहा में ही चार हत्याएं की हैं. साल 2016 में 7 जनवरी के दिन चाचा भतीजा बलवंत और उनके भतीजे की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या की थी. इसके बाद वह फरार हो गया.

फरारी में ही दो और हत्या

चाचा भतीजे की हत्या के बाद केस कोर्ट में चलने लगा. इस मुकदमे की पैरवी कर रहे रिटायर्ड दरोगा और उनके छोटे बेटे की भी फरारी के दौरान ही राघवेन्द्र यादव ने साल 2018 में गोलियों से भूनकर हत्या कर डाली. इसके बाद से ही राघवेंद्र पर इनाम बढ़ता गया, लेकिन उसकी गिरफ्तारी आज तक नहीं हो पाई है. वर्तमान समय में राघवेन्द्र यादव पर 2.5 लाख रुपए का इनाम है.



खाकी के साए में जी रहा परिवार

ये बता दें कि चार हत्याओं का खौफ आज भी झंगहा एरिया के सुगहा में देखने को मिलता है. यहां पीड़ित परिवार जिन्होंने घर के 4 सदस्यों को खो दिया. वह लोग आज भी डर के साए में जीते हैं. घर पर हमेशा पुलिस का पहरा रहता है. तीन पुलिस 24 घंटे यहां सुरक्षा में लगे रहते हैं. साथ ही डेली एसएचओ और चौकी इंचार्ज भी वहां जाकर परिवार से मिलते हैं. झंगहा एसएचओ ने बताया कि राघवेन्द्र का पूरा घर गिर चुका है, वहां कोई नहीं रहता है. उसकी तलाश में पुलिस लगी है.

2016 में 7 जनवरी के दिन चाचा भतीजा बलवंत और उनके भतीजे की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या की थी. इसके बाद राघवेंद्र फरार हो गया.

50 हजार से लेकर 5 लाख रुपए तक का इनाम है. अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस, एसटीएफ और क्राइम ब्रांच की टीमें भी लगी हैं लेकिन किसी भी टीम को कामयाबी नहीं मिल पा रही है.



"राघवेन्द्र यादव को पकड़ने के लिए सारी एजेंसियां लगी हुई हैं. इसको लेकर डीजी स्तर पर मीटिंग भी होती रहती है. प्रदेश के हर थाने में राघवेन्द्र का रिकार्ड और फोटो है. कहीं भी दिखेगा तो पकड़ा जाएगा.
मनोज कुमार अवस्थी,
एसपी नार्थ

मोस्ट वांटेड अपराधी और इनाम

अपराधी	इनाम
विनोद कुमार (बुलंदशहर)	50,000
सलीम मुख्तार शेख (लखनऊ)	50,000
संजीव नाला (मुजफ्फरनगर)	50,000
सुधीर महाकर सिंह (सहारनपुर)	50,000
रामनरेश ठाकुर (आगरा)	50,000
विश्वास नेपाली (वाराणसी)	50,000
सुनील यादव (वाराणसी)	50,000
अजीम अहमद (वाराणसी)	50,000
शहबुद्दीन (गाजीपुर)	2,00000
मनीष सिंह (वाराणसी)	50,000
अताउरहमान (वाराणसी)	2,00000
बहर उर्फ बहरूद्दीन (कौशांबी)	50,000
पिंटू उर्फ रूद्रेश उपाध्याय	50,000
आफताब आलम (प्रयागराज)	50,000
शिवा बिंद (गाजीपुर)	50,000
हरिश (मुजफ्फरनगर)	2,00000
सुमित (मुरादाबाद)	2,00000
बदन सिंह बद्दो (मेरठ)	50,000
मनीष सिंह सोनू (वाराणसी)	2,00000
राघवेन्द्र यादव (गोरखपुर)	2,50,000
दिप्ती बहल (गाजियाबाद)	5,00000
भूदेव (बुलंदशहर)	5,00000
राशिद नसीम (डालीबाग लखनऊ)	5,00000
राम चरण भूरा (बाराबंकी)	3,00000
दिनेश कुमार सिंह (रायबरेली)	1,50000
अरमान (प्रयागराज)	5,00000
गुड्डू मुस्लिम (प्रयागराज)	5,00000
शाबिर (प्रयागराज)	5,00000

कार में 'बार' पर पुलिस का बड़ा एक्शन, खाकी को देख नशा हिरन

पुलिस के अभियान में शराब की दुकानों के ईद-गिर्द मची अफरातफरी

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (19 Sept): कार में 'बार' वालों के खिलाफ पुलिस ने मंगलवार को सख्त अभियान चलाया. जिले भर में ताबड़तोड़ हुई कार्रवाई में 759 दबोचे गए. दैनिक जागरण आईनेक्स्ट की खबर का संज्ञान लेकर मंगलवार को शाम ढलते ही दुकानों के बाहर शराब पीने वालों की धरपकड़ के लिए पुलिस पहुंची तो अफरा-तफरी मच गई. इस दौरान भाग रहे लोगों को पुलिस ने दौड़ा-दौड़ा कर पकड़ा. कई नशे में गिर भी गए. पुलिस सभी को हिरासत में लेकर थाने लाई और परिवार को सूचित किया. अभियान के दौरान कई बुजुर्ग भी पकड़े गए, जिन्हें पुलिस ने हिदायत देकर छोड़ दिया.

सर, गलती हो गई

पुलिस ने जब नशे में धुत युवकों को पकड़ा तो उसमें से कई ने तरह तरह के बहाने बनाए. कई ने दोस्तों पर पिलाने का आरोप लगाया. कई ने पहली बार पीने की बात कही. नशे में धुत कई युवकों ने कहा कि सर गलती हो गई है, अब दोबारा नहीं पीयेंगे.



राजघाट में पकड़े लोग.

शाहपुर में सर्वाधिक धराए

अभियान में सबसे अधिक शाहपुर एरिया में पीने वालों को पकड़ा. दूसरे नंबर पर रामगढ़ताल एरिया रहा. सबसे कम कोतवाली एरिया में पीने वाले पकड़े गए. गोरखनाथ एरिया में भी कम संख्या में लोग पकड़े गए. नया थाना बना एम्स में भी पुलिस की कार्रवाई में अच्छी खासी संख्या में लोग पकड़े गए. वहीं रुरल में सबसे अधिक उरुवा बाजार थाना एरिया में 34 पीने वाले पकड़े गए. बेलीपार, सिकरीगंज, पिपराइच और झंगहा में कोई नहीं पकड़ा गया.

IMPACT

आईनेक्स्ट का बिग इम्पैक्ट, 8 माह में महज 51 चालान काटने वाली गोरखपुर पुलिस ने एक दिन में पकड़े 759 शराबी


सड़कों पर खुले 'कार बार'
8 माह में सिर्फ 51 चालान
SHOCKING

यहां इतने पकड़े गए

कोतवाली	10
राजघाट	45
तिवारीपुर	29
कैंट	56
खोराबार	40
रामगढ़ताल	82
गोरखनाथ	24
शाहपुर	95
एम्स	32
कुल	413
रुरल में कुल	346



"खुलेआम शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है. मंगलवार को काफी संख्या में लोग पकड़े गए हैं. यह अभियान अब हर रोज चलेगा.

कृष्ण कुमार विश्नोई,
एसपी सिटी

एक्शन नेपाल वाया चीन भेजकर एक करोड़ में बेचते दो मुंहे सांप

गोरखपुर से चीन को हो रही 'सैंड बोवा' की तस्करी

एसटीएफ गोरखपुर इकाई ने पकड़े चार तस्कर



20 लाख रुपए में लाकर नेपाल वाया चीन भेजने वाले थे. जिसके इन्हें करीब एक करोड़ रुपए मिलने थे. इन सांपों का यूज तंत्र-मंत्र और दवा बनाने में किया जाता है.

GORAKHPUR (19 Sept): गोरखपुर एसटीएफ इकाई ने वन्य जीवों की तस्करी करने वाले गैंग के चार तस्करों को अरेस्ट किया है. इनके पास से एक रेड सैंड बोवा सांप (दो मुंह वाला) बरामद किया है. तस्कर इस सांप को गुंटरू चेन्नई से 20 लाख रुपए में लाकर नेपाल वाया चीन भेजने वाले थे. जिसके इन्हें करीब एक करोड़ रुपए मिलने थे. इन सांपों का यूज तंत्र-मंत्र और दवा बनाने में किया जाता है. बेहद दुर्लभ प्रजाति का होने की वजह से इस सांप की तस्करों को मुंह मांगी कीमत मिलती है. तस्करों को गिरफ्तार करने में वन विभाग और डब्ल्यूसीसीबी (वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो) की टीम भी मौजूद रही. पकड़े गए आरोपियों की पहचान इंदपुर शिवपुर वाराणसी के रहने वाले रमाशंकर मौर्य, गोरखपुर कैंपियरगंज मरहठा के रहने वाले ओमप्रकाश सिंह, जलालपुर आजमगढ़ के रहने वाले राजाराम और गोरखपुर के राजघाट बसंतपुर के रहने वाले सैफुद्दीन के रूप में हुई. एसटीएफ ने बरामद सांप के रख रखाव के लिए वन विभाग को सौंप दिया. आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्यवाही वन विभाग की ओर से की जा रही है.

चेन्नई से मिले थे 20 लाख

एसटीएफ इंस्पेक्टर सत्यप्रकाश सिंह के मुताबिक, आरोपी रमाशंकर ने बताया कि रेड सैंड बोवा सांप की तस्करी करने वालों का एक बड़ा गैंग है. जिसका सदस्य शैलेंद्र यादव, इमरान खान और अरुण सिंह हैं. इन्हीं लोगों ने रमाशंकर के बैंक खाते में 20 लाख रुपए दिए थे और फिर उसे गुंटरू चेन्नई भेजा. वहां पर कुछ लोग मिले. जो उसे कार में बैठाकर करीब 5 घंटे के सफर के बाद एक जंगल में ले गए, वहीं, पर रमाशंकर को एक बैग में रेड सैंड बोवा सांप दिया गया. जिसे लेकर फिर रमाशंकर चेन्नई से गोरखपुर आया.

मिलती मुंह मांगी कीमत

आरोपी ने बताया, इससे पहले भी वह कई बार रेड सैंड बोवा सांप की तस्करी कर ला चुका है और उसकी सप्लाई कर चुका है. लेकिन, कई बार लखनऊ पहुंचने से पहले ही सांपों की मौत हो जाती थी, जिसकी वजह से रमाशंकर उसे वहीं फेंक देता था. उसने एसटीएफ को यह भी बताया कि इन सांपों का प्रयोग तंत्र-मंत्र और दवा बनाने के लिए किया जाता है. जिसकी वजह से इन सांपों की नेपाल और चीन जैसे देशों में मुंह मांगी कीमत मिलती है.

किसकी ईंट से हुई मौत, जांच जारी

फॉलोअप

- बरगदही में झगड़े का वीडियो बनाने में हत्या का मामला
- आरोपितों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही है जांच

भटहट, हिन्दुस्तान संवाद। गुलरिहा थानाक्षेत्र के बरगदही के परती टोला में सोमवार की देर शाम झगड़े का वीडियो बनाने को लेकर बढ़े विवाद में ईंट के प्रहार से महिला की मौत हो गई थी। महिला के पति की तहरीर पर पुलिस ने पिता और उसके दो बेटों के खिलाफ धारा 304 और 323 के तहत केस दर्ज कराया है। पुलिस आरोपितों को हिरासत में लेकर जांच कर रही है। जो ईंट लगने से महिला की मौत हुई वह किसने चलाई यह बड़ी पहेली बनी हुई है।

बरगदही परती टोला निवासी यशोदा के पति घूरे निषाद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसके गांव के ही सोनू शर्मा और बलवंत के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। कुछ देर बाद किसी ने बता दिया है कि विवाद का वीडियो घूरे के बेटे विकेंद्र ने बना लिया है, जबकि विकेंद्र अपने दरवाजे पर था। आरोपित विकेंद्र के पास उसके घर जाकर मोबाइल छीनने लगे। आरोप है कि विकेंद्र ने मोबाइल देने से मना किया तो आरोपित विकेंद्र और उसकी मां यशोदा को पीटने लगे। इसी बीच किसी ने ईंट से प्रहार किया जो यशोदा देवी (55 वर्ष) को लग गई। इससे यशोदा की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पीएम रिपोर्ट में सीने में चोट लगने से यशोदा की मौत की पुष्टि हुई है।

पानी का छींटा पड़ने को लेकर मारपीट, केस

पीपीगंज/भरोहिया। पीपीगंज नगर पंचायत के वार्ड संख्या दो में निर्माणाधीन मकान की दीवार तरी करने के दौरान पड़ोसी के ऊपर पानी का छींटा पड़ गया, जिसे लेकर मारपीट हो गई। पुलिस ने तीन लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वार्ड संख्या दो निवासिनी गायत्री देवी पत्नी श्याम सुंदर मद्धेशिया ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दो दिन पूर्व मैं दिवार तरी कर रही थी उसी बीच पड़ोस के लक्ष्मन के ऊपर पानी का छींटा पड़ गया।

एसटीएफ ने चार तस्कर दबोचे, दुर्लभ सांप बरामद


राजाराम यादव (आरोपी)


रामाशंकर मौर्या (आरोपी)


ओम प्रकाश सिंह (आरोपी)


सैफ (आरोपी)

गोरखपुर, वरिष्ठ संवादाता। एसटीएफ ने वन्य जीवों की तस्करी करने वाले गैंग के चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक रेड सैंड बोवा सांप (दो मुंह वाला) बरामद किया गया है। तस्कर इस सांप को गुंटरू चेन्नई से 20 लाख रुपए में लाकर नेपाल के रास्ते चीन भेजने वाले थे। जिसकी कीमत इन्हें करीब एक करोड़ रुपए मिलनी थी।

एसटीएफ के मुताबिक, इन सांपों का प्रयोग तंत्र-मंत्र और दवा बनाने में किया जाता है। बेहद प्रजाति का होने की वजह से इस सांप की तस्करों को मुंहमांगी कीमत मिलती है। तस्करों की गिरफ्तारी में वन विभाग और वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने भी सहयोग किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान इंदपुर शिवपुर वाराणसी के रहने वाले रमाशंकर मौर्य, गोरखपुर कैंपियरगंज मरहठा के रहने वाले ओमप्रकाश सिंह, जलालपुर आजमगढ़ के रहने वाले राजाराम और गोरखपुर के राजघाट बसंतपुर के रहने वाले सैफुद्दीन के रूप में हुई। एसटीएफ ने बरामद सांप को रखरखाव के लिए वन विभाग को सौंप दिया। आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्यवाही वन विभाग की ओर से की जा रही है। एसटीएफ इंस्पेक्टर सत्यप्रकाश सिंह के मुताबिक, आरोपी रमाशंकर ने बताया कि रेड सैंड बोवा सांप की तस्करी करने वालों का एक बड़ा गैंग है। जिसके सदस्य शैलेंद्र यादव, इमरान खान और अरुण सिंह हैं। इन्हीं लोगों ने रमाशंकर के बैंक खाते में 20 लाख रुपए दिए थे और फिर उसे गुंटरू चेन्नई भेजा।

युवती से शोहदे ने की छेड़खानी

सहजनवा। क्षेत्र के एक गांव की युवती से गांव का ही एक युवक ने घर में घुसकर छेड़खानी और अश्लील हरकत की। युवती के शोर मचाने पर घर से निकले पिता ने जब शोहदे को डांटा तो वह गाली देते हुए भाग गया। सहजनवा पुलिस को दी गई तहरीर में लड़की के पिता ने बताया कि जब वह छेड़खानी की शिकायत लेकर आरोपी के घर गए तो युवक और उसके परिजन उसे मारने-पीटने लगे।

छात्र को पीटने पर शिक्षक के खिलाफ केस

चिलुआताल। के मजनू चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा डोहरिया बाजार में संचालित विद्यालय में कक्षा आठ के छात्र को पीटने के मामले में छात्र के बाबा की तहरीर पर पुलिस ने शिक्षक के खिलाफ मारपीट और धमकी का केस दर्ज किया है। बुढ़ियाबारी निवासी नारद मुनी सिंह ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उनका नाती अंश सिंह डोहरिया बाजार स्थित स्कूल में कक्षा आठ का छात्र है 18 सितम्बर को शिक्षक कामरान कमाल कक्षा में छात्रों से सवाल का जबाव पूछ रहे थे।

महिला से रेप के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

पीपीगंज। जंगल कौड़िया चौकी क्षेत्र के एक गांव की महिला को बाइक सवार एक युवक ने लिफ्ट देने के बहाने सुनसान स्थान पर ले जाकर रेप का प्रयास किया। विरोध पर महिला का गला दबाकर मारने की कोशिश की। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित वरुण मौर्या के खिलाफ छेड़खानी और हत्या के प्रयास की धारा में केस दर्ज कर मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।

महिला गैंग लीडर समेत 3 पर गैंगस्टर का केस

सहजनवा। गैंग बनाकर अपराध करनेवाले में महिला सरगना और उसके दो सदस्यों के खिलाफ थानाध्यक्ष गीडा रतन पांडेय ने मंगलवार को स्थानीय गीडा थाने में गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज कराया है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा गैंग चार्ट के अनुमोदन के उपरांत थानाध्यक्ष ने ग्राम मल्हीपुर थाना गीडा निवासी गैंग लीडर सितांजली पत्नी स्व. रामानन्द और उसके गैंग के दो सदस्यों बृजमोहन विश्वकर्मा पुत्र राजाराम विश्वकर्मा और अभिषेक चौहान पुत्र रुपेश चौहान निवासीगण रामपुर पांडेय थाना खजनी पर गैंगस्टर का केस दर्ज किया गया है।

वकील को थप्पड़ मारने का आरोप, दरोगा सस्पेंड

- पत्नी से विवाद के मामले में अधिवक्ता को बुलाया था थाने
- अधिवक्ता की तहरीर पर दरोगा पर मारपीट व धमकी का केस

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। पिपराइच इलाके में पत्नी से मारपीट के आरोप में थाने बुलाए गए अधिवक्ता अश्वनी पांडेय को थप्पड़ मारने के आरोप में दरोगा सोनेंद्र सिंह राठौर पर मारपीट और धमकी देने का कसे दर्ज किया गया है। मंगलवार सुबह एसएसपी ने जांच के आधार पर उन्हें लाइन हाजिर किया, बाद में निलंबित कर विभागीय जांच का आदेश दे दिया है।

पिपराइच क्षेत्र के जंगल धूषण बड़ी रेवतहिया गांव निवासी अश्वनी पांडेय दीवानी कचहरी में अधिवक्ता हैं। उन्होंने तहरीर में बताया है कि पत्नी सोनम ने पिपराइच थाने में पारिवारिक विवाद में उनके खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया था। सोमवार की सुबह थाने गए। एसएसआई सोनेंद्र सिंह राठौर बातचीत के दौरान गालियां देते हुए कहने लगे कि वकील के ड्रेस में थाने पर दबाव बना रहे हैं। एतराज पर थप्पड़ मारने लगे। दरोगा के खिलाफ केस की विवेचना सीओ चौरीचौरा की देखरेख में होगी।

अधिवक्ता को पीटने वाला दारोगा निलंबित

घटना के विरोध में हड़ताल पर रहे दीवानी कचहरी के अधिवक्ता सीओ कर रहे थे जांच

जागरण संवाददाता, पिपराइच: अधिवक्ता को थाने में पीटने वाले पिपराइच थाने के एसएसआइ (वरिष्ठ उप निरीक्षक) सोनेंद्र सिंह राठौर को एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने निलंबित कर दिया। घटना के विरोध में मंगलवार को दीवानी कचहरी के अधिवक्ता हड़ताल रहे। पिटाई से घायल अधिवक्ता ने देर शाम निलंबित दारोगा के विरुद्ध पिपराइच थाने में मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया।

जंगल धूसड़ बड़ी रेवबहिया गांव में रहने वाले अश्वनी पांडेय दीवानी कचहरी में अधिवक्ता हैं। एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में उन्होंने लिखा है कि पत्नी सोनम पांडेय ने पिपराइच थाने में पारिवारिक विवाद में मेरे विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया था। पुलिस के बुलाने पर सोमवार की सुबह वह पिपराइच थाने पहुंचे। जनसुनवाई कर रहे एसएसआइ सोनेंद्र सिंह राठौर के सामने अपना पक्ष रखा तो वह यह कहते हुए गाली देने लगे कि अधिवक्ता के ड्रेस में थाने आकर दबाव बना रहे हो।

विरोध करने पर पीट दिया, जिसकी वजह से कम सुनाई दे रहा है। अधिकारियों से शिकायत करने पर शाम को आकर माफी मांगते हुए धमकी दी। बोले कि कार्रवाई का दबाव मत बनाओ, नहीं तो गंभीर परिणाम भुगतना होगा। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि सीओ चौरी चौरा के पर्यवेक्षण में मुकदमे की विवेचना होगी।

गुलरिहा में फर्जी मुकदमा दर्ज कराकर कराई थी किरकिरी

एक नवंबर की रात को चिलुआताल के मानबेला निवासी विनोद मिश्रा ने साथियों संग सर्किट हाउस के पास स्थित चूल्हा-चौका रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ करने के साथ ही कर्मचारियों पर जानलेवा हमला कर दिया था। इस मामले में रामगढ़ताल थाना पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक राहुल सिंह के प्रार्थना पत्र पर विनोद मिश्रा, प्रेम सागर गुप्ता, राजकरन निषाद, प्रभात यादव समेत 19 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस को उन्होंने सीसी कैमरे का फुटेज सौंपा था। आरोपितों ने घटना के बाद गुलरिहा थाने में दुर्घटना में घायल होने की जानकारी देते हुए एक्सीडेंट होने का मुकदमा दर्ज कराया। दो दिन बाद गाड़ी तोड़ने का आरोप लगाते हुए रेस्टोरेंट के संचालक पार्षद व उनके सहयोगियों पर डकैती का मुकदमा दर्ज करा दिया। जांच में पता चला कि गुलरिहा थाने पर तैनात रहे एसएसआइ सोनेंद्र सिंह राठौर ने फर्जी मुकदमा दर्ज कराया था। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने सोनेंद्र सिंह राठौर के साथ ही हल्का दारोगा को इस मामले में निलंबित किया था।

बेपर्दा हो रहीं घर की बातें, पति-पत्नी दर्ज करा रहे केस

जितेन्द्र पाण्डेय • गोरखपुर

- एसएसपी कार्यालय में होने वाली जनसुनवाई में प्रतिदिन आ रहीं 25 से 30 परिवारों की शिकायतें
- हर दिन आने वालीं 75 से 80 शिकायतों में आधी से अधिक होती हैं पति-पत्नी के बीच विवाद की

रामगढ़ताल क्षेत्र की एक महिला थाने से लेकर एसएसपी कार्यालय तक फरियाद लेकर पहुंची। उसका आरोप था कि पति उसे मारता है। घर का पानी बंदकर देता है। कैंपियरगंज के रहने वाले एक जोड़े ने शादी के डेढ़ वर्ष बाद एक-दूसरे के विरुद्ध तहरीर दी है। ये मामले बताते हैं कि अब घर की बातें भी बाहर आने लगी हैं। आवेश में आकर पति-पत्नी छोटी-छोटी बात या कहासुनी पर पुलिस के पास पहुंच जा रहे हैं। अधिकतर मामलों को अधिकारी संबंधित थानों पर भेज उनकी काउंसिलिंग कराकर समझौता कराते हैं, जो नहीं मानते हैं, उन पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई प्रभारी के अलावा प्रतिदिन एसएसपी, एसपी सिटी व एसपी नार्थ भी फरियाद सुनते हैं। इन चारों अधिकारियों के पास हर दिन करीब 75 से 80 फरियादी पहुंचते हैं। एसएसपी कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार इनमें 25 से 30 फरियादी पति-पत्नी होते हैं।

एक दिन अगर पत्नी अपनी पीड़ा लेकर पहुंच रही तो अगले दिन पति पहुंच जा रहा है। दोनों मारपीट या उत्पीड़न करने का हवाला देकर मुकदमा दर्ज करने की फरियाद करते हैं। पुलिस जब जांच कराती है तो प्रकरण मामूली विवाद या कहासुनी का निकलता है।

नई शादियों में छोटी-छोटी बातों पर होता है झगड़ा

पुलिस की मानें तो नई शादियों के बाद अक्सर पति-पत्नी के बीच छोटी-छोटी बात पर झगड़े हो रहे हैं। इनका झगड़ा इतना बढ़ जाता है कि बात मुकदमे तक पहुंच जा रही। कुछ दिन पहले रापतीनगर के एक युवक ने एसएसपी कार्यालय में गुहार लगाई कि मुझे पत्नी से बचाइए। वह साथ नहीं रहना चाहती है। पुलिस की पहल पर दोनों फिर से एक साथ रह रहे हैं।

दंपती के बाद दूसरे नंबर पर भूमि विवाद व क्रास केस

पति-पत्नी के विवाद के बाद दूसरे नंबर पर सबसे अधिक भूमि विवाद के मामले हैं। तीसरे नंबर पर थाने में मुकदमा दर्ज होने के बाद क्रास केस कराने के लिए आने वाले फरियादी हैं।

हर महीने 50 से 60 परिवारों की होती है काउंसिलिंग: महिला थाने में प्रतिमाह 50 से 60 पारिवारिक विवाद के मामलों की सुनवाई होती है। थाना प्रभारी ऊषा शर्मा बताती हैं, कुछ मामले सीधे उन तक पहुंचते हैं तो कुछ अधिकारी भेजते हैं। सभी मामलों में तीन बार सुनवाई का मौका दिया जाता है। दोनों पक्षों की बात सुन काउंसिलिंग की जाती है। छह माह में 100 से अधिक परिवारों को मिलाया गया है।

जनसुनवाई में प्रत्येक दिन 75 से अधिक फरियादी आते हैं। सबसे



अधिक मामले पति-पत्नी के बीच विवाद के रहते हैं। पहला प्रयास रहता है कि समझौता कराकर परिवार टूटने से बचाया जाए। नहीं मानने पर ही मुकदमा दर्ज करने को कहा जाता है। कई मामलों की जांच में कहासुनी और छोटे-छोटे विवाद सामने आते हैं। इसके अलावा भूमि से जुड़े या अन्य विवाद होते हैं।

डा. गौरव ग्रोवर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

भू-माफिया और साथियों पर धोखाधड़ी के तीन और केस

जासं, गोरखपुर : कुसम्ही बहरामपुर के भू-माफिया कमलेश यादव और उसके तीन साथियों पर एम्स थाना पुलिस ने मंगलवार को तीन और मुकदमा दर्ज किया। इसमें कमलेश के साथ उसकी पत्नी मीना, अरुण, दीनानाथ और शमशाद अली आरोपित हैं। इसके साथ ही खोराबार, चौरी चौरा समेत एम्स थाने में कमलेश पर धोखाधड़ी के 25 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। एम्स थाना पुलिस कमलेश और उसके तीन साथियों को गिरफ्तार कर तीन माह पहले ही जेल भेज चुकी है।

बिहार के नवीगंज के नियाज अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि भू-माफिया और उसके साथी बेतियाहाता के अरुण ने 3.50 लाख रुपये लेकर सिलिंग की जमीन का फर्जी तरीके से बैनामा करा दिया। बिहार गोपालगंज की किरण देवी ने बताया कि कमलेश, दीनानाथ, शमशाद और मीना ने 7.50 लाख रुपये लेकर सिलिंग की जमीन का बैनामा कराया। इसी क्रम में गोरखनाथ लच्छीपुर के अभिषेक जायसवाल ने बताया कि भू-माफिया ने अपने साथियों के साथ मिलकर 4.58 लाख रुपये लेकर दूसरे की जमीन को फर्जी तरीके से बैनामा करा दिया।

मकान बनवाकर परिवार के साथ रहने के दौरान उन्हें जानकारी हुई कि जमीन दूसरे के नाम से है। एम्स थाना प्रभारी मदन मोहन मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अभी और मामले की जांच की जा रही है। उसके पूरा होने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

पुलिस की मौजूदगी में महिला का हुआ अंतिम संस्कार

भटहट : गुलरिहा के बरगदही में सोमवार की शाम मारपीट के दौरान ईंट लगने से मृत यशोदी देवी का पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कर दिया गया। यशोदा के पति घूरे प्रसाद की तहरीर पर पुलिस बलवंत सिंह व उनके दो पुत्रों पर केस दर्ज कर जांच कर रही है। बलवंत सिंह के परिवार का सोमवार को एक युवक से विवाद हो गया था। मौके पर यशोदा देवी का पुत्र विकेन्दर मौजूद था। इसी बीच किसी ने बलवंत को बताया कि विकेन्दर ने वीडियो बना लिया है। बलवंत का परिवार उसके घर पहुंचा और वीडियो चेक करने के लिए मोबाइल मांगा। विरोध करने पर हुई मारपीट में ईंट चलने से यशोदा देवी की मृत्यु हो गई। (जासं)

एटीएम से छेड़छाड़ में युवक पर मुकदमा दर्ज

गोरखपुर : नंदानगर चौकी के पास स्थित एसबीआइ एटीएम मशीन से छेड़छाड़ करते एक युवक का वीडियो फुटेज सामने आया है। इसके आधार पर मंगलवार को एटीएम में रुपये डालने वाली कंपनी के प्रबंधक शिवानंद सिंह ने एम्स थाने में तहरीर दी है। प्रबंधक ने बताया कि उनकी कंपनी सिक्योर वैल्यू इंडिया लिमिटेड का कार्यालय राप्ती नगर फेज चार में है। छह अगस्त 2023 को नंदानगर स्थित एटीएम का एक वीडियो कंपनी को मिला है, जिसमें एक युवक मशीन से रुपये निकाल रहा था। (जासं)

एटीएम कार्ड बदल जालसाजों ने निकाले पांच हजार रुपये

गोरखपुर : पिपराइच के जंगल औराही हाता टोला के सुनील का एटीएम कार्ड बदल जालसाजों ने पांच हजार रुपये निकाल लिए। वह सोमवार को सराय गुलरिहा के पास एटीएम से रुपये निकालने गए थे। मोबाइल पर मैसेज आने पर जानकारी हुई तो उन्होंने मंगलवार को गुलरिहा थाने में तहरीर दे दी है। (जासं)

बिजली चोरी करने के मामले में दो पर मुकदमा दर्ज

मुंडेरा बाजार : एसडीओ चौरी चौरा योगेश यादव ने बिजली चोरी करते पकड़े जाने पर फुटहवाइनार के दिलीप जायसवाल और अरविंद जायसवाल पर मुकदमा दर्ज कराया है। एसडीओ ने बताया कि इनके अलावा गौरी शंकर के परिसर में वाणिज्यिक गतिविधि मिली व मालती के यहां अधिक भार पाया गया।

बाइक सवार युवक को रोक मनबढ़ों ने मार दिया चाकू

उनवल : तालनवर के पास मंगलवार को बाइक सवार बरडाड़ के सुमित को मनबढ़ों ने रोककर चाकू मार दिया। स्वजन उसे सदर अस्पताल ले गए। चाचा राधेश्याम ने बताया कि उनके भाई का निधन हो चुका है। वह खोराबार थाने में होमगार्ड हैं। सुमित मोहद्दीपुर में दुकान पर काम करता है। वह बाइक से घर जा रहा था। (जासं)

दो बदमाशों पर एसएसपी ने घोषित किया इनाम

गोरखपुर : ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक से लूट में फरार बेलघाट विधनापार के बदमाश भानु प्रताप सिंह उर्फ बबलू उर्फ बबून पर एसएसपी ने 15 हजार का इनाम घोषित किया। इसके अलावा सिकरीगंज थाना क्षेत्र से चोरी में फरार बदायू कादरचौक कादरबाड़ी के तकरीम पर पांच हजार का इनाम घोषित किया गया। (जासं)

तीन अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट का दर्ज हुआ मुकदमा

गोरखपुर : गीडा थाना पुलिस ने गिरोह बना अपराध करने वाले तीन अपराधियों पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी गीडा रतन पांडेय ने बताया कि सरगना मल्हीपुर की रहने वाली सीतांजली है। वह खजनी के रामपुर पांडेय के बृजमोहन विश्वकर्मा उर्फ झिनक और अभिषेक चौहान के साथ अपराध करती है।

सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते हुए पकड़े गए 759 लोग

जासं, गोरखपुर : पुलिस ने अभियान चलाकर रात आठ से नौ बजे के बीच सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते हुए 759 लोगों को पकड़ा। इसमें ग्रामीण क्षेत्र में 346 व शहरी में 413 लोग पकड़े गए। थाने लाकर पुलिस ने सभी को मुचलके पर छोड़ दिया।

प्रभारी एसएसपी व एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देश पर समस्त थानों में अभियान चला। इसमें नगर क्षेत्र के कोतवाली थाने की पुलिस ने 10, राजघाट ने 45, तिवारीपुर ने 29, कैंट ने 56, खोराबार ने 40, रामगढ़ताल ने 82, गोरखनाथ ने 24, शाहपुर ने 95 और एम्स थाने की पुलिस ने 32 लोगों को पकड़ा। दक्षिणी क्षेत्र के बांसगांव थाने की पुलिस ने आठ, गगहा ने 25, गोला ने तीन, बड़हलगंज ने 28, उरुवा बाजार ने 34, बेलघाट ने 14 हरपुर बुदहट ने 32, खजनी थाने की पुलिस ने आठ लोगों को पकड़ा। उत्तरी क्षेत्र में कैंपियरगंज थाने की पुलिस ने 20, पीपीगंज ने 34, सहजनवां ने 30, चिलुआताल ने 31, गीडा ने 35, चौरी चौरा ने 22 और गुलरिहा थाने की पुलिस ने 22 लोगों को पकड़ा।

फरार संविदाकर्मी का नहीं लगा सुराग, जांच टीम ने सौंपी रिपोर्ट

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : घूस न मिलने पर मोहद्दीपुर में आइसीआइसीआइ बैंक का कनेक्शन काटने वाले तीसरे संविदा बिजलीकर्मी का अब तक सुराग नहीं लगा है। चिलुआताल के जगतबेला गुरुनगर निवासी संविदाकर्मी बालकृष्ण की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। जांच के लिए गठित अधिशासी अभियंताओं (एक्सईएन) की दो सदस्यीय कमेटी ने अपनी रिपोर्ट अधीक्षण अभियंता शहर को सौंप दी है।

शनिवार को इंटरनेट मीडिया पर बैंक का कनेक्शन काटने का वीडियो प्रसारित हुआ था। पूरे प्रकरण पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाराजगी जताई तो बिजली निगम ने तत्काल जांच शुरू करा दी। इसके बाद मोहद्दीपुर के एक्सईएन, एसडीओ और जेई को निलंबित कर दिया गया। साथ ही तीन संविदाकर्मियों के खिलाफ कैंट थाने में एफआइआर दर्ज कराई गई। रविवार देर रात दो संविदाकर्मियों को घर से गिरफ्तार कर लिया गया। अधीक्षण अभियंता के निर्देश पर टाउनहाल के एक्सईएन नवनीत



- मोहद्दीपुर में घूस न मिलने पर बैंक का कनेक्शन काटने का मामला
- अधिशासी अभियंता नवनीत प्रजापति व अविनाश गौतम ने की जांच

प्रजापति और राप्तीनगर के एक्सईएन अविनाश गौतम ने जांच की थी। जांच टीम ने निलंबित अभियंताओं के साथ ही बैंक मैनेजर, भवन स्वामी आदि का बयान दर्ज किया है। बैंक के तथाकथित वेंडर से भी बात करने की टीम ने कोशिश की, लेकिन उसका मोबाइल नंबर स्विच आफ हो गया है।

अधीक्षण अभियंता शहर लोकेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि जांच रिपोर्ट मिल गई है। उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है।

चेन्नई से दोमुंहा सांप ला रहे चार तस्कर धराए

20 लाख में हुई थी डील, नेपाल पहुंचने पर मिलते एक करोड़, एसटीएफ व वन विभाग की टीम ने शाहपुर क्षेत्र में पकड़ा, चेन्नई से लाए थे सांप

जासं, गोरखपुर : दोमुंहा (रेड सैंड बोवा) सांप को चेन्नई से चीन ले जा रहे चार तस्करों को एसटीएफ व वन विभाग की टीम ने मंगलवार की सुबह बिछिया में गिरफ्तार किया। वाराणसी, आजमगढ़ व गोरखपुर जिले के रहने वाले आरोपितों के कब्जे से एक दोमुंहा सांप बरामद हुआ। वन विभाग के रेंजर ने मुख्यालय में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। देर शाम सभी आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

एसटीएफ गोरखपुर यूनिट के निरीक्षक सत्यप्रकाश को सूचना मिली कि वन्य जीव की तस्करी करने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह के सदस्य दोमुंहा सांप को चेन्नई से नेपाल जा रहे हैं, जहां से चीन जाना है। इस समय सभी तस्कर शाहपुर के बिछिया में मौजूद हैं। मंगलवार की दोपहर में वन विभाग की टीम के साथ एसटीएफ के निरीक्षक ने बिछिया के शास्त्रीनगर स्थित ओमप्रकाश सिंह के घर पर छापा डाला तो सभी आरोपित पकड़े गए। उनके कब्जे से दोमुंहा लाल सांप बरामद हुआ। आरोपितों की पहचान वाराणसी के इंदरपुर शिवपुरी के रमाशंकर मौर्य, आजमगढ़ के जहानाबाद के कनैला जलालपुर में रहने वाले राजाराम यादव, राजघाट के बसंत सराय में रहने वाले सैफुद्दीन व ओमप्रकाश सिंह के रूप में हुई। पूछताछ व जांच में पता चला कि रमाशंकर मौर्य गिरोह का सरगना है। गिरोह के सदस्य शैलेंद्र यादव, इमरान खान व अरुण सिंह ने रमाशंकर के खाते में 20 लाख रुपये देकर चेन्नई भेजा था। वहां मिले गिरोह के सदस्य उसे जंगल में ले गए और दोमुंहा सांप दिए, जिसे लेकर वह गोरखपुर आया था। इस सांप को एक करोड़ रुपये में नेपाल ले जाकर बेचना था, जहां से चीन भेजने का प्लान था।



संयुक्त टीम की गिरफ्त में दोमुहां सांप के साथ पकड़े गए चारों तस्कर ● सौ. वन विभाग

कई बार ला चुका है दोमुंहा सांप

रमाशंकर ने बताया कि चेन्नई से कई बार दोमुंहा सांप ला चुका है, लेकिन लखनऊ पहुंचने तक वह मर जाते। इस सांप का प्रयोग तंत्र-मंत्र व दवा बनाने में होता है।

पहले भी पकड़े जा चुके हैं तस्कर

नागपंचमी के समय वन विभाग की टीम ने डोमिनगढ़ स्टेशन के पास दो तस्करों को पकड़ा था, जिनके कब्जे से तीन दोमुंहा सांप मिले थे। इन सांपों को भी नेपाल के रास्ते चीन ले जाना था।

बाइक नहीं मिलने पर गर्भवती को जलाकर मार डालने का प्रयास

जासं, बांसगांव : मायके से बाइक नहीं मिलने पर ससुराल वालों ने गर्भवती को मारा-पीटा, पेट्रोल डाल जलाने का प्रयास किया। मंगलवार को शांति देवी की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत उसके भाई व ससुर के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

शांति ने बताया कि वह बेलघाट के सोपाईघाट स्थित मायके में रह रही है। वर्ष 2020 में उसकी शादी बांसगांव के हरिहरपुर टोला, बरपुरवा के लक्ष्मन प्रसाद के साथ हुई थी। उसका डेढ़ वर्ष का एक पुत्र है और तीन माह की गर्भवती है। 13 सितंबर को पति, इनके भाई हनुमान और ससुर राधेश्याम बाइक की मांग करते हुए मारपीट कर निकाल दिया। पिता ने ससुराल पहुंच कुछ लोगों से बात की। इसके बाद वह ससुराल पहुंची। 17 सितंबर को फिर ससुराल वालों ने पीटा और जलाकर मारने का प्रयास किया। पड़ोसियों ने बचाया। पति ने उसी दिन रात 11 बजे बच्चे समेत मायके पहुंचा दिया और धमकी दी कि बाइक लेकर आना।

अधिवक्ता से बदसलूकी के आरोप में घिरे दरोगा पर एफआईआर दर्ज

अधिवक्ता का आरोप-दरोगा ने मारा था थप्पड़, पत्नी ने दी थी तहरीर, नहीं दर्ज हुआ केस

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। पिपराइच इलाके में पत्नी से मारपीट के आरोप में बुलाए गए अधिवक्ता अश्वनी पांडेय को थप्पड़ मारने के आरोपों में घिरे दरोगा सोनेंद्र सिंह राठौर पर मारपीट और धमकी देने का केस दर्ज किया गया। सुबह एसएसपी ने जांच रिपोर्ट के आधार पर लाइनहाजिर किया, फिर निलंबित कर विभागीय जांच का आदेश दिया था।

अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार की चेतावनी के बाद पुलिस ने इस प्रकरण में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दर्ज केस की विवेचना सीओ चौरीचौरा की देखरेख में की जाएगी।

तीज के दिन थाने जाकर महिला ने घर से निकालने का आरोप लगाया था

उधर, अधिवक्ता इसे लेकर आक्रोशित हैं।

जानकारी के मुताबिक, पिपराइच के जंगल धूषण बड़ी रेववहिया गांव निवासी अश्वनी पांडेय दीवानी कचहरी में अधिवक्ता हैं। तहरीर में उन्होंने लिखा है कि पत्नी सोनम पांडेय पुत्री अवधेश पांडेय ने पिपराइच थाने में पारिवारिक विवाद में मेरे खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया था। उसी संबंध में पुलिस के बुलाने पर सोमवार की सुबह 10.40 बजे पिपराइच थाने में गया। वहां पर एसएसआई सोनेंद्र सिंह राठौर से बातचीत कर रहा था। इसी दौरान सोनेंद्र सिंह अकारण आग बबूला हो गए।

भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए कहने लगे कि वकील के ड्रेस में थाने में आकर दबाव बना रहे हैं। गाली देने से मना करने पर वह थप्पड़ मारने लगे। पिटाई से श्रवण क्षमता पर प्रभाव पड़ा है। फिर उसी दिन शाम में आकर माफी मांगते हुए धमकी दी। बोले कि कहीं दबाव मत बनाओ, नहीं तो गंभीर परिणाम भुगतना होगा।

पुलिस ने इसी तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। हालांकि, अभी पत्नी की तहरीर पर केस दर्ज नहीं किया गया है। पुलिस उसके प्रार्थना की जांच कर ही है।

एसएसपी को पत्नी ने भी प्रार्थना पत्र दिया

अधिवक्ता अश्वनी की पत्नी सोनम ने भी एसएसपी को प्रार्थना पत्र दिया है। सोनम ने बताया कि उसकी शादी 11 जून 2023 को अश्वनी पांडेय के साथ हुई। पिता ने हैसियत के अनुसार दहेज देकर विदा किया। ससुराल वालों ने लगभग दस दिन सही ढंग से रखा, लेकिन इसके बाद दो लाख रुपये व बुलेट की मांग की। मुझे जान से मारने की कोशिश भी की गई। उसने गहने बेचकर शराब पीने का भी आरोप लगाया। सोनम ने बताया कि माता-पिता से मिलने पर मारा-पीटा गया और 17 सितंबर को सुबह 9 बजे सास, देवर, पति ने मारपीट कर घर से भगा दिया।

खून की दलाली करने के आरोपित सरगना की वढ़ी न्यायिक रिमांड

- जेल में वंद है वसील और उसका साथी केशरदेव
- मामले में 14 दिन तक और पुलिस करेगी पूछताछ

जासं, गोरखपुर : खून की दलाली करने वाले सरगना वसील खान और उसके साथी केशरदेव की न्यायिक रिमांड बढ़ गई है। जेल में बंद दोनों से अगले 14 दिन तक पुलिस और पूछताछ करेगी। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के दौरान सरगना और उसके साथी से गिरोह के कई और सदस्यों का नाम पता चल सकता हैं। इनमें कुछ बीआरडी मेडिकल कालेज के कर्मचारी भी हो सकते हैं।

26 अगस्त को महराजगंज के पनियरा कामता बुजुर्ग के गोरख चौहान को रुपये का लालच देकर बीआरडी मेडिकल कालेज ले जाकर उसका खून निकालने की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गिरोह के सरगना तिवारीपुर के जाफरा बाजार के वसील खान और सदस्य महराजगंज के फरेंदा कम्हरिया खुर्द के केशरदेव को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस इन दोनों के मोबाइल फोन की सीडीआर निकलवाकर अन्य सदस्यों की तलाश कर बीआरडी के दो कर्मचारी समेत अब तक पांच को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इन सभी ने मिलकर गोरख का खून निकालकर 18 हजार रुपये में पिपराइच के रुदलापुर के रोगी मोहन को दे दिया था। गोरख को तय रुपये नहीं दिए। इससे नाराज गोरख ने पुलिस से शिकायत कर दी थी।

मामले की विवेचना कर रहे मेडिकल कालेज चौकी प्रभारी विवेक मिश्रा ने बताया कि मुख्य सरगना वसील और केशरदेव की न्यायिक रिमांड 14 दिन बढ़ गई है। इनके गिरोह में और कौन-कौन है और कहां-कहां खून बेचते थे। इसका पूछताछ में पता चल सकेगा। इनके अलावा बीआरडी के ब्लड बैंक प्रभारी का बयान लिया जा चुका है। साथ ही दो प्राइवेट ब्लड बैंक के प्रभारी को पूछताछ के लिए नोटिस दिया गया है।

बेटे की चलाई ईंट से मौत की आशंका, तीन हिरासत में

भटहट (गोरखपुर)। गुलरिहा इलाके के बरगदही गांव के परती टोला में सोमवार की शाम दो लोगों में पुरानी रंजिश में मारपीट का वीडियो बनाने वाले युवक की मां की मौत के मामले में नया मोड़ आया है। गांव के कुछ लोगों का कहना है कि बेटे ने ही भीड़ से बचने के लिए ईंट चलाई थी, जिससे महिला की मौत हो गई। हालांकि, पुलिस ने नामजद तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। ब्यूरो

एनआरआई विश्वकर्मा हत्याकांड : पति की हत्या में शामिल पत्नी समेत तीन पर गैंगस्टर

सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रेमी ने दोस्त संग मिलकर की थी वारदात

अमर उजाला ब्यूरो

गीडा में सात अप्रैल 2023 को हुई थी घटना, आरोपियों पर की गई गैंगस्टर की कार्रवाई

गोरखपुर। दुबई में नौकरी करने वाले रामानंद विश्वकर्मा की गीडा इलाके में हुई हत्या में शामिल उनकी पत्नी सीताजंली, सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रेमी बृजमोहन विश्वकर्मा व खजनी के अभिषेक चौहान पर पुलिस ने गैंगस्टर का केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने डीएम के अनुमोदन के बाद यह कार्रवाई की है। पत्नी सीताजंली का बृजमोहन से प्रेम संबंध था और इसमें बाधक बनने पर ही हत्या की गई थी। बृजमोहन ने अपने दोस्त अभिषेक के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था।

जानकारी के मुताबिक, बृजमोहन ने यू-ट्यूब से हत्या का आइडिया लिया था। वीडियो देखकर उसने जाना था कि नींद की गोली की कितनी मात्रा खाने में मिलाने पर चार से पांच लोगों को बेहोशी की हालत में पहुंचाया जा सकता है।

पुलिस की जांच में पता चला था कि वह खुद भी कभी-कभार नींद की गोली का इस्तेमाल करता है। इस वजह से उसे आसानी से डॉक्टर के पर्चे पर नींद की गोली मिल गई थी। इसी का इस्तेमाल कर उसने प्रेम में बाधक बन रहे अपने रिश्तेदार को मौत की नींद सुला दिया। सीतांजली के पति रामानंद विश्वकर्मा के विदेश जाने के चंद दिन बाद ही उसने संपर्क कर लिया था। सीतांजली से उसके संबंध हो गए थे और अक्सर मदद करने के बहाने वह घर आ जाता था। घर में ही दोनों का मिलना होता था, लेकिन घरवालों को इसकी कभी भनक नहीं लगी।

पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को जेल भेजा था। अब उन पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है।

युवक की हत्या में शामिल पत्नी, उसके प्रेमी समेत तीन आरोपियों को जेल भेजकर घटना का पर्दाफाश किया गया था। जांच में आरोपी गिरोहबंद पाए गए हैं। पुलिस ने डीएम के अनुमोदन के बाद गैंगस्टर का केस दर्ज कर लिया है।

-मनोज अवस्थी, एसपी नार्थ

दुस्साहस : महिला को ऑटो में बैठाकर मंगलसूत्र लेकर फरार हो गए बदमाश

एक गिरोह पकड़ा तो दूसरे ने शुरू की वारदात, तीज पर्व के दिन हुई घटना

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। ठगों के गिरोह ने एक बार फिर महिला को ऑटो में बैठाया और जालसाजी से गहने लेकर फरार हो गए। बुजुर्ग महिला गणेश चौक से मोहद्दीपुर आने के लिए ऑटो में बैठी थी और रास्ते में तीन लाख रुपये का मंगलसूत्र लेकर जालसाज फरार हो गए। कैंट पुलिस ने मंगलवार को अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से बदमाशों की तलाश में जुटी है। अभी हाल ही में पुलिस ने गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बदमाशों को जेल भेजा था, लेकिन फिर वारदात होने से पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया है।

जानकारी के मुताबिक, कैंट इलाके की पॉवर हाउस कॉलोनी, मोहद्दीपुर निवासी शशिभूषण सिंह ने केस दर्ज कराया है। उनका कहना है कि उनकी मां उमा सिंह तीज के अवसर पर गोलघर बाजार गई थीं। वापसी में मोहद्दीपुर के लिए ऑटो पकड़ने के लिए गणेश चौक पर खड़ी थीं।

जहां से दो अंजान उचक्कों ने माता से बातचीत करने का प्रयास किया और अपनी बातों में

कैंट पुलिस ने दर्ज किया केस, सीसीटीवी फुटेज की मदद से मामले की जांच शुरू

उलझाकर ऑटो से रेलवे स्टेशन के गेट नंबर छह पर ले गए। उसी बीच उचक्कों ने माता का मंगलसूत्र, जिसकी कीमत 2.50 से तीन लाख रुपये तक होगी, उचक्कों ने उड़ा दिया है।

वारदात के बाद महिला को उतारकर बदमाश फरार हो गए थे। महिला ने घरवालों से संपर्क किया, जिसके बाद बेटा पहुंचा और लेकर घर गया। महिला ने घरवालों को आपबीती बताई, जिसके बाद थाने में तहरीर दी गई।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मंगलवार को केस दर्ज कर लिया। प्रभारी निरीक्षक रणधीर मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

जेल भेजे गए थे ऑटो वाले जालसाज : पुलिस ने आठ सितंबर को ही ऑटो में बैठाकर इसी तरह से जालसाजी करने वाले चार बदमाशों को पुलिस ने जेल भेजा था।

यह ऑटो को किराये पर लेकर वारदात करते थे। फिर इसके दो और बदमाशों को पुलिस ने चार दिन पहले ही जेल आने के बाद पुलिस इसे गंभीरता फिर इस तरह की वारदात सामने छानबीन शुरू कर दी है।

पहले भी हुई हैं महिलाओं के साथ घटनाएं

■ 16 अगस्त : रामगढ़ताल इलाके के रुस्तमपुर नहर रोड निवासी फयानाथ सिंह के घर पत्नी और बहू थीं। इस दौरान कुछ जालसाज आए और बोले कि कंपनी की ओर से आए हैं। गहने चमकाने का केमिकल सस्ते दामों पर बेच रहे हैं। बहकावे में आईं महिलाओं ने हाथ से चार चूड़ियां निकालकर चमकाने के लिए दे दीं। जालसाज लेकर फरार हो गए थे।

■ 30 अगस्त : सिद्धार्थनगर कॉलोनी तारामंडल निवासी गोविंद त्रिपाठी के साथ घटना हुई है। घर से टहलने के लिए निकले थे। हनुमान मंदिर के पास पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने धक्का दे दिया और गले से सोने की चेन लूटकर फरार हो गए थे।

■ 12 अगस्त : कैंट इलाके के बेतियाहाता चौक पर धर्मशाला की कृष्णा पांडेय को बातों में उलझाकर बदमाश चौक से दूर ले गए और गहने लेकर फरार हो गए।

■ 06 सितंबर : शाहपुर के शिवपुर सहबाजगंज के सेक्टर तीन के लेन नंबर छह निवासी बैंक के रिटायर्ड शाखा प्रबंधक राकेश सिन्हा की पत्नी सन्नू सिन्हा से बदमाश कंगन लेकर फरार हो गए थे। ये बदमाश भी गहने चमकाने के बहाने ही पहुंचे थे और मना करने पर लूट की थी।

ऑटो में महिला यात्रियों की चेन चुराने वाली गिरफ्तार

गोरखपुर। कोतवाली पुलिस ने एक महिला को टैंपो में बैठकर सहयात्रियों के आभूषण चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक चेन भी बरामद हुई है। कोतवाल अंजुल चतुर्वेदी ने बताया कि सोमवार को राहुल चौरसिया निवासी ग्राम करमैना पोस्ट बरईपुर थाना पिपराइच ने सूचना दी थी कि उनकी सास संगीता चौरसिया निवासी गोलघर काली मंदिर थाना कैंट सदर अस्पताल के लिए ई-रिक्शा से जा रही थीं। टाउन हाल चौराहा पर एक महिला रिक्शा रुकवाकर बैठ गई। नगर निगम गेट से 10 कदम आगे बढ़ते ही संगीता के गले से महिला ने चेन चुरा लिया। आरोपी किरण को पकड़कर छानबीन की गई तो यह बात सामने आई कि वह ऑटो में बैठकर सहयात्री का कीमती सामान चोरी कर लेती है। ब्यूरो

छेड़खानी का विरोध करने पर पिता और भाई को पीटा

सहजनवां । सहजनवां इलाके के एक गांव में युवती से छेड़खानी का मामला सामने आया है। आरोप है कि विरोध करने पर पिता और भाई को पीटकर घायल कर दिया गया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों पर घर में घुसकर छेड़खानी व मारपीट का केस दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक, सहजनवां थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती पढ़ाई पूरी होने के बाद गांव में ही रहती है। गांव का एक युवक आए दिन उससे छेड़छाड़ करता रहता है। ब्यूरो

स्कूल गई किशोरी लापता, केस दर्ज

सहजनवां। क्षेत्र सीहापार में बुआ के घर आई किशोरी स्कूल जाने से बाद नहीं लौटी। पुलिस अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक, सीहापार निवासी पिता ने तहरीर देकर बताया कि कि उनके साले की बेटी कई वर्षों से सीहापार में रहकर पढ़ाई करती थी। सोमवार को स्कूल गई लेकिन वापस नहीं आई। थानाध्यक्ष इत्यानंद पांडेय ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। ब्यूरो

तंत्र-मंत्र के लिए नेपाल से चीन तक करते हैं दोमुंहे सांप की तस्करी, चार गिरफ्तार

शाहपुर में एसटीएफ ने बदमाशों से किया रेड सैंड बोवा सांप बरामद

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। वन्य जीवों की तस्करी करने वाले चार बदमाशों को एसटीएफ ने सोमवार की रात में शाहपुर इलाके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से रेड सैंड बोवा सांप (दोमुंहा सांप) बरामद किया गया। ये सांप वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत संरक्षित हैं। इनके जहर से दवा बनाने के अलावा तांत्रिक विद्याओं में भी इसका प्रयोग होता है।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान वाराणसी के शिवपुर, इंदपुर निवासी रामाशंकर मौर्य, कैंपियरगंज के मरहठा निवासी ओमप्रकाश सिंह, आजमगढ़ के जलालपुर निवासी राजाराम और राजघाट के बसंतपुर निवसी सैफुद्दीन के रूप में हुई है।

जानकारी के मुताबिक, एसटीएफ विगत वर्षों में वन्यजीव अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर बड़ी संख्या में विभिन्न प्रजाति के वन्य जीवों को संरक्षित किया है। इसके अतिरिक्त अनेक प्रकरणों में प्रतिबंधित वन्य जीवों की खाल व हड्डी इत्यादि बरामद करते हुए वन्य जीव अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की गई है।

इसी क्रम में गोपनीय सूचना मिली कि चाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट 1972- के अनुसूची-1 में चिह्नित रेड सैंड बोवा सांप (बोलचाल की भाषा में दो मुंहा सांप) की तस्करी

20 लाख में चेन्नई से खरीद कर लाए थे, दवा-तांत्रिक विद्याओं में होता है इस्तेमाल



बरामद दोमुंहा सांप। संवाद

गोरखपुर से नेपाल राष्ट्र को की जाने वाली है।

एसटीएफ प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि सांप की तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस उपाधीक्षक धर्मेश कुमार शाही के निर्देशन में मेरे नेतृत्व में अभिसूचना संकलन की जा रही थी कि सोमवार को एसटीएफ व वन विभाग व डब्लूसीसीबी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में अभियुक्त रमाशंकर मौर्य ने बताया कि रेड सैंड बोवा सांप की तस्करी करने वाला एक गिरोह है, जिसमें शैलेंद्र यादव, इमरान खान व अरुण सिंह आदि जुड़े हैं। इन लोगों ने ही रमाशंकर मौर्य के बैंक खाते में

पकड़े गए बदमाश



रमाशंकर मौर्या और सैफ।



ओम प्रकाश सिंह व राजाराम यादव।

20 लाख दिए और उसे गुन्टूर, चेन्नई भेजा था। वहां पर कुछ लोग मिले जो जीप से करीब पांच घंटे की दूरी पर अंदर जंगल में ले गए। वहां पर उन लोगों ने एक बैग में यह बहुमूल्य रेड सैंड बोवा सांप दिया। उसे लेकर वह गोरखपुर आया था।

इसके पूर्व में भी वह कई बार रेड सैंड बोवा सांप ला चुका है, लेकिन लखनऊ पहुंचते-पहुंचते सांप मर जाते थे, इसलिए इसे यहीं फेंक देता था। इस सांप का प्रयोग तंत्र-मंत्र व दवा बनाने में किया जाता है। नेपाल के रास्ते चीन तक सांप की तस्करी होती है। सांप के रख-रखाव एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए वन विभाग को सूचित कर दिया गया है।

सोने-चांदी के धंधेबाजों की अब शामत

शासन ने लिया संज्ञान, कोतवाली क्षेत्राधिकारी से मांगी गई जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। हिंदी बाजार में सोने-चांदी के धंधेबाजों पर शासन ने भी सख्त रुख अपनाया है। शासन की ओर से क्षेत्राधिकारी, कोतवाली से सोने-चांदी के धंधेबाजों के बारे में जानकारी मांगी गई है। हालांकि, स्थानीय एजेंसियों के पास इसे लेकर कोई ठोस जानकारी नहीं मिली है। सराफा मंडल के पदाधिकारियों से भी पूछताछ की गई है। पुलिस नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाने में लगी है।

दरअसल, सुल्तानपुर पुलिस और डीआरआई ने एक सितंबर को हिंदी बाजार के तीन कर्मचारियों को हिरासत में लेकर उनके पास से एक किलो अवैध सोना बरामद किया था। डीआरआई की टीम ने पंडित के दुकान पर जाकर पूछताछ भी की थी। इसके अलावा हाल्सीगंज के एक व्यापारी की दुकान से उनके कर्मचारियों ने भी दो किलो से अधिक सोने के आभूषण चोरी कर ली थी।

अवैध सोने के धंधेबाजों से सब अंजान


हिंदी बाजार के धंधेबाज पंडित को लखनऊ ले गई डीआरआई की टीम

2 सितंबर को प्रकाशित खबर।

सराफा मंडल भी बना अंजान

क्षेत्राधिकारी कोतवाली की तरफ से सराफा मंडल के पदाधिकारियों से पिछले दिनों इस संबंध में पूछताछ की गई है। बताया गया कि शासन की तरफ से संदिग्ध अवैध सराफा कारोबारियों की सूचना मांगी गई है। सराफा मंडल के अध्यक्ष गणेश वर्मा ने बताया कि उनसे कोतवाली क्षेत्राधिकारी की तरफ से पूछताछ की गई थी। लेकिन उन्हें अवैध सोने के धंधेबाजों के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

भू-माफिया कमलेश और उसके साथी पर तीन और एफआईआर

अब तक 16 लोग जमीन के नाम पर जालसाजी का दर्ज करा चुके हैं केस

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। एम्स थाने में भू-माफिया कमलेश यादव और उसके सहयोगियों पर रविवार को तीन और मुकदमे एकसाथ दर्ज किए गए। वर्तमान में कमलेश जेल में है। पुलिस अलग-अलग तहरीर पर केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। वहीं, अब तक कमलेश पर 16 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। दस पहले ही दर्ज हुए थे। पुलिस जल्द से जल्द इन मुकदमों में चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी में है, ताकि गैंगस्टर का केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा सके।

जानकारी के मुताबिक, बिहार के लकड़ी नवीनगंज के नियाज अहमद को कमलेश ने सीलिंग की जमीन बेच दी थी। नियाज का कहना है कि उनको गोरखपुर में मकान बनवाना है। इसके लिए कमलेश यादव और अजय शर्मा की मदद से जमीन ली थी। जमीन का बैनामा भी इन लोगों ने करा दिया और रुपये ले लिए। लेकिन, बाद में खारिज-दाखिल की मांग करने पर टालने लगे। जांच में पता चला कि जमीन सीलिंग की है।

बिहार के गोपालगंज की रहने वाली किरण देवी पत्नी संजीत ने भी कमलेश, दीनानाथ, शमशाद अली, कमलेश और दीनानाथ की पत्नी पर केस दर्ज कराया है। किरण का कहना है कि जमीन लेने के लिए कमलेश यादव ने सहयोग किया। अन्य लोग भी उसके साथ मिले। शीतलाई आईटीआई के पास जमीन दिखाई गई और बैनामा के समय स्टांप सहित कुल 48 लाख 85 हजार रुपये भेज दिए। लेकिन, बाद में पता चला कि जमीन सिलिंग की है। रुपये वापस मांगने पर कई बार दौड़ाया गया।

तीसरा केस गोरखनाथ के ललितपुरम निवासी अभिषेक कुमार जायसवाल ने दर्ज कराया है। अभिषेक की तहरीर पर पुलिस ने कमलेश यादव, दीनानाथ और अरुण कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया है। अभिषेक का कहना है कि रुद्रापुर में जमीन दिखाकर उनके साथ जालसाजी की गई है। 21 जनवरी 2014 में सीलिंग की जमीन का बैनामा करा दिया गया, लेकिन खारिज-दाखिल नहीं हो पाया।


भू-माफिया कमलेश अपने साथियों के साथ रिमांड पर

6 सितंबर को प्रकाशित खबर।

वर्तमान में जेल में है कमलेश और उसका साथी, कई और नाम भी सामने आए

DEORIA POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:-20-09-2023

मारपीट के मामले मे एक व्यक्ति पर केस

भटनी (देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के खोरीबारी मे एक दिन पहले हुए मारपीट के मामले मे एक व्यक्ति के खिलाफ़ मारपीट सहित एस सी एस टी एक्ट के अन्तर्गत थाने मे मुकदमा दर्ज। बताया गया है कि एक दिन पहले ग्राम खोरीबारी निवासी विरेन्द्र गोड और गाँव के ही राकेश राय से मारपीट हुई थी । सरला देवी पत्नी विरेन्द्र गोड द्वारा थाने मे दिये गये तहरीर मे लिखी है कि जमीनी विवाद को लेकर राकेश राय द्वारा गाली देते हुए ईट से मारकर मेरा सिर फोड दिया गया ।जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी गयी ।तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 323336504506 व 3(2) 5(क) एस सी एस एसटी एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर पुलिस क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी को विवेचना सौप दिया है ।

पिता पुत्र के घायल होने के मामले में केस

भटनी (देवरिया)। स्थानीय नगर पंचायत के आदर्श चौराहे पर 20 दिन पहले बाईक की ठोकर से घायल पिता पुत्र के मामले मे पुलिस ने अज्ञात बाईक स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना के सम्बन्ध मे रंजन मिश्र पुत्र भरदुल मिश्र ग्राम इनरहाँ थाना कोतवाली निवासी द्वारा थाने मे दिये गये तहरीर मे लिखा है कि पिछले 31अगस्त को मेरा बहनोई और भान्जा 115 नम्बर रेलवे ढाला से आ रहे थे ।जब आदर्श चौराहे पर पहुँचे तो उसी समय एक अज्ञात बाईक सवार द्वारा ठोकर मार दिया गया ।जिससे मेरे बहनोई का दाहिना पैर और भान्जा आशीष का दाहिना हाथ टुट गया ।तहरीर के आधार पर पुलिस अज्ञात वाहन स्वामी के विरुद्ध धारा 279337338 के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर वाहन स्वामी की तलाश कर रही है ।

बंधक बनाकर मारपीट करने के मामले में मुकदमा दर्ज

सलेमपुर। पिवकोल(एस एन बी)द्य कोतवाली थाना क्षेध्त्र जमुई गांव में एक व्यक्ति को जमीन न लिखने पर पट्टीदारों द्वारा हाथ पैर बांधकर लाठी डंडा से मारने के मामले में कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित एक महिला सहित दो अन्य लोगों को गिरफ्तार का न्यायिक अभिरक्षा में चालान कर दिया। जमुई गांव के रहने वाले कमलेश यादव उर्फ पिंटू पुध्त्र कमलेश यादव परिवार का अकेला सदस्य है। उनके पट्टीदार जबरियन कमलेश की संपति को हड़पना चाहते हैं। कमलेश द्वारा जमीन न देने पर 15 सितंबर को कमलेश के पट्टीदारों ने उसे मारते पिटते अपने घर ले गए और उसका हाथपैर बांधकर लाठी डंडों से पिटने लगे। यहां तक की उसे यह कह कर पिटते रहे की जमीन नहीं देगा तो जान से मार दिया जाएगा। कमलेश को बांधकर मारने पिटने का गांव के एक व्यक्ति ने वीडीओ बना लिया और उसे इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लिया और घटना स्थल पर पहुंच घायल कमलेश तथा मारने पिटने वाले आरोपितों को हिरासत में ले ली। कमलेश की तहरीर पर पुलिस ने अनिल यादव व सुनील यादव पुत्र विपिन गायत्री देवी पत्नी विपिन मंजू यादव पुत्री परमहंस तथा दो अज्ञात के विरूद्ध गंभीर धाराओं में मुकदभा दर्ज किया है। पुलिस ने अनिल यादव सुनील यादव तथा मंजू को गिरफ्तार कर ली है।



बांधकर पिटाई करने का वायरल वीडियो।

न्यायालय के आदेश पर पुलिस द्वारा जब्त अवैध शराब नष्ट

बनकटा (एसएनबी)। जनपद न्यायालय कक्ष एफटीसी प्रथम द्वारा निर्गत आदेश के क्रम में क्षेत्राधिकारी अंशुमन श्रीवास्तव, तहसीलदार चन्द्रशेखर वर्मा व क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक श्यामनारायण वर्मा की मौजूदगी में पुलिस कुल 305 अभियोग में जब्त 25013 ली.अवैध शराब को नष्ट करा दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार बनकटा थाना परिसर पहुंचे क्षेत्राधिकारी व तहसीलदार ने समीप में जेसीबी से गड्ढा खोदकर 3539 लीटर देशी शराब, 866 लीटर अंग्रेजी शराब, 20561 लीटर क्रेजी रोमियो शराब, 47 लीटर कच्ची शराब को गड्ढे में गिराकर नष्ट कर मिट्टी के नीचे दबा दिया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी अंशुमन श्रीवास्तव ने सीमा पर अवैध शराब तस्करी को लेकर अभियान चलाने की हिदायत दी।

जानलेवा हमले के आरोप में केस दर्ज

रामपुर कारखाना। तरकुलवा थाना क्षेत्र के गढ़रामपुर निवासी ज्योत्सना राव का विवाह रामपुर कारखाना के हरपुर निवासी भीमसेन राव से हुआ था। पिता गोविंद राव ने थाने पर तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री गांव के ही एक युवक कृष्णा पटेल के साथ पट्टीदारी में किसी का देहांत होने पर पुछार करने हरपुर गांव सोमवार को गई थी। वापस लौटने के दौरान पुत्री ज्योतसना की भीमसेन राव और उसकी दूसरी पत्नी संयोगिता जमकर पिटाई करने लगे। दोनों की पिटाई से ज्योत्सना और कृष्णा पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले में पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज कर लिया है।

पूछताछ के लिए युवक को उठाया

बरहज। बरहज थाना क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर में पांच सितंम्बर को सन्दिग्ध परिस्थितियों में हुई किशोरी की मौत के मामले में मोबाइल लोकेशन और काल डिटेल के आधार पर पुलिस ने पूछताछ के लिए एक युवक को उठाया है। बताया जा रहा है कि मौत से पहले किशोरी ने फोन पर कुछ लोगों से बातचीत की जिसमे यह युवक भी शामिल है। 5 सितंम्बर की शाम को सोनम पाल (16) पुत्री स्व.महाबल पाल का शव कमरे में कुंडी से फंदे के सहारे लटका मिला।

अनियंत्रित होकर वाहन पलटी, चालक समेत 12 महिलाएं घायल



घायल महिलाओं का चित्र।

तरकुलवा(एसएनबी)। गणेश चतुर्थी पर मंगलवार की सुबह स्नान करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गयीं। जिससे पिकअप में सवार चालक समेत 12 महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गयी। उनकी चीख पुकार सुनकर के आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को टेंपो और एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी तरकुलवा पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान सात लोगों की हालत गंभीर देखकर उन्हें महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कलेज देवरिया रेफर कर दिया। सूचना पाकर सीएचसी पर नगर पंचायत अध्यक्ष जनार्दन कुशवाहा समेत ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई।

तरकुलवा थाना क्षेत्र के कनकपुरा गांव निवासी मंजू देवी पत्नी रामाश्रय उम्र 50 वर्ष, मंजू पत्नी राजेंद्र उम्र 55 वर्ष, फूला देवी पत्नी गुलाब उम्र 55 वर्ष, सोनमती देवी पत्नी सुरेश उम्र 50 वर्ष, मंजू देवी पत्नी राजकुमार उम्र 45 वर्ष, निर्मला देवी पत्नी प्रभु उम्र 46 वर्ष, विद्यावती देवी पत्नी नथू उम्र 55 वर्ष, रासमुनि देवी पत्नी महेंद्र उम्र 50 वर्ष, तपीया देवी पत्नी श्रीकिशुन उम्र 60 वर्ष, सुशीला देवी पत्नी प्रेम उम्र 55 वर्ष, चालक उपेंद्र पुत्र रामाश्रय उम्र 25 वर्ष, मंगनी पत्नी गम्बू उम्र 55 वर्ष ये सभी लोग अपने गांव के पिकअप में बैठकर गणेश चतुर्थी पर स्नान करने के लिए थाना क्षेत्र के सोंनहुलारामनगर छोटी गंडक नदी के उत्तर वहिनी घाट पर जा रहे थे, अभी पिकअप कसया-देवरिया मार्ग पर थाना क्षेत्र अंतर्गत नौका टोला के समीप पहुंची थी कि पिकअप अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई। जिसमें गाड़ी में बैठे सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी चीख-पुकार सुनकर के आसपास के लोग दौड़े तथा घायलों को टेंपो व एंबुलेंस की सहायता से तरकुलवा सीएचसी पहुंचाया जहां सभी का इलाज चल रहा हैं। जहां से डाक्टरों ने हालत गंभीर देखकर चालक उपेंद्र, मंजू पत्नी रामाश्रय, मंजू पत्नी राजेंद्र, निर्मला पत्नी प्रभु, तपीया पत्नी श्रीकिशुन, मंगनी पत्नी गम्बू व सुशीला पत्नी प्रेम को मेडिकल कलेज रेफर कर दिया। जहां सभी का इलाज चल रहा है। उधर घटना की सूचना पाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर नगर पंचायत अध्यक्ष जनार्दन उर्फ मंटू कुशवाहा समेत ग्रामीणों को भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। इस संबंध में इंस्पेक्टर दिलीप सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिली थी पुलिस घटना पर पहुंची तब तक सभी घायल अस्पताल पहुंच गए थे।

16 लाख रुपये लेकर फरार हुई समूह की मुखिया

- पीड़ित महिलाएं लगा रही थाने का चक्कर
- खामपार के माड़ीपुर गांव का मामला

भाटपाररानी, हिन्दुस्तान संवाद। खामपार थाना क्षेत्र के माड़ीपुर गांव के लगभग दो दर्जन महिलाओं ने खामपार पुलिस को शिकायती पत्र देकर समूह की मुखिया पर फर्जीवाड़ा कर करीब 16 लाख रुपया ऋण के नाम पर उठा कर फरार होने की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में खामपार थाना क्षेत्र के माड़ीपुर की रहने वाली सलमा, संगीता, मालती, इनर मति, बासमती, विमलावती, दीना देवी, शाहिदा खातून, निर्मला, इंदु देवी, फरीदा खातून, संगीता देवी, कांति देवी, मालती देवी, किसमति, कांति देवी ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर गांव के ही रहने वाली समूह की प्रधान पर छल कपट करते हुए उनका हस्ताक्षर, अंगूठा लेकर पैसा निकलवा कर फरार होने का आरोप लगाया है। इसी गांव की रहने वाली राधिका देवी का कहना है कि पैसा के साथ उनसे समूह प्रधान ने सोने का आभूषण भी लिया है। पीड़ित महिलाएं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेश तिवारी के साथ थाना पुलिस का चक्कर लगा रही है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेश तिवारी का कहना है कि पीड़ित ज्यादातर संख्या में महिलाएं निरक्षर है और इसका लाभ लेकर इन सभी के साथ फर्जीवाड़ा किया गया है। इस सम्बंध में खामपार के थानाध्यक्ष नंदा प्रसाद ने बताया कि मामला जानकारी में है। तहरीर भी मिली है। जांच की जा रही है। जांच कर शिघ्र ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

होटल में युवती के साथ किया दुष्कर्म, मुकदमा

जासं, देवरिया: थाना क्षेत्र के एक होटल में युवती के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। मंगलवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित की गिरफ्तारी के लिए दबिश शुरू कर दी है।

गौरीबाजार थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती अपनी मां के साथ गौरीबाजार में किराये की मकान में रहती है। युवती का आरोप है कि 29 जुलाई को गांव का रहने वाला बैजनाथ गुप्ता उसे आधार कार्ड संशोधन कराने के लिए लेकर गया। उसे होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह ने बताया कि आरोपित की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

किसानों का मार्च 21 को

देवरिया। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के प्रदेश अध्यक्ष कौशलेशन नाथ मिश्र ने बताया कि किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर 21 सितंबर को 11 बजे सुभाष चौक से कलेक्ट्रेट तक मार्च निकाला जायेगा। उन्होंने किसानों से इसमें भाग लेने की अपील की है।

तीन पर मारपीट का केस दर्ज

खुखुन्दू। थाना क्षेत्र की कोला गांव निवासी टुनटुन यादव ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि 16 सितंबर की सुबह वह खेत देखने जा रहा था। उसी दौरान राजेश यादव ने अपनी बाइक से ठोकर मार दिया, जिससे मेरा पैर फैक्चर हो गया। विरोध करने पर प्रार्थी को गाली गलौज देते हुए साथ के अन्य लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिए। पुलिस में इस मामले में राजेश यादव, अभिषेक यादव एवं जितेश्वर यादव पर मारपीट का केस दर्ज किया है।

अतिक्रमणकारियों से वसूला जुर्माना

सलेमपुर। नगर पंचायत प्रशासन ने अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान 10 दुकानदारों से करीब पांच हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई को लेकर नगर में हड़कंप मचा रहा। नगर के गांधी चौक से लेकर हॉस्पिटल गेट तक सड़क के किनारे बने पटरी तक दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा था। इस अतिक्रमण के खिलाफ ईओ हिमान्शु प्रताप सिंह व प्रभारी कोतवाल रामचन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में अभियान चलाया गया।

बिहार पुलिस ने शराब तस्करी में एक को दबोचा

बनकटा। बनकटा थाना क्षेत्र के अहिरौली बघेल गांव निवासी नेता प्रमोद सिंह बघेल को बिहार पुलिस ने शराब तस्करी के मामले में मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पड़ोसी प्रांत बिहार के गोपालगंज जनपद के फुलवरिया थाने में प्रमोद सिंह के खिलाफ केस दर्ज था। बनकटा पुलिस के सहयोग से बिहार पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष बनकटा मुकेश मिश्र ने बताया शराब तस्करी में वांछित चल रहे प्रमोद सिंह को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई है।

सलेमपुर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

युवक को बांधकर पीटने के मामले में सात पर केस

फॉलोअप



सलेमपुर कोतवाली में पीड़ित कमलेश यादव का बयान दर्ज करते प्रभारी कोतवाल रामचन्दर यादव।

- कोतवाली क्षेत्र के जमुई गांव का मामला
- घटना का वीडियो हो गया था वायरल

सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद। चार दिन पूर्व भूमि विवाद को लेकर पट्टीदारों ने एक युवक का हाथ पैर बांध बंधक बना लिया। इसके बाद उसकी पिटाई की। इस दौरान आरोपियों ने युवक की मां को कमरे में बंद कर सादे कागज पर उसका हस्ताक्षर बनवाने के साथ ही अंगूठा भी लगवा लिया। इस मामले में युवक की पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने आनन-फानन में कार्रवाई शुरू कर दी। मामले में पीड़ित की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए तीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के जमुई गांव का कमलेश यादव उर्फ पिन्टू पुत्र परमहंस अपनी मां के साथ रहता हैं। उसने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया उनके पट्टीदार भूमि विवाद को लेकर रंजिश रखते हैं। ये लोग इनकी जमीन पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं। वे उक्त जमीन का अपने नाम से बैनामा कराने के लिए अक्सर दबाव बनाते रहते हैं। 15 सितम्बर की सुबह करीब 8 बजे घर में घुस गए। इस दौरान पहले इनकी मां को पीटा। जब कमलेश ने विरोध किया तो इनका हाथ-पैर रस्सी से बांधकर दरवाजे पर बन्धक बना लिया मारपीट कर घायल कर दिये। इस दौरान इनकी मां को आरोपियों ने कमरे में बंद कर जबरदस्ती कई सादे पेपर व स्टाम्प पर हस्ताक्षर बनवाने के साथ ही अंगूठा लगवा लिया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने पीड़ित कमलेश उर्फ पिन्टू यादव की तहरीर पर पट्टीदार विपिन यादव, उसके बेटे अनिल व सुनील, उसकी पत्नी गायत्री, संजू यादव पुत्री परमहंस एवं दो अन्य के खिलाफ धारा 147, 323, 504, 506, 342, 452 के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने अनिल यादव, सुनील यादव और संजू को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। इसमें संजू पीड़ित कमलेश की सगी बहन है। उस पर भी आरोप है कि पट्टीदारों के साथ मिलकर उसने भी मारपीट की। प्रभारी कोतवाल रामचन्द्र सिंह यादव ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर केस दर्ज करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

मुजफ्फरपुर से भेजी गई थी श्रीकृष्ण की मूर्ति

सलेमपुर में अष्टधातु की भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति बरामद होने का मामला, मूर्ति उपलब्ध कराने वाले का मोबाइल बंद

जासं, देवरिया: वाहन चेकिंग के दौरान सलेमपुर कोतवाली के नदावरपुल से पकड़ी गई अष्टधातु की भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति का तार पड़ोसी प्रांत बिहार के मुजफ्फरपुर से जुड़ा है। मुजफ्फरपुर के रहने वाले एक बदमाश ने मूर्ति देवरिया जनपद में भेजी थी। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। उसका मोबाइल भी बंद है। ऐसे में पुलिस अब काल डिटेल खंगाल कर इस गिरोह से जुड़े बदमाशों तक पहुंचने में जुटी हुई है।

सलेमपुर कोतवाली पुलिस सोमवार को वाहन चेकिंग के दौरान एक कार से अष्टधातु की मूर्ति बरामद करते हुए पांच तस्करों को गिरफ्तार की। यह मूर्ति को 1.20 करोड़ में गाजियाबाद बेचने के लिए ले जा रहे थे। पुलिस सूत्रों का कहना है कि गिरफ्तार रमाकांत कुशवाहा निवासी टोला अहिबरन राय थाना श्रीरामपुर को बिहार के मुजफ्फरपुर का रहने वाले एक बदमाश ने मूर्ति उपलब्ध कराई थी। पुलिस जांच में इसका सुराग हाथ लगा है। पुलिस को मास्टरमाइंड का मोबाइल नंबर भी मिल गया है, हालांकि उसका मोबाइल गिरोह के सदस्यों के गिरफ्तार होने के बाद से ही बंद है।

> मूर्ति चोरी के मामले की जांच की जा रही है। कुछ मोबाइल नंबरों के काल डिटेल निकाल कर गिरोह में शामिल सदस्यों तक पहुंचने के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। जल्द ही गिरोह में शामिल तस्करों तक पुलिस पहुंच जाएगी और पूरे मामले का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।
> श्रीयश त्रिपाठी, सीओ, सलेमपुर

यूपी-बिहार में फैला है यह रैकेट : पकड़े गए गिरोह के सदस्यों का रैकेट देवरिया ही नहीं, यूपी-बिहार में फैला है। यह मंदिरों से भगवान की मूर्ति चुराते हैं और फिर इसे बड़ी रकम लेकर बेच देते हैं। देवरिया के कई मंदिरों में मूर्ति की चोरी हुई और उसकी बरामदगी नहीं हो सकी है। पुलिस अब एक बार फिर जांच शुरू कर दी है। पहले से चोरी मूर्तियों से पकड़ी गई मूर्ति की फोटो का भी पुलिस मिलान करेगी। इसके अलावा इसकी जानकारी बिहार पुलिस को भी देवरिया पुलिस ने दे दी है। बिहार से चोरी मूर्तियों से बरामद मूर्ति की पहचान कर ली जाए।

कोतवाली के मालखाने में भगवान : चोरों की निगाहें भगवान के घर पर है। कहीं किसी मंदिर से भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति चोरी करने के बाद बेचने ले जाते समय पुलिस ने बरामद कर लिया। अब भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति कोतवाली के मालखाने में है।

23 वर्ष बाद पूर्व प्रधान को मिला अपने ही घर पर कब्जा

- पति व बेटे की हत्या के बाद भय के चलते गांव छोड़ कर चली गई थी बेटी के घर
- मुख्यमंत्री के पोर्टल पर शिकायत के बाद एसडीएम ने गांव पहुंच दिलाया कब्जा

जासं, बरहज: भागलपुर विकास खंड के नरसिंहडाड़ की पूर्व ग्राम प्रधान शांति देवी को 23 वर्ष बाद मंगलवार अपने ही मकान में कब्जा मिला। हालांकि अभी खेत व अन्य भूमि पर कब्जा नहीं दिलाया जा सका है। एसडीएम ने राजस्व कर्मियों से पैमाइश कर भूमि पर भी कब्जा दिलाने का निर्देश दिया है।

भागलपुर विकास खंड के नरसिंहडाड़ की रहने वाली शांति देवी पत्नी सूर्यदेव यादव वर्ष 1995 से 2000 तक गांव की ग्राम प्रधान थी। वर्ष 1976 में उनके पति की हत्या कर दी गई थी। उसके बाद उनके बेटे की हत्या वर्ष 2000 में कर दी गई। पति और बेटे की हत्या के बाद हत्यारों के भय से वह गांव छोड़कर अपनी बेटी रेनू यादव ग्राम परसिया, थाना मधुबन, जनपद मऊ के यहां रहने लगी।

इसी बीच उनके पट्टीदारों ने उनके पैतृक मकान पर और खेतों पर कब्जा कर लिया। इसकी शिकायत उन्होंने कई बार की, लेकिन मुकामी पुलिस और राजस्व कर्मियों द्वारा प्रामक रिपोर्ट लगाकर मामले का निस्तारण किया जाता रहा। अपने घर पर और जमीन पर कब्जा पाने के लिए शांति देवी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की। जिसके बाद यह मामला जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह के यहां पहुंचा। उन्होंने उप जिलाधिकारी को मामले में कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसडीएम अवधेश कुमार निगम, शांति देवी के साथ नरसिंहडाड़ गांव पहुंचे और उनके पैतृक मकान पर कब्जा दिलाया।

शांति देवी 23 वर्ष बाद अपने घर पर कब्जा पाकर एसडीएम के सामने भावुक होकर बिलख पड़ी। उन्होंने बताया कि अभी भी उनके पट्टीदार उनके खाली जमीन पर पक्का निर्माण कर कब्जा कर लिए हैं। आने जाने का मार्ग अवरुद्ध कर दिए हैं। एसडीएम ने राजस्व कर्मियों को पैमाइश कर कब्जे की भूमि को मुक्त करने का निर्देश दिया है। अपने मकान पर कब्जा पाने के बाद पूर्व प्रधान अपनी बेटी के साथ वापस चली गई। उप जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर कब्जा दिलाने की शिकायत की गई थी। पीड़िता के साथ मौके पर पहुंचे उनके मकान में उनका ताला बंद करा कर कब्जा दिलाया गया। अन्य भूमि पर राजस्व कर्मियों को पैमाइश कर कब्जा दिलाया जाने का निर्देश दिया गया है

बंधक बनाकर युवक की पिटाई के मामले में तीन गिरफ्तार

जासं, सलेमपुर: क्षेत्र के जमुई गांव में युवक का हाथ-पैर बांध कर हुई पिटाई के ममाले में पुलिस ने चार नामजद समेत छह आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। साथ तीन आरोपितों को पुलिस ने सोमवार की रात गिरफ्तार कर लिया। फरार अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

कोतवाली क्षेत्र के जमुई गांव के रहने वाले कमलेश यादव उर्फ पिंटू परिवार का अकेला सदस्य है। उनके पट्टीदार जबरिया संपति को हड़पनां चाहते हैं।

कमलेश द्वारा जमीन न देने पर 15 सितंबर को कमलेश के पट्टीदारों ने उनका हाथ-पैर बांध कर लाठी-डंडे से पिटाई की। किसी ने इसका वीडिया बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया है। इस मामले में कमलेश की तहरीर पर पुलिस ने गांव के अनिल यादव, सुनील यादव, गायत्री देवी, मंजू यादव व दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। अनिल यादव, सुनील यादव व मंजू यादव को गिरफ्तार कर लिया।

सीओ सलेमपुर श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि तीन आरोपित गिरफ्तार कर लिए गए हैं। फरार अन्य आरोपितों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



साइड लेते समय पिकअप पलटा, 12 श्रद्धालु हुए घायल

जासं, तरकुलवाः गणेश चतुर्थी पर स्नान करने जाते समय श्रद्धालुओं की पिकअप, अनियंत्रित होकर मंगलवार की सुबह पलट गया, जिससे सवार 12 श्रद्धालु घायल हो गए। उपचार के लिए सीएचसी तरकुलवा पहुंचाया गया, जहां से सात की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

तरकुलवा के कनकपुरा गांव के रहने वाले कुछ लोग गणेश चतुर्दशी पर पिकअप में सवार होकर सोनहुला रामनगर स्थित छोटी गंडक नदी में स्नान करने के लिए जा रहे थे, अभी वह नौका टोला के समीप पहुंचे थे कि कसया की तरफ से आ रही कार को साइड देने के दौरान पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे पिकअप में सवार 12 लोग घायल हो गए। घायलों में मंजू देवी पत्नी रामाश्रय, मंजू पत्नी राजेंद्र, फूलमती पत्नी गुलाब, सोनमती पत्नी सुरेश, मंजू पत्नी राजकुमार, निर्मला पत्नी प्रभु, विद्यावती पत्नी नाथू, रासमुनी पत्नी महेंद्र, तपिया देवी पत्नी श्रीकिशुन, सुशीला पत्नी प्रेम, भगनी देवी पत्नी शंभू, चालक उपेंद्र घायल हो गए।

वाहन की ठोकर से युवक की मृत्यु : रुद्रपुरः उपनगर के सतासी इंटर कालेज के समीप मंगलवार की दोपहर को अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मृत्यु हो गई।

घटना के बाद परिवार में मातम छा गया। पंचमा गांव के रहने वाले देवचंद सतासी इंटर कालेज के समीप कबाड़ की दुकान पर कबाड़ बेचने के लिए आए थे। सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। वह कबाड़ बीनने का कार्य करते थे।

मारपीट में चार घायलः खुखुंदूः क्षेत्र के बंजरिया गांव में आपसी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई।

लोगों के बीच बचाव करने के बाद मामला शांत हो सका। लेकिन तब तक सरोजा देवी, वंदना, रंभा ब श्रीकांत घायल हो चुके थे। उपचार पीएचसी में कराया गया।



घायल रासमुनी • जागरण



घायल सोनमती • जागरण



घायल विद्यावती • जागरण



मंजू देवी • जागरण

अनियंत्रित होकर बाइक पोल से टकराई, युवक की मृत्यु

जासं, रामलक्षनः रामलक्षन-देवरिया मार्ग पर सोमवार की रात बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई, जिससे बाइक सवार युवक की मृत्यु हो गई। युवक की मृत्यु के बाद परिवार में मातम छा गया। रुद्रपुर कोतवाली के बनिएनी के रहने वाले 28 वर्षीय नागेंद्र यादव सोमवार की रात बाइक से रामलक्षन से अपने घर जा रहे थे। अभी वह भृगुसरी के समीप पहुंचे थे कि उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और बिजली के पोल से टकरा गई, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आ गई। उपचार के लिए लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरीबाजार ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।



नागेंद्र यादव • फाइल फोटो

होमगार्ड व तीमारदारों के बीच धक्का-मुक्की

- मेडिकल कालेज में रोगियों की भीड़ से आ रही समस्या
- ओपीडी में गर्मी से परेशान रहे रोगी व तीमारदार

जासं, देवरिया: महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज के सर्जरी विभाग में बिना लाइन लगाए सीधे डाक्टर कक्ष में घुसने को लेकर मंगलवार को होमगार्ड व तीमारदारों में धक्का-मुक्की होने के चलते हंगामा होने लगा, जिससे रोगियों में अफरा-तफरी मच गई। सुबह आठ बजते ही पंजीकरण कराने के बाद सभी विभागों की ओपीडी में रोगी पहुंचे।

सर्जरी विभाग समेत अन्य विभागों में रोगियों की लंबी लाइन लग गई। सुबह से लोग लाइन लगा कर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे कि इसी बीच दो युवक दोपहर में 12 बजे पहुंचे और सीधे सर्जरी विभाग में डाक्टर कक्ष में दाखिल होने लगे। होमगार्ड ने रोका तो उनसे उलझ गए और अंदर जबरदस्ती जाने लगे। शोर सुन यहां आठ से दस की संख्या में अन्य विभागों में ड्यूटी कर रहे होमगार्ड पहुंच गए और स्थिति को संभाला।

इस संबंध में मेडिकल कालेज के सीएमएस डा. एचके मिश्र ने बताया कि सर्जरी विभाग में गलत ढंग से कुछ युवक डाक्टर कक्ष में प्रवेश करना चाहते थे। जिसे होमगार्डों ने रोका। उपचार कराना है तो अनुशासन के साथ लाइन में लगना होगा। लोगों को धैर्य का परिचय देना होगा।



मेडिकल कालेज के सर्जरी विभाग में होमगार्ड से उलझा युवक व जुटी भीड़ • जागरण

सीएमओ के निरीक्षण में दो चिकित्सक समेत तीन अनुपस्थित

जासं, रुद्रपुर: सीएमओ मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुद्रपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान दो चिकित्सक समेत एक महिला संविदा कर्मी अनुपस्थित रहीं। सीएमओ के अचानक अस्पताल पहुंचने से यहां अफरातफरी का माहौल रहा। सीएमओ डा. राजेश झा ने सबसे पहले परिसर का जायजा लिया। एमसीएच विंग में गंदगी देखकर चिकित्सा अधीक्षक डा. मनोज कुमार सिंह को फटकार लगाई और व्यवस्था को ठीक करने को कहा। सीएमओ ने कहा कि सीएचसी पर आने वाले रोगियों की सुविधा में कोई कमी न की जाए। इस बात का पूरी तरह ध्यान रखा जाय। लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि सीएचसी पर डा. इनायत तीन माह से ड्यूटी करने नहीं आ रहे हैं। वहीं महिला चिकित्सक डा. अर्चना शाही भी मौजूद नहीं थी। काउंसलर के रूप में तैनात शिल्पी भी मौजूद नहीं थी। सीएमओ ने सभी का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा। डा. मनोज कुमार सिंह, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

बिहार पुलिस ने शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

जासं, बनकटा: थाना क्षेत्र के अहिरौली बघेल गांव में मंगलवार को बिहार के गोपालगंज जिले के फुलवरिया थाने की पुलिस ने दबिश देकर शराब तस्करी में संलिप्त एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। देर शाम तक फुलवरिया थाने में पुलिस तस्कर से पूछताछ कर रही थी।

पड़ोसी प्रांत बिहार के गोपालगंज जनपद के फुलवरिया थाने के मजिरवा के समीप से बोलेरो से 22 जून को शराब की बड़ी खेप फुलवरिया पुलिस ने बरामद किया था। गिरफ्तार तस्करों ने बताया था कि बनकटा थाने के अहिरौली बघेल गांव का रहने वाला प्रमोद सिंह शराब को बार्डर इलाके में स्टोर करता है और फिर शराब की गाड़ी को बिहार में पार करा देता है।

फुलवरिया पुलिस प्रमोद सिंह को भी आरोपित बनाकर तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर बनकटा



फुलवरिया पुलिस की गिरफ्त में शराब तस्कर प्रमोद सिंह • सौ.पुलिस

पुलिस के सहयोग से फुलवरिया थाने की पुलिस ने दोपहर को दबिश दी और प्रमोद को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित एक राजनीतिक दल से भी जुड़ा बताया जा रहा है। गोपालगंज के फुलवरिया थानाध्यक्ष अब्दुल मजीद ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ की जा रही है। बुधवार को उसे जेल भेजा जाएगा। यह शराब उपलब्ध कराने से लेकर बार्डर पार कराने तक का कार्य करता है।

बदमाशों की गिरफ्तारी को पुलिस ने दी पूरी रात दबिश

देवरिया : सुरौली थाना के तिवई गांव के कुर्ना नाले के समीप ट्रेलर चालक को चाकू मारकर हुई लूट के मामले में पूरी रात पुलिस की दबिश चली। हालांकि बदमाश पुलिस के हाथ नहीं लग सके। तीनों बदमाश तिवई गांव के ही बताए जा रहे हैं। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। शहर के सुगर मिल कालोनी के समीप के रहने वाले बलिन्दर यादव ट्रेलर चालक हैं। सोमवार की रात को तिवई के समीप बालू गिराकर ट्रेलर खड़ा कर बाइक से अपने बहन के घर जा रहे थे। अभी वह तिवई के कुर्ना नाले के समीप पहुंचे थे कि तीन युवकों ने उन्हें पकड़ लिया और पिटाई करने के साथ चाकू मारकर रुपये लूट कर फरार हो गए। देर रात पहुंची सुरौली थाने की पुलिस ने जांच की। इस मामले में बलिन्दर ने पुलिस को तहरीर दी है। थानाध्यक्ष नवीन चौधरी ने बताया कि रात को उसने 60 हजार रुपये लूट होने की सूचना दी थी, तहरीर में एक हजार रुपये दिखा रहा है। चाकू मारने वाले सभी आरोपित तिवई के रहने वाले हैं। गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। (जासं)

पति समेत दो के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा

देवरिया : रामपुर कारखाना के हरपुर में महिला व एक युवक पर हुए धारदार हथियार से हमले के मामले में पुलिस ने पति समेत दो के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। तरकुलवा के गढ़रामपुर की रहने वाली ज्योतिषना राव की शादी हरपुर गांव में उग्रसेन राव से हुई है। पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा है। सोमवार को ससुराल में किसी की मृत्यु की सूचना पर गढ़रामपुर से युवक कृष्णा के साथ हरपुर में आई थीं। इस बीच पति व उसकी दूसरी पत्नी संयोजिता ने धारदार हथियार से हमला बोल दिया। बीच बचाव करने के दौरान कृष्णा पर भी आरोपितों ने हमला कर दिया। पुलिस ने ज्योतिषना के पिता गोविंद राव की तहरीर पर उग्रसेन राव व संयोजिता के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

पुलिस ने 12 को पकड़ा

देवरिया : शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर शराब पी रहे लोगों के विरुद्ध पुलिस का अभियान मंगलवार की शाम को चलाया गया। 12 लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते पाए गए। कोतवाली पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। इसके अलावा विभिन्न थाना क्षेत्रों में भी यह अभियान चलाया गया। (जासं)

मारपीट का मुकदमा दर्ज

रामपुर कारखाना : उपनगर के धूस मोहल्ला की रहने वाली फुल देवी ने पुलिस को तहरीर दी है। उनका आरोप है कि वह अपनी बकरी चरा रही थीं। इस बीच कुछ लोग बकरी चराने को लेकर उनकी कुछ लोगों ने पिटाई की। इस मामले में पुलिस ने इंद्रजीत चौहान, संजना, लक्ष्मीना देवी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

दुकान से बाइक चोरी

भटनी : थाना क्षेत्र के छपिया जयदेव गांव के रहने वाले नवल किशोर मिश्र की भटनी उपनगर के पीएनबी बैंक के समीप इलेक्ट्रानिक की दुकान हैं। वह अपनी बाइक दुकान के सामने खड़ा किए थे। दोपहर को चोर बाइक उड़ा दिए। पहले उन्होंने बाइक की तलाश की, पता न चलने पर उन्होंने पुलिस को तहरीर दी है। (जासं)

दलित उत्पीड़न का मुकदमा

भटनी : क्षेत्र के खोरीबारी गांव के रहने वाले वीरेंद्र गोंड की कुछ लोगों ने पिटाई की। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही राकेश राय के विरुद्ध मारपीट, दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

वांछित चल रहे अभियुक्त को बिहार पुलिस ने किया गिरफ्तार

भाटपाररानी। बनकटा थाना के ग्राम अहिरौली बघेल निवासी प्रमोद सिंह बघेल बिहार की कई घटनाओं में वांछित अभियुक्त है। बिहार पुलिस पिछले कई दिनों से उसकी तलाश में जुटी हुई थी। मंगलवार को बिहार के गोपालगंज जिला के फुलवरिया थाना की पुलिस ने बनकटा पुलिस के सहयोग से उसे घर से गिरफ्तार कर लिया और लेकर चली गई। एसओ बनकटा मुकेश मिश्रा ने बताया कि वह बिहार की कई घटनाओं में वांछित अभियुक्त है। उसे बिहार पुलिस गिरफ्तार कर ले गई है। संवाद

बार लाइसेंस की चाहत में पति को दिया तलाक, फिर भी नहीं मिला

भाषाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। भाटपाररानी तहसील क्षेत्र की एक महिला ने बार खोलने के लिए आबकारी विभाग के पास आवेदन किया था।

इसी बीच उसका पति शराब तस्करी के मामले में बिहार में जेल चला गया। इसके कारण विभाग को लगा कि आपराधिक किस्म का होने के कारण इसे बार का लाइसेंस नहीं दिया जा सकता है। एक वकील से चक्कर लगा रही महिला ने इसका नया तोड़ निकालते हुए पति को तलाक दे दिया।

इसके बाद भी उसे लाइसेंस नहीं मिल सका है। अब उसने जिलाधिकारी से गुहार लगाई है। महिला का कहना है कि पति से उसका कुछ लेना-देना नहीं है। इसके बाद भी उसे लाइसेंस नहीं दिया जा रहा है। डीएम ने नियमानुसार कार्रवाई का निर्देश दिया है।

पति पर शराब तस्करी का केस दर्ज होने से नहीं मिल रहा था लाइसेंस, डीएम से गुहार

बनकटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला मंगलवार को प्रार्थना पत्र लेकर जिलाधिकारी के पास पहुंची। उसने कहा कि बार के लाइसेंस के लिए वह शर्तें पूरी करती है और सभी कागजात भी दे चुकी है।

इसके बाद भी उसे लाइसेंस नहीं दिया जा रहा है। उसने बताया कि उसके पति पर केस दर्ज है जिसका बहाना बनाया जा रहा है। इस पर उसने बताया कि पति से उसका तलाक हो चुका है। वह कानूनी रूप से अलग हो चुकी है। बार का लाइसेंस दिया जाए। वह भाटपाररानी तहसील क्षेत्र के बनकटा के पास बार का लाइसेंस लेना चाहती है।

जबकि दूसरी तरफ आबकारी विभाग के सूत्रों की बातों पर गौर किया जाए तो बार लाइसेंस का आवेदन करने वाली महिला का करीब नौ माह से लाइसेंस लंबित है। इसके पीछे यह कारण बताया जा रहा है कि उसने कागजात पूरा नहीं दिया है।

उसके पति पर शराब तस्करी का केस दर्ज हो चुका है। विभाग को आशंका है कि बिहार के बाहर पर बार का लाइसेंस देने से तस्करी भी हो सकती है, क्योंकि उसके पति के संबंध बड़े तस्करी से है।

महिला ने बार के लिए लाइसेंस का आवेदन किया है। उसके पति पर केस दर्ज था, कुछ कागजात न देने के कारण लाइसेंस जारी नहीं हो सका है। मामले की जांच की जा रही है। कार्रवाई की जाएगी।

– अनिल भारती, जिला आबकारी अधिकारी

जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

चनुकी। लार थाना क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालात खराब देख परिजन अस्पताल लाए, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल भेज दिया। जिला अस्पताल में महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। लार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला का परिवार में किसी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसको लेकर महिला नाराज हो गई और मंगलवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। जहर खाने के कुछ देर बाद जब महिला की हालत खराब होने लगी तो यह देख परिजनों के होश उड़ गए। परिजन उसे लेकर सीएचसी लाए, लेकिन डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत खराब देख रेफर कर दिया। जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल के चिकित्सक डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि महिला जहरीला पदार्थ खाई थी। संवाद

धोखाधड़ी का केस दर्ज

देवरिया। बैतालपुर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बरईटोला के प्रधानाध्यापक के खिलाफ शिकायत के मामले में शिकायतकर्ता की तहरीर पर गौरी बाजार पुलिस अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है। प्राथमिक विद्यालय बरई टोला के प्रधानाध्यापक के खिलाफ जंगल सहजौली निवासी बाबूलाल सिंह पुत्र लाल बच्चन सिंह के नाम से स्कूल महानिदेशक एवं अन्य जगहों पर आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मामले की जांच कराई। स्थानीय थाने में दी गई तहरीर में बाबूलाल सिंह ने कहा है कि मेरे नाम से मेरा फर्जी हस्ताक्षर बनाकर किसी ने मुझे जानबूझकर मोहरा बनाया है। तहरीर के आधार पर गौरी बाजार पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। मामले में थानाध्यक्ष राजू सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। संवाद

पहली पत्नी पर जानलेवा हमला करने वाले पर केस

देवरिया। तरकुलवा थाना क्षेत्र के गढ़रामपुर निवासी ज्योत्सना राव का विवाह रामपुर कारखाना के हरपुर निवासी भीमसेन राव से हुआ था। ज्योत्सना के पिता गोविंद राव ने थाने पर तहरीर देकर दो लोगों पर जानलेवा हमले का आरोप लगाया था। गोविंद राव का कहना है कि उनकी पुत्री गांव के ही एक युवक कृष्णा पटेल के साथ पट्टीदारी में किसी का देहांत होने पर उनका हाल जानने हरपुर गांव सोमवार को गई थी। वापस लौटने के दौरान पुत्री ज्योत्सना की भीमसेन राव और उसकी दूसरी पत्नी संयोगिता ने लाठी डंडे से पिटाई कर दी। आसपास के लोगों ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। रामपुर कारखाना पुलिस ने गोविंद राव की तहरीर पर भीमसेन राव और संयोगिता निवासी हरपुर के खिलाफ मारपीट और जानलेवा हमले का है। संवाद

मारपीट करने का आरोप

देवरिया। थाना क्षेत्र के रतसिया गांव की रहने वाली मंजू देवी ने अपने ही गांव के कुछ लोगों पर दरवाजे पर आकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर मिली है, कार्रवाई होगी। संवाद

बिहार के राजनीतिक गलियारे से दिल्ली तक है मूर्ति तस्करों की पकड़

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। करीब एक करोड़ रुपये की मूर्ति के साथ पकड़े गए एक विधायक के रिश्तेदार सहित पांचों तस्करों से पुलिस को यह जानकारी नहीं मिल पाई है कि आखिर यह मूर्ति किस मंदिर की है। इसके कारण पुलिस सोशल मीडिया के जरिए मूर्ति की पहचान कराने में जुटी हुई है। वहीं, पुलिस तस्करों का नेटवर्क खंगालने में जुट गई है। जांच-पड़ताल के दौरान यह पता चला है कि तस्करों के तार बिहार के राजनीति गलियारे से जुड़े हुए हैं।

रविवार की आधी रात मझौली राज के पास वाहन चेकिंग के दौरान पांच तस्कर पकड़े गए। जिनकी पहचान श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के टोला अहिबरन राय गांव निवासी रमाकांत कुशवाहा, आजमगढ़ जनपद के कंधरापुर गांव निवासी आकाश यादव, इसी जनपद के देवगांव थाना क्षेत्र के देवपुर गांव निवासी राधेश्याम गौतम, जौनपुर जनपद के थाना क्षेत्र सराय ख्वाजा के राजेपुर गांव निवासी सतीशचंद ध्यानी, इसी जनपद के राम पुर थाना क्षेत्र के धरमपुर गांव निवासी प्रशांत पाटिल के रूप में हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार तस्कर मूर्ति के बारे में यह नहीं बता पाए हैं कि मूर्ति कहां से चुराई गई थी, क्योंकि मूर्ति को रमाकांत के पास गिरोह के अन्य सदस्यों ने पहुंचाया था जो पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

गिरोह बड़ा होने के कारण बिहार और यूपी के कई मंदिरों से मूर्तियां चुराई गई हैं। तस्कर गाजियाबाद में मूर्ति के बारे में परीक्षण कराते हैं और यहीं से सौदा तय कर अंतरराष्ट्रीय बाजार में भेज देते हैं, जहां पर मनमाफिक रकम इनको मिल जाती है। सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि मूर्ति किस मंदिर से चोरी गई है, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

आखिर किस मंदिर की है मूर्ति, पुलिस सोशल मीडिया से ले रही जानकारी



एक करोड़ की मूर्ति के साथ 5 गिरफ्तार

अमर उजाला में प्रकाशित खबर।

रस्सी से बांधकर युवक की पिटाई में पांच पर केस

सलेमपुर। जमीन पर जबरन कब्जा के विरोध करने वाले एक व्यक्ति के हाथ-पैर बांध कर पिटाई करने वालों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मंगलवार को पीड़ित और उसकी आरोपी बहन को कोतवाली बुलाकर बयान दर्ज किया। पुलिस ने पीड़ित की सगी बहन संजू यादव, पड़ोसी अनिल, विपिन, गायत्री देवी, सुनील यादव व दो अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है।

आरोप- जमीन हड़पने के लिए पड़ोसी ने स्टांप पेपर पर जबरन मां के लिए थे हस्ताक्षर

कोतवाली थाना क्षेत्र के जमुई गांव के कमलेश यादव उर्फ पिंटू यादव पुत्र परमहंस यादव के हाथ-पैर बांध कर पिटाई का वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। पीड़ित कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बगल मेरे पट्टीदार का उनके परिवार से जमीनी विवाद है। आरोप लगाया कि वे जबरन कब्जा करना चाहते हैं और जमीन बैनामा कराने के लिए दबाव बनाते है। कमलेश ने बताया कि उनके पिता नहीं हैं, वे अपनी मां के साथ रहते हैं। आरोप लगाया कि 15 सितंबर की सुबह करीब आठ बजे उसके पट्टीदार उसके सगी बहन के साथ एक राय एक गोल बनाकर मां-बहन की गाली व जान से मारने की धमकी देते हुए घर में घुसकर पीड़ित तथा उसकी मां के साथ मारपीट की तथा उसके हाथ-पैर रस्सी से बांध कर अपने घर ले जाकर लात-मुक्का डंडा से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वह उसके साथ अमानवीय व्यवहार किए तथा उसकी मां को घर में बंद कर दिए। इसका वीडियो किसी ने बना लिया। पट्टीदारों ने जबरदस्ती कई सादे पेपर व स्टांप पर उसकी की मां का हस्ताक्षर व अंगूठा लगवा लिया। संवाद

22 वर्ष बाद घर में पैर रखते ही फफक पड़ीं शांति



बरहज के नरसिंहडांड़ गांव में 22 वर्ष बाद गांव आईं पूर्व प्रधान को कब्जा दिलाने के दौरान मदद का आश्वासन देते एसडीएम। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज। क्षेत्र के नरसिंहडांड़ गांव निवासी और पूर्व प्रधान शांति देवी मंगलवार को 22 वर्ष बाद अपने गांव पहुंचीं। घर में पैर रखते ही वह फफक पड़ीं। इतने वर्षों बाद अपने घर और जमीन पर कब्जा मिलने के बाद उन्होंने सीएम और अधिकारियों को धन्यवाद दिया। घर को बदमाशों के कब्जे से मुक्त कराने के लिए उन्होंने सोमवार को मुख्यमंत्री के जनता दरबार में गुहार लगाई थी।

पूर्व प्रधान शांति देवी गांव के ही कुछ बदमाशों के भय से घर छोड़कर पलायन कर गईं थीं। वह अपनी पुत्रियों मनोरमा, सुनीता और रेनू के घर रहते हुए समय काट रहीं थीं। अपनों की सलाह पर उन्होंने तीन दिन प्रवास पर गोरखपुर आए मुख्यमंत्री से जनता दरबार में मिलकर गुहार लगाई। शांति देवी का कहना है कि बदमाशों के भय से 22 वर्ष से गांव छोड़कर बाहर रहने की जानकारी होने पर मुख्यमंत्री अधिकारियों पर तल्ख हो गए थे। उन्होंने अधिकारियों को डांट लगाते हुए उन्हें घर वापस कराने का निर्देश दिया था। अगले दिन ही अधिकारियों ने उन्हें उनके घर पर कब्जा दिला दिया। घर पहुंची शांति का कहना था कि इतने वर्ष बाद गांव पहुंचने पर उन्हें विश्वास नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि गांव में बहुत कुछ बदल गया है। एसडीएम अवधेश कुमार निगम ने बताया कि महिला ने पूर्व के विवाद और कुछ लोगों के भय से गांव छोड़ दिया था। मुख्यमंत्री और अधिकारियों के निर्देश पर उन्हें काबिज कराया गया है।

सीएम से गुहार लगाने के बाद अधिकारियों ने पूर्व प्रधान को दिलाया कब्जा

आरोप : इकलौते पुत्र और पति की कर दी गई हत्या

बरहज। मईल थाना क्षेत्र के नरसिंहडांड़ निवासी और पूर्व प्रधान शांति देवी 1995 से 2000 तक गांव की प्रधान थीं। उन्होंने बताया कि उनके पति के नाम राजस्व अभिलेखों में करीब 50 बीघा कृषि भूमि दर्ज थी। बदमाशों ने जमीन हड़पने की नीयत से 1976 में उनके पति सूर्यदेव यादव की हत्या कर दी थी। पति की मौत के बाद चचेरे देवर रामकेवल, जबकि सन 2000 में इकलौते पुत्र रामदुलारे की हत्या कर दी गई। न्याय न मिलने और बदमाशों के डर से गांव छोड़ कर पुत्री मनोरमा, सुनीता और रेनू के घर जीवन-यापन कर रहीं थीं। उनका कहना है कि मकान पर कब्जा मिल गया है। बाकी जमीन पर अब भी माफिया का कब्जा है, लेकिन मुख्यमंत्री पर पूरा भरोसा है। न्याय जरूर मिलेगा। संवाद

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ट्रेन से कटकर मौत की पुष्टि, रस्सी ने उलझाई गुत्थी

छेड़खानी पीड़िता की मौत में हत्या और आत्महत्या के बीच उलझी है पुलिस, एसओजी ने डेरा जमाया

संवाद न्यूज एजेंसी

भाटपाररानी। बनकटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छेड़खानी की शिकार युवती का शव रेलवे ट्रैक पर मिलने के मामले में पुलिस हत्या और आत्महत्या के बीच उलझ गई है। 18 दिन के इंतजार के बाद बिहार पुलिस ने युवती की पोस्टमार्टम रिपोर्ट यूपी पुलिस को भेज दी है। इसमें युवती की मौत का कारण ट्रेन से कटना बताया गया है। वहीं युवती के पैरों में बंधी रस्सी उसकी हत्या की ओर इशारा कर रही है। मामले में गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ हत्या का केस भी दर्ज है। पुलिस अनसुलझे सवालों के जवाब ढूंढने में लगी है। मामले के खुलासे के लिए एसओजी ने भी गांव में डेरा डाल दिया है।

बनकटा थाना के एक गांव की छेड़खानी की शिकार युवती का शव बीते एक सितंबर को रेलवे ट्रैक पर मिला था।

मामले में युवती की मां का आरोप है कि 31 अगस्त को युवती छत पर सोई थी और दूसरे दिन घर से चार सौ मीटर दूरी पर रेल लाइन पर उसका शव मिला था। पीड़ित परिवार का आरोप है कि उसकी हत्या की गई है, क्योंकि मई माह में उसके साथ छेड़खानी हुई थी, मामले में नामजद आरोपी सुलह का दबाव बना रहे थे।

सुलह न करने पर बेटी को मार डाला। पुलिस सूत्रों के मुताबिक युवती की मौत का रहस्य अभी बरकरार है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवती की मौत ट्रेन से कटना दर्शाया गया है। क्योंकि उसका शरीर कमर से ऊपर कट कर दो हिस्सों में बट गया था। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट को आधार मानकर अब घटना की तफ्तीश में जुट गई है। मामला मुख्यमंत्री तक पहुंचने के बाद जांच एसओजी को दी गई है। इसके बाद एसओजी टीम भी गांव पहुंच गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस की थ्योरी एक बिंदु पर फंस जा रही है।

ट्रेन चालक ने मेमो में दिया है कि युवती ट्रेन के सामने कूद गई, जिसे कुछ लोगों ने देखा भी। पर पुलिस को यह समझ में नहीं आ रहा है तो युवती ने आत्महत्या की है तो उसका हाथ-पैर कैसे बंध गए। इस बिंदु पर पुलिस के कदम ठिठक जा रहे हैं। इसको लेकर पुलिस गहनता से पड़ताल कर रही है।


छेड़खानी की शिकार युवती का शव रेल लाइन पर मिला

अमर उजाला में प्रकाशित खबर।

मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट की गहनता से पड़ताल की जा रही है। पुलिस का प्रयास है कि किसी निर्दोष पर कार्रवाई न हो और दोषी बचे भी नहीं। – राजेश कुमार, एएसपी

परिजनों का यह है आरोप

युवती की मां का आरोप है कि गांव के पांच लोगों ने उसकी बेटी की हत्या कर दी है, क्योंकि उनके खिलाफ छेड़खानी का केस दर्ज हुआ था और समन आने के बाद बौखला गए थे। इसी प्रतिशोध में उसकी हत्या की गई है। आरोपियों को गिरफ्तार करने में हीलाहवाली की जा रही है।

गोलमाल

दोगुने दाम पर दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद के लिए ट्रेन टिकट करा रहे उपलब्ध

काउंटर से मिल रहा वेटिंग, दलाल दे रहे कंफर्म टिकट

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जनपद से विभिन्न स्थानों पर जाने वाली अधिकांश ट्रेनों वेटिंग 50 के पार है। काउंटर पर पहुंचने वाले लोग निराश होकर लौट जा रहे हैं। इसका फायदा दलाल उठा रहे हैं। वह दोगुने दाम पर दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद आदि जगहों के लिए टिकट उपलब्ध करा दे रहे हैं। तत्काल टिकट भी लोगों को खिड़की से नसीब नहीं हो रहा है।

सदर रेलवे स्टेशन से दिल्ली, मुंबई, सूरत, गुजरात व अहमदाबाद की ट्रेनों में कंफर्म टिकट पाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। भोर से ही लाइन में लगने के बाद भी तत्काल और आरक्षण टिकट कंफर्म नहीं मिल रहा है। ऐसे यात्रियों को पलभर में दलाल कंफर्म टिकट मोटी रकम लेकर उपलब्ध करा रहे हैं। दिल्ली से दरभंगा जाने वाली संपर्क क्रांति के स्लीपर क्लास में वेटिंग इस माह तो दिन 70 से अधिक है। यहां तक कि अक्तूबर माह भी वेटिंग का टिकट ही मिल रहा है।

एन्टीटी और कुशीनगर एक्सप्रेस में इसी माह 60 या इससे ज्यादा वेटिंग है। दिल्ली को जाने वाली वैशाली सुपर फास्ट में वेटिंग 80 है। दूसरी तरफ तत्काल टिकट या 80 फीसदी टिकट लाइन में लगे लोगों को नहीं मिल पा रहा है। कुछ जगहों पर तो अवैध खिड़कियों के जरिए दलाल अधिकतर टिकट बुक कर ले रहे हैं। इसके कारण लोगों को उससे टिकट खरीदना मजबूरी हो गई।


सदर रेलवे स्टेशन पर टिकट के लिए खिड़की पर कतार में लगे लोग। संवाद

सुबह से ही तत्काल टिकट के लिए लाइन लगाया था, लेकिन नहीं मिला। बाद में दो रुपये खर्च किए तो एक साधारण कैफे से दिल्ली का टिकट मिल गया। काउंटर में पचास वेटिंग मिल रहा था। – वीरेंद्र कुमार, सर्किट नगर पूर्वी

मंगलवार को बेंगलुरु देवी जाने के लिए टिकट लेने आया था। पर पता चला कि 75 वेटिंग है। एक मित्र के माध्यम से की तो कंफर्म टिकट देने को कहा है। परेशान होने से अच्छा है कि पैसा देकर टिकट बनवा लें। – विमलेश यादव, खजांची

काउंटर से टिकट लेना चाहिए। किसी के चक्कर में पड़ने की जरूरत नहीं है। वेटिंग टिकट भी कंफर्म हो जाता है। इससे घबराना नहीं चाहिए। जरूरत हो तो तत्काल टिकट लें। – आई अंसारी, स्टेशन अधीक्षक

अवैध टिकट बनाते पकड़े जा चुके हैं दलाल

इसी साल मार्च माह में शहर के देवरिया खास मोहल्ले में एक साइबर कैफे पर सीआईजी ने छापा मारा। जहां से करीब 84 हजार रुपये का टिकट बरामद हुआ था। इतना ही नहीं एक वर्ष के अंदर करीब पंद्रह साइबर कैफे पर छापेमारी में प्रतिबंधित व्यक्तिगत आईडी पर करीब छाछ लाख रुपये का ई टिकट बरामद हो चुका है।

दलाल इस तरह कर रहे खेल

देवरिया। रेलवे से जुड़े एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि टिकट दलालों का नेटवर्क बहुत लंबा है। टिकट दलाल इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) के समानांतर सिस्टम चला रहे हैं। अवैध खिड़कियों की चाल रेलवे के सॉफ्टवेयर से कई गुना फास्ट होती है। टिकट दलाल इतने शातिर होते हैं कि टिकट बुक होने से पहले ही यात्री का नाम, उम्र और अन्य विवरण भरकर तैयार रहते हैं। रेलवे काउंटर पर जब तक कस्टमर एक टिकट बुक करता है, तब तक दलाल अपने सिस्टम से पंद्रह से अधिक टिकट बुक कर लेते हैं। दलाल दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद सहित अन्य जगहों पर जाने वाले यात्रियों से दोगुना कीमत वसूल रहे हैं।

+ पैरामेडिकल
Govt. Recognised
Admission Open in UGC,MHRD Govt. of India Approved University Courses
DMLT BMLT BPT DPT
DRIT/BRIT D.Opt. B.Opt. O.T.Tech
X-Ray Dental CMS-ED ANM GNM
IIEIT PARAMEDICAL INSTITUTE
Harsan Nagar (Gate No.-1) Civil Lines, Gorakhpur
M : 9936107830, 8090673871, 9415066633

चढ़ावा चढ़ता रहे... इसलिए विवादों को और उलझा दे रहे राजस्वकर्मी

परेशान लोग आला अफसरों, तहसील और समाधान दिवस के लगातार लगा रहे चक्कर

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। चढ़ावा न देने पर भूमि विवाद के मामलों का निस्तारण कुछ राजस्व कर्मियों की मनमानी से फंस जा रहा है। ये राजस्वकर्मी चढ़ावा न मिलने पर मामले को सुलझने के बजाय उलझा दे रहे हैं। परेशान लोग आला अफसरों, तहसील और समाधान दिवस के चक्कर लगा रहे हैं। ऐसी शिकायतों पर आला अफसर के कार्रवाई करने के निर्देश के बाद भी राजस्वकर्मी मामले का निपटारा नहीं कर रहे हैं।

भूमि के विवाद में मारपीट और हत्या की घटनाएं जिले में आए दिन हो रही हैं। इनपर नियंत्रण के लिए आला अफसर पूरी कोशिश कर रहे हैं। कई मामलों में त्वरित टीम बनाकर भी कार्रवाई की जाती है। पर जो मामला अटक जा रहा है उसे कुछ राजस्व कर्मी अपने फायदे के लिए लंबित कर दे रहे हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार पैमाइश आदि के नाम पर फरियादियों को दौड़ाया जा रहा है।

आला अफसरों के निर्देश पर भी राजस्व कर्मी अपनी मनमानी कर रहे हैं। इनके चक्कर में फंस कर लोग परेशान भी हो रहे हैं। विवाद ज्यादा होने पर मामला मुकदमे तक पहुंच जा रहा है। इतना ही नहीं कई ऐसे मामले हैं जिनमें राजस्व कर्मियों को जांच मिली और खेल कर वे खुद ही उस संपत्ति का मालिक बन बैठे।

सीलिंग और नजूल की भूमि इनकी मिलीभगत से भूमाफिया के नाम हो जा रही है। इतना जरूर है कि कुछ फरियादियों ने हिम्मत जुटाकर विजिलेंस से शिकायत की तो इन्हें जेल भी जाना पड़ा।

सीलिंग की भूमि कर दे रहे भू-माफिया के नाम : सीलिंग की भूमि भी कुछ राजस्व कर्मी मिलकर भू-माफिया के नाम कर दे रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले कलक्ट्रेट बार के पूर्व अध्यक्ष चंद्र बांके तिवारी की शिकायत पर दो मामले उजागर हुए हैं। इसमें रुद्रपुर और सलेमपुर तहसील क्षेत्र की जमीन है। जिनका नामांतरण किया गया है।



मुकदमे की पैरवी के लिए कलक्ट्रेट में पहुंचे लोग। संवाद

गए थे जांच करने... और खुद करा लिया बैनामा

देवरिया। शहर के एसएसबीएल इंटर कॉलेज के पास एक भूमि का विवाद था। तत्कालीन जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने जांच बैठाई तो पता चला कि देवरिया सदर, सलेमपुर, भाटपाररानी तहसील में तैनात लेखपालों ने दो कट्ठा भूमि अपने परिजनों के नाम ही बैनामा करा ली है, जो करोड़ों रुपये की भूमि है। संवाद

केस 1

इसी माह भाटपाररानी तहसील परिसर से गोरखपुर एंटी करप्शन की टीम ने एक राजस्व निरीक्षक को पंद्रह हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। फरियादी से भूमि पैमाइश करने के नाम पर राजस्व निरीक्षक ने रुपयों की मांग की थी। मामले में आरोपी राजस्व निरीक्षक संतोष तिवारी के खिलाफ पुलिस ने भाटपाररानी थाने में केस दर्ज किया।

केस 2

20 अगस्त 2022 को खुखुंदू थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने समाधान दिवस पर गुहार लगाई थी कि एसडीएम कोर्ट से आदेश के बाद भी पैमाइश नहीं हो रही है। मामले में डीएम ने तत्काल पैमाइश करने का निर्देश दिया, लेकिन इसके बावजूद पीड़ित से पांच हजार रुपये की मांग की गई। राजस्व निरीक्षक अशोक पांडेय को विजिलेंस ने रंगे हाथों रिश्वत लेते पकड़ लिया।

केस 3

जनवरी 2023 में रुद्रपुर तहसील के लिपिक विनोद सिंह को एक फरियादी से दो हजार रुपये लेते हुए विजिलेंस ने पकड़ लिया। कोतवाली में इसके खिलाफ मुकदमा दर्ज है। यह भी भूमि संबंधी एक मामले में रिश्वत लेते पकड़े गए थे।

मुख्यमंत्री से मिलकर सुरक्षा की लगाई गुहार

सोनूघाट। खुंखूदू थाना क्षेत्र के ग्राम बैरौना निवासी मनोरमा शाही पत्नी स्व. कामेश्वर शाही ने सोमवार को मुख्यमंत्री से मिलकर जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पीड़िता ने मुख्यमंत्री को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि पति कामेश्वर शाही की नौ माह पूर्व मृत्यु के बाद रिश्तेदारों ने ससुर महेश नारायण शाही को अपने कब्जे में ले लिया है। वह जब भी अपने ससुर से मिलने जाती हैं, उन्हें मिलने नहीं दिया जाता है। साथ ही उन्हें और उनके इकलौते पुत्र को जान से मारने की धमकी दी जाती है। संवाद

KUSHINAGAR POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:-20-09-2023

पुलिस के खिलाफ धरने पर बैठने की दी चेतावनी

पडरौना। भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष प्रियेश गोंड ने पुरातत्व अधिकारी से हुए विवाद में पुलिस की एक पक्षीय कार्रवाई को लेकर न्याय न मिलने पर कसया थाने के गेट पर धरना देने की चेतावनी दी है।

भाजयुमो नेता ने एसपी को दिये पत्रक में बताया है कि उसने पुरातत्व अधिकारी से हुए विवाद के मामले में कार्रवाई के लिए बीते 24 फरवरी को पुलिस को तहरीर दी थी।

12 प्रतिबंधित पशुओं संग तीन तस्कर दबोचे

जोकवा बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के जोकवा ओवरब्रिज पर मंगलवार की सुबह एक ट्रक से 12 प्रतिबंधित पशुओं को बरामद करने के साथ तीन तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

तुर्कपट्टी थाना के मधुरिया पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि पशु तस्कर प्रतिबंधित पशुओं को

■ जोकवा ओवरब्रिज पर गिरफ्तार तीनों तस्कर पंजाब के रहने वाले हैं

ट्रक में लादकर फोरलेन के रास्ते वध के लिए बिहार की तरफ ले जा रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जोकवा ओवरब्रिज के ऊपर फोरलेन पर बैरिकेडिंग कर दिया।

तस्करों की गाड़ी का इंतजार करने लगी। कुछ देर में प्रतिबंधित पशु लदी एक ट्रक आता दिखा। तलाशी में पुलिस ने वाहन में क्रूरता पूर्वक लदे 12 राशि प्रतिबंधित पशुओं को बरामद किया।

पशुओं को मुक्त कराने कराने के साथ ही तीन तस्करों को पकड़ कर थाने ले गई। पकड़े गए तस्करों की पहचान सोनू सिंह निवासी गुरु का बाग, थाना चंदेर जिला अमृतसर पंजाब, जोर सिंह उर्फ जोध सिंह पुत्र अनोख सिंह निवासी तेंडाकला थाना चंदेर जिला अमृतसर पंजाब व हरेंद्र उर्फ हरजेंद्र सिंह पुत्र स्व. सिंघासन सिंह निवासी पेडगैरी थाना सराय अमानत जिला तरणताल पंजाब के रूप में हुई।

अफसरों ने मंदिर में चढ़ाए चीवर

कसया, हिन्दुस्तान संवाद। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा व उनकी पांच सदस्यीय टीम ने मंगलवार को कुशीनगर में बौद्ध मंदिरों का दर्शन पूजन किया। इससे पहले कुशीनगर पहुंचते ही जिलाधिकारी उमेश मिश्र व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्हें अंतर्राष्ट्रीय बुद्ध स्थलीय कुशीनगर का भ्रमण कराया।

नवदीप रिणवा अपने दल के साथ मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर में ई कार्ट से पहुंचे। छठवीं शताब्दी लेटी भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष शीश नवाया और चीवर चढाकर विशेष पूजा-अर्चना की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के साथ टीम के सदस्यों ने महात्मा बुद्ध के महापरिनिर्वाण मंदिर में तथागत की लेटी प्रतिमा पर चीवर चढ़ाया और पूजा अर्चना की। म्यांमार बुद्ध मंदिर के प्रभारी भिक्षु नन्दका ने पूजा कराई। डॉ अभय राय ने गाईड की भूमिका निभाते बौद्ध मंदिर के इतिहास की जानकारी दी। इसके बाद व्याख्यान कक्ष पहुंचकर कुशीनगर पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म देखी। इसके उपरांत दल मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर परिसर में भव्य बौद्धकालीन स्तूप की परिक्रमा कर उसकी प्राचीनता, पुरातात्विक इतिहास व ऐतिहासिकता से परिचित हुए। मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर से दल भू-स्पर्श मुद्रा में भगवान बुद्ध की प्रतिमा दर्शन के लिए मांथा कुंवर मंदिर पहुंचे। जहां मंदिर में भगवान बुद्ध की प्रतिमा की विशिष्टता व प्राचीनता की जानकारी हासिल किया। मंदिर परिसर में जलभराव की जानकारी साझा की गई। बताया गया कि रिसाव के चलते इस उत्खनित अवशेषों में बरसात के मौसम में भर जाता है।

डीएम व एसपी से की लोस चुनाव की तैयारियों पर चर्चा

इससे पूर्व कुशीनगर पहुंचने पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी को गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व एसपी धवल जायसवाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी सहित पूरी टीम का होटल इम्पीरियल में स्वागत किया। इस दौरान उन्हें स्मृति चिह्न के रूप में बुद्ध प्रतिमा तथा पर्यटन साहित्य से संबंधित पुस्तक भेंट की गई। होटल के सभागार में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने डीएम उमेश मिश्र व एसपी धवल जायसवाल के साथ करीब एक घंटे तक बातचीत की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस दौरान आयोग के निर्देश के क्रम में निर्वाचन नामावलियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के साथ औपचारिक वार्ता भी की।

पत्नी व पुत्री का हत्यारोपित गिरफ्तार

जासं, रामकोला: थाने की पुलिस ने फरार चल रहे पत्नी व पुत्री के हत्यारोपित को सोमवार की देर रात साहबगंज चौराहा के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

एसएचओ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि हत्यारोपित की तलाश में अलग-अलग टीमें संभावित जगहों पर छापेमारी कर रहीं थीं। देर रात साहबगंज के समीप संदिग्ध हाल में दिखे अधेड़ को पुलिसकर्मियों ने रोकना चाहा तो वह भागने लगा। दौड़ाकर पुलिसकर्मियों ने उसे दबोच लिया। उसकी पहचान इंद्रजीत अली फुलवरिया के रूप में हुई। एसएचओ ने बताया कि इंद्रजीत पर 46 वर्षीय पत्नी जखरून निशा व 18 वर्षीय पुत्री रूबीना की हत्या का आरोप है। घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस टीम में दारोगा संजय कुमार सिंह आदि शामिल रहे।

आजिज आ गया था रोज-रोज की कलह से : पुलिस की पूछताछ में इंद्रजीत अली ने बताया कि वह पत्नी व पुत्री के व्यवहार से परेशान था। डांट-फटकार के बाद से भी उनमें सुधार नहीं हो रहा था। पुत्री तो मेरी बात बिलकुल सुनने को तैयार नहीं थी। कुछ समय पहले वह घर छोड़कर चली गई। मां के कहने पर एक माह बाद वह वापस आई। उसके इस व्यवहार से मन टूट गया। इसे लेकर घर में रोज-रोज कलह होने लगी। इससे निजात पाने के लिए दोनों की हत्या कर दी। रामकोला के फुलवरिया के इंद्रजीत अली ने सब्बल, लोहे के नुकीले राड से सिर पर प्रहार कर पत्नी जखरून निशा की हत्या कर दी। बचाने आई पुत्री रूबीना के सिर पर भी प्रहार कर उसने मौत के घाट उतार दिया था।

छेड़खानी के आरोपी समेत दो गिरफ्तार

पडरौना। विशुनपुरा थाने की पुलिस ने छेड़खानी के मुकदमे में एक वांछित व एक अन्य वारण्टी सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने वांछित अभियुक्त रोज मुहम्मद निवासी बांसगांव जमुआन असगर टोला थाना विशुनपुरा को दुदही टैक्सी स्टैण्ड के पास से तथा दूसरे मामले में वारंटी ध्रुप यादव निवासी बड़हरा थाना विशुनपुरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। टीम में प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान, दरोगा संजय कुमार, आकाश गिरि, विनय प्रताप सिंह व सिपाही धर्मेन्द्र सिंह शामिल रहे।

15 हजार का इनामी हुआ गिरफ्तार

पडरौना। तरयासुजान थाने की पुलिस ने मंगलवार को लूट के मुकदमे में वांछित 15 हजार रूपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ व वांछित/ वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत तरयासुजान पुलिस ने ग्राम दनियाड़ी रोड के पास से लूट के मुकदमों में फरार 15 हजार रूपये के इनामी बदमाश मनीष तिवारी निवासी मठिया श्रीराम थाना तरयासुजान को गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। इस अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने 15 हजाररुपये का पुरस्कार घोषित किया था। टीम में प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा, दरोगा सुनिल कुमार, सिपाही आदित्य प्रताप सिंह व रिषु आदि शामिल रहे।

एसआई निलंबित

पडरौना। एसपी धवल जायसवाल ने चौरा खास थाने में तैनात उप निरीक्षक संतोष यादव को विवेचना में लापरवाही व शिथिलता बरतने के आरोप में निलंबित किया है। लगातार दूसरे दिन किसी उपनिरीक्षक का लापरवाही में निलंबन हुआ है।

दायित्वों के प्रति लापरवाही पर दारोगा निलंबित

जासं, पडरौना : दायित्वों के प्रति लापरवाही एवं शिथिलता पाए जाने पर एसपी धवल जायसवाल ने मंगलवार को चौराखास में तैनात दारोगा संतोष यादव को निलंबित कर दिया। भूमि विवाद के मामले में प्रस्तुत साक्ष्य व पीड़ितों की अनदेखी करते हुए दारोगा ने आरोपितों की मदद की। पीड़ित ने एसपी से मिलकर आपबीती बताई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने जिले की टीम से जांच कराई। जांच में आरोप सही पाए गए।

डीजल छिड़ककर जान देने की कोशिश, वीडियो वायरल



कप्तानगंज, हिन्दुस्तान संवाद। कप्तानगंज वार्ड नंबर 7 के सभासद सतीश उर्फ पिंटू यादव द्वारा मंगलवार को दिन में करीब 2 बजे अपने हाथ में लिए गैलन में भरे ज्वलनशील पदार्थ को पुलिसकर्मियों द्वारा छीनने के प्रयास का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल रहा है। वीडियो में दावा किया जा रहा है कि सभासद, तहसील गेट पर काफी वर्षों से संचालित फोटोकॉपी की दुकान को तहसील प्रशासन द्वारा हटा लेने पर निर्देश पर क्षुब्ध होकर ऐसा कर रहे हैं। हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता।

वीडियो में आरोप लगाया जा रहा है कि कप्तानगंज नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी योगेश कुमार मिश्रा तथा लेखपाल मारकंडेय गुप्ता ने सभासद से दुकान अब तक क्यों नहीं हटायी गयी, के संबंध मे जवाब तलब किया है। इस पर आवेश में आकर सभासद द्वारा अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क कर जान देने का प्रयास किया जाने लगा। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने लपक कर सभासद के हाथ से ज्वलनशील पदार्थ से भरा गैलन छीन लिया। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह ने इस संबंध में बताया कि सभासद के हाथ में डीजल भरा गैलन था। जिसे उन्होंने अपने जेनरेटर से निकाला था। उन्हें समझा बुझाकर शांत करवा दिया है। प्रशासन द्वारा सभासद की दुकान को बुलडोजर लगाकर हटा दिया गया है।

युवती संग अप्रिय घटना की आशंका

सेवरही (कुशीनगर)। सेवरही क्षेत्र के एक गांव की युवती का अपहरण कर उसका धर्म परिवर्तन कराने का मामला सामने आया है। युवती के बाबा ने पोती का जबरन या धोखे से धर्म परिवर्तन कराकर शमीम से शादी कराने और उसके साथ अप्रिय घटना की आशंका जताई है। तहरीर पर पुलिस ने लेखपाल अशोक वर्मा और उसके चालक शमीम पर अपहरण, धर्म परिवर्तन में केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि धरपकड़ और युवती की बरामदगी के प्रयास किए जा रह हैं।

15 हजार का इनामी गिरफ्तार, जेल

सलेमगढ़ : तरयासुजान के दनियाड़ी के निकट मंगलवार की सुबह 11 बजे एसएचओ अमित शर्मा, एसआइ सुनील कुमार ने फोर्स के साथ 15 हजार के इनामी को पकड़ा है। पकड़ा गया आरोपित मनीष तिवारी निवासी मठिया श्रीराम थाना तरयासुजान का रहने वाला है। एसएचओ ने बताया कि पकड़ा गया आरोपित तीन वर्षों से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

12 गोवंश के साथ तीन पशु तस्कर धराए

जागरण संवाददाता, जोकवा बाजार: पंजाब के तरन तारन से बिहार के सिवान वध के लिए ट्रक से ले जाई जा रहीं 12 गायों को तुर्कपट्टी थाना पुलिस मंगलवार को जोकवा बाजार के हाईवे फ्लाइओवर के समीप पकड़ ली। तीन तस्कर भी पकड़े गए। मुकदमा दर्ज कर तस्करों को न्यायालय ले जाया गया, जहां से उनको जेल भेज दिया गया।

थाना प्रभारी अनिल सिंह को सूचना मिली कि एक ट्रक में गोवंश लदे हैं। वह तस्करी कर वध के लिए बिहार के सिवान भेजे जा रहे हैं। इस पर वह चौकी प्रभारी रणजीत सिंह बघेल के साथ पुलिस टीम को लेकर वाहनों की जांच करने लगे। कुछ देर बाद ट्रक आया तो पुलिस टीम को देख वाहन खड़ा कर सवार तस्कर भागने की कोशिश करने लगे। तस्करों पुलिस दौड़ाकर पकड़ ली। ट्रक की तलाशी में 12 गाय लदी मिलीं। अमृतसर के थाना चंडी के पूरा कला का जोर उर्फ जोध, अमृतसर के थाना इंदौर के गुरु का बाग का सोन सिंह, तरन तारन के थाना सराय अमानत खां का हरेंद्र सिंह उर्फ हरजेंद्र ने बताया कि तरन तारन से गोवंश बिहार के सिवान वध के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस टीम में दारोगा जीत बहादुर यादव आदि शामिल रहे।



तुर्कपट्टी थाना परिसर में बरामद ट्रक व पकड़े गए पशु तस्करों के साथ पुलिस ● जागरण

तुर्कहां में धार्मिक झंडा लगाने के लिए दो पक्ष आमने-सामने, गांव में तनाव

आधी रात को गांव पहुंची पुलिस ने झंडा लगाने से रोका, लोगों को समझाकर कराया शांत

संवाद न्यूज एजेंसी

खड्डा। तुर्कहां गांव में धार्मिक झंडा लगाने को लेकर सोमवार की रात दो पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। इससे तनाव बढ़ गया। आधी रात को पहुंची पुलिस ने झंडा लगाने से रोक दिया और लोगों को समझाकर हटाया। ये मामला श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से चल रहा है। पुलिस ने मंगलवार को दोनों पक्षों को थाने पर बुलाकर झंडा नहीं लगाने की चेतावनी दी। तनाव को देखते हुए पुलिस की नजर गांव पर बनी हुई है।

खड्डा थाना क्षेत्र के तुर्कहां गांव में सोमवार की रात को एक पक्ष ऊंचा झंडा लगा रहा था। इसकी जानकारी दूसरे पक्ष के लोगों को हुई तो वे एकजुट हो गए और इसका विरोध करने लगे। इसे लेकर दोनों पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए।





तुर्कहा गांव में सड़क के किनारे लगाए गए धार्मिक झंडे। संवाद

इसकी सूचना किसी ने पुलिस को दे दी। रात को पहुंची पुलिस को देख युवक भाग खड़े हुए। माहौल को देखते हुए पुलिस ने झंडा लगाने से रोक दिया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी में इस गांव में कुछ जगहों पर एक पक्ष ने धार्मिक झंडा लगाया था। इसके बाद दूसरे समुदाय के लोग भी अपना धार्मिक झंडा लगाने लगे। इसके बाद दोनों पक्षों में धार्मिक झंडा लगाने की होड़ लग गई। दोनों पक्षों के बीच इसे लेकर गांव में अभी भी तनाव है और झंडा नहीं उतारे गए हैं। थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बताया कि धार्मिक झंडा लगाने को लेकर गांव के दो पक्षों के बीच तनातनी हुई थी। रात को गांव में पुलिस गई थी। लोगों को समझाकर शांत कराया गया और ऊंचा झंडा लगाने से रोक दिया गया है। दोनों पक्षों के 20 से अधिक लोगों को शांतिभंग में पाबंद किया।

कई गांवों में धार्मिक झंडा लगाने की होड़ पुलिस अनजान

खड्डा थाना क्षेत्र के गांवों में धार्मिक झंडा लगाने की होड़ मची है और इसको लेकर गुटबाजी बढ़ गई है। कई गांवों में ऐसा मामला आ चुका है। पुलिस इसको लेकर गंभीर नहीं दिख रही है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से धार्मिक झंडा लगाने की होड़ बढ़ी है। खड्डा थाना क्षेत्र के बंजारी पट्टी और सिसवा मनिराज गांव में धार्मिक झंडा लगाने को लेकर दो पक्ष के युवक आपस में भिड़ गए थे। पुलिस की सक्रियता के चलते बड़ा विवाद होने से बचा था, लेकिन गांव में अभी भी इसे लेकर तनाव बना हुआ है। इसके अलावा बंजारी पट्टी गांव में नहर की पटरी पर एक पक्ष ने धार्मिक झंडा लगाया था, जिसका दूसरे पक्ष ने विरोध किया था।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी पहुंचे बुद्ध स्थली

महापरिनिर्वाण बुद्ध मंदिर कुशीनगर में की पूजा, पुरातात्विक स्थलों को भी देखा

जागरण संवाददाता, बुद्धनगरी: उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मंगलवार को पांच सदस्यीय टीम के साथ अंतरराष्ट्रीय पर्यटक बुद्धस्थली कुशीनगर का भ्रमण किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के साथ टीम के सदस्यों ने सर्वप्रथम महापरिनिर्वाण बुद्ध मंदिर परिसर स्थित व्याख्या केंद्र में बुद्ध से संबंधित डाक्यूमेंट्री फ़िल्म देखी।

वहां से ई-कार्ट से डीएम व एसपी के साथ महापरिनिर्वाण बुद्ध मंदिर पहुंचे। तथागत की पांचवीं सदी की लेटी प्रतिमा पर चीवर चढ़ाया और पूजा की। म्यांमार बुद्ध मंदिर के प्रभारी भिक्षु नंदका ने पूजा कराई। डा. अभय कुमार ने राय ने गाइड की भूमिका निभायी। इसके बाद माथा कुंवर बुद्ध मंदिर व रामाभार स्तूप का दर्शन किया। होटल इंपेरियल पहुंचने पर डीएम उमेश मिश्र व एसपी धवल जायसवाल की अगुवाई में अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। रिणवा ने बताया कि यहां हम बुद्ध स्थली का दर्शन और पूजन वंदन करने के लिए आए थे। बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर बुधवार को गोरखपुर में लोकसभा चुनाव तैयारियों की समीक्षा बैठक में भाग लेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वन नेशन वन इलेक्शन संबंधित प्रश्न पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। शाम को टीम गोरखपुर के लिए रवाना हो गई। एडीएम वैभव मिश्र, एसडीएम कसया योगेश्वर सिंह, हाटा हीरालाल, एसडीएम मुहम्मद जफर, सीओ कुंदन सिंह, पर्यटक सूचना अधिकारी डा. प्राणरंजन, नायब तहसीलदार शैलेश कुमार सिंह, ब्रजेश मणि त्रिपाठी, नीलेश रंजन राव, चौकी प्रभारी विवेक पांडेय आदि उपस्थित रहे।



कुशीनगर स्थित महापरिनिर्वाण मंदिर में बुद्ध प्रतिमा पर चीवर चढ़ाते प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा बाएं से दूसरे • जागरण

ई-कार्ट सेवा का शुभारंभ

-प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के साथ अन्य अधिकारी दो ई-कार्ट में सवार होकर व्याख्या केंद्र से महापरिनिर्वाण बुद्ध मंदिर गए। वहां से पूजा पाठ आदि के बाद कार्ट से ही माथा कुंवर बुद्ध मंदिर पहुंचे। एसडीएम योगेश्वर सिंह ने बताया कि आज से पर्यटकों के लिए दो ई-कार्ट का नियमित संचलन प्रारंभ हो गया। पर्यटक सीजन को देखते हुए शीघ्र ही दो अन्य कार्ट की बैट्री आदि ठीक कराकर उसका भी संचलन प्रारंभ करा दिया जाएगा।

मुर्गों के पोस्टमार्टम के वाद विसरा लैव भेजा गया

कप्तानगंज : कप्तानगंज के मथौली बाजार के वार्ड नंबर 13 की इंद्रावती जायसवाल की तहरीर पर बगलगीर शकीना खातून पर छह मुर्गों को जहरीला पदार्थ देकर मार डालने का मुकदमा दर्ज हुआ था। सोमवार को मुर्गों का पोस्टमार्टम कराया गया। विसरा प्रयोगशाला भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह ने बताया कि प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी।

सभासद ने किया आत्मदाह का प्रयास

जासं, कप्तानगंज: तहसील गेट व आसपास हुए अतिक्रमण को प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर हटवाया जा रहा। मंगलवार को प्रशासनिक कार्रवाई से क्षुब्ध होकर वार्ड सभासद व मुख्य गेट पर फोटोकापी की दुकान चलाने वाले सतीश यादव ने आत्मदाह का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों ने सभासद के हाथ से गैलन ले लिया। समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। उप-नगर के वार्ड संख्या सात के सभासद सतीश यादव की तहसील गेट पर फोटोकापी की दुकान है। सोमवार को एसडीएम के निर्देश पर तहसील व आसपास के सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण कर दुकान चला रहे दुकानदारों को दुकान हटाने की सूचना दे दी गई। उसी दिन अधिकांश दुकानदारों ने दुकानें हटा लीं। अगले दिन जेसीबी लगाकर अतिक्रमण किए लोगों की दुकानें हटा दी गईं। इसमें सभासद की दुकान भी शामिल है। सभासद गैलन में पेट्रोल लेकर आत्मदाह करने दुकान के पास पहुंच गए।

अपमान की वजह से कर दी थी पत्नी-बेटी की हत्या

फुलवरिया कांड : हत्यारोपी झोलाछाप ने बताया कारण, पुलिस ने मंगलवार को रामकोला थाना क्षेत्र के सोहरौना के पास दिखाई गिरफ्तारी

संवाद न्यूज एजेंसी

कुशीनगर। अपनी पत्नी और बेटी की सब्बल से वार कर नृशंस हत्या करने के बाद भागने वाले झोलाछाप को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह तीन दिन तक पुलिस को महराजगंज जनपद और नेपाल क्षेत्र में छकाता रहा।

पुलिस ने उसे मंगलवार को रामकोला थाना क्षेत्र के साहबगंज से गिरफ्तार करना बताया है। पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि बेटी के घर से भागने की वजह से अपमान का घूंट पीना पड़ रहा था। इसके अलावा घर में आने न तो सम्मान मिलता था और न ही भोजन। नाती को लेकर झगड़ा हुआ तो यह बातें दिमाग में कौंधने लगीं, जिससे गुस्से में आकर पत्नी और बेटी की हत्या कर दी। उसकी गिरफ्तारी के बाद से गांव के लोग भी राहत की सांस ले रहे हैं। उनका कहना है कि उसकी करनी का सही फल भी मिलना चाहिए।

रामकोला थाना क्षेत्र के फुलवरिया मगरीब गांव के फुलवरिया मशरीफ टोला में



मां-बेटी के हत्यारे इंद्रजीत अली को पुलिस ने किया गिरफ्तार। संवाद

झोलाछाप इंद्रजीत अली ने शनिवार को सुबह अपनी पत्नी जाफीरून नेशा और बेटी रूबीना को सब्बल से प्रहार कर नृशंस हत्या कर दी थी। उसके बाद घर पर रह रहे अपने बड़ी बेटी के सात वर्षीय पुत्र समीर को लेकर भाग गया था, जिसे बाद में उसने गांव के बाहर छोड़ दिया था। पुलिस ने पूछताछ के बाद उस बच्चे को उसके मामा को सुपुर्द कर दिया था।

पत्नी और बेटी का अंतिम संस्कार महराजगंज जिले में हत्यारोपी की ससुराल में हुआ था। चूंकि पुलिस की जांच-पड़ताल में पता चला था कि वह महराजगंज जनपद और नेपाल क्षेत्र में उसका आना-जाना था। वह झोलाछाप के साथ-साथ झाड़फूंक का काम भी करता था। इंद्रजीत अली की बेटी रुबीना एक साल पहले घर छोड़कर चली गई थी। काफी खोजबीन के बाद वह मिली। उसका पिता उसे लेकर घर आया था। इधर करीब डेढ़ माह पहले भी रुबीना घर छोड़कर चली गई थी। पुनः उसे ढूंढकर लाया गया था। इस वजह से अपमान महसूस कर रहा था। इससे इंद्रजीत पत्नी और बेटी से खफा भी रहता था। परिवार के सदस्यों से ठीक से बात नहीं होती थी। कभी-कभार रात में आता था तो सुबह होते ही चला जाता था। घर पर खाना भी नहीं खाता था। समीर को अपने घर रखकर पढ़ाता था, इसलिए उसके साथ पूरी हमदर्दी थी।

घटना के बाद से ही पुलिस उसकी तलाश में लग गई थी। पुलिस टीमें महराजगंज जनपद और नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में उसका पता लगा रही थी। संभावित ठिकानों पर दबिश भी दे रही थी। आखिरकार पुलिस को सफलता मिल ही गई। पुलिस सूत्रों की मानें तो उसे नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है, जबकि अधिकारिक रूप से पुलिस उसे मंगलवार को रामकोला थाना क्षेत्र के साहबगंज से गिरफ्तार करना बता रही है।

पुलिस ने घोषित किया था 25 हजार का इनाम : एसपी की तरफ से इस हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।



दो बार पार से जा चुकी थी बेटी, छिन रहता था हत्यारोपी

19 सितंबर को प्रकाशित खबर।



फुलवरिया कांड : हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश

18 सितंबर को प्रकाशित खबर।

हत्यारोपी इंद्रजीत अली को गिरफ्तार करने के लिए महराजगंज जनपद और नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों सहित कई जगह दबिश दी गई। काफी खोजबीन के बाद वह मंगलवार को रामकोला थाना क्षेत्र के साहबगंज के पास गिरफ्तार किया गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। हत्यारोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है। पूछताछ में उसने हत्या की मुख्य वजह पारिवारिक कलह बताई है। उसने बताया कि पत्नी का उससे हमेशा झगड़ा होता रहता था। इसलिए घटना के दिन झगड़े के दौरान ही आवेश में आकर उसने दोनों की हत्या कर दी।

-धवल जायसवाल, पुलिस अधीक्षक

सीधे मुंह बात नहीं करती थी पत्नी : इंद्रजीत

पुलिस सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार किए जाने के बाद इंद्रजीत अली ने पुलिस को बकाया कि उसकी बेटी पूर्व में घर छोड़कर भाग गई थी। इस वजह से वह खुद को बड़ा अपमानित महसूस कर रहा था। इतना ही नहीं बेटी उसे पिता का सम्मान भी नहीं देती थी। घर आने पर पत्नी भोजन नहीं देती थी और न ही सीधे मुंह बात करती थी। इसे लेकर घर में कलह बनी रहती थी। गाली-गलौज तक हो जाती थी। इस वजह से वह घर से बेहतर बाहर रहना महसूस करता था। घटना के दिन नाती समीर खेलकर आया तो पत्नी और बेटी उस पर गुस्सा हो गईं। वह समीर को अपने साथ रखकर पढ़ाता था। उसे डांटना अच्छा नहीं लगाया। डांटा तो वे झगड़ा पर उतारू हो गईं। इस वजह से गुस्से में सब्बल उठाकर उन पर हमला कर दिया। उनकी मौत हो जाने पर हड़बड़ी में कपड़े बदला और नाती को लेकर भाग गया। कुछ लोगों से समीर को उनके पास रखने को कहा, लेकिन वे तैयार नहीं हुए तो नन्हें बच्चे को लेकर कहां-कहां जाता, इसलिए गांव से बाहर छोड़ गया। भागने की बहुत कोशिश की, लेकिन पुलिस ने नेपाल क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

आठ लोगों पर धोखाधड़ी का केस

पडरौना। गोड़रिया क्षेत्र के मठिया माफी निवासी एक बुजुर्ग महिला की तहरीर पर विशुनपुरा पुलिस ने आठ लोगों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। पुलिस इस मामले में छानबीन में जुटी है।

गांव की 80 वर्षीय लालमती देवी ने विशुनपुरा पुलिस को दी तहरीर में बताया कि किसान सम्मान निधि का पैसा निकालने के लिए मोहन पट्टी गांव के लोगों ने मकान सहित पूरी जमीन दान पत्र बैनामा रजिस्टर्ड करवा लिया।

उन्होंने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की थी। इस संबंध में थानाध्यक्ष रामसहाय चौहान ने बताया कि रजिस्टर्ड दान पत्र बैनामा लिखने और लिखवाने वालों के अलावा गवाह सहित कुल आठ लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। पुलिस गहनता से जांच कर रही है।

कुशीनगर पहुंचा एससीईओ समेत पांच सदस्यीय दल

पकवा इनार। भगवान बुद्ध की महा परिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में मंगलवार की दोपहर बाद राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी (एससीईओ)के साथ पांच सदस्यीय दल पहुंचा। उन्हें एक निजी होटल में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। होटल के सभागार में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने डीएम व एसपी के साथ करीब एक घंटे तक बातचीत की। मंगलवार दोपहर बाद करीब दो बजे मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा कुशीनगर पहुंचे। उनकी अगुवानी डीएम उमेश मिश्र व एसपी धवल जायसवाल ने की। होटल में करीब एक घंटे बैठकर जिला स्तरीय अधिकारियों के बीच बातचीत की। बैठक में हुई बातचीत के संबंध में जानकारी साझा नहीं हुई। इसके बाद नवदीप रिणवा दल के साथ मुख्य महा परिनिर्वाण मंदिर पहुंचे, जहां छठवीं शताब्दी लेटी भगवान बुद्ध की प्रतिमा की पूजा कर चीवर चढ़ाया। संवाद



सभासद की अवैध दुकान पर चला बुलडोजर, आत्मदाह का किया प्रयास

कप्तानगंज कस्बे में तहसील व थाना गेट के सामने अतिक्रमण हटाया गया, एसओ ने सभासद से छीना पेट्रोल

संवाद न्यूज एजेंसी

कुशीनगर। कप्तानगंज कस्बे में तहसील और थाना गेट के सामने मंगलवार को अतिक्रमण पर बुलडोजर चला। अवैध दुकान टूटने से नाराज सभासद आत्मदाह के लिए गैलन में पेट्रोल लेकर पहुंच गया, लेकिन एसओ ने गैलेन छीन लिया। इस दौरान पुलिस और सभासद के बीच नोंकझोक भी हुई। भारी विरोध के बीच तीन घंटे तक अतिक्रमण पर पुलिस की मौजूदगी में बुलडोजर चला। दुकानदारों ने बिना नोटिस दिए जबरन अतिक्रमण खाली करने का आरोप नगर पंचायत प्रशासन पर लगाया है।

मंगलवार को सुबह करीब 11 बजे नगर पंचायत प्रशासन बुलडोजर लेकर पुलिस फोर्स के साथ कप्तानगंज तहसील गेट पर एनएच-730 के पटरी पर अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंचा। यह देख पटरी दुकानदार उग्र हुए, लेकिन पुलिस का तेवर देख दुकानदार बैकफुट पर आ गए और अपनी दुकानों को हटाने लगे। प्रशासन ने पटरी पर हुए अतिक्रमण को हटाना शुरू किया। वार्ड नंबर-सात के सभासद सतीश चंद्र यादव की फोटो कॉपी की दुकान को तोड़ा जाने लगा। नाराज सभासद सतीश चंद्र गैलन में पेट्रोल लेकर पहुंचे और आत्मदाह की धमकी देने लगे। यह देख अफसर अवाक हो गए।

ईओ योगेश मिश्र बुलडोजर रोकने का इशारा करने लगे। कप्तानगंज के एसओ विनय कुमार सिंह पहुंचे और सभासद से पेट्रोल से भरा गैलन छीन लिया। इसे लेकर सभासद और पुलिस से नोंकझोंक और धक्का-मुक्की भी हुई। वहीं सिपाही मूकदर्शन बने रहे। बाकी पटरी दुकानदारों ने भी पुरजोर तरीके से विरोध जताया, लेकिन थोड़ा भी इसका असर प्रशासन पर नहीं पड़ा और अतिक्रमण खाली कराया गया। तहसील और ब्लॉक गेट से 2 बजे तक अतिक्रमण हटाया गया।

पटरी दुकानदारों का आरोप है कि प्रशासन तानाशाह रवैया अपना रहा है। अब उनके सामने रोजी-रोटी का संकट गहरा गया है। 30 से 35 साल पुरानी दुकानें थीं। इसमें रखा सामान भी नुकसान हो गया। इससे पहले सोमवार को भी अतिक्रमण खाली कराया गया।



कप्तानगंज तहसील गेट से अतिक्रमण हटाती जेसीबी। संवाद



गेलन लेकर खड़े सभासद सतीश चंद से छीनती पुलिस। संवाद

सभासद ने प्रशासन पर बिना नोटिस के दुकान तोड़ने का लगाया आरोप

कप्तानगंज नगर के वार्ड नंबर-सात कांशीराम आवास वार्ड के सभासद सतीश चंद्र यादव का आरोप है कि तहसील गेट पर मेरी दुकान 32 साल पुरानी है, लेकिन प्रशासन ने बिना नोटिस दिए जेसीबी से जबरन दुकान को तोड़ दिया है। कुछ दिन का समय दुकान हटाने के लिए मांगने पर किसी ने सुना नहीं। इसमें रखा लाखों रुपये का सामान नुकसान हो गया। प्रशासन सत्ता पक्ष के दबाव में आकर यह कार्रवाई किया है। इससे खिन्न होकर आत्मदाह का प्रयास किया।



तहसील गेट के ही बगल में 50 वर्षों से मेरे पिता चाय की दुकान संचालित करते थे। यहीं दुकान मैं चलाता हूं। इसी से परिवार को रोजी-रोटी चलती है। 70 वर्ष की बुजुर्ग मां है, जो बीमार रहती है। उसकी दवा पर रुपये खर्च होते हैं।

***-पृथ्वीपाल शर्मा,** दुकानदार*



तीन वर्षों से जन सेवा केंद्र और फोटो कॉपी की दुकान संचालित करता हूं। समूह से 80 हजार रुपये कर्ज लेकर कंप्यूटर, प्रिंटर मशीन और दुकान बनवाया। दुकान टूटने के कारण लोन तो भरना दूर, दो वक्त की रोटी का घर में छोटे बच्चे हैं।

***रोहित कुमार,** दुकानदार*



तीन वर्षों से बेकरी की दुकान लगाकर अपना परिवार चलाता हूं। समूह से 95 हजार रुपये लोन लेकर दुकान बनाया था। दुकान हटने के कारण रोजी-रोटी की समस्या हो गई है। इसकी जानकारी पूर्व में प्रशासन की ओर से नहीं दी गई थी।

***-सलाउद्दीन,** दुकानदार*



चार वर्षों से मेरी पान की दुकान है। पान बेचकर परिवार का भरण-पोषण करता हूं। दुकान हटाने के कारण भुखमरी से जूझना पड़ेगा। नाली के बाद सभी दुकानें थीं। प्रशासन ने दुकानों को तोड़कर ठीक नहीं किया है।

***-सुनील मिश्रा,** दुकानदार*

सभी दुकानदारों को एक सप्ताह पूर्व नोटिस दिया गया था। कुछ दुकानें नहीं हटी थीं, जिन्हें जेसीबी मशीन से हटाया गया। किसी दुकानदार का कोई नुकसान नहीं हुआ है। सभासद का आरोप बेबुनियाद है। वह प्रशासन पर दबाव बनाने के लिए पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने की कोशिश कर रहे थे। अस्पताल और ब्लॉक गेट पर भी अतिक्रमण हुआ है, जिसकी शिकायत प्रभारी चिकित्साधिकारी और बीडीओ ने डीएम से की थी, उसे लेकर नगर पंचायत को निर्देशित किया गया है। यह भी अतिक्रमण हटवा दिया जाएगा।

***-व्यास नारायण उमराव,** एसडीएम*

MAHARAJ GANJ POLICE

सराहनीय कार्य दिनांक:-20-09-2023

समरधीरा चौराहा पर पुलिस चौकी की मांग

पुरंदरपुर। व्यापारिक दृष्टि से विकसित समरधीरा चौराहा पर सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं है। इसे लेकर व्यापारियों के साथ चौराहावासी भयभीत हैं। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष अजीत चौधरी, वरिष्ठ महामंत्री विरोन तिवारी, विनोद सहानी,योगेन्द्र चौधरी, जनार्दन जायसवाल, सिन्टू अग्रहरी और गजेन्द्र अग्रहरी का कहना है कि चौराहा पर आधा दर्जन बैंक कार्यालय हैं। उन्होंने समरधीरा चौराहा पर पुलिस चौकी संचालित करने की मांग की है।

तीस साखू अदद चिरान बरामद, दो गिरफ्तार

जासं,चौक बाजार : नगर पंचायत के बरगदही बसंतनाथ गांव में एक व्यक्ति के घर से दो बोटा साखू के साथ तीस अदद साखू का चिरान व हाथ का आरा चौक पुलिस एवं वनकर्मियों की संयुक्त छापेमारी में बरामद किया गया है।

थानाध्यक्ष चौक प्रशांत कुमार पाठक ने बताया कि दक्षिणी चौक रेंज के कुसुमहवा बीट के तहत बरगदही गांव के एक व्यक्ति ने फोन सूचना दी कि गांव में एक व्यक्ति के घर आए दिन जंगली लकड़ियों की चिरान की जाती है। सूचना पाते ही पुलिसकर्मियों की टीम के साथ वनविभाग के लोगों को लेकर मौके पर छापेमारी की गई। मौके से दो लोगों के साथ दो बोटा साखू की लकड़ी व तीस अदद साखू की चिरान, एक साइकिल, सहित एक सेट हाथ आरा बरामद किया गया। बरामद लकड़ियों को रेंज परिसर में वनकर्मियों को सौंप दिया गया जबकि पकड़े गए दोनों अभियुक्तों को थाने लाया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि नगर पंचायत के कटैया चौक निवासी राम सुमेर व हरेंद्र के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर पूछताछ की जा रही है, मकान मालिक फरार हो गया है।

छापेमारी में अवैध लकड़ी बरामद

चौक बाज़ार/झनझनपुर। वन विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने चौक के वार्ड नम्बर पांच बरगदही बसंतनाथ में छापेमारी किया। इस कार्रवाई में दो बोटा साखू, तीस चिरान व सागौन का चिरान बरामद हुआ। दो आरोपितों को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए ले गई।

रिमझिम की हत्या से सहम गए गांव के लोग

परिवार के भरण पोषण के लिए मुंबई कमाने गए हैं पिता, उजड़ गई परिवार की खुशियां

जाले, निचलौल : लेदी गांव में नियति ने ऐसा खेल खेला जिसमें पांच वर्षीय बेटी को खारदार हथियार से हत्या कर दी गई। हंसते खेलते हुए एक परिवार की खुशियां ही उजड़ गईं। बेटी के मरने की खबर सुनकर रिमझिम के पिता गणेश फोन पर ही दहाड़े मार कर रोने लगे। उन्होंने कहा कि जिस बेटी के सपने को पूरा करने व परिवार के भरण पोषण के लिए मुंबई कमाने आया हूं। जब बेटी ही नहीं रही तो रुपये लेकर क्या करूंगा। आरोपित ने मेरी बेटी नहीं मेरे बेटे की हत्या की है। रिमझिम मेरे लिए बेटा-बेटी सब कुछ थी।

लेदी निवासी गणेश और उनकी पत्नी संगीता हंसी खुशी जीवन यापन कर रहे थे। अपने दो बेटियों रिमझिम



अस्पताल ले जाया गया आरोपित दीपक भारती। जागरण

व रिया के सपने पूरा करने के लिए गणेश एक वर्ष से मुंबई में काम कर रहे हैं। वह दोनों बेटियों को ही बेटा कहते थे। पत्नी संगीता ने रोते हुए कहा कि उन्होंने दीपावली पर बेटियों के लिए कपड़े व मिठाई लेकर आने के लिए कहा था। बेटी की नृशंश हत्या से पूरे गांव में कोहराम मच गया। हर किसी के मुंह से यही निकल रहा है कि आखिर इस बच्ची का क्या



लेदी गांव में रोते-बिलखते मृतका रिमझिम के स्वजन। जागरण

कसूर था। पूरे गांव में सन्नाटा फैला हुआ है। संगीता ने बताया पति मुंबई में लोहा कंपनी में काम करते हैं। हम घर में दूसरी बच्ची रिया को सुला रहे थे। रिमझिम बगल में लगे झूले पर झूल रही थी। लोग बताए तब मैं दौड़ कर वहां गई। निचलौल थाना अध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

फॉरेंसिक टीम ने भी जांच की है। शांति व्यवस्था के लिए गांव में पुलिस तैनात की गई है।

जान देने के लिए नहर में कूदी महिला को बचाया

निचलौल, हिन्दुस्तान संवाद। स्थानीय थानाक्षेत्र के बहुआर टोला गौरा की रहने वाली महिला पारिवारिक कलह से क्षुब्ध होकर सोमवार की शाम को झुलनीपुर-खड्डा गंडक नहर में कूद गई। यह देख लोगों ने शोर मचाया। मौके पर फौरन पुलिस कर्मी पहुंच गए। ग्रामीणों की मदद से महिला को नहर से निकाल इलाज के लिए निचलौल सीएचसी में भर्ती कराया।

बहुआर पुलिस चौकी इंचार्ज मनीष पटेल ने बताया कि 28 वर्षीय महिला सोनी पत्नी संतोष बहुआर कला टोला गौरा की रहने वाली है। गंडक नहर में कूदने की घटना की जानकारी मिलते ही हेड कांस्टेबल अजीत कुमार सिंह, प्रमोद कुमार शाह, कांस्टेबल रविकांत उपाध्याय, शिव प्रताप सिंह के साथ वह मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की सहयोग से महिला को नहर से बाहर निकाला गया। महिला की हालत ठीक है, लेकिन अन्य जांच के लिए उसे निचलौल सीएचसी में भेजा गया। चिकित्सकीय परामर्श के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। चौकी इंचार्ज मनीष पटेल ने बताया कि महिला के माता-पिता को घटना की जानकारी दी गई है। पूछताछ की जा रही है।

विवाहिता के पति व सास-ससुर पर केस दर्ज

निचलौल। थानाक्षेत्र के ग्राम बहुआर कला निवासिनी सोनी पत्नी संतोष ने मंगलवार को पुलिस को तहरीर देकर पति, सास और ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई तहरीर में सोनी ने बताया है कि उसके पति, सास और ससुर द्वारा उसे प्रताड़ित किया जाता है। एसओ सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि विवाहिता की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

निचलौल क्षेत्र के रामचंद्रही गांव के टोला लेदी में रहने वाली पांच वर्षीय बच्ची घर के बाहर खेलने गई थी

रिमझिम की हत्या से ग्रामीणों में आक्रोश

झुलनीपुर/ निचलौल, हिन्दुस्तान संवाद। निचलौल थानाक्षेत्र के ग्राम रामचंद्रही के टोला लेदी में पांच वर्ष चार माह की बच्ची रिमझिम उर्फ सुष्मिता की हत्या से गांव में कोहराम मच गया है। रिमझिम अपनी मां संगीता से खेलने की बात कहकर घर से दक्षिण बेल के पेड़ में पड़े झूले में झूलने गई थी। इस बीच वहशी युवक ने उसे धारदार हथियार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना से पहले रिमझिम गांव में आंगनबाड़ी केंद्र पर प्री प्राइमरी में पढ़ने गई थी, वहां से घर वापस आने के बाद अपनी मम्मी को बताकर प्रतिदिन की भांति बच्चों के साथ खेलने गई थी।

युवक ने उसके ऊपर धारदार हथियार से हमला कर गर्दन को अलग कर दिया। उसकी हत्या के बाद युवक अपने घर में छिप गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

गणेश की दो संतानों में बड़ी थी रिमझिम

ग्राम रामचंद्रही के लेदी टोला निवासी गणेश धरीकार के घर की माली हालत ठीक नहीं है। वह मुंबई में एक सरिया फैक्ट्री में मजदूरी करता है। घटना की सूचना मिलते ही गणेश मुंबई से चलने की तैयारी कर लिया है। घर पर उसकी पत्नी संगीता और उसकी दादी दो छोटे बच्चों को लेकर रहते हैं। गणेश की दो संतानों में रिमझिम बड़ी थी, उससे छोटी बच्ची तीन वर्ष की है।



मंगलवार को निचलौल थानाक्षेत्र के ग्राम रामचंद्रही के लेदी टोले पर बच्ची की हत्या के बाद रोते बिलखते परिजन। • हिन्दुस्तान



एएसपी आतिश कुमार सिंह व सीओ निचलौल अनिरुद्ध प्रसाद ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। • हिन्दुस्तान

परिजनों का रो रोकर है बुरा हाल

निचलौल क्षेत्र के लेदी निवासी गणेश की बड़ी संतान रिमझिम की हत्या किए जाने से उसकी मां संगीता बदहवास हो गई है। उसकी दादी का भी रो रोकर बुरा हाल है। इस घटना से पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ है।

घटना के बाद गांव में तैनात की गई फोर्स

निचलौल क्षेत्र के लेदी गांव में बच्ची की हत्या के बाद पुलिस तैनात की गई है। वहां दो एसआई और छह हेड कांस्टेबल की ड्यूटी लगाई गई है। एसओ सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि लेदी गांव में बच्ची की हत्या के बाद गांव में आरोपी युवक के प्रति लोगों में आक्रोश है। कोई अप्रिय घटना न होने पाए इसको देखते हुए फोर्स तैनात की गई है।

हत्या करने वाले के अजीब व्यवहार की हो रही है चर्चा

बच्ची की निर्मम हत्या करने वाले युवक के अजीब व्यवहार से ग्रामीण परिचित हैं। ग्रामीणों के अनुसार युवक की अभी शादी नहीं हुई है। वह बच्चों से ने जाने क्यों चिढ़ा रहता है। युवक मजदूरी करता है और वह लोगों के बीच नहीं रहता है। युवक का बच्ची के परिवार से कोई दुश्मनी नहीं थी। इसके पहले बगल के गांव गिरहिया में हुई एक हत्या में उसका चाचा आरोपी था, उसके बाद उसके चाचा ने आत्महत्या कर ली थी। एएसपी आतिश कुमार सिंह के मुताबिक मासूम बच्ची की हत्या में पूछताछ में जो बातें आई है उसके मुताबिक बच्ची ने आरोपित की साइकिल छू दी थी, इसी बात को लेकर हत्या कर दिया।

मृत बच्ची की मां की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज

रिमझिम उर्फ सुष्मिता की हुई हत्या के मामले में मृत बच्ची की मां संगीता की तहरीर पर पुलिस ने दीपक पुत्र कालीचरन निवासी ग्राम रामचंद्रही टोला लेदी के खिलाफ धारा 302 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। एसओ सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि बच्ची की हत्या के मामले में उसकी मां की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। हत्या के आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है।

लेदी टोले पर फोरेंसिक टीम ने लिया नमूना

लेदी गांव में बच्ची की हत्या के बाद सूचना पर पहुंचे सीओ निचलौल अनिरुद्ध कुमार और एएसपी आतिश कुमार सिंह ने घटनास्थल का जायजा लिया। इस दौरान मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने जिस स्थान पर बच्ची की हत्या की गई है। उस स्थान खून से सनी मिट्टी का नमूना लिया है।

निचलौल थानाक्षेत्र के लेदी गांव में बच्ची की निर्मम हत्या की सूचना पर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। मासूम बच्ची ने आरोपी की साइकिल को छू लिया था। इसी बात पर उसने हत्या कर दी। बच्ची की मां की तहरीर पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर आला कत्ल बरामद कर लिया गया है।

आतिश कुमार सिंह, एडिशनल एसपी

साइकिल छूने पर बच्ची को मार डाला

- महराजगंज के निचलौल क्षेत्र में हुई जघन्य घटना
- पुलिस ने आरोपी युवक को घर से किया गिरफ्तार



सुष्मिता उर्फ रिमझिम (फाइल फोटो)

झुलनीपुर/ निचलौल हिसं। महराजगंज जिले के निचलौल क्षेत्र के ग्राम रामचंद्रही के लेदी टोले पर मंगलवार की दोपहर में बच्चों के साथ झूला झूल रही पांच साल की एक बच्ची की गांव के ही एक युवक ने गला काटकर निर्मम हत्या कर दी। बच्ची ने उसकी साइकिल छू ली थी। महज इतनी बात पर उसने बच्ची की जान ले ली। गिरफ्तार कर ले जाते वक्त आरोपी पुलिस की गाड़ी से कूद गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं इस जघन्य वारदात से लोगों में आक्रोश है। गांव में फोर्स तैनात कर दी गई है।

ग्राम रामचंद्रही के टोला लेदी निवासी गणेश धरिकार की पांच वर्ष चार माह की बेटी सुष्मिता उर्फ रिमझिम कुछ बच्चों के साथ घर के सामने बेल के पेड़ पर झूला झूल रही थी। इस बीच इसी गांव का युवक दीपक पुत्र कालीचरण धारदार हथियार लेकर आया और बच्ची पर ताबड़तोड़ हमला कर गर्दन अलग कर दी। बताया गया कि बच्ची ने उसकी साइकिल छू ली थी। वारदात के बाद बाकी बच्चे शोर मचाते हुए गांव में भागे तो आरोपी हथियार लहराते हुए अपने घर में जाकर छिप गया। निचलौल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। रास्ते में आरोपी पुलिस की चलती गाड़ी से कूद पड़ा। घायल अवस्था में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आक्रोश को देखते हुए गांव में फोर्स तैनात है।

ग्रामीणों में आक्रोश P03

ड्रग विभाग की छापेमारी में दो मेडिकल स्टोर सील

खनुआ/ नौतनवां, हिंदुस्तान टीम। तीन जिलों की ड्रग विभाग की टीम ने मंगलवार को भारत-नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रतिबंधित दवा की जांच के लिए छापेमारी की। दो मेडिकल स्टोर्स को सील कर दिया। टीम की छापेमारी देख दवा कारोबारियों में हड़कंप मच गया। मेडिकल स्टोर्स का शटर गिराकर संचालक फरार हो गए।

कुशीनगर ड्रग इंस्पेक्टर दीपक पांडेय, देवरिया ड्रग इंस्पेक्टर रूद्रेश त्रिपाठी और महाराजगंज ड्रग इंस्पेक्टर शिवकुमार नायक के साथ एसओ सोनौली अभिषेक सिंह और एसएसबी असिस्टेंट कमांडमेंट परमात्मा सिंह इंडो-नेपाल बार्डर के हरदी डाली, खनुआ और सुंडी में मेडिकल स्टोर्स पर छापेमारी की। बिना बोर्ड लगे दो मेडिकल स्टोर्स को सील कर दिया।

हरदी डाली स्थित दो मेडिकल स्टोर्स की दवा का नमूना लेकर जांच के लिए भेज दिया गया। टीम की छापेमारी देख मेडिकल स्टोर्स संचालकों में हड़कंप मच गया। शटर गिराकर अधिकांश दवा कारोबारी फरार हो गए। डीआई शिवकुमार नायक ने बताया कि बार्डर क्षेत्र के सीमावर्ती गांव की दुकानों पर प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री हो रही है। इसकी शिकायत शासन को मिली है। डीएम के निर्देश पर टीम गठित कर छापेमारी शुरू कर दी गई है। प्रतिबंधित दवा मिलने पर दवा को फ्रीज करने के साथ लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई होगी।

पिटाई के आरोप में चार के खिलाफ मुकदमा

नियतौल। निचलौल थानाक्षेत्र के ग्राम सेमरहन्ना के पास सोमवार की रात में एक युवक को मामूली बात पर पिटाई किए जाने के मामले में पुलिस ने आकाश, ऋषि, राकेश साहनी और विवेक सभी निवासी ग्राम सिधावे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एसओ सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि युवक की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, मामले की जांच की जा रही है।

Image

ग्राम प्रधानों से अभद्रता पर नाराजगी

महराजगंज, निज संवाददाता। अखिल भारतीय प्रधान ने पनियरा एसओ के खिलाफ मंगलवार को पुलिस कार्यालय पहुंचे। एसपी को सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपते हुए एसओ पनियरा को हटाने की मांग किया।

प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष सतीश सिंह के नेतृत्व में मोनू यादव, अदालत साहनी, रमेश यादव, विनंदेश्वर साहनी, देव कुमार, शिवकुमार यादव, पन्ने लाल यादव, कृष्णमुराली यादव, मनोज कुमार, सूर्यभान, संजय, बजरंगी, राहुल, शंभू आदि ग्राम प्रधान पुलिस कार्यालय पहुंचे। एसपी को संबोधित पत्र सौंपते हुए बताया कि पनिरा क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधान थानाध्यक्ष के रवैया से असंतुष्ट हैं। कई ग्राम प्रधानों से अभद्रता कर चुके हैं। सौरहा के ग्राम प्रधान से अभद्र व्यवहार कर उन्हें फर्जी जेल भेजने की धमकी दे रहे हैं। सोहास ग्राम सभा के एक विवाद में पीड़ित पक्ष पर ही दबाव बनाया गया। नगर पंचायत पनियरा के बसडीला में एक गरीब महिला के मकान को जबरन खाली कराने व पीड़ित पक्ष पर केस दर्ज करने की धमकी दिया। जंगल बांकी टुकडा नं. 14 के ग्राम प्रधान का भी चालान करने करने की धमकी दिया। ब्रम्हपुर के ग्राम प्रधान का भी चालान करने की धमकी दे चुके हैं। प्रधान संघ ने एसपी से प्रकरण में कार्रवाई की मांग किया।



अखिल भारतीय प्रधान संघ ने मंगलवार को एसपी को मांग पत्र सौंपा।

- पनियरा के सौरहा प्रधान को जेल भेजने की धमकी से प्रधान संघ नाराज
- एसपी को मांग पत्र सौंप पनियरा थानाध्यक्ष को हटाने की मांग की

लिख कर 567676 पर SMS करें।

गृह कलह से परेशान महिला नहर में कूदी, पुलिस ने बचाया

- पति पर प्रताड़ित करने का आरोप बहुआर पुल से लगाई छलांग
- पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज पति व ससुर गिरफ्तार

जासं, निचलौलः क्षेत्र की एक महिला ने ससुराल वालों की प्रताड़ना से आजिज आ कर जान देने के लिए सोमवार की शाम नहर में छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला की जान बचाई। पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर उसके पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया।

बहुआर कला गांव की एक महिला गृह कलह से परेशान होकर शाम छह बजे बहुआर से खड्डा जाने वाली नहर में कूद गई।

सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज मनीष पटेल टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा लोगों की मदद से उसकी जान बचा ली। महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल लाया गया, वहां उसका उपचार चल रहा है।

पीड़िता ने बताया कि उसके पति और ससुर हमेशा मारते पीटते थे इसी वजह से वह आत्महत्या करने का प्रयास की। पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार सिंह ने बताया कि महिला को नहर से बाहर निकाला गया।

तहरीर के आधार पर उसके पति संतोष व ससुर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

छात्र ने छात्रा को मारा थप्पड़, मामला पहुंचा थाना

- गांव में पुराने विवाद को लेकर कालेज में हुआ विवाद
- नौतनवा थाने की पुलिस ने छात्र का शांतिभंग में किया चालान

जासं, नौतनवा : नगर में स्थित एक इंटर कालेज में मंगलवार को छात्र व छात्रा के बीच गांव में हुई पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। छात्र ने छात्रा को थप्पड़ मार दिया। इस बात को लेकर स्कूल परिसर में अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपित छात्र को थाने लाई, दो घंटे तक चली दोनों पक्षों की वार्ता के बाद पुलिस ने छात्र का शांति भंग में चालान कर दिया।

तहसील क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली छात्रा कक्षा 11 व छात्र कक्षा 10 में नौतनवा के एक इंटर कालेज में पढ़ते हैं। बताया जा रहा है कि बीते वर्ष दोनों छात्र-छात्रा एक ही कक्षा में पढ़ते थे। छात्र फेल होने की वजह से उसी कक्षा में रह गया और छात्रा अगली कक्षा में चली गई। गांव में दोनों का आमने सामने घर है। जहां उनके स्वजन के बीच किसी बात को लेकर आए दिन विवाद होता रहता है। मंगलवार की दोपहर कालेज की गैलरी से जा रही छात्रा को छात्र थप्पड़ से मारने लगा, इस पर छात्रा ने भी उसे तमाचा मार दिया। मौका देख छात्र कालेज से फरार हो गया। करीब एक घंटे बाद कक्षा में पहुंचा तो छात्रों ने पकड़कर उसे कालेज प्रशासन को सौंप दिया। मामला थाने पर पहुंचा, छात्रा की मां कार्रवाई पर अड़ी रही। इंस्पेक्टर मनोज कुमार राय ने बताया कि छात्र का शांतिभंग में चालान किया गया है।

यह और अन्य खबरें देखें-
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

छापेमारी में दवा की दुकान व गोदाम सील

जायस, खनुआ : सीमावर्ती क्षेत्र में नशीली दवा के कारोबार पर रोक लगाने के लिए जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के निर्देश पर ड्रग व पुलिस विभाग, राजस्व व एसएसबी टीम ने सोनौली कोतवाली क्षेत्र के हरदीडाली व नौतनवा थाना क्षेत्र के आराजी सरकार उर्फ बैरियहवा गांव में दवा की दुकानों पर छापेमारी की।

हरदीडाली गांव में दवा की दुकान के संचालक अरविंद जायसवाल के मकान के दो कमरे दवा से भरे मिले। इसकी घंटों जांच चली, प्रतिबंधित दवा नहीं मिली। अवैध दवा के गोदाम के आरोप में दो कमरों को सील कर दिया गया। सुंडी गांव में एक मेडिकल स्टोर बंद मिला जो कि आराजी सरकार उर्फ बैरियहवा गांव के ग्राम प्रधान के घर के एक सदस्य का बताया गया। जिसे जांच टीम ने सील कर दी। कार्रवाई के दौरान ग्राम प्रधान मक्खन लाल व जांच एजेंसियों के संचालकों में नोकझोंक भी हुई। छापेमारी टीम में ड्रग इंस्पेक्टर शिव कुमार नायक, नायब तहसीलदार सौरभ श्रीवास्तव , एसएसबी 66वी बटालियनके एसी परमात्मा सिंह व सोनौली व नौतनवा की पुलिस टीम मौजूद रही। ड्रग इंस्पेक्टर का कहना है कि डीएम के निर्देश पर छापेमारी कर नशीली दवा कारोबारियों को चिह्नित किया जा रहा है। 16 संदिग्ध मेडिकल स्टोरों की जांच की गई है। एक गोदाम व एक दुकान को सील किया गया है।



हरदीडाली गांव में सील किया गया दवा का गोदाम • जागरण

34.0° 26.0° सूर्य अस्त (आज) 05:58 उदय (कल) 05:43 आर्द्रता 73% 58%
महराजगंज जागरण

360 सरकारी भवन जर्जर, ध्वस्त होने का इंतजार

भयभीत रहते हैं कर्मचारी व स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे,वर्षा के दिनों में इनके ढहने का बना रहता है खतरा

जागरण संवाददाता, महराजगंज : जिले में जर्जर भवनों को लेकर विभागीय अधिकारी गंभीर नहीं हैं। वर्तमान में पुलिस आवास, परिषदीय विद्यालय सहित कुल 360 भवन जर्जर हो चुके हैं।

बावजूद इसे अभी तक गिराया नहीं जा सका। विभागीय अधिकारी अभी कागजी लिखा पढ़ी कर औपचारिता पूरी करने में जुटे हैं। इन भवनों की स्थिति खराब होने के कारण वर्षा के दिनों में इनके ढहने का खतरा बना रहता है। इस कारण कर्मचारी, शिक्षक और स्कूली बच्चे इसे लेकर हमेशा भयभीत रहते हैं।

जिले में शैक्षिक सत्र 2022-23 में खंड शिक्षा अधिकारियों ने विभिन्न ब्लाक क्षेत्रों से कुल 357 जर्जर विद्यालयों की सूचना जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेजी थी, जो जर्जर अवस्था में हैं। इस सूचना पर विभाग ने अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभिनंत्रण विभाग, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग और लघु सिंचाई की तीन सदस्यीय समिति का गठन कर सभी जर्जर विद्यालयों की सत्यापन रिपोर्ट मांगी थी। छह माह बीत जाने के बाद भी अभी तक इन विद्यालयों का सत्यापन कार्य पूरा नहीं हो सका है। जिसके कारण इन विद्यालय भवनों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। ऐसे में वर्षा के मौसम में यह विद्यालय भवन खतरा बने हुए हैं।





सदर कोतवाली में पुलिसकर्मियों का जर्जर आवास , खोरटा गांव में जर्जर कंपोजिट विद्यालय भवन • जागरण

कोतवाली के पास पुलिस आवास जर्जर हो चुका है। चारो तरफ घास उग आई है। इसी प्रकार आनंदनगर रेलवे स्टेशन परिसर में बने आवास अत्यंत जर्जर हो गए हैं। इनमें रह रहे कर्मचारियों के साथ कभी भी कोई अनहोनी घटना हो सकती है। अधिकांश आवासों की छत व दीवार क्षतिग्रस्त हो गई हैं। जिला मुख्यालय पर परिसर में बना फूलड हाउसिंग का कर्मचारी आवास भी खंडहर है।

जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि जर्जर आवासों का सत्यापन कर नियमानुसार ध्वातीकरण की कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। अन्य विभागों को भी जर्जर भवनों के संबंध में सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

गृह

रात में नोमेंस लैंड पर बांस का पुल बना कर हो रही तस्करी

जासं, खनुआ : सोनौली कोतवाली क्षेत्र के कैथवलिया उर्फ बरगदही गांव के मुर्गा फार्म के रास्ते से बड़े पैमाने पर कपड़ा सहित अन्य सामान की तस्करी हो रही है। इस कार्य को रात 10 बजे के बाद से बांस के पुल के रास्ते से अंजाम दिया जा रहा है।

दर्जनों नेपाली नंबर प्लेट लगी बाइक से कपड़ों की गांठ लाद नौतनवा से बनैलिया मंदिर चौराहा होते हुए नौतनवा- खनुआ मार्ग के बरगदही गांव तक पहुंचया जाता है। फिर मुर्गा फार्म रास्ते से नो मेंस लैंड तक पहुंचया जाता है। यहां नोमेंस



नोमेंस लैंड से सटे नेपाल के कोमरिया गांव में रखा बांस का अस्थाई पुल। सौ. ग्रामीण

लैंड तिनाव नदी के रूप में है। नदी की करीब 12 फीट की चौड़ाई में तीन से चार फीट पानी होने के कारण कपड़ा तस्करों ने एक बांस

- बरगदही गांव के मुर्गा फार्म के रास्ते से हो रहा अवैध धंधा
- रात 10 बजे के बाद बढ़ जाती है कपड़ा तस्करों की सक्रियता

का पुल बनाया है। जो सीमा सटे नेपाल के रुपंदेही जिला कोटही माई गांव पालिका वार्ड तीन के कोमरिया गांव में रखा रहता है। रात होते ही बांस का पुल नोमेंस लैंड के तिनाव नदी पर रख दिया जाता है। इस पुल से कपड़ा लादे बाइक सवार आसानी से नेपाल पहुंच जाते हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि करीब 10 से 12 बाइक सवार कपड़े की तस्करी करते हैं। बीते दिनों बरगदही गांव से पुलिस व एसएसबी ने 30 लाख रुपये से अधिक मूल्य के कपड़े पकड़े थे। नेपाल के गोनहा, बनगाई, भैरहवा व बुटवल क्षेत्र में भी 2.5 करोड़ की तस्करी के कपड़े बरामद हो चुके हैं। नेपाल के भैरहवा भंसार चीफ मणि राम पौडेल ने कहा कि कोमरिया गांव के पास नोमेंस लैंड पर बांस का पुल रख कपड़ा तस्करी की सूचना मिल रही है। राजस्व कर्मियों को कपड़ा तस्करों को पकड़ने के निर्देश दिए गए हैं।

फर्नीचर की दुकान में चोरी घटना सीसी कैमरे में कैद

जासं हरिहरपुरः सदर कोतवाली क्षेत्र के मुंडेराकला में सोमवार की रात दो बजे चोर एक फर्नीचर की दुकान से लकड़ी का कीमती सामान चुरा ले गए। चोरी की घटना दुकान में लगे सीसी कैमरे में कैद हो गई है।

लेदवा गांव निवासी सुनील अग्रहरि की मुंडेराकला में निचलौल रोड पर फर्नीचर की दुकान है। सोमवार की शाम दुकानदार बंद कर वह घर चले गए। मंगलवार की सुबह तो देखा कि दुकान का सामान बिखरा है।सीसी कैमरे की फुटेज देखी तो दो चोर मिलकर पांच बार में लकड़ी का सामान ढो-ढो कर ले जा रहे थे।

महराजगंज में सिरफिरे ने बच्ची की गला काटकर हत्या की

- सपने की बात को सच मानकर घटना को दिया अंजाम
- पुलिस जीप से कूदकर भागने के प्रयास में दोनों पैर टूटे

जासं, महराजगंज : सपने की बात को सच मानकर सिरफिरे ने पांच वर्षीय मासूम की हत्या कर दी। बेरहम युवक बच्ची की गर्दन पर बांकी (लोहे का धारदार हथियार) से तब तक वार करता रहा, जब तक सिर धड़ से अलग नहीं हो गया। हत्यारोपित दीपक भारती को पुलिस ने घर से गिरफ्तार कर लिया। पहले उसने बताया कि बच्ची के साइकिल छूने से नाराज होकर हत्या की।



रिमझिम ● फाइल फोटो

सख्ती से पूछताछ में स्वीकार किया कि सपने में किसी ने कहा था कि बच्ची की हत्या करने से दुःख-दर्द दूर हो जाएंगे। थाने ले जाते समय लेदी जंगल में हत्यारोपित पुलिस जीप से कूद गया। दोनों पैर टूटने के चलते उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। हत्या की वजह के अन्य बिंदुओं पर भी जांच चल रही है।

रामचंद्रही गांव का 23 वर्षीय दीपक मंगलवार की दोपहर एक बजे लेदी टोला पहुंचा। गांव की बच्चियां झूला झूल रही थीं। ग्रामीणों के मुताबिक दीपक बच्चियों को हटाने लगा। वह नहीं मानीं तो भला बुरा कहते हुए वहीं खड़ा हो गया। इसी दौरान गणेश धनिकार की पांच वर्षीय बेटी रिमझिम दीपक की साइकिल से खेलने लगी। दीपक ने साइकिल में टंगे झोले से बांकी निकालकर रिमझिम पर वार कर दिया। बच्ची गिर गई तो गर्दन पर वार करने लगा। बेरहम ने तकरीबन 20 वार किए जिससे उसका सिर अलग हो गया। यहां से भागकर वह घर आया और खुद को कमरे में बंद कर लिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

साइकिल छूने जैसी मामूली बात पर हत्या की कहानी पुलिस के गले नहीं उतर रही थी। एसओ सत्यप्रकाश सिंह ने घर से बांकी लेकर चलने के औचित्य पर सख्ती से पूछताछ की तो उसने सपने वाली कहानी सुनाई। यद्यपि इस कहानी पर भी पुलिस को शक है। सीओ निचलौल अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि हत्या का मुकदमा दर्ज कर गांव में पुलिस तैनात की गई है।

BASTI POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:-20-09-2023

पशु तस्कर पर केस

बस्ती । न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने पर मुण्डेरवा थाने की पुलिस ने एक पशु तस्कर पर कार्यवाही किया है। मुण्डेरवा थाने में अभियुक्त तुफैल पुत्र इश्तियाक निवासी साफियाबाद थाना दुधारा जनपद संतकबीर नगर के विरुद्ध धारा 3/5ए/8 गौ हत्या निवारण अधिनियम व धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम में वांछित चल रहा था। जिसे न्यायालय में हाजिर होने के लिए न्यायालय द्वारा नोटिस जारी किया गया। नोटिस जारी होने के उपरान्त भी अभियुक्त आदेश की अवहेलना करते हुए न्यायालय नही आया। इस सम्बन्ध में मुण्डेरवा थाने की पुलिस ने आरोपी तुफैल पुत्र इस्तियाक के विरुद्ध धारा 174ए आईपीसी के तहत कार्यवाही किया है।

अपराधियों पर किसी तरह की शिथिलता क्षम्य नहीं : आईजी

बस्ती (एसएनबी)। पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आरके भारद्वाज की अध्यक्षता में रेन्ज कार्यालय पर मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया । इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक ने परिक्षेत्र के जनपद पुलिस अधीक्षकों को निम्न निर्देश दिए।

पुलिस महानिरीक्षक ने वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराते हुये उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कराया जाय । आनवर्क आउट के केसों का अनावरण कराया जाय। हत्या, लूट, डकैती व महिला सम्बन्धी अपराधों में अपराधियो के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही की जाय। सोशल मीडिया प्लेटफार्मो पर पैनी नजर रखते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों पर तत्काल रिस्पान्स देते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही करायी जाय। शासन व परिक्षेत्र द्वारा चलाये जा रहे अभियानों में तेजी लाते हुए प्रभावी कार्यवाही कराई जाए। गैगेस्टर एक्ट में जब्तीकरण की कार्यवाही की जाय और माफियाओं का चिन्हिकरण किया जाय।, त्योहार के सम्बन्ध में तैयारी पूरी करायी जाय। पण्डाल रोड पर न बनाया जाय तथा त्योहार पर सभी लोग साथ में रहे।

त्योहारों पर मन्दिरों पर पुलिस प्रबन्ध सुनिश्चित की जाय । 117 सीआरपीसी की कार्यवाही अमल में लायी जाय। 145,133 सीआरपीसी जो पेंडिग है। शीघ्र निस्तारण किया जया। बैठक में एसपी बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी, एसपी संतकबीरनगर सत्यजीत कुमार गुप्ता , एसपी सिद्धार्थनगर अभिषेक कुमार अग्रवाल व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



मासिक अपराध समीक्षा बैठक करते पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज। फोटो : एसएनबी

गांजा बरामद, तस्कर गिरफ्तार

वाल्टरगंज (एसएनबी)। मुकामी पुलिस ने गांजा तस्करों पर लगाम लगाते हुए अवैध रूप से एक व्यक्ति को गांजा बेचते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त रुधौली थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है।

थानाध्यक्ष वाल्टरगंज के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सुभाष मौर्या ने पुलिस टीम के साथ ग्राम मानिकचन्द्र रूधौली मार्ग के पास से एक व्यक्ति रामनरायन सैनी उर्फ शशी सैनी पुत्र रामकिशोर सैनी निवासी धोबहा थाना रुधौली को 800 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उप निरीक्षक सुभाष मौर्या के साथ मुख्य आरक्षी राकेश यादव , आरक्षी राकेश कुमार थाना वाल्टरगंज शामिल रहे।

मोटर की केबिल चोरी, मुकदमा

बस्ती । खेत की सिंचाई के लिए लगाये गये मोटर का केबल अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर पर मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज थानान्तर्गत चंगेरवा बाबू गंगिया कोहल निवासी श्रीपति सिंह ने अपने खेत की सिंचाई के लिए मोटर लगाया था। जिसकी बीती रात अज्ञात चोरो ने केबिल काटकर उठा ले गये। मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध धारा 379 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

गुमशुदा लड़की बरामद

बस्ती । बस्ती थाना रुधौली पुलिस द्वारा गुमशुदा 19 वर्षीय लड़की को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। थाना रुधौली पर एक व्यक्ति द्वारा तहरीर देकर बताया कि उनकी पुत्री 6 जून से सुबह घर से बिना बताए कही चली गई है। प्राप्त सूचना पर तत्काल गुमशुदगी दर्ज कर प्रभारी निरीक्षक द्वारा टीम का गठन कर गुमशुदा के तलाश में लगा दिया गया। जांच के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जिस गुमशुदा महिला की तलाश पुलिस कर रही है। वह महिला बस्ती बडेबन में है। मुखबिर की सूचना पर विश्वास कर तत्काल उपनिरीक्षक श्रीराम सिंह व महिला आरक्षी मीनाक्षी चौरसिया के साथ मौके पर पहुँचे तथा उक्त महिला को सकुशल बरामद कर लिया गया । बरामद करने वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक श्रीराम सिंह थाना रुधौली , का. नवदेश्वर यादव व महिला आरक्षी मीनाक्षी चौरसिया थाना रुधौली शामिल रहे।

समाजसेवी मो. अकरम ने गोली मार की आत्महत्या

बस्ती (एसएनबी)। जिले के प्रमुख समाजसेवियों में शुमार रहे व प्रतिष्ठित खैर ट्रस्ट वक्फ 38 के पूर्व मुतवल्ली व बेगम खैर इन्टर कालेज सहित कई अन्य विद्यालयों के प्रबंधक व पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद अकरम खां ने कोतवाली थाना क्षेत्र केअपने मुरलीजोत वार्ड में बनेघर परसुबह नमाज के बाद खुद के लाइसेन्सी रिवाल्वरसे कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल से मोहम्मद द्वारा लिखा सुशाइड नोट, रिवाल्वर व चश्मा बरामद करने के बाद शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। देर रात उनके पैतृक गांव बल्ली पट्टी में उन्हें सुपुर्दे खाक कर दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



सुबह नमाज के बाद घर के बरामदे मे लाइसेंसी रिवाल्वर से घटना को दिया अंजाम

घटनास्थल से सुशाइड नोट व रिवाल्वर बरामद

उल्लेखनीय है कि मोहम्मद अकरम खा बस्ती के प्रसिद्ध शख्सियत में शामिल थे। सदर विकास खंड के बल्ली पट्टी ग्राम के रहने वाले अकरम सोनूपार ग्रामसभा से पहली बार प्रधान निर्वाचित हुए। कांग्रेस पार्टी के वह ब्लाक अध्यक्ष भी रहे। इसके अलावा लगातार दो बारसदर क्षेत्र ही जिला पंचायत के सदस्य भी भारी मतों से निर्वाचित हुए। वर्ष 2018 में मोहम्मद अकरम नेनिर्दल प्रत्याशी के रूप में नपा परिषद बस्ती केअध्यक्ष पद केलिए चुनाव भी लड़ा। जिसमें उन्होंने करीब पांच हजार मत हासिल कर अपनी लोकप्रियता का अहसास कराया। भाजपा सरकार बनने के बाद वक्फ बोर्ड ने उन्हें पहले शहर के सबसे प्रतिष्ठित बेगम खैर गर्ल्स इन्टर कालेज का प्रबंधक नियुक्त किया। कुछ दिनों बाद भी जिले के सबसे बड़ी ट्रस्ट अबुल खैरट्रस्ट का मुतवल्ली भी बनाया गया। इस दौरान खैर ट्रस्ट की परिसम्पतियों को जनता के सामने आया और भारी विरोध के बावजूद पूरे जिले में खैरट्रस्ट की संपत्ति पर नम्बरिंग कराने के लिए उन्हें हमेशा जाना जाएगा। मोहम्मद अकरम समाजसेवा में हमेशा अग्रणी रहे। नेपाल में आये विनाशकारी भूकंप त्रासदी के दौरान उन्होंने अपनी जमीन बेचकरवहां केलोगों की मदद की जिसकेलिए अकरम खां को नेपाल व भारत के राजदूत नेनेपाली संसद में सम्मानित भी किया। ऐसा सम्मान पाने वाले वह भारत के एकमात्र व्यक्ति थे। कोरोना काल में भी लाखों रुपये की दवाईयां मोहम्मद अकरम ने अपने पास से लोगों में वितरित कराया। जिसकेलिए उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित किया गया। इन दिनों वह कुछ अवसाद में भी थे। बताया जाता है कि इसी अवसाद के कारण उन्होंने मंगलवार की सुबह अपने घर के बरामदे में अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर लिया। घटना की खबर जैसे ही जिले में पहुंची तो भारी संख्या में मोहम्मद अकरम के आवास पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विनय पाठक ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

हापुड़ कांड : आज बाइक रैली निकालेंगे अधिवक्ता

बस्ती (एसएनबी)। हापुड़ जनपद में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के बाद अधिवक्ताओं में उपजा आक्रोश थमने नहीं रहा है। बुधवार को हापुड़ बारएसोसिएशन के समर्थन में जिले के अधिवक्ता बाइक रैली निकालकर अपना विरोध जताएंगे।

अधिवक्ता संगठनों ने इसकी घोषणा करते हुए बताया कि बाइक रैली बुधवार को दोपहर बारह बजेजनपद न्यायालय के गेट नंबर दोसेनिकाली जाएगी। जोशास्त्री चौक तिरंगा चौराहा होते हुए रोडवेज चौराहे सेजिलाधिकारी कार्यालय पर आकर समाप्त होगी। जहां अधिवक्ता मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपेगे। सिविल बार एसो. के नेतृत्व में निकाली जाने वाली बाइक रैली के दौरान अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू किये जाने की मांग होगी।

सिर्फ तारीख लेकर घर लौट रहे वादकारी

भानपुर। तहसीलदार कोर्ट में धारा-34 व धारा-67 के कुल 469 मुकदमें लंबित है। धारा-34 के तहत बैनामा, हिब्बानामा, वसीयत और वरासत के मामले में दाखिल किए गए मुकदमे की सुनवाई की जाती है। वही धारा -67 के अंर्तगत सरकारी भूमि व पट्टे की भूमि पर अवैध रूप से किए गए कब्जे के बाबत दिए गए प्रार्थना-पत्रों पर कार्रवाई होती है। तहसील में 3 अगस्त से पखवारे भर तक और दोबारा 21 दिनों से वकीलों के हड़ताल के चलते कोर्ट की कार्रवाई ठप रहने से धारा-34 के मामलों से सम्बंधित अधिकांश वादकारी परेशान हैं।

छावनी कस्बे में दूसरे दिन भी चली जेसीबी

छावनी। कस्बे में फोरलेन निर्माण के लिए जेसीबी से जमीन खाली कराने का अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा। पेट्रोल पंप के पास स्थित राजस्थानी ढाबे के आगे का हिस्सा जेसीबी लगाकर तोड़ दिया। जबकि जमीन के मालिक का कहना है कि अभी तक जमीन का मुआवजा नहीं मिला है। वहीं जमीन भी ज्यादा जबरिया ले रहे हैं। मौके पर मौजूद तहसीलदार अनुराग सिंह ने बिना मुआवजा मिले ही तोड़फोड़ के मामले में कुछ भी कहने से इन्कार कर दिया। सिरौली बाबू के गाटा संख्या-231 व 232 में तोड़फोड़ कर जमीन खाली कराई गई।खम्हरिया निवासी हबीबुल्लाह खान के ढाबे पर तोड़फोड़ के बाद दाऊद खान के पेट्रोल पंप की दीवाल गिराई गई। पेट्रोल पंप के सामने खुदाई होने पर पंप मालिक ने फिर से विरोध करते हुए काम रोकवा दिया।

गुमशुदा युवती को पुलिस ने किया बरामद

बस्ती। रुधौली पुलिस ने 19 वर्षीश गुमशुदा लड़की को सकुशल तलाशने करने का दावा किया है। पुलिस ने बाताया कि छह मई को एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि उनकी बेटी पांच मई को सुबह घर से बिना बताए कही चली गई। प्राप्त सूचना पर तत्काल गुमशुदगी दर्ज कर प्रभारी निरीक्षक ने टीम का गठन कर गुमशुदा के तलाश में लगा दिया गया। जांच के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि वह युवती बड़ेबन में है। उपनिरीक्षक श्रीराम सिंह, महिला आरक्षी मीनाक्षी चौरसिया के साथ मौके पर पहुंच कर महिला को सकुशल खोज निकाला।

दुष्कर्म पीड़िता ने जना बच्चा, आरोपी गिरफ्तार

दुबौलिया, हिन्दुस्तान संवाद। थानाक्षेत्र के एक 14 वर्षीया बालिका के साथ नौ माह पूर्व दो लोगों ने गैंगरेप किया था। पीड़िता को एक सप्ताह पूर्व बच्चा पैदा हुआ। मुकामी पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार पीड़िता की मां ने दुबौलिया पुलिस को दिए शिकायती प्रार्थना-पत्र में आरोप लगाया है कि मेरी बेटी से नौ माह माह पूर्व मांझाकिताअव्वल गांव निवासी दुर्गेश और शिवकुमार उर्फ झीनू ने दुष्कर्म किया था। लेकिन लोकलाज के भय से इस बात को बेटी ने नहीं बताया।

दस दिन पूर्व मेरी बेटी को एक लड़का पैदा हुआ है। तहरीर मिलने के बाद मुकामी पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 376 डी और 5/6 पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने गैंगरेप के आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मारपीट के मामले में चार पर केस

बस्ती। छावनी क्षेत्र के धिरौली बाबू गांव में दो सितंबर को हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में दिनेश प्रताप सिंह ने तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने नन्द कुमार सिंह, बृज कुमार सिंह, विकास सिंह और अजय प्रताप सिंह निवासी धिरौली बाबू छावनी पर केस दर्ज किया है।

विवाहिता ने ससुरालियों पर दर्ज कराया केस

बस्ती। परसरामपुर थानाक्षेत्र के मरवटिया गांव में दहेज उत्पीड़न का मामला सामने आया है। विवाहिता मनीषा ने अपने पति रमेश, ससूर आज्ञाराम, बड़े ससुर राजाराम, सास कडोरा देवी, ननद केतकी व सीमा, बृजेश व दीपक के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज कराया है।

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर बैठक

बनकटी। पुरानी पेंशन बहाली को लेकर जिला मुख्यालय पर 21 सितम्बर को होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने के मंगलवार को सफाई कर्मचारियों की बैठक ब्लॉक सभागार में हुई। ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद कलीम ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि एकता में ही शक्ति है। हम सब एक रहेंगे तो अपनी जायज मांगों को सरकार से मनवाकर ही रहेंगे। आशुतोष पटेल, गिरजेश श्रीवास्तव, रामभवन, मनोज कुमार गुप्ता, अमित प्रकाश, रमेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

घर-घर जाकर लोगों को कर रहे जागरूक

बस्ती। भीम आर्मी जय भीम के प्रदेश सचिव विक्रम गौतम ने बताया कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर जिलाध्यक्ष अश्विनी कुमार गौतम के संयोजन में 'संविधान बचाओ यात्रा' और 'जमीन आरक्षण वापस करो' अभियान चलाया जा रहा है। जनपद, तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष अश्विनी कुमार गौतम ने बताया कि रामशंकर आजाद, दीपक राव आदि अभियान में योगदान दे रहे हैं।

कोर्ट के आदेश की अवहेलना

बस्ती। मुण्डेरवा पुलिस ने न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने के मामले में एक आरोपी पर केस दर्ज किया है। एसआई एजाज अहमद ने तहरीर में बताया कि संतकबीरनगर जिले के दुधारा थानाक्षेत्र के साफिया बाद निवासी तुफैल के खिलाफ न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश जारी किया गया था। मगर वह हाजिर नहीं हुआ। उसके विरुद्ध कोर्ट के आदेश की अवमानना का मामला पुलिस ने दर्ज किया है।

अधिवक्ताओं की बाइक रैली आज

बस्ती। संयुक्त बार की ओर से बुधवार को सभी अधिवक्ता बाइक रैली निकालेंगे। यह जानकारी सिविल बार एसो. के महामंत्री शिवपूजन मिश्र ने दी है। उन्होंने बताया कि सभी संगठनों से जुड़े अधिवक्ता दिन में कोर्ट के गेट नंबर दो पर एकत्र होंगे। यहां से बाइक रैली निकाल कर रोडवेज स्थित सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। वापस लौट कर कलक्ट्रेट में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे।

बेगम खैर गर्ल्स समेत तीन कॉलेजों के प्रबंधक व बीजेपी नेता रहे अकरम खान ने अपने आवास पर खुद को मार ली गोली

खैर ट्रस्ट के पूर्व मुतवल्ली ने की खुदकुशी

सनसनी

बस्ती, निज संवाददाता। खैर ट्रस्ट के पूर्व मुतवल्ली तीन कॉलेजों के प्रबंधक व बीजेपी नेता अकरम खान(60) ने शहर में स्थित अपने आवास मुरलीजोत में गोली मारकर खुदकुशी कर ली। इस घटना के बाद शहर में सनसनी फैल गई। आत्महत्या का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। मंगलवार सुबह तकरीबन पांच बजे की घटना बताई जा रही है। उन्होंने झूलेवाली चेयर पर अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से कनपटी पर गोली मार ली। मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

घरवालों के अनुसार फज्र की नमाज पढ़कर अकरम खान बरामदे में रखे झूलेवाली कुर्सी पर ही मृत पड़े मिले। वहां पर खून बिखरा पड़ा था। जानकारी होने पर घरवालों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घटना के संबंध में जानकारी एकत्र ली। सीओ सिटी विनय चौहान का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लगता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सब कुछ साफ हो जाएगा।



मंगलवार को अकरम खान के आवास पर मौजूद भीड़। ● हिन्दुस्तान

वह सदर ब्लॉक के बल्लीपट्टी गांव के मूल निवासी थे। मौके पर बरामद सुसाइड नोट में लिखा था कि वह अपनों से बिना सलाह मशविरा किए कुछ ऐसे फैसले ले लिए थे, जिसकी वजह से वह तनाव में थे। इस वजह से आत्महत्या कर लिए। शहर में यह खबर फैलने के बाद लोगों की भीड़ लग गई।

दो बेटे और पांच बेटियों का भरा-पूरा है परिवार : पूर्व मुतवल्ली अकरम अपने पीछे दो बेटे व पांच बेटियों को छोड़ गए हैं। घरवालों ने बताया कि उनकी तीन बेटियों की शादी हो चुकी हैं। अकरम की पहली पत्नी मोहसिना खातून की बीमारी से मौत हो गई थी। इसके बाद उन्होंने बहराइच की महिला अधिवक्ता नसरीन से सालभर पहले निकाह किया था।

साक्ष्य संकलन के साथ हो रही जांच : सीओ सिटी विनय चौहान ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही अकरम खान के घर पुलिस पहुंच गई। मौके पर डेडबाडी को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। आत्महत्या के अलावा अन्य सभी पहलुओं पर बारीकी से साक्ष्य संकलन के लिए जांच-पड़ताल की जा रही है। मौके पर एसएचओ विनय पाठक, अस्पताल चौकी ललितकांत यादव ने पंचनामा भरा।

पीएम से जिला अस्पताल वापस लाया गया शव : अकरम की मौत की वजहों की जांच के लिए उनकी डेडबाडी पोस्टमार्टम हाउस भेजी गई। पोस्टमार्टम के दौरान अकरम के शरीर में रिवाल्वर की गोली नहीं मिली। इसके बाद डॉक्टरों ने उनके शव को एक्सरे करवाने के लिए जिला अस्पताल भेजवा दिया। एक्सरे के दौरान गोली आंख के पास कनपटी में फंसी हुई मिली।



अकरम खान (फाइल फोटो)

साथ रहने वालों के मोबाइल स्विच ऑफ

अकरम के साथ रहने कई तथाकथित समाजसेवियों के घटना के बाद से ही अपने मोबाइल स्विच ऑफ कर लेने की चर्चा है। देर शाम तक उनके सेलफोन ऑन नहीं हुए।

तीन-तीन स्कूलों के थे प्रबंधक

खैर ट्रस्ट के पूर्व मुतवल्ली अकरम ट्रस्ट की ओर से संचालित बेगम खैर गर्ल्स कॉलेज के प्रबंधक थे, इसके अलावा एएआरएस कन्या इंटर कॉलेज व सिटी इंटरनेशनल स्कूल बल्लीपट्टी में खुद संचालित कर रहे थे। समाजिक गतिविधियों में अग्रणी बताए जाते हैं। प्रमुख दलों में रहे पहले कांग्रेस उसके बाद बीएसपी फिर सपा और तीन साल पूर्व बीजेपी में शामिल हो गए। प्रधान, जिला पंचायत सदस्य के पद भी रह चुके थे।

कल निकालेंगे रैली, भागीदारी का आह्वान

पुरानी पेंशन बहाली की मांग के समर्थन में राज्य कर्मियों की गेट मीटिंग हुई

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा चलाए जा रहे जन जागरण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को कोषागार कार्यालय के गेट पर सभा की गई। सभा में कोषागार कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अखिलेश पाठक ने कहा कि कर्मचारी लगातार पुरानी पेंशन बहाल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

सभी कर्मचारी एकजुट होकर बड़े आंदोलन की तैयारी में हैं।

बोले- 60 वर्ष सेवा करने के बाद भी राजकीय कर्मचारी को पेंशन से वंचित रखा जा रहा

कोषागार के सभी कर्मचारी 21 सितंबर को नलकूप कॉलोनी परिसर में तीन बजे निकलने वाली रैली में भागीदारी करेंगे।

परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम आधार पाल एवं जिला मंत्री तौलू प्रसाद ने कहा कि पहले विधायकों को पूरे पांच वर्ष के कार्यकाल पर पेंशन मिलती थी, फिर उसमें बदलाव कर तीन वर्ष का कर दिया गया। वर्तमान समय में विधायक शपथ भर ले लें तो उन्हें एवं उनके परिवार को आजीवन पेंशन मिलेगी, जबकि राजकीय कर्मचारी को 60 वर्ष सेवा करने के बाद भी उन्हें पेंशन से वंचित रखा जा रहा है। सरकार कर्मियों से उनका हक छीन रही है। कर्मचारी अपना अधिकार पाने के लिए हर संघर्ष को तैयार हैं।

इस मौके पर कोषागार कर्मचारी संघ के मंत्री आलोक श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम किशोर, सुभाष दुबे, संतोष राव, रवि गुप्ता, सूरज गौतम आदि मौजूद रहे।

60 दिन से ब्लॉक से नहीं निकल रहा है मस्टररोल

प्रधानों ने सदर ब्लॉक कार्यालय में जड़ा ताला

आक्रोश



सदर ब्लॉक मुख्यालय का मुख्य गेट बंद कर प्रदर्शन करते प्रधान। ● हिन्दुस्तान

बस्ती, निज संवाददाता। नाराज ग्राम प्रधानों ने मंगलवार को सदर ब्लॉक कार्यालय में ताला जड़ दिया। अखिल भारतीय प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष विष्णु भास्कर के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया। ग्राम प्रधान मनरेगा कार्यों के लिए मस्टररोल जारी नहीं होने से नाराज हैं। सूचना पर पहुंचे एसडीएम सदर ने उच्चाधिकारियों से वार्ता की और प्रधानों को उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। प्रधानों के विरोध-प्रदर्शन के कारण ब्लॉक में दो घंटे से भी ज्यादा समय तक अफरा-तफरी मची रही।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 20-25 ग्राम पंचायतों के प्रधान ब्लॉक कार्यालय में जमा हुए। नारेबाजी करते हुए ब्लॉक कार्यालय के सभी कमरों से कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया और कमरों में ताला जड़ दिया। नाराजगी इतनी थी कि ब्लॉक कार्यालय के मुख्य गेट पर भी ताला लगा दिया और किसी को भी बाहर नहीं निकलने दिया। प्रधानों का आरोप है कि पिछले दो माह से कच्चे-पक्के काम का मस्टररोल जारी नहीं किया जा रहा है, जिससे गांवों में काम ठप है। बीडीओ का चार्ज वर्तमान में पीडी डीआरडीए के पास है। उन्होंने सीडीओ को बीडीओ के पद से उन्हें मुक्त करने के लिए पत्र लिखा है, जिसकी फाइल सीडीओ के पास पड़ी है। इस कारण से बीडीओ के स्तर से कामों की स्वीकृति नहीं मिल रही है। ब्लॉक महामंत्री सुनील पांडेय, दुर्गेश यादव, नितीश सिंह, रविंद्र कुमार, कन्हैया लाल, अजय मिश्र, अब्दुल रऊफ, सुभाष चंद्र, जंगबहादुर, चंद्रप्रकाश, जगन्नाथ चौधरी, बृजेश कुमार, रणजीत चौधरी, ओमप्रकाश, सूर्यबली, रामफेर, राम उजागिर, योगेंद्र कुमार, अशोक वर्मा, अमरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

घंटों फंसे रहे जिला पंचायत अध्यक्ष

ग्राम प्रधानों के विरोध-प्रदर्शन के बीच जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी ब्लॉक परिसर में घंटों फंसे रहे। संजय चौधरी ब्लॉक में आयोजित दिव्यांगजनों के लिए आवंटित आवास की पहली किस्त से सम्बंधित कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे थे। संजय ने भी प्रधानों को आश्वस्त किया कि उन्हें किसी प्रकार की समस्या नहीं होने पाएगी। वह खुद उनके साथ खड़े हैं। काफी मान-मनौवल के बाद प्रधान माने और उसके बाद ही मेन गेट का ताला खुला।

60 व 40 के मानक का नहीं हो पा रहा पालन

मनरेगा कार्य के मानक का पालन नहीं हो पाने से समस्या बढ़ी है। जानकारों का कहना है कि मनरेगा के कच्चे व पक्के काम का मानक 60 व 40 होना चाहिए। प्रधानों की ओर से आम तौर से पक्के काम में रूचि ज्यादा दिखाई जाती है, जिससे मानक गड़बड़ा रहा है। जिम्मेदार अब अपनी गर्दन बचा रहे हैं। सदर ब्लॉक के भी कई गांव में पक्का काम ज्यादा होने से मनरेगा काम प्रभावित है। पीडी के बतौर बीडीओ चार्ज लेने के बाद से समस्या और गम्भीर हो गई है।



रेंज के तीनों जनपद के एसपी के साथ मीटिंग करते आईजी रेंज आरके भारद्वाज।

सड़क पर त्योहार मनाने पर रहेगी पाबंदी: आईजी

बस्ती, निज संवाददाता। आने वाले समय में पड़ने वाले त्योहारों पर सुरक्षा लेकर आईजी जोन गंभीर हैं। पुलिस अधिकारी सुरक्षा की मॉनिटरिग करेंगे। खुद वह फोर्स के साथ बाजारों और चौराहों पर पैदल मार्च करेंगे। इस बार सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। ताकि त्योंहारों पर कोई अप्रिय घटना न हो। आईजी रेंज आरके भारद्वाज ने कहा कि गणेश पूजन चल रहा है।

दशहरा, दुर्गापूजा और दीवाली के त्योहार आने वाले हैं, इसको लेकर विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने कहा कि सड़क पर त्योहार मनाने पर पाबंदी रहेगी। रोड पर पंडाल सजाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। अपराध नियंत्रण अभियानों में तेजी लाएं। मंगलवार को मासिक अपराध समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराते हुए उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर पैनी नजर रखते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों पर तत्काल विधिक कार्रवाई की जाए। गैंगस्टर एक्ट में जब्तीकरण और माफियाओं का चिह्नीकरण अवश्य हो। 117, 145, 133 सीआरपीसी में जो मामले पेंडिंग है उनका शीघ्र निस्तारण कराएं। इस मौके पर एसपी बस्ती गोपालकृष्ण चौधरी, एसपी संतकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता, एसपी सिद्धार्थनगर अभिषेक अग्रवाल व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

न्यायालय के आदेश की अवहेलना पर मुकदमा

बस्ती : मुंडेरवा पुलिस ने न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने पर एक व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। उप निरीक्षक एजाज अहमद ने तहरीर देकर बताया था कि थाने पर गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता के मुकदमे में वांछित तुफैल निवासी साफियाबाद, संतकबीर नगर हाजिर न होकर न्यायालय के आदेश की अवहेलना कर रहा है।

प्रधानों ने जिपं अध्यक्ष व सदर प्रमुख को बनाया बंधक

ब्लाक कार्यालय के मेन गेट पर ताला लगा कर प्रधानों ने किया प्रदर्शन, मस्टररोल न निकलने से प्रधान नाराज





प्रधान संगठन के पदाधिकारियों से बात करते जिपं अध्यक्ष संजय चौधरी तथा एसडीएम सदर विनोद पांडेय व सदर ब्लाक मुख्यालय का गेट बंद कर धरना देते ग्राम प्रधान व अन्य • जागरण

जागरण संवाददाता, बस्ती: सदर विकास खंड कार्यालय में मंगलवार को उस समय अफरातफरी मच गई जब प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र वितरण करने आए जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी व प्रमुख सदर राकेश श्रीवास्तव को प्रधानों ने बंधक बना लिया।

दो माह से कच्चे और पक्के कार्य का मस्टररोल न निकलने से नाराज प्रधानों ने ब्लाक के मेन गेट पर ताला लगा दिया और गेट पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। दो घंटे तक जिला पंचायत अध्यक्ष और प्रमुख दोनों कार्यालय के एक कमरे में बैठे रहे।

इस दौरान वह दोनों वहीं से उच्चाधिकारियों को प्रधानों द्वारा गेट पर ताला लगाने और उनको बाहर न निकलने देने की सूचना से अवगत कराते रहे। दिन में दो बजे के करीब एसडीएम सदर विनोद पांडेय पहुंचे और प्रधानों का ज्ञापन लिया। समस्या समाधान के आश्वासन पर प्रधान माने तब जाकर ब्लाक गेट का ताला खुला और जिला पंचायत अध्यक्ष और प्रमुख बाहर निकले।

मंगलवार को सदर विकास खंड के सभागार में आवास योजना के लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र वितरण होना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष और विशिष्ट अतिथि सदर प्रमुख थे। स्वीकृत पत्र का वितरण करने के बाद जैसे ही दोनों लोग बाहर निकलना चाहे, तभी प्रधान संघ की ब्लाक इकाई से जुड़े प्रधानों ने मेन गेट पर ताला लगा दिया।

प्रधानों ने बताया कि दो माह से ब्लाक में मनरेगा से कच्चे और पक्के कार्य का मस्टररोल न निकलने से ग्राम पंचायतों में कार्य नहीं हो पा रहा है। आरोप लगाया कि ब्लाक में कार्यक्रम अधिकारी के रूप में तैनात पीडी न तो ब्लाक में आते हैं और न ही उनकी समस्या सुनते हैं। गांव में काम न होने से मनरेगा मजदूरों को समस्या हो रही है। बार-बार कहने के बाद भी मस्टर रोल नहीं निकाला जा रहा है। ब्लाक में कच्चा काम होने के बाद भी पक्के काम की स्वीकृति नहीं हो पा रही है। एसडीएम द्वारा समस्या के समाधान के आश्वासन बाद नाराज प्रधान माने।

इस मौके पर विष्णु भास्कर शुक्ल, सुनील पांडेय, सुनील सिंह, दुर्गेश यादव, कन्हैयालाल, शिवश्याम वर्मा, जंगबहादुर, नितीश सिंह, रविंद्र कुमार, अजय मिश्र, अब्दुल रऊफ, सुबापचंद्र, जगनरायन चौधरी, बृजेश कुमार, रणजीत चौधरी, ओमप्रकाश, अमरेंद्र, बलिराम आदि मौजूद रहे।

पूर्व मंत्री ने दर्ज कराया मोटर चोरी का केस

बस्ती। लालगंज पुलिस ने चंगेरवा बाबू गंगिया कोहल निवासी पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री श्रीपति सिंह की तहरीर पर बिजली का मोटर चोरी का केस दर्ज किया है। तहरीर के मुताबिक खेत में सिंचाई करने का मोटर लगा था। किसी चोर ने तार निकालकर मोटर चोरी कर लिया। संवाद

गांजा के साथ एक गिरफ्तार

वाल्टरगंज। थानाक्षेत्र के मानिकचंद-रूधौली मार्ग के पास मंगलवार दोपहर पुलिस ने एक संदिग्ध को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से आठ सौ ग्राम गांजा मिला। पूछताछ में उसने अपने को राम नरायन सैनी उर्फ शशी सैनी निवासी धोबहा थाना रुधौली बस्ती बताया। थानाध्यक्ष रामदेव ने बताया कि आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे न्यायालय भेजा गया है। संवाद

प्रधानों ने जिला पंचायत अध्यक्ष ब्लॉक प्रमुख को बंधक बनाया

प्रधानों ने सदर ब्लॉक पर एक घंटे किया हंगामा, पीडी को हटाने की मांग

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। प्रभारी परियोजना निदेशक (पीडी) को हटाने की मांग के समर्थन में मंगलवार सुबह 11 बजे के करीब सदर ब्लॉक पहुंचे प्रधानों ने जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी और ब्लॉक प्रमुख राकेश श्रीवास्तव को बंधक बना लिया। प्रधानों का हंगामा करीब एक घंटे तक चला और इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष उनके कब्जे में रहे।

प्रधानों ने ब्लॉक के मुख्य गेट पर ताला भी जड़ दिया था। बाद में सदर एसडीएम विनोद पांडेय के पहुंचने के बाद मामला शांत हुआ। प्रधानों ने ज्ञापन सौंपकर पीडी को हटाने की मांग की।

जानकारी के मुताबिक, प्रधान मंगलवार को प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विष्णु प्रभाकर उर्फ प्रिंस शुक्ला की अगुवाई में ब्लॉक परिसर में एकत्र हुए थे। इस दौरान प्रभारी बीडीओ/पीडी के खिलाफ नारेबाजी की गई और कार्यालयों को बंद करा दिया। इस बीच एक कार्यक्रम में शामिल होने आए जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख को



सदर ब्लॉक पर जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख को बंधक बनाकर प्रदर्शन करते प्रधान। संवाद

एसडीएम के पहुंचने पर शांत हुआ मामला, सौंपा ज्ञापन

प्रधानों ने बंधक बना लिया। प्रधानों ने मुख्य गेट पर ताला लगाकर दोनों को करीब एक घंटे तक बंधक बनाए रखा।

काफी मान-मनौव्वल के बाद भी जब प्रधान नहीं माने तो एसडीएम सदर को मौके पर आना पड़ा। उन्होंने प्रधानों की समस्या सुनीं और ज्ञापन लिया। तब जाकर प्रधान शांत

तीन माह पहले पीडी ने बीडीओ का अतिरिक्त प्रभार लिया। तभी से विकास कार्य बाधित हो गए। ब्लॉक से मनरेगा मजदूरों का डिमांड नहीं निकाला जा रहा है। इससे कच्चे-पक्के काम नहीं हो पा रहे हैं। इधर स्वच्छता पखवाड़ा भी है। सफाई कराना आवश्यक है, इसलिए विवश होकर प्रदर्शन करना पड़ा।

- विष्णु प्रभाकर, अध्यक्ष, प्रधान संघ, ब्लॉक इकाई

हुए। प्रधान संघ के अध्यक्ष ने कहा कि सदर ब्लॉक में कच्चे व पक्के काम का मस्टरोल लगभग 60 दिनों से नहीं निकल रहा है। इससे विकास कार्य प्रभावित हो रहा है।

यहां से प्रभारी बीडीओ के रूप में तैनात पीडी का स्थानांतरण किया जाए। यदि मांगें नहीं मानी गईं तो बड़ा आंदोलन होगा। इस मौके पर सूर्य प्रकाश गोस्वामी, सुनील पांडेय, शिव श्याम चौधरी, रामकवल वर्मा, सुखसागर उपाध्याय मौजूद रहे।

बिजली चोरी की जांच, दो पर केस

बस्ती। शहर से सटे मनहनडीह गांव में मंगलवार की शाम प्रवर्तन टीम ने बिजली चोरी की जांच की। यहां दो लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का केस दर्ज कराया गया। उच्चतम लाइन लॉस फीडर पर अधिकारियों ने जांच कर कारण पता करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देश के क्रम में विभागीय अभियंताओं व कर्मियों की टीम ने 92 कनेक्शनों की जांच की। यहां कम लोड पर बिजली का उपयोग कर रहे चार लोगों का लोड बढ़ाया गया। संवाद

गांजा के साथ आरोपित गिरफ्तार

बस्ती : वाल्टरगंज थाने के उप निरीक्षक सुभाष मौर्या और उनकी टीम ने थाना क्षेत्र के मानिकचंद-रुधौली मार्ग पर मंगलवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से झोले में रखा 800 ग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपित की पहचान रामनरायन सैनी उर्फ शशी सैनी निवासी धोबहा थाना रुधौली जनपद बस्ती के रूप में हुई। उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उसे न्यायालय रवाना कर दिया गया। (जासं)

आज मोटरसाइकिल रैली निकालेंगे अधिवक्ता

जागरण संवाददाता, बस्ती: हापुड़ के अधिवक्ताओं के विरुद्ध बर्बरतापूर्वक किए गए लाठी चार्ज के विरोध में मंगलवार को भी जिले के अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार किया। बुधवार को मोटरसाइकिल रैली निकालने का निर्णय लिया गया। सिविल बार संगठन के महामंत्री शिव पूजन मिश्र, विनोद कुमार भट्ट, अजय प्रताप सिंह, अंगद मिश्र, रजनीश दुबे, रमेश चंद्र पांडे, राजकुमार श्रीवास्तव, विनय कुमार बख्शी, हनुमत प्रसाद शुक्ला आदि मौजूद रहे।

अधिवक्ताओं का विरोध-प्रदर्शन जारी, आज निकालेंगे बाइक रैली

संवाद न्यूज एजेंसी

मंगलवार को भी कार्य से विरत रहे,फरियादी परेशान

बस्ती। हापुड़ घटना से नाराज अधिवक्ताओं का विरोध प्रदर्शन मंगलवार को 20वें दिन भी जारी रहा। धरना के बाद अधिवक्ता संगठनों के पदाधिकारियों ने बुधवार को बाइक रैली निकालकर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। अधिवक्ताओं के आंदोलन से फरियादियों की समस्या बढ़ गई है।

सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री शिवपूजन मिश्र ने कहा कि हापुड़ जैसे गंभीर मुद्दे पर सरकार की चुप्पी बेहद निंदनीय है। सरकार की ओर से अधिवक्ता से संबंधित किसी भी प्रकार का संरक्षण अब तक घोषित नहीं किया गया है। अधिवक्ताओं पर लगातार हमले हो रहे हैं। हमला करने वालों पर कार्रवाई न होना अधिवक्ता वर्ग की सुरक्षा पर सवाल खड़ा कर रहा है। जब अधिवक्ता सुरक्षित नहीं है तो आम जनता की सुरक्षा कैसे की जा सकती है। जब तक सरकार अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू नहीं करती है तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

पूर्व मंत्री उपेंद्र नाथ दूबे ने कहा कि सरकार घटनाओं के दुष्परिणाम और आमजन पर पड़ने वाले असर से अनभिज्ञ बन रही है। पूर्व अध्यक्ष रमाशंकर पांडेय ने कहा कि हमले के बाद भी अफसरों की जिम्मेदारी सरकार ने तय नहीं की।

फोरलेन के लिए जमीन खाली कराने को चली जेसीबी, विरोध जारी

बिना मुआवजा दिए जमीन खाली कराने का हो रहा है विरोध

संवाद न्यूज एजेंसी

छावनी। कस्बे में फोरलेन निर्माण के लिए जेसीबी से जमीन खाली कराने का अभियान मंगलवार को दूसरे दिन भी चला। पेट्रोल पंप के पास स्थित राजस्थानी ढाबा के आगे का हिस्सा जेसीबी लगाकर तोड़ दिया। जबकि जमीन के मालिक का कहना है कि मुआवजा नहीं मिला है। जबरदस्ती ज्यादा जमीन भी ले रहे हैं। मौके पर मौजूद तहसीलदार अनुराग सिंह ने बिना मुआवजा मिले ही तोड़फोड़ के मामले में कुछ भी कहने से इन्कार कर दिया।

सिरौली बाबू के गाटा संख्या 231 व 232 में तोड़फोड़ कर जमीन खाली कराई गई। पेट्रोल पंप के आसपास तोड़फोड़ का विरोध भी हुआ। इसके बावजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने तोड़फोड़ जारी रखा। खम्हरिया निवासी हबीबुल्लाह खान के ढाबे व दाऊद खान के पेट्रोल पंप की दीवार भी गिराई गई। पेट्रोल पंप के सामने खुदाई होने पर पंप मालिक ने फिर से विरोध करते हुए काम रोक दिया। इसके बाद आने-जाने का रास्ता छोड़कर खुदाई शुरू कराई गई। तहसील प्रशासन के अनुसार, 163 लोग अब तक जमीन खाली नहीं किए हैं।

किसानों का आरोप है कि एनएचआई से जितना जमीन का मुआवजा बना है, उससे ज्यादा जमीन लिया जा रहा है। नाली के बगल से 2.4 मीटर की जगह 3.42 मीटर जमीन खाली कराई जा रही है। पेट्रोल पंप के मालिक दाऊद खान ने सीएम पोर्टल पर इसकी शिकायत की है।



रामजानकी मार्ग पर चला बुलडोजर। संवाद

कर्मचारी के ऊपर गिरा खंभा

छावनी में जेसीबी से पेट्रोल पंप पर जमीन खाली कराते समय एक खंभा पेट्रोल पंप के कर्मचारी के ऊपर गिर गया। पंप मालिक दाऊद खान ने बताया कि घायल कर्मचारी को इलाज के लिए अयोध्या ले जाया जा रहा है। इसके बाद तहसीलदार सहित सभी राजस्वकर्मी व कार्यदायी संस्था के कर्मचारी काम बंद कर खिसक लिए।

इलाज के दौरान जवान की मौत

सल्टौआ। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के पड़री गांव निवासी इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस आईटीबीपी के जवान संतोष शुक्ल पुत्र गौरी दत्त शुक्ल की दिल्ली में उपचार के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। वह कुछ दिनों से बुखार से पीड़ित थे। वह वर्ष 2013 में आईटीबीपी में भर्ती हुए थे। जिनकी तैनाती इस समय आठवीं बटालियन एनडीआरएफ गाजियाबाद में थी। दो भाइयों में छोटे थे। इनकी सिर्फ दो बेटियां आव्या (3) और नाव्या (2) हैं। संवाद

नौ ससुरालियों पर केस दर्ज

बस्ती। परशुरामपुर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के एक मामले में नौ ससुरालियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में मरवटिया निवासी मनीषा ने तहरीर दी है। बताया कि शादी के बाद से उसके ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे हैं। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता के पति समेत नौ लोगों पर केस दर्ज किया है। संवाद

खैर ट्रस्ट के विवाद व दूसरी शादी के बाद गिरने लगी थी साख

दो वर्षों से एक-एक कर विवादों से घिरते गए थे अकरम, ट्रस्ट की दुकानों के आवंटन को लेकर कई लोगों से रुपये लेने की चर्चा

मोहम्मद अकरम खुदकुशी प्रकरण

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। यारबाज और समाज के प्रति सेवाभाव रखने की वजह से मो ह म द अकरम खां से लोग प्रभावित रहते थे, मगर वक्त ने ऐसा करवट लिया कि एक-एक कर सभी अपने उनसे किनारा करते गए। परिवार और निकट मित्र भी कन्नी काटने लगे थे।



मोहम्मद अकरम (फाइल फोटो)

मूल रूप से सदर ब्लॉक के बल्ली पट्टी गांव के निवासी मोहम्मद अकरम गांव के प्रधान भी रह चुके हैं। उनकी पत्नी जिला पंचायत सदस्य रह चुकी हैं। 2018 के नगर पालिका चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी भी रहे। सामाजिक गतिविधियों में सक्रियता की वजह से वह अपनों के बीच काफी लोकप्रिय थे। कोरोना काल और नेपाल त्रासदी के समय उनके द्वारा किया गया सहायता कार्य लोग अब भी याद करते हैं।

हालांकि, हाल के दो वर्षों के बीच वह लगातार विवादों में घिरते चले गए। खैर ट्रस्ट और बेगम खैर इंटर कॉलेज के प्रबंधकीय विवाद की खींचतान के कारण काफी चर्चा में रहे। करीब दो वर्ष पहले उन्होंने डुमरियागंज की अधिवक्ता से दूसरी शादी कर ली थी। इसके बाद परिवार के लोगों में नाराजगी बढ़ गई थी। यहां तक कि निकट मित्रों ने भी किनारा करना शुरू कर दिया था।



मोहम्मद अकरम की मौत के बाद घर पर लगी भीड़। संवाद



पोस्टमार्टम हाउस के बाहर खड़े मोहम्मद अकरम के शुभचिंतक। संवाद

सुसाइड नोट में बयां की व्यथा

कनपटी पर गोली दागने से पहले मोहम्मद अकरम ने सुसाइड नोट लिखकर अपने चश्मे के नीचे दबा दिया था। आठ-नौ लाइन के नोट में लिखा है कि मैंने जीवन में कुछ निर्णय बिना अपनों के सलाह-मशविरे के ले लिया था। इस कारण अब काफी परेशान रहता हूं। इसका कोई हल समझ में नहीं आता है। ऐसे बुरे समय में यार-दोस्तों ने भी छोड़ दिया, जिसके कारण और भी ज्यादा परेशान रहता हूं। इसी के चलते आत्महत्या कर रहा हूं।

सिर की हड्डी में फंस गई थी गोली

मोहम्मद अकरम के शव का पोस्टमार्टम तीन डॉक्टरों के पैनल ने किया। गोली निकालने के लिए डॉक्टरों को मशक्कत करनी पड़ी। पोस्टमार्टम शुरू हुआ तो दाहिने तरफ से चलाई गई गोली सिर में ढूंढी जाने लगी, जो सिर की हड्डी में फंसी थी। इसके बाद शव को एक्स-रे कराने के लिए भेजा गया। एक्स-रे में बाएं तरफ की सिर की हड्डी में गोली फंसी दिखाई दी। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम हाउस लाकर फिर निकाला गया।

बताया जा रहा है कि खैर ट्रस्ट की मार्केट में दुकानों और आवासों के आवंटन के लिए कई लोगों से रुपये ले रखे थे, मगर किसी का आवंटन नहीं करा पाए।

दरिंदगी की शिकार किशोरी ने बेटे को दिया जन्म, दो आरोपी गिरफ्तार

नौ महीने पहले दो युवकों की दरिंदगी की शिकार हुई थी किशोरी

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। दुबौलिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय किशोरी गांव के दो युवकों की दरिंदगी का शिकार हो गई। सामूहिक दुष्कर्म की शिकार किशोरी के गर्भ ठहर जाने के कई महीने बाद परिवार वालों को इस बात की जानकारी हुई। 10 दिन पहले किशोरी ने घर पर एक बच्चे को जन्म दिया।

इसके बाद पीड़िता के परिवार ने चुप्पी तोड़ी और बेटी को न्याय दिलाने के लिए पीड़िता की मां ने पुलिस को तहरीर केस दर्ज कराया। मंगलवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार, पुलिस को दिए गए तहरीर के मुताबिक करीब नौ माह पहले दुर्गेश निषाद (20) व शिव कुमार निषाद (19) ने



दरिंदगी के आरोपी। संवाद

बहाने से किशोरी को गन्ने के खेत के पास दबोच कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। डर के कारण पीड़िता ने अपनी जुबान पर ताला लगा लिया, लेकिन जब उसका पेट बढ़ने लगा तो परिवार वालों को शक हुआ। पिता के अनुसार, डेढ़ महीने पहले उसकी मां के काफी पूछने के बाद उसने अपने साथ हुई दरिंदगी की जानकारी दी।

लोकलाज के भय से परिवार

बेटे को जन्म देने के बाद किशोरी की मां ने पुलिस को दी तहरीर

पहले तो खामोश रहा, लेकिन जब दस दिन पहले पीड़िता ने घर पर ही एक लड़के को जन्म दिया तो परिवार वालों को कोई रास्ता नहीं सूझा। बेटी को न्याय दिलाने के लिए दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। हालांकि, पुलिस ने पीड़ित परिवार से यह भी पूछा कि अब तक क्यों चुप्पी साधे रखी तो वह कोई ठोस जवाब नहीं दे पाए।

एसओ इंदभूषण सिंह के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को अशोकपुर चौराहा के पास दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता का मेडिकल कराया जा रहा है।

कालेज प्रबंधक की संदिग्ध हालात में गोली लगने से मौत

मुरलीजोत स्थित आवास पर बरामदे में झूले पर **मिला शव,** पोस्टमार्टम के दौरान पता चला कि दिवंगत के सिर में फंसी है गोली



मुरलीजोत स्थित मृतक मो .अकरम के आवास पर घटना की जानकारी मिलने पर जुटे लोग • जागरण



घटना स्थान पर साक्ष्य एकत्र करती पुलिस • जागरण



झूला मिला पर बैठकर मोहम्मद अकरम द्वारा गोली चलाने की बात जांची जा रही है• जागरण

जागरण संवाददाता, दक्षिनी। बेलम खैर गल्ला इंटर कालेज के प्रबंधक 50 वर्षीय मो.अकरम खां को मंगलवार की सुबह पांच बजे मुरलीजोत स्थित आवास पर संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मृत्यु हो गई। स्वजन के अनुसार प्रबंधक ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है। सुसाइड नोट भी मौके पर पहुंची पुलिस को दिए। पोस्टमार्टम के दौरान सिर में गोली फंसी होने की बात सामने आई तो पर्चाएं और भी होने लगीं। फिलहाल कोतवाल और सीओ के स्तर से प्रकरण की गहनता से जांच शुरू कर दी गई है।



मोहम्मद अकरम फाइल फोटो

सम्भ्रांतजनों के रूप में चर्चित मो.अकरम खां मुरलीजोत मोहल्ले में अपनी दूसरी पत्नी नसरीन, दो बेटे और दो बेटियों के साथ रहते थे। पुलिस को पूछताछ में पता चला कि सुबह वह नमाज पढ़ने गए थे। उस समय पत्नी सहित परिवार के अन्य लोग सो रहे थे। सुबह पांच बजे के बाद पत्नी की नींद खुली तो पति को बिस्तर पर नहीं पाया। वह बाहर निकलीं और बरामदे में लगे झूले पर देखा तो वह उस पर बैठे नजर आए, मगर उनकी गर्दन एक तरफ झुकी हुई थी, दाएं तरफ की कनपटी से खून निकला था। रिवाल्वर भी मौके पर पड़ा मिला। उन्होंने शोर मचाया तो परिवार के अन्य लोग वहां पहुंचे। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर कोतवाल विनय कुमार चतुर्वेदी पहुंचे तो उन्हें प्रबंधक का शव घर के अंदर बेड पर मिला। परिवार के लोगों ने बताया कि झूले पर उनका शव पड़ा था। इसलिए उन्होंने वहां से शव को अंदर लाकर बेड पर रख दिया। पुलिस को मौके पर खून के धब्बे भी नहीं मिले हैं।

मौके पर मिले सुसाइड नोट की हो रही जांच: कोतवाल ने बताया कि मौके पर उन्हें एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें मो.अकरम खां की ओर से लिखा गया है कि कुछ निर्णय उन्होंने बिना किसी से विचार विमर्श किए ले लिया, जिसके कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन पर काफी रकम भी चकाया है, वह भी उनके परेशानी का कारण है। ऐसे में वह सुसाइड कर रहे हैं। कुछ अन्य बातें भी लिखी हैं। पुलिस सुसाइड नोट के साथ ही उनमें लिखी गई बातों की जांच कर रही है।

सिर में फंसी गोली ने खड़े किए सवाल: मो.अकरम खां की मृत्यु के बाद पोस्टमार्टम के दौरान यह बात सामने आई कि गोली सिर में ही फंसी है। डाक्टरों ने एक्सरे कराने की सलाह दी। एक्सरे जांच में बायीं कनपटी पर कान के ऊपर गोली फंसी पाई गई। इसकी पुष्टि कोतवाल ने भी की। कहा .32 बोर की गोली लगी है। दोनों तरफ से गोली मारी गई और बायीं तरफ कान के ऊपर फंस गई। दूसरी ओर पर्चा है यदि दिवंगत ने खुद कनपटी पर सटाकर गोली मारी है तो गोली सिर के पार क्यों नहीं गई। वरिष्ठ चिकित्सक डा.पृथ्वेश शुक्ल का कहना है यदि व्यक्ति खुद को गोली मारेगा तो निश्चित तौर पर गोली पार निकल जाएगी। शरीर में गोली फंसने की कोई गुंजाइश नहीं रह जाती है।

सीओ सिटीविनय चौहान ने बताया कि मो. अकरम खां द्वारा स्वयं की लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मार कर सुसाइड कर लिया गया है।

SIDDHARTH NAGAR POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:-20-09-2023

पाक्सो एक्ट के दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

बानगंगा (एसएनबी)। शोहरतढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा एक सामुहिक दुष्कर्म अभियुक्त व दूसरा पाक्सो एक्ट से सम्बंधित अभियुक्त को शोहरतगढ़ पुलिस द्धारा गिरफ्तार किया गया।जो थाना शोहरतगढ़ पर पंजीत मुअस 52/2023 धारा 376डी, 504, 506 भादवि से सामुहिक दुष्कर्म से सम्बंधित अभियुक्त आशुतोष यादव पुत्र ज्ञानदास साकिन कोईलीघाट थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर व दूसरे अभियुक्त का थाना शोहरतगढ़ पर पंजीत मुअस 329/2023 धारा 363, 366, 376 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त मनीष सहानी उर्फ निरहू पुत्र भगवानदास सहानी साकिन सेमरा थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर ।को गिरफ्तार किया गया तथा विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया ।इस दौरान उपनिरीक्षक रमाकान्त यादव,उनि रामदयाल सिंह,हेका उमेश चन्द,आरक्षी राजकमल यादव,अभिषेक यादव, देवानन्द गौतम आदि मौजूद रहे।

नाबालिग से छेड़छाड़, केस

बानगंगा (एसएनबी)। चिल्हिया थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम बूढ़ापार गांव के दक्षिण नहर के पास नाबालिग छात्रा से हुई छेड़छाड़ की घटना।चिल्हिया थाना क्षेत्र के एक गांव की नबालिग लड़की(छात्रा)जो सोमवार को गौहनिया चौराहे पर पढ़ने जा रही थीं बुढ़ापार गांव के दक्षिण नहर के पास छेड़छाड़ की घटना हुई।छात्रा के परिजन ने चिल्हिया थाने पर पहुंच कर पकड़ी गांव निवासी मुर्तजा पुत्र सैदुल्लाह के नाम प्रार्थना पत्र दिये।छेड़छाड़ के आरोप में चिल्हिया पुलिस ने एक व्यक्ति के बिरूद्ध थाना चिल्हिया में दर्ज किया एफआईआर, जिसका एफआईआर नम्बर है 136/2023, नबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का आरोपी अभी भी पुलिस के पकड़ से है दूर।इस सम्बंध मे चिल्हिया थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि छेड़छाड़ करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

जनहित के मुद्दों पर सपा का प्रदर्शन



बिजली कटौती व महंगाई को लेकर प्रदर्शन करते सपा कार्यकर्ता व ज्ञापन देती विधायक सैयदा खातून।

डुमरियागंज (एसएनबी)। समाजवादी पार्टी डुमरियागंज के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जनहित की समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। सपा कार्यालय से प्रदर्शन करते हुए कार्यकर्ता तहसील कार्यालय परिसर में पहुंचे। यहां वक्ताओं ने सरकार पर जमकर हमला बोला और उसे हर मोर्चे पर विफल बताया। अंत मे महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी डुमरियागंज को सौंपा गया। मंगलवार को बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय पर एकत्रित हुए। विधायक सैय्यदा खातून के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने झंडा तख्ती लेकर कार्यालय से नारेबाजी करते हुए तहसील पर पहुंचे। अघोषित विद्युत कटौती की बहाली और मनमानी तरीके से बिजली मीटर का ज्यादा बिल, छुट्टा पशुओं से किसानों को निजात दिलाना,अस्पतालों में महिला डाक्टर व विशेषज्ञों की तैनाती, पूरे विधानसभा क्षेत्र में सड़को की जर्जर हालत, थानों और तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार, भवानीगंज को ब्लक का दर्जा दिलाए जाने आदि मांगों को पर सपा नेताओं ने विचार प्रकट करते हुए सरकार पर कटाक्ष किया। विधायक सैय्यदा खातून ने कहा कि जीरो टलरेंस की बात करने वाली सरकार में तहसील, थानों व ब्लक में बिना जेब गरम किए कोई कार्य नहीं होता है। प्रदर्शन करने वालों में जिला अध्यक्ष लालजी यादव, पूर्व सांसद आलोक तिवारी, अफसर रिजवी, बेचई यादव, घिसयावन यादव, इरफान मिर्जा, बहरेची प्रेमी, धीरज सहानी, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, जहीर मलिक, बच्चा राम बौद्ध अनिल सिंह सहित आदि की उपस्थिति रही।

अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। गोल्हौरा पुलिस ने अपहरण के एक आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी केस दर्ज होने के बाद से फरार चल रहा था। गिरफ्तार करने वाले एसआई जालंधर प्रसाद ने बताया कि आरोपी मतीउल्लाह पुत्र बरसाती साकिन चूहिया ग्रांट थाना कठेला समय माता के खिलाफ धारा 363 व 16/17 पाक्सो एक्ट में केस दर्ज था। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

तहसील गेट बंद कर वकीलों ने की भूख हड़ताल

- डुमरियागंज तहसील के मुख्य गेट पर जड़ा ताला वकीलों की हड़ताल जारी
- हापुड़ के अधिवक्ताओं को मिले इंसाफ, आंदोलन होगा और तेज



मंगलवार को हापुड़ मामले को लेकर डुमरियागंज तहसील का मुख्य गेट बंद कर अधिवक्ताओं ने भूख हड़ताल की।

डुमरियागंज, हिन्दुस्तान संवाद। हापुड़ घटना को लेकर डुमरियागंज में अधिवक्ताओं का गुस्सा कम नहीं हो रहा है। बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री कार्यालय व तहसील का मुख्य गेट बंद कर कलमबंद हड़ताल पर रहे। गेट बंद कर अधिवक्ता भूख हड़ताल पर बैठ गए।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रमणि पाण्डेय ने कहा कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होती तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। पूर्व महामंत्री आशीष श्रीवास्तव, नदीम अहमद, राजेश दुबे एक दिवसीय भूख हड़ताल पर रहे। महामंत्री राम बहादुर यादव ने कहा कि हापुड़ के घायल अधिवक्ताओं को पांच-पांच लाख रुपये की सहायता उपलब्ध कराई जाए। प्रदेश में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू हो। मूनीस हैदर रिज़वी ने कहा कि हापुड़ में शांतिपूर्ण तरीके से धरने पर बैठे अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज की घटना निंदनीय है। इस दौरान शंभू प्रसाद श्रीवास्तव, उदय सिंह, मुनिस हैदर रिजवी, रमन श्रीवास्तव, राम बहादुर यादव, बालमुकुंद लाल, चन्द्र किशोर सिंह, सुलतान अहमद, रमन श्रीवास्तव, दुर्गेश श्रीवास्तव, विकास सिंह, सरस श्रीवास्तव, शिवशंकर चर्तुवेदी, नदीम अहमद आदि मौजूद रहे।

दो परिवार बिखरने से बचे

सिद्धार्थनगर। महिला थाने में मंगलवार को आयोजित नई-किरण में दो परिवारों को बिखरने से बचाया गया। नई किरण में चार मामले आए। इसमें से दो उस्का बाजार कस्बा निवासी रिंकू गुप्ता पत्नी चंदन गुप्त व सदर क्षेत्र के थरौली निवासी हसीना पत्नी जगात अली संग रहने को राजी हो गए। इस दौरान थानाध्यक्ष मीरा चौहान, एसआई सुरेश चंद पांडेय, कांस्टेबल सविता सिंह आदि मौजूद रहीं।

शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के एक वार्ड में किशोरी के साथ छेड़खानी के मुकदमे से पाक्सो हटाने का मामला

अभिलेख में हेरफेर पर हेडमास्टर सस्पेंड

फॉलोअप

- पीड़िता की मां ने बीएसए को प्रार्थनापत्र देकर प्रधानाध्यापक पर जन्मतिथि में छेड़छाड़ का लगाया है आरोप
- बीएसए ने दो सदस्यीय कमेटी गठित कर प्रकरण की कराई जांच, प्रथम दृष्टया दोषी मिले प्रधानाध्यापक

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। शोहरतगढ़ थानाक्षेत्र के एक वार्ड में किशोरी से छेड़खानी होने पर पाक्सो हटाने के मामले में पीड़िता की मां ने बीएसए को प्रार्थना पत्र देकर कंपोजिट विद्यालय नीबी दोहनी के प्रधानाध्यापक पर जन्मतिथि में छेड़छाड़ का आरोप लगाया है।

इस मामले में बीएसए की ओर से गठित दो सदस्यीय जांच कमेटी को अभिलेख में ओवर राइटिंग मिला है। ओवर राइटिंग के मामले में जांच टीम ने प्रथम दृष्टया प्रधानाध्यापक परमानंद श्रीवास्तव को दोषी माना है। बीएसए ने जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया है।

दरअसल, शोहरतगढ़ थानाक्षेत्र के एक वार्ड में दो अगस्त की रात किशोरी को अकेला देख कस्बे के वार्ड नंबर 10 गांधीनगर निवासी जग्गू उर्फ ताज मोहम्मद पुत्र रमजान घर में घुसकर मुंह दबाकर छेड़खानी कर रहा था। इस मामले में पीड़िता के जन्मतिथि से छेड़छाड़ कर आरोपित को राहत दिलाई गई है। पीड़िता की मां ने 26 अगस्त को डीएम व बीएसए को शिकायती पत्र देते हुए बताई कि बेटी शोहरतगढ़ कस्बे के प्राथमिक विद्यालय, नीबी दोहनी की छात्रा रही है। इसकी वास्तविक जन्मतिथि 25 अक्टूबर 2010 है। साक्ष्य के रूप में कृष्णा शिशु विद्यालय जूनियर हाईस्कूल शोहरतगढ़ का स्थानांतरण प्रमाण पत्र संलग्न करते हुए बताई कि दो अगस्त की रात अपराधी प्रवृत्ति के लड़के द्वारा घर में घुसकर नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ करते हुए उसका कपड़ा फाड़ दिया गया था। इस मामले पर थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी, लेकिन प्राथमिक विद्यालय नीबी दोहनी के प्रधानाध्यापक परमानंद श्रीवास्तव ने अभिलेखों में छेड़छाड़ कर कूटरचित तरीके से पुत्री की जन्मतिथि चार अप्रैल 2004 कर दिया है। इस जन्मतिथि से बेटी को बालिग दिखाते हुए आरोपित को पाक्सो के मामले में राहत दिलाई गई है। शिकायती पत्र में पीड़िता की मां ने प्रधानाध्यापक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी।

बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय ने शिकायती पत्र को संज्ञान में लेते हुए 28 अगस्त को प्रकरण की जांच हेतु दो सदस्यीय कमेटी गठित कर प्रकरण की जांच कराई। जोगिया बीईओ कुंवर विक्रम पांडेय व शोहरतगढ़ बीईओ संतोष कुमार शुक्ल की जांच में प्रवेश रजिस्टर अभिलेख में छेड़छाड़ मिला है। इस मामले में टीम ने प्रथम दृष्टया प्रधानाध्यापक परमानंद श्रीवास्तव को दोषी मानते हुए जांच रिपोर्ट बीएसए को भेज दी है। बीएसए ने जांच रिपोर्ट के आधार पर 13 सितंबर को प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया है।

> शोहरतगढ़ क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय नीबी दोहनी के प्रभारी प्रधानाध्यापक परमानंद श्रीवास्तव पर अभिलेख में छेड़छाड़ की शिकायत हुई थी। बीएसए के निर्देश पर प्रकरण की जांच की गई। इसमें आरोप सही मिला। रिपोर्ट के आधार पर बीएसए ने प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया है।
>
> संतोष कुमार शुक्ल, बीईओ, शोहरतगढ़

शिक्षकविहीन विद्यालय पर संबद्ध हुए हेडमास्टर

कंपोजिट विद्यालय नीबी दोहनी के निलंबित प्रभारी प्रधानाध्यापक को बीएसए ने शिक्षक विहीन विद्यालय जूनियर हाईस्कूल (कक्षा छठवीं से आठवीं) डोहरिया खुर्द से संबद्ध किया है। निलंबित प्रभारी प्रधानाध्यापक अब बहाल न होने तक इसी विद्यालय पर सेवा देंगे।

छेड़खानी के आरोप में एक पर केस

चिल्हिया। चिल्हिया थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लड़की जो सोमवार को गौहनिया चौराहे पर पढ़ने जा रही थी। गांव का ही एक व्यक्ति आठ वर्षीय बालिका को साइकिल पर बैठाकर स्कूल के लिए ला रहा था। रास्ते में विद्यालय से कुछ दूरी पर नहर के पास उससे छेड़खानी करने लगा। आरोपी मुर्तजा (50) के खिलाफ परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। चिल्हिया थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि जांच कर जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

रेप के दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ पुलिस ने रेप के फरार चल रहे दो आरोपियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों अलग-अलग घटनाओं में आरोपी थे। थानाध्यक्ष पंकज पांडेय ने बताया कि मनीष साहनी उर्फ निरहू पुत्र भगवानदास सहानी निवासी सेमरा के खिलाफ पाक्सो एक्ट का केस दर्ज था। आशुतोष यादव निवासी कोईलीघाट के खिलाफ धारा के तहत दर्ज था। दोनों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

इलाज के अभाव में नवजात की मौत, परिजनों का हंगामा



मेडिकल कॉलेज में सोमवार की रात इलाज नहीं मिल पाने से नवजात की मौत के मामले में मंगलवार को इमरजेंसी गेट पर प्राचार्य को पत्र सौंपते तीमारदार।

- मेडिकल कॉलेज प्रशासन पर लापरवाही का लगाया आरोप
- प्राचार्य को ज्ञापन सौंप पीड़ितों ने की कार्रवाई की मांग

> नवजात की मौत का मामला संज्ञान में है। तीमारदारों ने पत्र भी दिया है। प्रकरण की जांच कराई जाएगी।
> डॉ. एके झा, प्राचार्य, मेडिकल कॉलेज

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। मेडिकल कॉलेज में रात्रि ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा इलाज न करने से सोमवार की रात नवजात की मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मंगलवार को मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में हंगामा करते हुए कार्रवाई की मांग की। घंटे भर बाद प्राचार्य ने पीड़ितों से बात कर प्रार्थना पत्र लिया और कार्रवाई का आश्वासन दिया, जब जाकर मामला शांत हो सका।

खेसरहा ब्लॉक के बनकटा गांव निवासी राज सिंह ने बताया कि 18 सितंबर की सुबह 7.30 बजे पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराए थे। शाम लगभग चार बजे ऑपरेशन से पत्नी ने बेटे को जन्म दिया। रात लगभग 12 बजे नवजात शिशु की सेहत अचानक खराब हो गई। इस दौरान एमसीएच विंग में स्टॉफ नर्स के अलावा कोई भी चिकित्सक मौजूद नहीं था। स्टॉफ नर्स ने बेटे को देखे बगैर आईसीयू वार्ड में ले जाने की बात कही। आनन-फानन नवजात को आईसीयू वार्ड में लेकर गए। वहां कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था। रात लगभग 2.50 बजे चिकित्सक डॉ. एसएल पटेल आईसीयू वार्ड में पहुंचे। वह नवजात की इलाज किए बगैर मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिए। एंबुलेंस से बच्चे को गोरखपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। तीमारदार ने बताया कि चिकित्सकों व स्टॉफ की लापरवाही से बेटे की मौत हुई है। बच्चे का डॉक्टर ने उपचार किया होता तो आज नवजात बेटा सामने होता। चिकित्सकों की लापरवाही से नाराज ग्रामीण इमरजेंसी गेट के बाहर धरने पर बैठते थे।

आत्महत्या के लिए उकसाया, गिरफ्तार

शोहरतगढ़। शोहरतगढ़ पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने की आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसआई राम शंकर पांडेय ने बताया कि आरोपी सोनी निवासी महदेवा नानकार के खिलाफ धारा 306 के तहत केस दर्ज था। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।



लोटन थाना क्षेत्र के जनता इंटर कॉलेज बनियाडीह में छात्राओं को सुरक्षा के प्रति मंगलवार को जागरूक करते पुलिस अधिकारी। • हिन्दुस्तान

छात्राओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

लोटन। महिला सशक्तीकरण एवं नारी सुरक्षा के तहत मंगलवार को लोटन थाना क्षेत्र के जनता इंटर कॉलेज बनियाडीह में पुलिस कर्मियों ने छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। एसआई रविंद्र यादव ने कहा कि छात्राओं को निडर होकर आवागमन करना चाहिए इस दौरान प्रधानाचार्य आलोक कुमार त्रिपाठी, बाल गिरीश, फूलचंद गौंड़, अनुज मिश्र, अमित सिंह, सुप्रिया, मोनिका दुबे, हनुमान प्रसाद आदि मौजूद रहे।

सौहार्द से मनाएं गणेश चतुर्थी व बारावफात

पीस कमेटी

- मिश्रौलिया थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक में की गई अपील
- नई परंपरा की न करें शुरुआत, अवांछितों पर होगी सख्त कार्रवाई

मिश्रौलिया, हिन्दुस्तान संवाद। मिश्रौलिया थाने पर मंगलवार को थानाध्यक्ष अरविंद कुमार की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें सभी से गणेश चतुर्थी व बारावफात का पर्व आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई। पर्व पर कोई नई परंपरा की शुरुआत न करने की हिदायत भी दी गई। थानाध्यक्ष ने कहा कि पर्व कोई भी हो, सभी अमन चैन का पैगाम देते हैं। ऐसे में सभी लोग पर्व को मेल, मोहब्बत और भाईचारे के साथ मनाएं। पर्व पर कोई नई परम्परा की शुरुआत न करें। नियमों का पालन न करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पर्व को शांति पूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जगह-जगह पुलिस मौजूद रहेगी। कोई भी आराजक तत्व पर्व में खलल पैदा करने की कोशिश करेगा तो उसे बक्शा नहीं जाएगा। अफवाह फैलाने या उपद्रव करने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में लोगों से पर्व में आने वाली समस्याओं के बारे में भी पूछा गया। इस अवसर पर संजीव कुमार शुक्ल, दीप नारायण यादव, मनोज अग्रहरि, शाकिर, गोपाल अग्रहरि, बृजेश दुबे, दिनेश जायसवाल आदि मौजूद रहे।

किशोरी के साथ अधेड़ ने किया छेड़खानी, मुकदमा

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : चिल्हिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के साथ सोमवार को स्कूल जाते समय एक 55 वर्षीय व्यक्ति ने छेड़खानी की। पीड़िता ने इसकी जानकारी स्वजन को दी। पुलिस ने किशोरी के बाबा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। प

ुलिस को दिये तहरीर में किशोरी के बाबा ने बताया कि उसकी पोती सुबह आठ बजे स्कूल पढ़ने के लिए जा रही थी। जो नहर के पास स्थिति भट्ठे के पास पहुंची थी कि अधेड़ ने गलत नियति से छेड़खानी करने लगा। घबराई किशोरी किसी तरह भागकर घर पहुंची। पीड़िता का आरोप है कि आरोपित ने धमकी दी है कि मुंह खोला तो जान से मार देंगे।

दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जासं, शोहरतगढ़ : शोहरतगढ़ थाने की पुलिस ने पुलिस ने मंगलवार को दुष्कर्म व पास्को के आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम सेमरा गांव निवासी मनीष साहनी उर्फ निरहू है। पुलिस के अनुसार पिछले सप्ताह थाना क्षेत्र के एक किशोरी को आरोपित युवक ने अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी के भाई की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपित व किशोरी को खोज रही थी। किशोरी के बयान के आधार पर पुलिस ने दुष्कर्म की धारा बढ़ा कर आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक रामदयाल सिंह, गौतम आदि शामिल रहे।

आत्महत्या के लिए उकसाने वाली युवती गिरफ्तार

जासं, शोहरतगढ़ : शोहरतगढ़ थाने की पुलिस ने मगलवार को आत्महत्या करने के लिए उकसाने वाली आरोपित युवती को गिरफ्तार किया है। आरोपित युवती का नाम सोनी है। वह शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के महादेवा नानकार की रहने वाली है। शोहरतगढ़ पुलिस के अनुसार एक वर्ष पहले युवती के गांव महादेवा का रहने वाले युवक संदीप फंदा लगा कर आत्महत्या कर लिया था। युवक के काल डिटेल व स्वजन से मिली जानकारी के आधार पर युवती को घटना के लिए जिम्मेदार पाया गया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक रामशंकर पाण्डेय, मुख्य आरक्षी गोवर्धन प्रसाद, संतोष यादव, महिला आरक्षी वंदना चौहान शामिल रहे।

सामूहिक दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शोहरतगढ़ : शोहरतगढ़ थाने की पुलिस ने युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम कोईलीघाट निवासी आशुतोष यादव है। पुलिस के अनुसार इस वर्ष फरवरी माह में पांच आरोपितों ने थाना क्षेत्र के एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। इस घटना में शामिल अन्य आरोपित पहले जेल जा चुके हैं। टीम में उपनिरीक्षक रामकांत यादव आदि शामिल रहे। (जासं)

बालिका के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में बालिका के अपहरण के वांछित आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने 10 दिन पहले अपनी नाबालिग बेटी के अपहरण का आरोप लगाते हुए एक युवक के खिलाफ तहरीर दी थी, जिसके बाद पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने आरोपी मनीष सहानी निवासी सेमरा थाना शोहरतगढ़ को जेल भेज दिया। संवाद



आरोपी।

आत्महत्या के लिए उकसाने की आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ थाना की पुलिस ने एक वर्ष पूर्व आत्महत्या के लिए उकसाने वाली आरोपित युवती को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। महदेवा नानकार गांव के रहने वाले संदीप ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी, जिसके बाद परिजनों ने गांव की ही एक युवती पर युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने युवक के मोबाइल का सीडीआर निकलवाकर जांच की तो परिजनों की शिकायत सही मिली, जिसके बाद मंगलवार को पुलिस ने सोनी निवासी महदेवा नानकार थाना शोहरतगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। शोहरतगढ़ एसएचओ पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि एक वर्ष से युवती की तलाश की जा रही थी। संवाद

36 घंटे बाद भी शिनाख्त नहीं, बस्ती बलरामपुर तक पहुंची पथरा पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

कम्हरिया खुर्द गांव के सरयू नहर के पास अर्धनग्न अवस्था में मिली थी लाश

सिद्धार्थनगर। पथरा थाना क्षेत्र के कम्हरिया खुर्द गांव में स्थित सरयू नहर की पुलिया के पश्चिम में मिली विवाहिता के शव की शिनाख्त 36 घंटे बाद भी नहीं हुई है। मिसिंग की जानकारी के लिए पथरा पुलिस की दो टीम बलरामपुर और बस्ती में पहुंचकर जानकारी जुटा रही है। मामला हत्या या आत्महत्या में उलझा है जो 72 घंटे बाद स्पष्ट हो पाएगा। पोस्टमार्टम न होने तक पुलिस शव की पहचान के लिए पूरी ताकत झोंक दी है।

क्षेत्र के कम्हरिया खुर्द सरयू नहर की शाखा की पटरी से कुछ राहगीर सोमवार सुबह गुजर रहे थे। उन्होंने नहर में महिला का उतराता हुआ शव देखा था। मामले की जानकारी मिलते ही एसओ पथरा हरिओम कुशवाहा टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। शव को बाहर निकलवाया और हत्या की आंशका को देखते हुए महिला आरक्षी से शरीर में चोट के निशान को देखने की कोशिश की।

लेकिन शरीर के किसी भी हिस्से पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। इस संबंध थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा ने बताया कि नहर बलरापुर से आती है, इसलिए बलरामपुर तक पुलिस टीम को भेजा गया था।

सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थगर। शोहरतगढ़ पुलिस ने छह माह पहले हुए सामूहिक दुष्कर्म के छठवें आरोपी को मंलगवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। क्षेत्र में एक गांव में लगभग छह माह पूर्व एक युवती के साथ छह लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। पुलिस ने पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। छठवें आरोपियों की तलाश पुलिस कर रही थी। मंगलवार को इस मामले के छठवें आरोपी आशुतोष यादव निवासी कोईलीघाट थाना शोहरतगढ़ को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

सराहनीय कार्य दिनांक:-20-09-2023

अधिवक्ताओं का प्रदर्शन : कई थानों की पुलिस फोर्स रही मुस्तैद



बड़का जुलूस निकालते तथा थाना कोतवाली खलीलाबाद का घेराव करते अधिवक्ता एवं मुकदमा दर्ज की जाफी अधिवक्ताओं को देते एसडीएम व सीओ।

संतकबीरनगर (एसएनबी)। सोशल मीडिया-फेसबुक व वाट्सएप पर अधिवक्ता समुदाय के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी किए जाने के मामले को लेकर मंगलवार को अधिवक्ताओं ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कचहरी से लेकर थाना कोतवाली खलीलाबाद तक बड़का जुलूस निकाला। जहां अधिवक्ताओं ने कोतवाली खलीलाबाद का घेराव किया। अधिवक्ताओं के आक्रोश को देखते हुए एसडीएम हितेश दुबे, सीओ दीपशिखा राठौर ने एसोसिएशन के अध्यक्ष, मंत्री व अन्य अधिवक्ताओं से वार्ता की लेकिन मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर वकील डटे रहे। अधिवक्ताओं ने कई घंटे कोतवाली खलीलाबाद में धरना दिया। बाद में दबाव में आई पुलिस ने तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आठ लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया।

थाना कोतवाली खलीलाबाद का घेराव करने वाले जनपद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश सिंह, महामंत्री सुनील कुमार पाण्डेय, सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महीप बहादुर पाल व महामंत्री चतुर जी शुक्ल तथा अन्य अधिकाओं ने कहा कि दिनांक 13.09.2023 को सोशल मीडिया-फेसबुक व वाट्सएप पर अधिवक्ता समुदाय के विरुद्ध कुछ लोगों द्वारा अभद्र टिप्पणी की गयी थी। पुनः दिनांक 17.09.2023 तथा 18.09.2023 को अधिवक्तागण को पता चला कि कुछ लोगों द्वारा अधिवक्तागण के विरुद्ध अपमानजनक तथा अमर्यादित टिप्पणी वाट्सएप पर की गयी है। जिससे अधिवक्तागण अपमानित महसूस कर रहे हैं और काफी आक्रोशित हैं।

उक्त व्यक्तियों द्वारा जगह-जगह अधिवक्ताओं के विरुद्ध अभद्र शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है तथा जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि इस संबंध में पुलिस अधीक्षक से वार्ता की गई और कहा गया कि उक्त व्यक्तियों पर मुकदमा दर्ज करने के लिए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद को आदेशित किया जाय लेकिन एसपी द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। जिससे मजबूर होकर थाना कोतवाली खलीलाबाद का घेराव करना पड़ा। सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महीप बहादुर पाल, महामंत्री चतुर जी शुक्ल, जनपद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश सिंह, महामंत्री सुनील कुमार पाण्डेय, पूर्व अध्यक्ष कृष्ण मोहन मिश्र, दुर्गेश नारायण मिश्र, राकेश जी मिश्र, शत्रुघ्न यादव, राजेश पाण्डेय, निरंजन सिंह, सिद्धार्थ पाण्डेय, रवि मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण चन्द्र पाण्डेय, उपाध्यक्ष संतोष कुमार राय, अनिल कुमार गौतम, राजेश कुमार मिश्र, संयुक्त मंत्री प्रशासन राजेश मिश्र, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय जितेन्द्र कुमार, संयुक्त मंत्री प्रसार अवधेश कुमार पाण्डेय, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार दूबे, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य उमेश कुमार श्रीवास्तव, जय प्रकाश पाठक, सभाजीत मिश्र, शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी, अखिलेश चन्द्र यादव, शमशाद अहमद, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य बाबूलाल गौतम, खुर्शीद खान, नवनीत मिश्र, मनोज कुमार दूबे, रवि कुमार मिश्र, वसी अहमद सहित अन्य अधिवक्ताओं की संयुक्त तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाले आठ नामजद : कोतवाली पुलिस ने सिविल बार एवं जनपद बार एसोसिएशन की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ भादवि की धारा 500, 504, 506 तथा आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस ने राज कुमार चौरसिया पुत्र अज्ञात, विजय कुमार चौरसिया पुत्र अज्ञात, ठाकुर विजय सिंह पुत्र स्व. काली प्रसाद सिंह निवासी मनकूपुर खलीलाबाद, त्रिशूलधारी जी प्रबंधक पुत्र अज्ञात सिरसी खलीलाबाद, प्रदीप पाल सूर्यवंशी पुत्र अज्ञात तथा राम आसरे पुत्र अज्ञात खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर के खिलाफ केस दर्ज किया है।

इसी क्रम में सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व महामंत्री व अन्य पदाधिकारियों व वकीलों की तहरीर पर पुलिस ने संजय बहादुर सिंह राठौर पुत्र अज्ञात तथा मनोज कुमार पुत्र अज्ञात खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। उल्लेखनीय है कि संजय बहादुर सिंह राठौर विधायक धनघटा गणेश चौहान के अति निकटस्थ बताए जाते हैं।

अपराधियों पर किसी तरह की शिथिलता क्षम्य नहीं : आईजी

बस्ती (एसएनबी)। पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आरके भारद्वाज की अध्यक्षता में रेन्ज कार्यालय पर मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया । इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक ने परिक्षेत्र के जनपद पुलिस अधीक्षकों को निम्न निर्देश दिए।

पुलिस महानिरीक्षक ने वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराते हुये उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कराया जाय । आनवर्क आउट के केसों का अनावरण कराया जाय। हत्या, लूट, डकैती व महिला सम्बन्धी अपराधों में अपराधियो के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही की जाय। सोशल मीडिया प्लेटफार्मो पर पैनी नजर रखते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों पर तत्काल रिस्पान्स देते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही करायी जाय। शासन व परिक्षेत्र द्वारा चलाये जा रहे अभियानों में तेजी लाते हुए प्रभावी कार्यवाही कराई जाए। गैंगेस्टर एक्ट में जब्तीकरण की कार्यवाही की जाय और माफियाओं का चिन्हिकरण किया जाय।. त्योहार के सम्बन्ध में तैयारी पूरी करायी जाय। पण्डाल रोड पर न बनाया जाय तथा त्योहार पर सभी लोग साथ में रहे।

त्योहारों पर मन्दिरों पर पुलिस प्रबन्ध सुनिश्चित की जाय । 117 सीआरपीसी की कार्यवाही अमल में लायी जाय। 145,133 सीआरपीसी जो पेंडिग है। शीघ्र निस्तारण किया जया। बैठक में एसपी बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी, एसपी संतकबीरनगर सत्यजीत कुमार गुप्ता , एसपी सिद्धार्थनगर अभिषेक कुमार अग्रवाल व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



मासिक अपराध समीक्षा बैठक करते पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज। फोटो : एसएनबी

पीस कमेटी की बैठक आयोजित

सांथा (एसएनबी)। बेलहर थाने पर मंगलवार को पीस कमेटी के बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें सभी को शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की गई। बैठक को संबोधित करते हुए एसओ राम वशिष्ठ ने कहा कि आगामी त्योहार को सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से मनायें इसमें किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी बेलहर थाना क्षेत्र में कुल 12 जुलूस निकाले जाएंगे। जिसके लिए सभी पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र में बने रहेंगे। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं है।



गणेश चतुर्थी तथा ईद ए मिलादुन्नबी त्योहार सभी लोग एक दूसरे का सहयोग करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। इसमें खलल डालने वालों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। इसके साथ ही किसी के द्वारा अशांति फैलाने की जानकारी मिलने पर पुलिस को तत्काल सूचित करे। इस दौरान निसारुद्दीन, अहमद सुहेल रहमानी, शकील अहमद, अब्दुल समद, अब्दुल हासिम, निसार अहमद, राज बहादुर सिंह, सनी कुमार, प्रेम प्रकाश सिंह, मोहम्मद इब्राहिम समेत तमाम प्रधान व सभ्रांत लोग मौजूद रहे।

विभिन्न स्थानों से हटवाया अतिक्रमण

संतकबीरनगर (एसएनबी)। क्षेत्राधिकारी यातायात केशवनाथ तथा प्रभारी यातायात परमहंस ने मंगलवार को पुलिस टीम के साथ मेंहदावल बाईपास चौराहा के आसपास फुटपाथ के अवैध कब्जे हटवाए। सड़क पर खड़े वाहनों का चालान किया। साथ ही सख्त हिदायत दी कि फुटपाथ पर दोबारा अतिक्रमण करने पर अन्य विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान हे.कां. गिरिजेश यादव, हे.कां. आनंद मोहन, हे.कां. अजय राय, हे.कां. अयोध्या साहनी सहित अन्य यातायात पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

तीन अभियुक्तों को सुनायी सजा

संतकबीरनगर (एसएनबी)। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने माह जून से माह अगस्त तक थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पंजीकृत चोरी के भिन्न-भिन्न 03 अभियोगों में 03 अभियुक्तों को कारावास अर्थदण्ड से दण्डित करने का आदेश दिया है। साथ ही अभियुक्तों को अलग-अलग साधारण कारावास की सजा सुनाई है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने अभियुक्त मो. अरमान को दिनांक 01.06.2023 को जेल में बिताई गई अवधि व चार हजार ₹ के अर्थदण्ड का दण्डादेश पारित किया गया है। अर्थदण्ड न अदा करने पर 03 दिन के अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। अभियुक्त दीनानाथ केवट को दिनांक 06.07.2023 को 01 वर्ष 04 माह का कारावास व एक हजार ₹ के अर्थदण्ड का दण्डादेश पारित किया गया है। अर्थदण्ड न अदा करने पर 15 दिन के अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। इसी क्रम में अभियुक्त हरिश्चन्द्र सिंह को दिनांक 30.08.2023 को 10 दिन का साधारण कारावास व पांच सौ ₹ के अर्थदण्ड का दण्डादेश पारित किया गया है। अर्थदण्ड न अदा करने पर 07 दिन के अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी।

16 माह में चोरी की पांचवी घटना

बखिरा। थाना क्षेत्र के देवडीह में सोमवार की रात प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी की घटना हुई है। बीते 16 माह में पांचवी बार चोरी हो चुकी है। दो बार प्राथमिक विद्यालय व तीन बार सामुदायिक शौचालय का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया।

हर बार सम्बन्धित लोगों द्वारा बखिरा थाने पर तहरीर दी गई। कोई कार्यवाही नहीं हुई। ना ही कभी मुकदमा लिखा गया और ना ही घटना का खुलासा पुलिस कर सकी। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय तिलाठी मे कुछ माह के भीतर तीन बार चोरी हो चुकी है। कार्यवायी न होने से चोरों के हौंसले बुलंद होते जा रहे हैं।

मारपीट में चार पर मुकदमा दर्ज

बखिरा। नगर पंचायत बखिरा के नाऊटोला में मारपीट की घटना सामने आयी है। विवाद की वजह से पुलिस ने सगे भाइयों समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

नाऊटोला बखिरा निवासी अफसाना खातून पत्नी नूर आलम ने बताया कि 15 सितंबर को दिन में ग्यारह बजे जरीना समेत चार लोग उसके दरवाजे पर चढ़कर रंजिशन उसे लात घूसा से मारने पीटने लगे व रस्सी से गला कसकर जान से मारने की कोशिश की। 18 सितम्बर को दस बजे पुनः उसकी ननद ने उसे दुबारा मारा पीटा, जिससे उसी काफी चोट आई है। एसओ श्याममोहन ने प्रतिवादीगण जरीना, राज, सहजाद व सरजहाँ खातून के खिलाफ केस दर्ज किया है।

सगे भाइयों समेत चार लोगों पर केस

बखिरा। भगवानपुर गांव निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर गांव के ही दो सगे भाइयों समेत चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने मारपीट व जान से मारने का मुकदमा दर्ज किया है।

दीपक निवासी भगवानपुर का आरोप है कि 17 सितंबर की सुबह साढ़े ने बजे जमीनी विबाद की वजह से गांव के ही कुछ लोगों ने उसे व उसके चाचा को अपशब्द कहते हुए लात घूसा व लाठी डंडे से मारा-पीटा। जान से मारने की धमकी भी दी।

पुलिस ने लगवाए आधा दर्जन सीसीटीवी कैमरे

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने जनपद के विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों के सहयोग से आधा दर्जन सीसीटीवी कैमरा लगवाया। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र व हर घर कैमरा अभियान के तहत जनसहयोग से एक स्थानों पर छह सीसीटीवी कैमरा स्थापित कराया। कैमरा लगवाने वाले व्यक्तियों को पुलिस ने फूल- माला पहनाकर सम्मानित किया।

अधिवक्ताओं पर टिप्पणी को लेकर केस करने की कर रहे मांग,दो एफआईआर में आठ पर दर्ज हुआ मुकदमा

वकीलों ने पांच घंटे तक घेरे रखी कोतवाली

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। दीवानी न्यायालय के अधिवक्ताओं ने मंगलवार को पांच घंटे तक कोतवाली खलीलाबाद का घेराव कर धरना दिया। भाजपा नेताओं द्वारा फेसबुक एवं सोशल मीडिया पर अधिवक्ताओं के विरुद्ध की गई अपमान जनक टिप्पणी पर मुकदमा दर्ज करने की मांग कर रहे थे। अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन के विरोध में जमकर नारेबाजी की। उप जिलाधिकारी खलीलाबाद शैलेश दूबे एवं सीओ दीपांशी राठौर के निर्देश पर दो एफआईआर के माध्यम से आठ व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत हुआ।

अधिवक्ता हापुड़ की घटना के विरोध में बीते 30 अगस्त से आन्दोलनरत हैं। 11 सितम्बर को अधिवक्ताओं का हुजूम प्रदर्शन करते हुए कलक्ट्रेट पहुंचा था। इसी बीच घनघटा विधायक गणेश चौहान का अधिवक्ताओं ने घेराव कर लिया। वाहन से न उतरने पर अधिवक्ताओं ने विधायक के विरुद्ध नारेबाजी की थी। विधायक समर्थकों ने उसके बाद वकीलों के खिलाफ सोशल मीडिया एवं फेसबुक पर अपमानजनक टिप्पणी करना शुरू कर दिया। अधिवक्ता इन भाजपा नेताओं के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराने की मांग कर रहे थे। सोमवार को अधिवक्ताओं ने पुलिस अधीक्षक से मिलने के बाद जिलाधिकारी से भी मुलाकात की थी। मंगलवार को अधिवक्ताओं ने हापुड़ की घटना के विरोध में बाइक जुलूस निकाला। जुलूस समय माता मंदिर पहुंचा तो अधिवक्ताओं ने कोतवाली का रुख कर लिया। कोतवाली पहुंच कर अधिवक्ता एफआईआर दर्ज करने की मांग करने लगे। अधिवक्ता कोतवाली में पुलिस प्रशासन के विरोध में जमकर नारे लगाने लगे। नारेबाजी करते अधिवक्ता वहीं धरने पर बैठ गए। अधिवक्ताओं की मांग थी कि जब तक एफआईआर कायम नहीं होगा कोतवाली से नहीं जाएंगे। एसडीएम एवं सीओ के हस्तक्षेप से पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र के क्रम में दो आरोपितों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत हो गया।

परन्तु अधिवक्ता दिनांक 14 सितम्बर को दिए प्रार्थना पत्र पर भी एफआईआर दर्ज कराने पर अड़े रहे। पुलिस आनाकानी कर रही थी। अधिवक्ता एक बार पुनः उत्तेजित हो गए और नारेबाजी करने लगे। इस बीच पुलिस से तीखी बहस भी हुई। कोतवाली पुलिस ने अंततः दो एफआईआर के माध्यम से आठ लोगों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया। एफआईआर कायम होने एवं एफआईआर की प्रति प्राप्त करने के बाद अधिवक्ता शांत हुए।

इन आठ लोगों पर हुआ है एफआईआर : संतकबीरनगर। अधिवक्ताओं के खिलाफ सोशल मीडिया एवं फेसबुक पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाले आठ लोगों पर कोतवाली पुलिस ने अभियोग पंजीकृत किया। यह अभियोग सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महीप बहादुर पाल, सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री चतुर जी शुक्ल एवं जनपद बार एसोसिएशन के महामंत्री सुनील कुमार पांडेय समेत अन्य पदाधिकारियों के प्रार्थना पत्र पर कायम हुआ है। पहले एफआईआर में संजय बहादुर सिंह राठौर एवं मनोज कुमार के विरुद्ध धारा 500, 504, 506 भादवि एवं दूसरे अभियोग में राजकुमार चौरसिया, विजय कुमार चौरसिया, ठाकुर विजय सिंह, त्रिशूलधारी प्रबंधक, प्रदीप पाल सूर्यवंशी एवं राम आसरे के विरुद्ध धारा 500, 504, 506 आईपीसी एवं धारा 67 आईटी एक्ट में अभियोग पंजीकृत हुआ है।



कोतवाली खलीलाबाद में नारेबाजी करते अधिवक्ता। • हिन्दुस्तान

> अधिवक्ता हापुड़ की घटना के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। कलक्ट्रेट में विधायक धनघटा से अधिवक्ता अपनी बात कहना चाहते थे। परन्तु वे वाहन से उतरे नहीं। इस कारण घेराव हुआ। विधायक के समर्थक सोशल मीडिया एवं फेसबुक पर लगातार अपमान जनक टिप्पणी कर रहे थे जिससे अधिवक्ता आहत हैं। चार दिन पहले एफआईआर करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था। अभियोग पंजीकृत न होने से प्रदर्शन करना पड़ा।
> महीप बहादुर पाल, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष


बाइक जुलूस निकाल प्रदर्शन एवं नारेबाजी करते अधिवक्ता। • हिन्दुस्तान

बाइक जुलूस निकाल कर वकीलों ने किया प्रदर्शन

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। हापुड़ की घटना को लेकर अधिवक्ताओं ने मंगलवार को बाइक जुलूस निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिवक्ता सरकार विरोधी नारेबाजी कर रहे थे। अधिवक्ताओं का यह आन्दोलन हापुड़ लाठीचार्ज के विरोध में 21 दिन से अनवरत चल रहा है।

अधिवक्ता मंगलवार को कचहरी पहुंचते ही सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महीप बहादुर पाल, जनपद बार एसोसिएशन के महामंत्री सुनील कुमार पांडेय एवं सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री चतुर जी शुक्ल के नेतृत्व में एकत्र हुए। पहले चैम्बर के निकट प्रदर्शन करते हुए घूमकर नारेबाजी की। तत्पश्चात आक्रोशित अधिवक्ताओं ने दीवानी न्यायालय परिसर में बाइक जुलूस निकाला। अधिवक्ताओं का बाइक जुलूस कचहरी से कांशीराम स्टेडियम होते तहसील में पहुंचा। बाइक जुलूस में पूर्व अध्यक्ष शशि कुमार ओझा, पूर्व अध्यक्ष नवनीत कुमार पांडेय, पूर्व महामंत्री राकेश जी मिश्र, पूर्व महामंत्री दुर्गेश नरायन मिश्र, दिनेश चन्द्र राय, निरंजन सिंह, शत्रुघ्न यादव, केसी पांडेय, राकेश पाठक, रवि तिवारी, विश्वम्भर दयाल, अवधेश पांडेय, पृथ्वी यादव, प्रमोद, हेमन्त मिश्र, विरेन्द्र सिंह, अरुण श्रीवास्तव, शकील अहमद, निखाज अहमद, आनन्द रहे।

अधिवक्ताओं पर भी पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को तहरीर मिलने पर अधिवक्ताओं के विरुद्ध गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज किया है। हालांकि कोतवाली पुलिस की तरफ से अभी इस मुकदमे की पुष्टि नहीं किया गया है। वादी सुदर्शन चौहान ने थाने पर तहरीर दिया है। जिसके आधार पर पुलिस ने पांच नामजद एवं दर्जनों अज्ञात अधिवक्ताओं के विरुद्ध में मुकदमा कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दिया है। जबकि कोतवाल रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि विधायक से दुर्व्यवहार आदि अन्य आरोप में तहरीर मिली है, जिसकी जांच किया जा रहा है।

छेड़खानी से तंग दो छात्राओं ने छोड़ी कबड्डी टीम

चुरेब, हिन्दुस्तान संवाद। खलीलाबाद शहर के हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज में छेड़खानी एवं भद्दे कमेंट से तंग आकर कक्षा नौ की दो छात्राओं ने कबड्डी टीम से अपना नाम वापस ले लिया है।

गोला पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर छात्राओं से स्कूल परिसर में छेड़खानी और भद्दे कमेंट का मामला सामने आया। जहां छेड़खानी और भद्दे कमेंट से तंग आकर दो छात्राओं ने कबड्डी टीम से अपना नाम वापस ले लिया है। पीड़िताओं के अनुसार शिकायत करने पर भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इससे आरोपित अंजाम भुगतने की धमकी दे रहे हैं। जिसके चलते अभद्रता की शिकार बेटियां और उनके अभिभावक सदमे में हैं। एक पीड़िता के अनुसार वह गर्ल्स कबड्डी टीम की सदस्य है। विद्यालय परिसर में कबड्डी की प्रैक्टिस करते समय स्कूल के ही कुछ मनचले लड़के उनके साथ अभद्रता करते हैं। साथ ही गंदे-गंदे कमेंट्स करते हैं। उसने बताया कि शनिवार को भी एक लड़के ने उसके साथ अभद्रता की थी। जब उसने विरोध किया तो उक्त लड़के ने उसे और उसकी छोटी बहन को मार देने की धमकी दी। इसके बाद उसने अपने पिता को फोन किया।

पिता के कहने पर वह कालेज से चंद कदमों की दूरी पर बने गोला पुलिस चौकी पर गई। जहां चौकी प्रभारी ने तत्काल मदद करने के जगह पहले उससे लिखित कंप्लेंट करने को कहा। लिखित कंप्लेंट लेने तक में वह धमकी देने वाला आरोपी भाग गया। सोमवार को विद्यालय के प्रिंसिपल ने पीड़ित लड़की का पक्ष सुनने के बाद उस लड़के को अपने ऑफिस में बुलाया। वह लड़का थोड़ी देर बाद करीब 20 लड़कों के साथ प्रिंसिपल ऑफिस पहुंचा और दादागिरी दिखाने लगा। जिसके बाद प्रिंसपाल ने उसका और इसके साथ विवाद करने वाले दो तीन अन्य लड़कों नाम विद्यालय से काट दिया। नाम काटने से खार खाए उन लोगों ने प्रिंसिपल ऑफिस में बवाल करना चाहा। किसी तरह मामला शांत कराया गया। पीड़िता का कहना है कि उसके ऊपर खतरा बना है। जिसकी वजह से उसने कबड्डी टीम से अपना और अपनी बहन का नाम वापस ले लिया है। परिवार के लोग पढ़ाई छोड़ देने के लिए कह रहे हैं।

> छात्राएं पुलिस को जाकर अपना शिकायत पत्र दें, मामले में पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी। घटना की जानकारी नहीं है। इस संबंध में जांच कराई जाएगी। आरोपितों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सत्यजीत गुप्ता, एसपी

आए दिन होती हैं ऐसी घटनाएं: प्रिंसिपल राम कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय में आए दिन इस तरह को घटनाएं होती हैं। विद्यालय में पढ़ने वाले लड़के बाहरी लड़कों को भी स्कूल का ड्रेस पहनाकर स्कूल में लाते हैं। कई बार ऐसे लडके पकड़े गए हैं। शिक्षक सख्त रवैया अपनाते हैं तो बच्चों के अभिभावक अपने बच्चों की तरफदारी करते हुए शिक्षकों के ऊपर मुकदमा करवा देते हैं। शिक्षक भी भयभीत हैं। लिखित रूप से कोतवाली प्रभारी को सारे मामले से अवगत कराया है। मामलों का सीसीटीवी फुटेज भी सीओ खलीलाबाद को दे चुका हूं।

शहर के विभिन्न स्थानों से हटवाया अतिक्रमण

संतकबीरनगर। जिले की यातायात पुलिस ने मंगलवार को खलीलाबाद शहर के विभिन्न स्थानों से अतिक्रमण हटवाया। प्रभारी यातायात परमहंस यादव की अगुवाई में पुलिस टीम ने मेंहदावल बाईपास स्थित मोड़ से फुटपाथ के कब्जे हटवाए। सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों का चालान किया। साथ ही साथ फुटपाथ पर अतिक्रमणकारियों को दुबारा अतिक्रमण करने पर विधिक कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी।

वारंटी को पकड़कर पुलिस ने भेजा जेल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने एक वारंटी अभियुक्त को पकड़कर कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद जेल रवाना कर दिया। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त रामअनुज पुत्र रामअचल निवासी बूधाकला को गिरफ्तार कर समस्त वैधानिक कार्रवाई पूर्ण करने के बाद संबंधित न्यायालय प्रस्तुत कर जेल रवाना कर दिया।

पीस कमेटी के बैठक का हुआ आयोजन

बेलहर। बेलहर थाने पर मंगलवार को पीस कमेटी के बैठक का आयोजन हुआ जिसमें सभी को शांति पूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की गई। एसओ राम वशिष्ठ ने कहा कि आगामी त्योहार को सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। इसमें किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। बेलहर थाना क्षेत्र में कुल 12 जुलूस निकाले जाएंगे जिसके लिए सभी पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है।

विभिन्न मामले में नौ आरोपितों पर कसा शिकंजा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने विभिन्न मामले में नौ आरोपितों को पकड़कर उनके विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई करके कानूनी शिकंजा कसा। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध धर पकड़ के लिए चलाए गए अभियान के तहत पुलिस टीम ने कई स्थानों पर दबिश दी। पुलिस ने चार और थाना मेंहदावल पुलिस ने पांच आरोपितों को दबोचकर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

अवैध खनन में फंसे पूर्व मंत्री के दो बेटों पर लगा जुर्माना

- 30 दिन के अंदर जुर्माना राशि जमा न करने पर जारी की जाएगी वसूली पत्र
- नोटिस जारी होने पर इन्होंने जवाब में मिट्टी खनन किए जाने की बात स्वीकार की
- प्रधान की शिकायत पर खनन अधिकारी ने करीब एक माह पूर्व की थी जांच

जासं, संतकबीर नगर : प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे दिवंगत मुलायम सिंह यादव के शासनकाल में स्वर्गीय रामआसरे पासवान लघु सिंचाई राज्य मंत्री थे। इनके दो बेटे नरेंद्र पासवान व सुरेंद्र पासवान अवैध मिट्टी खनन के मामले में फंसे हैं। नोटिस जारी होने के बाद दिए गए जवाब में इन्होंने अवैध रूप से मिट्टी खनन किए जाने की बात स्वीकार कर ली है। जिला प्रशासन ने इन दोनों पर 84 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। 30 दिन के अंदर जुर्माना राशि जमा न करने पर वसूली पत्र जारी कर दी जाएगी।

खलीलाबाद ब्लाक के ग्राम पंचायत खरवनियाकला की प्रधान बिंदु देवी ने पांच अगस्त को संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दी थीं। उन्होंने आरोप लगाया था कि खलीलाबाद ब्लाक के रइमा (मैनसिर) गांव निवासी पूर्व लघु सिंचाई राज्य मंत्री के बेटे नरेंद्र पासवान व सुरेंद्र पासवान ने उनके गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास अवैध रूप से मिट्टी खनन किए हैं। इस पर खनन निरीक्षक एनके महतो ने 14 अगस्त को गांव में पहुंचे थे। जांच के दौरान बिना अनुमति के अवैध रूप से 3,024 घन मीटर मिट्टी खनन किया जाना पाया था। ये दोनों दोषी पाए गए थे। उन्होंने जांच रिपोर्ट एडीएम वित्त एवं राजस्व जय प्रकाश को सौंपी थी। इस पर एडीएम ने 16 अगस्त को इन्हें नोटिस जारी कर 30 दिन के अंदर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इन्होंने बीते 12 सितंबर को दिए गए जवाब में अवैध रूप से मिट्टी खनन किए जाने की बात स्वीकार की है। इस पर इनके खिलाफ 84 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है।

30 दिन के अंदर इन्हें जुर्माना राशि जमा करना होगा। ऐसा न करने पर इनके खिलाफ वसूली पत्र जारी कर दिया जाएगा। इसके अलावा उत्तर प्रदेश उप खनिज (परिहार) नियमावली-2021 के नियम-तीन व 58 के तहत विधिक कार्रवाई की जा सकती है।



जय प्रकाश, एडीएम वित्त एवं राजस्व

नाले में मिला किशोरी का शव

- सोमवार को सिकरिया नाले में नहाने के दौरान डूब गई थी गुड़िया
- घर से गायब हो गई थी, पुलिस ने लोगों के सहयोग से खोजा



गुड़िया की मृत्यु के बाद रोते-बिलखते स्वजन • जागरण

जासं, बखिरा, संतकबीर नगर : बखिरा थाना के कौड़िया गांव की किशोरी का शव मंगलवार को सुबह के समय सिकरिया नाले में मिला। सोमवार को शाम के समय नाले में नहाने के दौरान वह डूब गयी थी। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिली थी। घटना के बाद स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है।



गुड़िया • फाइल फोटो

कौड़िया गांव की 11 वर्षीय महिमा पुत्री बलजीत, 12 वर्षीय काजल पुत्री जगदीश व 15 वर्षीय गुड़िया पुत्री मुन्नीलाल सोमवार को शाम के करीब चार बजे लकड़ी बीनने के लिए गयी थी। इसी दौरान तीनों गांव के पूरब सिकरिया नाले में स्नान करने के लिए उतर गईं। तभी नाले के तेज बहाव में तीनों बहने लगीं। काजल व महिमा तैरकर बाहर निकल गयी लेकिन गुड़िया ऐसा नहीं कर सकी, वह नाले में डूब गयी। सूचना मिलने पर आसपास के कई लोग मौके पर पहुंचे। इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से गुड़िया को नाले से निकालने के लिए प्रयास किया लेकिन इसमें असफल रहे। कुछ बच्चों ने मंगलवार को सुबह करीब सात बजे नाले में गुड़िया का शव देखा। इनके शोर मचाने पर कई लोग पहुंचे। इसकी सूचना पुलिस को दिए। पुलिस कर्मियों के साथ थानाध्यक्ष श्याम मोहन मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मुन्नीलाल की चार बेटी व तीन बेटे हैं। इसमें गुड़िया दूसरे नंबर की थी। वह पिता व मां संगीता की लाडली थी। तीनों भाई व बहनें भी उसे बहुत प्यार करते थे। परिवार के किसी सदस्य ने यह कल्पना नहीं की थी कि वह यूं उनका साथ छोड़ देगी। परिवार को गहरा सदमा देगी। बहरहाल माता, पिता, भाई, बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

किशोरी से दुष्कर्म का केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

बेलहर। क्षेत्र के एक गांव में आरोपी युवक ने किशोरी से दुष्कर्म किया। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, एससी एसटी और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया।

दिए गए तहरीर में पीड़िता की मां ने आरोप मढ़ा है कि सोमवार रात उसकी नाबालिग पुत्री नित्य क्रिया के लिए गांव के बाहर गई थी, जिसके बाद गांव के ही एक युवक ने पीछे से पहुंचकर लड़की का मुंह दबाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

घटना के बाद घर पहुंची लड़की ने मां से आपबीती बताई, जिसके बाद पीड़िता की मां ने बेलहर थाने पर पहुंचकर घटना की तहरीर दी तथा आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म, एससी एसटी व पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

इस संबंध में एसओ राम वशिष्ठ ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी।

सड़क के किनारे किए अतिक्रमण को हटवाया

जासं, संतकबीर नगर : यातायात प्रभारी की टीम ने मंगलवार को खलीलाबाद शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। उन्होंने सड़क के किनारे अतिक्रमण हटवाया। उन्होंने दोबारा अतिक्रमण करने पर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी। इससे पटरी पर दुकान लगाने वाले छोटे कारोबारियों में खलबली मची रही।



खलीलाबाद बाईपास के पास अतिक्रमण हटवाते यातायात प्रभारी परमहंस (मध्य में) • जागरण

यातायात प्रभारी परमहंस की टीम ने मंगलवार को खलीलाबाद शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया। खलीलाबाद बाईपास के आशीर्वाद मोड़ से गोकुल मोड़ तक सड़क के किनारे किए गए कब्जे को हटवाया। दोबारा अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी। इसके अलावा सड़क पर खड़े वाहनों का चालान किया। उन्होंने दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों से कहा कि सड़क पर वाहन न खड़ा करें, जिससे जाम की समस्या उत्पन्न हो, आवागमन प्रभावित हो।

त्योहार में खलल डालने पर कार्रवाई

जासं, सांथा, संतकबीर नगर : बेलहर थाने पर मंगलवार को शांति समिति की बैठक हुई। थानाध्यक्ष राम वशिष्ठ ने कहा कि आगामी त्योहार को सभी लोग शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं। थाना क्षेत्र में कुल 12 स्थानों पर जुलूस निकाले जाएंगे। जिसके लिए सभी पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र में रहेंगे। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि गणेश चतुर्थी व ईद-ए-मिलादुन्नबी लोग एक-दूसरे की भावना का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं। इसमें खलल डालने वालों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

छेड़खानी से तंग आकर तीन छात्राओं ने कबड्डी टीम छोड़ी

स्कूल आने-जाने के दौरान चौराहों पर मौजूद मनचले छात्राओं पर करते हैं गंदी टिप्पणियां

- हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज की छात्राओं का आरोप कि पुलिस ने नहीं सुनी उनकी बात
- लोग शिकायत करने पर परिणाम भुगतने की दे रहे धमकी, मनचलों का बढ़ रहा हौसला

आगरण संवाददाता, संतकबीर नगर : हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज की तीन छात्राओं ने छेड़खानी और गंदी फब्तियों से तंग आकर कालेज की कबड्डी टीम छोड़ दी है। उनका आरोप है कि स्कूल आने-जाने और कबड्डी अभ्यास के दौरान मनचले उनके साथ छेड़खानी करते हैं। विरोध करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी देते हैं। इस बात की शिकायत पुलिस से भी की गई, लेकिन उसने कोई कार्रवाई नहीं की। हालांकि इस मामले में कालेज प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए तीन छात्रों का नाम काट दिया है। इसके साथ ही बाहरी मनचलों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पुलिस को मौखिक सूचना भी दी है।

पीड़ित बालिकाओं का आरोप है कि शिकायतों पर पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे मनचलों का हौसला बढ़ रहा है। वह लोग शिकायत करने पर परिणाम भुगतने की धमकी भी दे रहे हैं। एक बालिका ने बताया कि उसकी कबड्डी के खेल में आगे बढ़ने की इच्छा है। इसी कारण उसने अपना व अपनी बहन का नाम विद्यालय की टीम में शामिल करवाया था।

उसने बताया कि विद्यालय परिसर में अभ्यास के दौरान कुछ लड़के सभी बालिकाओं पर गंदे कमेंट करते हैं। शनिवार को भी कुछ लड़के ने इस प्रकार की हरकत की। विरोध जताने पर उसे और उसकी छोटी बहन को जान से मारने की धमकी दी गई। मोबाइल पर उसने अपने पिता को घटना की जानकारी दी। उसके पिता विद्यालय पर पहुंचे। तो वह उनके साथ गोला पुलिस चौकी पर पहुंची। बालिका का कहना है कि पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करने से पहले लिखित शिकायती पत्र देने को कहा। इस प्रक्रिया में विलंब होने से आरोपित भागने में सफल रहे। सोमवार को उसने विद्यालय के प्रधानाचार्य से शिकायत की। प्रधानाचार्य ने उसका पक्ष सुनने के बाद आरोपित लड़के को कार्यालय में बुलाया।

थोड़ी देर बाद वह लड़का अपने 20 अन्य साथियों के साथ लेकर वहां पहुंच गया और तेज आवाज में बात करने लगा। इसे लेकर प्रधानाचार्य ने आरोपित लड़के व उसके दो साथियों का नाम विद्यालय से काट दिया। नाम काटने को लेकर आरोपित ने प्रधानाचार्य से विवाद करने का प्रयास किया।

विद्यालय के शिक्षकों के जुट जाने से मामला शांत हुआ। पीड़ित बालिका का कहना है कि पुलिस का व्यवहार गैर जिम्मेदाराना सामने आने से उसके ऊपर खतरा बना हुआ है। इसी कारण उसने अपना व अपनी बहन का नाम कबड्डी टीम से वापस लेने का निर्णय लिया। डर से परिवार के लोग पढ़ाई छोड़ने की भी बात कह रहे हैं।

इसके साथ ही एक अन्य छात्रा ने भी टीम से अपना नाम वापस ले लिया है।

शौच के लिए गई किशोरी के साथ दुष्कर्म

जासं, सांथा, संतकबीर नगर : शौच के लिए गई बेलहर थाना के एक गांव की किशोरी के साथ गांव के ही युवक ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करके उसकी तलाश में जुटी है। बेलहर थाना के एक गांव की किशोरी सोमवार की रात करीब नौ बजे घर से बाहर शौच के लिए निकली थी। इस दौरान उसके गांव का युवक ने पीछे से उसे पकड़ लिया। झाड़ी में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित किशोरी घर पहुंचने पर मां को इसके बारे में जानकारी दी। मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित रोशन सिंह के खिलाफ दुष्कर्म, एससी-एसटी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष राम वशिष्ठ ने कहा कि जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

दुष्कर्म के आरोपित के घर चस्पा की नोटिस

जासं, बखिरा, संतकबीर नगर: बखिरा पुलिस ने फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपित महला गांव निवासी शकील अहमद के घर नोटिस चस्पा की है। उप निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि आरोपित के खिलाफ किशोरी के साथ दुष्कर्म व पास्को की धारा में मुकदमा दर्ज है। यदि आरोपित जल्द न्यायालय में पेश न हुआ तो चल-अचल संपत्ति की कुर्की की कार्रवाई की जा सकती है।

कुछ बाहरी मनचले हैं जो स्कूल की ड्रेस पहनकर अराजकता फैला रहे हैं। इस बारे में पुलिस को भी सूचना दी गई है। छात्राओं के कबड्डी अभ्यास के दौरान छेड़छाड़ का मामला आने के बाद उन्होंने कालेज के तीन छात्रों का नाम काटा है। उनके सहयोगियों के बारे में पुलिस को मौखिक सूचना भी दी गई है। कालेज की तीन छात्राओं ने कबड्डी टीम से अपना नाम वापस ले लिया है।

रामकुमार सिंह, प्रधानाचार्य, हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज

बेटियों के साथ यदि कोई गलत कर रहा है तो यह गंभीर मामला है। पीड़ित तत्काल कोतवाली पहुंचे, आरोपियों पर मामला दर्ज कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वह स्वयं इस मामले को देखेंगे, जो भी गलत होगा उसे छोड़ा नहीं जाएगा।

सत्यजीत गुप्ता, पुलिस अधीक्षक

अवैध मिट्टी खनन के मामले में पूर्व मंत्री के दोनों बेटों पर जुर्माना

30 दिन के भीतर जमा करें जुर्माना, वरना जारी होगा वसूली प्रमाण पत्र

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। अवैध मिट्टी खनन में दोषी पाए गए पूर्व मंत्री स्वर्गीय राम आसरे पासवान के दोनों बेटों नरेंद्र पासवान और सुरेंद्र पासवान पर 84 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। यह कार्रवाई डीएम महेंद्र सिंह तंवर के आदेश पर हुई है। दोनों को निर्देश दिया है कि 30 दिन के भीतर अर्थदंड की रकम जमा कराएं। निर्धारित समय में अर्थदंड न जमा करने पर वसूली प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाएगा।

डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि खलीलाबाद क्षेत्र के खरवनियां कला की प्रधान बिंदू देवी और उनके प्रतिनिधि अनुज सिंह ने पांच अगस्त को संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र दिया था। इसमें कहा था कि गांव के प्राथमिक विद्यालय के दक्षिण में सटे रइमा मैनसिर निवासी पूर्व मंत्री स्वर्गीय राम आसरे पासवान के बेटे नरेंद्र पासवान और सुरेंद्र पासवान का खेत है। वह दोनों लोग अपने खेत से करीब 10 फिट से अधिक मिट्टी खुदवा दिए हैं। इससे विद्यालय और काली मंदिर की दीवार गिरने की स्थिति में आ गई है। 14 अगस्त को खनन निरीक्षक नरेश कुमार महतों ने जांच की थी।

जांच में अवैध मिट्टी खनन की शिकायत सही पाई गई। इसके बाद पूर्व मंत्री के दोनों बेटों को नोटिस जारी किया गया। 12 सितंबर को दोनों ने अपना स्पष्टीकरण दिया। दोष सिद्ध हो जाने पर नरेंद्र पासवान और सुरेंद्र पासवान के खिलाफ 84 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया।


अवैध खनन : पूर्व मंत्री के बेटों ने स्कूल-मंदिर को खतरे में डाला


नोटिस मिला तो पूर्व मंत्री के बेटे भरवाने लगे गड्ढा

20 अगस्त व 30 अगस्त को प्रकाशित खबर

गाड़ी का टकराना तो था बहाना असली मकसद वर्चस्व जमाना

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। सपा की साइकिल रैली में सोमवार को बखिरा क्षेत्र में गाड़ी आगे-पीछे करने पर सपा के दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। इस बीच भगदड़ मच गई। कई लोगों की बाइकें भी टकरा गईं।

मामला पुलिस तक नहीं पहुंचा, लेकिन यह घटना चर्चा का विषय रहा। बताया जाता है कि पूरा विवाद पार्टी में गुटबाजी का नतीजा है। साइकिल रैली के दौरान नेताओं की गाड़ियों के टकराने से अंदर की सुलगती आग भड़क गई।

मंगलवार को साइकिल यात्रा विधानसभा क्षेत्र धनघटा में प्रवेश की, जहां जगह-जगह गोलबंद होकर सपाई खड़े नजर आए। लोकसभा चुनाव भले ही दूर है, लेकिन संभावित दावेदार सपा की ओर से तैयारी करने में जुटे हुए हैं। अलग-अलग खेतों में सपाई प्रदेश नेतृत्व की नजर में बने रहने के लिए जमीनी कम, लेकिन मीडिया में पकड़ बराबर बनाए रखते हैं।

आपसी मनमुटाव बना रहता है। सोमवार को मेंहदावल विधानसभा क्षेत्र में साइकिल यात्रा निकाली गई। बखिरा क्षेत्र में साइकिल यात्रा जब लौट रही थी तो बघौली ब्लॉक गेट के सामने वाहन को आगे-पीछे करने पर एक पूर्व विधायक और एक पूर्व एमएलसी के समर्थक भिड़ गए।

दोनों पक्षों के बीच मारपीट के दौरान भगदड़ मच गई। मामले को शांत कराने के लिए पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। सपाइयो के बीच हुए विवाद से जुड़ा वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वैसे दोनों खेमे के समर्थक पुलिस तक प्रकरण नहीं पहुंचाए और शांत बैठ गए। सपा से जुड़े कुछ कार्यकर्ताओं ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह विवाद लोकसभा टिकट की मजबूत दावेदारी को लेकर है।

इसी वजह से लोग वर्चस्व दिखाने में जुट हुए हैं। सपा के बीच गुटबंदी भी तेज हो गई है। इसका असर चुनाव पर भी पड़ने लगा है। शीर्ष नेतृत्व यदि समय रहते सही कदम नहीं उठाया तो इसका परिणाम आगामी लोकसभा चुनाव में भी पार्टी को भुगतना पड़ सकता है।

सपाइयों के बीच हुआ विवाद रहा चर्चा का विषय

साइकिल यात्रा के जरिए भाजपा सरकार की नाकामियों को जनता के बीच पहुंचाया जा रहा है। कहीं कोई विवाद नहीं हुआ था। विपक्षी मनगढ़त कहानी गढ़कर दुष्प्रचार कर रहे हैं। सपा में कोई गुटबाजी नहीं है। कार्यकर्ता एकजुट हैं और सपा की मजबूती के लिए काम कर रहे हैं। **- अब्दुल कलाम, जिलाध्यक्ष, सपा**

सोमवार को सपा की साइकिल यात्रा के दौरान बघौली ब्लॉक गेट के पास विवाद की सूचना तो मिली थी, लेकिन तहरीर नहीं मिली है। यदि इस प्रकरण में कोई तहरीर मिलेगी तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। **- संतोष कुमार सिंह, एएसपी**

मॉनीटरिंग सेल की पैरवी से तीन माह में चोरी के तीन मामलों में दोषियों को हुई सजा

संतकबीरनगर। मॉनीटरिंग सेल की प्रभावी पैरवी से जून से अगस्त तक चोरी के तीन मामलों में कोर्ट ने तीन दोषियों को कारावास व अर्थदंड से दंडित किया। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि कोर्ट ने चोरी के मामले में दोष सिद्ध मोहम्मद अरमान को एक जून को जेल में बिताई गई अवधि व 4,000 रुपये के अर्थदंड का दंडा वेश पारित किया गया। अर्थदंड न अदा करने पर तीन दिन के अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। इसी तरह चोरी के ही दूसरे मामले में कोर्ट ने दोष सिद्ध दीनानाथ को छह जुलाई को एक वर्ष चार माह का कारावास व 1,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड न अदा करने पर 15 दिन के अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। चोरी के ही तीसरे मामले में कोर्ट ने दोष सिद्ध हरिश्चन्द्र सिंह को तीन अगस्त को 10 दिन का साधारण कारावास व 5,00 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड न अदा करने पर सात दिन के अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। संवाद

शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं त्योहार : थानाध्यक्ष

बेलहर। पीस कमेटी की बैठक मंगलवार को थाने में हुई, इसमें गणेश चतुर्थी तथा ईद-ए मिलादुन्नबी को शांति पूर्ण मनाए जाने की अपील की गई। एसओ राम वशिष्ठ ने कहा कि त्योहार को सभी लोग शांतिपूर्ण मनाएं। इसमें किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। थाना क्षेत्र में कुल 12 जुलूस निकाले जाएंगे, जिसके लिए पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। पुलिस कर्मी क्षेत्र में बने रहेंगे, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। त्योहारों में खलल डालने वालों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि अशांति फैलाने की जानकारी मिलने पर पुलिस को तत्काल सूचित करें। संवाद

देवरानी ने ननद पर मारपीट का आरोप मढ़ा, चार पर केस

बखिरा। रिश्ते अब घर की चहार दीवारी के भीतर अपनेपन की भावना से वंचित हो रहे है। नजदीकी रिश्ते भी अब आपसी खटास की वजह से थाने तक पहुंच रहे है। ऐसा ही एक मामला मंगलवार को नगर पंचायत बखिरा के नाऊटोला में सामने आया। जिसमें ननद- देवरानी के बीच हुए विवाद की वजह से पुलिस ने सगे भाइयों समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

नाऊटोला, बखिरा निवासी अफसाना खातून पत्नी नूर आलम ने बताया कि 15 सितंबर को दिन में 11 बजे जरीना समेत चार लोग उसके दरवाजे पर चढ़कर रंजिशन उसे लात-घूसे से मारने-पीटने लगे व रस्सी से गला कसकर जान से मारने की कोशिश किए। संवाद

फर्जी पासपोर्ट : 26 आरोपियों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी

फर्जी पासपोर्ट से 47 लोगों के विदेश जाने का मामला, 11 आरोपी जा चुके हैं जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। फर्जी पासपोर्ट के सहारे 47 लोगों के विदेश जाने के मामले में पुलिस ने 26 लोगों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया है। प्रकरण में 11 आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं।

एसपी सत्यजीत गुप्ता के पासपोर्ट सत्यापन में अनियमितता की शिकायत पर पूर्व सीओ अंशुमान मिश्रा से जांच कराई थी। जांच में वर्ष 2021-21 में कुल 101 पासपोर्ट के सत्यापन में हेराफेरी का मामला सामने आया था। 96 ऐसे लोगों के पासपोर्ट का सत्यापन कर दिया गया था, जो दर्शाए गए पते पर रहते ही नहीं थे और वे लोग दूसरे जिले के निवासी हैं। इसमें कई लोगों का नाम, पता गलत दर्शाया गया है। इसके अलावा कई ऐसे लोगों का पासपोर्ट सत्यापन कर दिया गया, जिनके खिलाफ आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

सात मार्च को इस मामले में पासपोर्ट सेल के आरोपी दरोगा कामेश्वर मिश्रा, एलआईयू के मुख्य आरक्षी मनोज पटेल और बिचौलिए वीरेंद्र यादव के खिलाफ कोतवाली में भ्रष्टाचार, जालसाजी आदि धाराओं में केस दर्ज हुआ था। इस प्रकरण में अप्रवासन ब्यूरो दिल्ली की रिपोर्ट ने पुलिस को चौंका दिया है।

गलत नाम-पता दर्शाकर पासपोर्ट बनवा कर विदेश गए लोग किए गए चिह्नित

47 लोग फर्जी पासपोर्ट के सहारे दुबई, बैंकाक, रूस, कुवैत, इराक, थाईलैंड, यूनाइटेड अरब अमीरात आदि देशों में चले गए हैं। इस प्रकरण में तीन नामजद आरोपी बनाए गए थे, जबकि विवेचना से पुलिस ने 34 आरोपी प्रकाश में आए। इसमें दस आरोपी गिरफ्तार किए गए, जबकि पासपोर्ट सेल का आरोपी दरोगा कोर्ट में हाजिर हुआ था। शेष 26 आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

यह आरोपी भेजे जा चुके हैं जेल: फर्जी पासपोर्ट प्रकरण में आरोपी पासपोर्ट सेल का कामेश्वर मिश्रा कोर्ट में हाजिर हुआ था, जबकि एलआईयू के मुख्य आरक्षी मनोज कुमार पटेल, बिचौलिया वीरेंद्र यादव निवासी बिधियानी, विवेचना से प्रकाश में आए और पकड़े गए

नहीं जा सके विदेश

विवेचना से प्रकाश में आए आरोपी अनुज यादव निवासी तरयापार, महुली, विजय सिंह निवासी जगदीशपुर भलुआन थाना गगहा जनपद गोरखपुर, रणधीर यादव निवासी छपरा थाना गगहा जनपद गोरखपुर, महापाल निवासी दरियाबाद दुधारा, करन निवासी गुलाम मंझरिया कोतवाली, पिंटू यादव निवासी अमीनी खास थाना रुद्रपुर जनपद देवरिया, राजू निवासी नेहरू चौक कोतवाली, वास्तविक नाम पता भोला कुमार पुत्र रंजीत यादव निवासी छपरा गोरखपुर, राघव कुमार निवासी इमिलडीहा कोतवाली, वास्तविक नाम अमरजीत यादव निवासी बेलही थाना भौपगढ़ जनपद गोरखपुर, अकिलेश निवासी गुलाम मंझरिया कोतवाली वास्तविक नाम पता कमलेश यादव निवासी किशुनपुर (खजुरी बाबू थाना गगहा जनपद गोरखपुर, विजय शुक्ला निवासी इमिलडीहा कोतवाली, वास्तविक नाम विजय शुक्ला निवासी मोरवन कुशीनगर आदि शामिल हैं।

तथ्य छिपाकर गलत नाम, पता दर्शाकर फर्जी तरीके से पासपोर्ट बनवाकर 47 लोग विदेश चले गए हैं। इनमें 37 आरोपी चिह्नित किए गए हैं। इसमें से 11 आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं। शेष 26 आरोपियों की गिरफ्तारी शेष है। लुक आउट सर्कुलर के तहत इनकी सूचना अमौसी हवाई अड्डे पर दी गई है। जब यह लोग लौटेंगे, तब संबंधित हवाई अड्डे पर ही पकड़ लिए जाएंगे। अभी इस प्रकरण में विवेचना प्रचलित है। **- सत्यजीज गुप्ता, एसपी**

अरविंद कुमार यादव उर्फ अमन यादव निवासी सकरदेईया थाना गोला जनपद गोरखपुर, अब्दुल सलाम निवासी जातेडीहा दुधारा जनपद संतकबीरनगर, अनिरुद्ध यादव निवासी मटिहानी थाना बडहलगंज गोरखपुर, संजय यादव निवासी करनपुरा थाना रुद्रपुर जनपद देवरिया, राजेंद्र यादव निवासी मन्नीपुर सहडीली थाना गोला बाजार गोरखपुर, गुलाबलाल यादव निवासी गंगाचक थाना मदनपुर जनपद देवरिया, इरफान अहमद निवासी थाना दुधारा, संतकबीरनगर, दीपक यादव निवासी कोल्हुआवारी थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर शामिल है।

विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण

मगहर। गणपति पूजा, दुर्गा पूजा एवं लक्ष्मी पूजा के नजदीक आते ही नगर पंचायत प्रशासन सक्रिय हो गया है। प्रतिमाओं का विसर्जन आमी नदी के निकट बने अस्थायी पोखरे में होता है। इसके मद्देनजर मंगलवार को चेयरमैन प्रतिनिधि नूरुज्जमा अंसारी व अधिशासी अधिकारी वैभव सिंह ने निरीक्षण कर साफ-सफाई कराई। संवाद

पांच घंटे थाने में ठप रहा कामकाज, पुलिस बनी रही मूकदर्शक

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। सोशल मीडिया पर अधिवक्ताओं के खिलाफ हुई टिप्पणी में कार्रवाई किए जाने की मांग कई दिनों से चल रही थी। इसमें पुलिस की ओर से हुई देरी पर मंगलवार को अधिवक्ताओं के सब्र का बांध टूट गया। एकजुट होकर अधिवक्ता कोतवाली पहुंचे और उग्र

पुलिस की ओर से हुई देरी पर टूटा सब्र का बांध

विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस प्रशासन के खिलाफ अधिवक्ताओं का रुख कड़ा था। पांच घंटे तक कोतवाली में अधिवक्ताओं का हंगामा चला। जिसकी वजह से कामकाज ठप रहा।

मंगलवार को दिन में 12 बजे अधिवक्ताओं का हुजूम नारेबाजी करते हुए कोतवाली परिसर में दाखिल हुआ। सिविल बार एसोसिएशन और जनपद बार एसोसिएशन के अधिवक्ता टिप्पणी करने के प्रकरण में दोनों एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की। सिविल बार के अध्यक्ष महीप बहादुर पाल, जनपद बार के अध्यक्ष राकेश सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता शशि ओझा, निरंजन सिंह, चतुर शुक्ल, रण्ण रविंद्र सिंह आदि ने कहा कि जब अधिवक्ताओं का केस दर्ज करने में पुलिस इतनी सुस्ती दिखा रही है तो सामान्य व्यक्ति का केस पुलिस दर्ज कैसे करती होगी।

पुलिस दबाव में आ गई है। इतना सुनते ही अन्य अधिवक्ता साथी उग्र हो गए और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी शुरू कर दिए। कार्यालय के पुलिस कर्मी बाहर निकल आए। तीन थानों के एसओ और तमाम चौकी इंचार्ज चुप लिए गए,लेकिन अधिवक्ता हंगामा करते रहे और पुलिस सिर्फ निहारती रही। यह सिलसिला शाम पांच बजे तक चलता रहा। कोतवाल खुद कंप्यूटर के पास खड़े होकर केस दर्ज कराए और अधिवक्ताओं को दोनों एफआईआर की कॉपी दिए, तब जाकर अधिवक्ता शाम पांच बजे कोतवाली छोड़े। उसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

GONDA POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:-20-09-2023

स्वाट टीम और बड़गांव चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर किया

- पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने महकमे ने किया बड़ा फेरबदल
- पुलिस लाइन में तैनात 25 उपनिरीक्षकों को थानों में दी तैनाती

गोंडा, संवाददाता। एसपी अंकित मित्तल ने एक बार फिर पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल किया गया है। जिसमें स्वाट टीम प्रभारी व बड़गांव चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर किया है। वहीं लाइन में तैनात 25 उपनिरीक्षक को अलग-अलग थानों में तैनाती दी गई है।

मंगलवार को एसपी अंकित मित्तल ने बताया कि जनहित व प्रशासनिक हित में फेरबदल किया गया है। एसपी की ओर से स्वाट व सर्विलांस साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है। इनके स्थान पर पुलिस लाइन में रहे उप निरीक्षक शादाब आलम को तैनाती दी गई है जबकि बड़गांव चौकी प्रभारी अभिषेक पाण्डेय को भी दायित्वों का निर्वहन ठीक से न करने पर एसपी ने लाइन की राह दिखाई है। लाइन में तैनात मनोज कुमार सिंह को चौकी प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक परशुराम सिंह व अवधेश यादव को धानेपुर थाने में तैनाती दी गई है। उपनिरीक्षक विजेंद्र यादव, अशोक त्रिपाठी व अरविंद राय को कोतवाली देहात में भेजा गया है। वीर बहादुर सिंह व महेंद्र यादव को तरबगंज थाने में तैनाती दी गई है। अलाउद्दीन अली, सुरेंद्र प्रताप सिंह व समीर कुमार मिश्र को कोतवाली नगर में तैनाती मिली है।

सरकार भूमि पर कब्जे को बरसाए ईंट पत्थर

मनकापुर। दंबगों ने सरकारी भूमि कब्जा करने के लिए पड़ोसी पर जमकर ईंट बरसाए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी है। इटरौर गांव निवासी पीड़ित मुंशीलाल चौहान के घर के सामने आबादी व कुछ बंजर की भूमि है। इस भूमि का पीड़ित सहन होने के कारण उपयोग कर रहा है। वहीं आरोप है कि गांव के शंकर, प्रेम आदि जो परिवार में काफी संख्या में है तथा दबंग है। जबरन मेरे सहन की तरफ दरवाजा खोलने लगे व जमकर ईंट-पत्थर चलाएं। अपशब्द कहते हुए विपरीत दिशा में दरवाजा खोल लिये। जबकि राजस्व व पुलिस की मौजूदगी में पहले समझौता हुआ था कि शंकर के परिवार का सहन पूरब तरफ है उत्तर तरफ कोई दरवाजा व खिड़की नहीं खोलेंगे।

ब्लॉक प्रमुख के नाम से धन उगाही की कोशिश, केस

- विधायक के ब्लॉक प्रमुख बेटे ने दर्ज कराया केस
- अस्पताल के आर्थो सर्जन पर बनाया बेजा दबाव

तरबगंज, संवाददाता। विधायक के ब्लॉक प्रमुख बेटे मनोज कुमार पांडेय ने अज्ञात साइबर अपराधी के विरुद्ध थाने में तहरीर देखकर मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि उनके नाम से ट्रूकॉलर पर फर्जी तरीके से नाम दर्ज करते हुए कोई शख्स अधिकारियों, कर्मचारियों को फोनकर धन उगाही की कोशिश कर रहा है।

ब्लाक प्रमुख मनोज कुमार पांडेय ने तहरीर में आरोप लगाया है कि उनके नाम का दुरुपयोग करते हुए सरकारी अधिकारियों को तरह-तरह से धमकी देकर नाजायज तरीके से धन की मांग की जा रही है। 17 सितंबर को जिला चिकित्सालय के आर्थो सर्जन डा. अरुण मिश्रा को फोन पर धमकी देते हुए नाजायज काम करने के साथ अनुचित मांग की गई। फोन करने वाले का मोबाईल नम्बर ट्रूकॉलर पर प्रमुख तरबगंज के नाम से प्रदर्शित हो रहा है। इस तरह से अज्ञात साइबर अपराधी जालसाजी व फ्राड करते हुए बदनाम करके मेरी छवि को धूमिल कर रहा है।

हमले में घायल हुए प्रधानपुत्र रेफर

फॉलोअप

- छह लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया गया
- घटना के संबंध में स्थानीय पुलिस कई लोगों से पूछताछ कर रही

कटरा बाजार, संवाददाता। प्रधान पुत्र के ऊपर हुए जानलेवा हमले में घायल के भाई की तहरीर पर पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। घटना के संबंध में स्थानीय पुलिस कई लोगों से पूछताछ कर रही है जिससे मामले को जल्द सुलझाया जा सके।

मामला थाना क्षेत्र में विकास खंड हलधरमऊ के ग्राम पंचायत कलवारी का है जहां के प्रधान भगौती प्रसाद गोस्वामी के बेटे राम कुमार ने सोमवार देर रात को थाने में दर्ज करायी रिपोर्ट में कहा है कि उसका भाई रामदेव बाईक से घरेलू सामान लेकर कटरा बाजार से घर लौट रहा था। गांव के पास नहर पुलिया के पास गांव के ही विपक्षी उसके भाई रामदेव को जान से मारने की नीयत से गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया जहां हालात गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। घायल के भाई राम कुमार ने गांव के सत्य प्रकाश, राम कमल, नानबच्चा, राजेश, राम बहाल व राम सभा निवासी कलवारी के खिलाफ जानलेवा हमले को लेकर शिकायत की है।

प्रधान पुत्र पर हुए हमले से ग्राम प्रधानों में आक्रोश

करनैलगंज। ग्राम कलवारी के प्रधान पुत्र पर हुए जानलेवा हमले से ग्राम प्रधानों में आक्रोश व्याप्त है। मंगलवार को तहसील करनैलगंज में विकासखंड हलधरमऊ के ग्राम प्रधान संगठन की एक आपात बैठक आयोजित की गई। उसके बाद सीओ को ज्ञापन देकर शीघ्र कर्रवाई की मांग की गई। गौरतलब है सोमवार की देर शाम हलधरमऊ ब्लॉक के ग्राम पंचायत कलवारी के प्रधान भगौती प्रसाद गोस्वामी के पुत्र रामदेव गोस्वामी को अज्ञात हमालवर गोली मारकर फरार हो गए थे।

छह सौ छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा

गोण्डा, संवाददाता। स्कूल में पढ़ने वाली छह सौ छात्राओं को स्टूडेंट पुलिस कैडेट के रूप में चिह्नित करके उनको पुलिस के कामों के बारे में और कार्यवाहियों के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। सबसे पहले उन्हें कार्यक्रम के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज प्रजापति और पुलिस अधिकारी चिन्हित स्टूडेंट पुलिस कैडेटों को आत्मरक्षा, मिशन शक्ति, सड़क सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा के साथ ही पुलिस की गतिविधियों के बारे में भी बच्चों को बता. रहे हैं उनको पुलिस के विषय में और उनके द्वारा की जा रही गतिविधियों के विषय में जानकारी रहे और अपने आप को सुरक्षित कर सकें और लोगों को पुलिस के बारे में जानकारी दे सकें। जिले राजकीय बालिका इंटर कॉलिज में पढ़ रही 30 छात्राओं को भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्टूडेंट पुलिस कैडेट कार्यक्रम में स्टूडेंट पुलिस कैडेट के रूप में चिन्हित किया गया है और इन छात्राओं को पिछले कई महीनों से अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज प्रजापति के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन कर इनको जागरूक किया जा रहा है। पुलिस से संबंधित जानकारी दी जा रही है और पुलिस के अधिकारी इनका आकार के आत्मरक्षा, मिशन शक्ति, सड़क सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा के विषयों में जानकारी देते हैं इसके साथ ही पुलिस के अधिकारी पुलिस के गतिविधियों और उनके द्वारा की जा रही कार्रवाई के बारे में भी कैडेटों को बताया जा रहा है और इनको जागरूक किया जा रहा है। यह छात्राएं अपनी पढ़ाई के साथ-साथ स्टूडेंट पुलिस का भी काम सीख रहे हैं और उसी को लेकर के आज कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। एएसपी शिवराज ने बताया कि जिले के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आज जो हमारे स्टूडेंट पुलिस कैडेट हैं। पुलिस के अधिकारी आकर के उनको आत्मरक्षा मिशन शक्ति और सड़क सुरक्षा सामाजिक सुरक्षा के विषय में अवगत कराते रहते हैं।



शहर के जीजीआईसी मे पढ़ रही छात्राओ को पुलिसिंग की जानकारी देने के बाद उनके साथ मौजूद एएसपी शिवराज।

पशु वध के मामले में पुलिस खाली हाथ

परसपुर । ग्राम मरचौर अकबर अली पुरवा के मक्के की खड़ी फसल के बीच से सोमवार को प्रतिबंधित पशु का मुंड व अवशेष मिलने के मामले में पुलिस चौबीस घंटा बीतने के बाद अभी खाली हाथ ही है ।

खेत से बरामद गर्भस्थ मवेशी की मुंड व अवशेष को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पशु पालक के अनुसार रविवार को गांव के बाहर उसके कृषि फार्म पर बधीं मवेशी गायब हो गई । सुबह उसका रक्तरंजित मुंड सहित अवशेष मक्के के खेत में पाया गया । थानाध्यक्ष शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि थाने लाए गए दो लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है ।

600 छात्राओं को वनाया गया स्टूडेंट पुलिस कैडेट

गोंडा : सरकार की संचालित स्टूडेंट पुलिस कैडेट कार्यक्रम के तहत राजकीय बालिका इंटर कालेज की 30 छात्राओं को चिन्हित कर स्टूडेंट पुलिस कैडेट बनाया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि इन्हें आत्म सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाता है। बताया कि जिले की 600 छात्राओं को स्टूडेंट पुलिस कैडेट बनाया गया है। (संसू)

लावारिश शव का कराया अंतिम संस्कार

नवाबगंज (गोंडा)। कस्बे के थाना चौराहे पर एक व्यक्ति की मंगलवार को मौत हो गई। उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई। मामले की जानकारी मिलने पर सभासद ने समर्थकों संग पहुंचकर पंचनामा कराकर उसका अंतिम संस्कार कराया। थाना चौराहे पर मंगलवार दोपहर 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। उसका शव काफी देर तक चौराहे पर ही पड़ा रहा। जानकारी मिलते ही पूर्व सभासद नवाज खान अपने साथियों के साथ वहां पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पूर्व सभासद ने वताया कि वह व्यक्ति काफी दिनों से नगर में घूम रहा था। किसी बीमारी के कारण उसकी मौत हो गई है। वह हिंदू धर्म का है। पुलिस से अनुमति लेने के बाद समर्थकों की मदद से पटपरगंज शवदाह स्थल पर ले जाकर हिंदू रीति रिवाज से उसका दाह संस्कार कराया गया। पूर्व सभासद के साथ इस्लाम अली, संतोष दूवे, राजेश साहू, शिवकुमार निगम, सलमान अली समेत अन्य भी मौजूद रहे। कस्वा चौकी प्रभारी कामेश्वर राय ने वताया कि शव लावारिश हालत में मिला था। काफी प्रयास के बावजूद शिनाख्त नहीं हो सकी। पूर्व सभासद ने अनुमति लेकर उसका अंतिम संस्कार किया है। (संवाद)

पड़ोसी ने चुराए गहने-नकदी, केस

कटरा बाजार (गोंडा)। कटरा बाजार नगर पंचायत के वार्ड नंबर-7 बाबूपुर कटियारी पुरवा निवासी सोनू शुक्ल ने थाने पर तहरीर दी है। इसमें कहा कि सोमवार रात वह अपने कमरे में सो रहा था। रात लगभग दो बजे गांव के विष्णु तिवारी उसके घर के पीछे से चढ़कर छत के रास्ते साड़ी के सहारे अंदर कूद गए। कमरे में रखे पर्स से दस हजार रुपये व बगल के कमरे से बक्सा उठा ले गए। गन्ने के खेत में बक्सा तोड़कर उसमें रखी सोने की दो जंजीर, एक अंगूठी, एक माथबंदी, सोने का हार, पाजेब, करधन व फूल केवर्तन चुरा ले गए।

इंस्पेक्टर करुणाकर पांडेय ने बताया कि सोनू की तहरीर पर गांव के विष्णु तिवारी पर चोरी का केस दर्ज कर लिया गया है। खोजी स्वान भी उसी के घर की तरफ जाकर रुका था। जांच की जा रही है। संवाद



बाबूपुर कटियारीपुरवा में जांच करता डॉग स्क्वायड। संवाद

जेई के घर से नकदी व गहने उड़ाए

गोंडा। नगर कोतवाली क्षेत्र के रानीजोत गांव में पावर कॉर्पोरेशन के जेई के घर में ताला तोड़कर घुसे चोरों ने छह हजार रुपये नकदी व एक लाख रुपये कीमत के गहने पार कर दिए। जेई ने कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। रानीजोत निवासी अनिल कुमार भारती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बहराइच में पावर कॉर्पोरेशन में अवर अभियंता पद पर तैनात हैं। अनिल के मुताबिक वह बाहर गए थे। सोमवार देर रात मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में घुसे चोर आलमारी का लॉक तोड़कर छह हजार रुपये नकदी, सोने की झुमकी, टप्स, कंगन, चेन, करधन व चांदी की पायल चुरा ले गए। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कराई जा रही है। संवाद

राधाकुंड प्राथमिक विद्यालय में चोरी

गोंडा। नगर कोतवाली इलाके में गांधी पार्क स्थित राधाकुंड प्राथमिक विद्यालय में ताला चोरों ने गैस सिलिंडर, वर्तन समेत हजारों से सामान पार कर दिए। मंगलवार सुवह स्कूल पहुंची रसोईया ने प्रधानाध्यापक को घटना की जानकारी दी। प्रधानाध्यापक ब्रजेश कुमार शुक्ल ने नगर कोतवाली में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया जा रहा है। संवाद

अंतिम संस्कार

नवाबगंज : कस्बे के थाना चौराहा पर अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने पर चाईंटोला निवासी समाजसेवी नवाज खान के नेतृत्व में राजेश साहू, संतोष दुबे, इस्लाम अली, विवेक पंडित व अन्य लोगों के सहयोग से दाह संस्कार किया। कस्बा इंचार्ज कामेश्वर राय ने बताया कि थाना चौराहा पर अज्ञात युवक का शव मिला था। समाज सेवियों ने अज्ञात मृतक का दाह संस्कार पटपरगंज स्थित श्मशान घाट पर किया है।(संसू)

अपहृत किशोर बरामद

गोंडा : कौड़िया पुलिस ने अपहृत किशोर को बरामद किया है। बेलहा गांव के रहने वाले राजेंद्र ने दी गई तहरीर में कहा था कि गत दो सितंबर को उसका बेटा घर से कहीं लापता हो गया था। पुलिस ने अपहरण का मुकदमा कर उसकी तलाश की। उपनिरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि वह घर से नाराज हो चला गया था। (संसू)

महिला ने सिपाही पर लगाया अभद्रता का आरोप

संसू, बभनजोत (गोंडा) : खोड़ारे थाना के एक गांव की रहने वाली अनुसूचित जाति की विधवा ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। महिला का आरोप है कि गत सोमवार को बच्चों को लेकर थाने पर शिकायत करने गई थी। थाने पर मौजूद एक मुख्य आरक्षी ने उसके साथ अभद्रता कर उसका हाथ पड़कर लाकअप में बंद करने के लिए ले जाने लगा। 500 रुपये की मांग भी की। इसके बाद रात में दो व्यक्ति उसके घर गए कहा कि सिपाही ने बुलाया था क्यों नहीं गई। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज का कहना है कि पूरे मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

शर्मनाक : नवजात बेटी को शौचालय शीट में दबाया, बचाई गई जान

- ड्यूटी पर रहे फार्मासिस्ट की सजगता आई काम, मार्ग किनारे मिला शव

संसू, गोंडा : बेटियां बेटों से कम नहीं है...यह ज्यादातर जबानी जमा खर्च ही दिखती है। समाज के कुछ लोगों की गलत धारणा ने मंगलवार को दो बच्चियों की जिंदगी को खतरे में डाल दिया। एक की तो जान तो बच गई, लेकिन दूसरी ने दम तोड़ दिया। शर्मनाक घटना मेडिकल कालेज के सर्जिकल वार्ड के पास शौचालय में मंगलवार की सुबह की है। जहां मानवता भी कराह उठी।

यहां हैवान बने अपनों ने ही बेटी पैदा होने पर उसे शौचालय की सीट में दबाकर मारने का प्रयास किया, लेकिन किसी के आने की आहट सुनकर वह उसे छोड़कर भाग गए। एक महिला ने देखा और शोर मचाया तो फार्मासिस्ट एसके आजाद वहां पहुंचे। उन्होंने बताया कि मेडिकल कालेज के महिला सर्जिकल वार्ड के शौचालय में सुबह पांच बजे नवजात मिली। ऐसा लग रहा था कि शौचालय शीट के बीच में कोई दबाकर मारने का प्रयास कर रहा था, आहट सुन हत्यारा कामयाब नहीं हो सका। वह पहुंचे तो देखा नाल लगे नवजात का सिर शीट में दबाया गया है। शरीर नीला पड़ चुका है। प्राथमिक चिकित्सा सेवाएं दी और फिर नगर कोतवाली में तहरीर देकर चाइल्ड लाइन के सिपुर्द कर दिया। बेटी ठीक है। उधर विष्णुपुरी कालोनी मार्ग पर एक नवजात का शव मिला है। यह शव भी बेटी का ही निकला। माना जा रहा है कि प्रसव के बाद बेटी होने के कारण उसे फेंक दिया गया जिसकी जांच पुलिस ने शुरू कर दी है।

महिला की मौत की जांच करेगा विद्युत सुरक्षा निदेशालय

संसू, मसकनवा (गोंडा) : मसकनवा बिजली उपकेंद्र के कुलीबनकट नयनजोत गांव में करंट से महिला की मौत की जांच विद्युत सुरक्षा निदेशालय करेगा। उपखंड अधिकारी मनकापुर आशीष राहुल ने बताया कि घटना की विभागीय जांच कराई जा रही है। घटना को लेकर ग्रामीणों में अभियंताओं के प्रति आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 1998 में गांव में पहली बार बिजली आई थी। गांव में लकड़ी के खंभों व जर्जर तार के सहारे आपूर्ति की जा रही थी। ग्रामीणों ने जर्जर तार बदलवाने के साथ ही खंभा लगवाने की मांग की है।

मुकदमा न कार्रवाई पीड़ित का किया चालान

संसू, हलधरमऊ (गोंडा) : कोतवाली देहात के बरुई गोंदहा गांव के गोमती प्रसाद घर हुई चोरी के मामले में पुलिस ने मुकदमा व कार्रवाई न कर पीड़ित का ही शांति भंग में चालान कर दिया। पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देकर जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। बरुई गोंदहा गांव के मजरा सरदार पुरवा के गोमती प्रसाद ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। पीड़ित ने कहा कि गत 12 अगस्त की रात उसके घर से पांच हजार रुपये व डेढ़ लाख रुपये के आभूषण की चोरी हो गई थी। इसकी तहरीर देहात कोतवाली में दी गई थी।

पीड़ित का कहना है कि न तो उसका मुकदमा लिखा गया और न ही सामान बरामद हुआ है। आरोप है कि पुलिस ने एक कागज पर जबरदस्ती उसका अंगूठा लगवा लिया था। इसके बाद कोतवाली बुलाया। वहां उल्टे ही उसका शांति भंग के मामले में चालान भी कर दिया गया। पीड़ित ने मांग की है कि चोरी के आरोपितों पर मुकदमा लिख कर कार्रवाई की जाए। उपनिरीक्षक रामदेव ने बताया कि जिन लोगों पर चोरी का आरोप है वह उनके नजदीकी लोग हैं। दोनों पक्षों में मारपीट न हो इसलिए चालान किया गया था। कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक महेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि पूरे प्रकरण की जांचकर कार्रवाई की जाएगी।

प्रधानपुत्र के हमलावरों की जल्द कराएं गिरफ्तारी

संसू, हलधरमऊ (गोंडा) : कलवारी गांव के प्रधान भगवती प्रसाद के पुत्र रामदेव के ऊपर हुए हमले को लेकर ग्राम प्रधानों ने नाराजगी जताई है। प्रधान संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में प्रधानों ने हमलावरों के गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रभारी निरीक्षक कटराबाजार को संबोधित ज्ञापन ज्वाइंट बीडीओ प्रदीप कुमार सिंह को सौंपा। ब्लाक अध्यक्ष ने कहा कि हमलावरों की जल्द गिरफ्तारी की जाय। ज्ञापन देने वालों में राकेश कुमार सिंह, गुरबख्श आर्य, विंदेश्वरी तिवारी, अनिलकुमार, जगदंबिका प्रसाद, महेश कुमार, जगन्नाथ सिंह, मंटू सिंह, कुसमा देवी, शेर बहादुर, राम जीवन, बकरीदी शामिल रहे। उधर, कर्नलगंज में प्रधानों ने आपात बैठक कर क्षेत्राधिकारी चंद्रपाल शर्मा को ज्ञापन सौंपा। प्रधानों ने सुरक्षा प्रदान करते हुए घायल के समुचित इलाज के साथ ही पांच लाख रुपए की सहायता दिए जाने की मांग की। अरविंद शुक्ल, रमेश मिश्र, करम चंद मिश्र, रघुनाथ, जमील अहमद उपस्थित रहे।

एसओजी प्रभारी समेत दो लाइन हाजिर, 26 उपनिरीक्षकों की तैनाती

संसू, गोंडा : पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने स्पेशल आपरेशन ग्रुप (एसओजी) प्रभारी संतोष कुमार सिंह व चौकी प्रभारी बड़गांव अभिषेक पांडेय को लाइन हाजिर कर दिया है। वहीं, पुलिस लाइन में तैनात उप निरीक्षक शादाब आलम को प्रभारी सर्विलांस व साइबर सेल बनाया गया है।

उप निरीक्षक परशुराम सिंह को धानेपुर, मनोज कुमार सिंह को चौकी प्रभारी बड़गांव, जितेंद्र यादव व अशोक कुमार त्रिपाठी को कोतवाली देहात, महेंद्र यादव व वीर बहादुर सिंह को तरबगंज, अलाउद्दीन अली, समीर कुमार मिश्र व सुरेंद्र प्रताप सिंह को कोतवाली नगर में तैनाती दी गई है। पूर्णमासी प्रसाद, मोहम्मद यासीन अंसारी, हरिश्चंद पांडेय व चंद्रशेखर को कर्नलगंज, चंद्रिका प्रसाद व वंशीधर तिवारी को छपिया, प्रेमचंद सिंह को खोड़ारे, राधेश्याम दुबे व जय प्रकाश मिश्र को खरगूपुर, लल्लन प्रसाद को मनकापुर, अवधेश यादव को धानेपुर, दयाशंकर यादव व प्रभाकर सिंह को उमरी बेगमगंज और सीताराम यादव को कटराबाजार थाने में तैनाती दी गई है।

जीजीआईसी में 30 स्टूडेंट्स व पुलिस कैडेट को प्रशिक्षण



गोंडा के जीजीआईसी में कैडेटों संग एएसपी व शिक्षक। - संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की 30 छात्राओं को भारत सरकार के स्टूडेंट पुलिस कैडेट के रूप में चिन्हित किया गया है। इन छात्राओं को पिछले कई महीने से अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज प्रजापति के नेतृत्व में प्रशिक्षित कर जागरूक बनाया जा रहा है। इस दौरान इन छात्राओं को आत्मरक्षा, मिशन शक्ति, सड़क सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा के विषयों में जानकारी दी गई। एएसपी ने बताया कि इस दौरान छात्राओं को बताया गया कि किस तरीके से पुलिस प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करती है और किसी सूचना को पुलिस प्रथम सूचना रिपोर्ट के रूप में रजिस्टर्ड करती है।

पुलिस के हत्थे चढ़ा गैंगस्टर

गोंडा। करनैलगंज के प्रभारी निरीक्षक चितवन कुमार ने बताया कि कौड़िया के चैनापुर गांव निवासी विनोद कुमार सिंह के खिलाफ कोतवाली करनैलगंज में गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज कराया गया था। तभी से उसकी तलाश की जा रही थी। मंगलवार को आरोपी विनोद को गिरफ्तार कर लिया गया। (संवाद)

लापता किशोर को खोज निकाला

रुपईडीह (गोंडा)। एक माह से लापता बालक को कौड़िया थाने की पुलिस ने मंगलवार को खोजकर परिजनों के हवाले कर दिया। थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि क्षेत्र के बेलहा रुकमंगदपुर निवासी राजेंद्र प्रसाद का 14 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार चौरसिया 25 अगस्त को लापता हो गया था। उसके पिता ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। काफी तलाश के बाद मंगलवार को उसे मल्लापुर के निकट खोज करके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। (संवाद)

पति समेत तीन पर दहेज उत्पीड़न का केस

नवाबगंज (गोंडा)। क्षेत्र के होलापुर काजी गांव निवासी रोजन ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी का निकाह जून 2020 में गांव के ही छोटू से हुआ था। निकाह के बाद छोटू मुंबई कमाने चला गया और कहा कि लौटने पर विदाई कराएगा। रोजन ने बताया कि जानकारी मिली कि छोटू मुंबई से लौट आया है तो वह बेटी की विदाई की बात करने उसके घर गया। वहां छोटू के पिता मंगरू व चाचा अरशद हुसैन दहेज में बाइक, सोने की चेन व अंगूठी न देने पर विदाई कराने से इनकार कर दिया। दबाव बनाने पर झगड़े पर उतारू हो गए। इंस्पेक्टर मनोज कुमार राय ने बताया कि रोजन की तहरीर पर पति छोटू, उसके पिता मंगरू व चाचा अरशद हुसैन के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

गोवध के आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई पुलिस

गोंडा। तीन दिन पूर्व क्षेत्र के एक गांव में हुए गोवध के मामले में परसपुर पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं। ग्राम मरचौर अकबरअली पुरवा निवासी इंसान अली की गाय रविवार रात गांव के बाहर मड़हे में बंधी थी। जहां से गाय चोरी करके मक्के के खेत में उसका वध कर दिया गया था। इंसान अली ने अज्ञात के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम कर तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तीन दिन बीतने के बावजूद परसपुर पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी। जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने बताया कि की घटना की जांच की जा रही है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। (संवाद)

पांच पर दहेज उत्पीड़न का केस

मुजेहना (गोंडा)। धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भावेनगर निवासी चेतराम की पुत्री सुनीता ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी मस्तराम निवासी पंडरी कृपाल, कोतवाली देहात से तीन मई 2022 को हुई थी। शादी के बाद बाइक, सोने की चेन, भैंस की मांग की जाने लगी। आए दिन उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। उसे पीटकर मायके में छोड़ दिया गया। थानाध्यक्ष सतेंद्र वर्मा ने बताया कि पति मस्तराम, ससुर जमुना प्रसाद, सास रमावती, देवर अनंतराम व ननद ज्योति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

खुद को ब्लॉक प्रमुख बता डॉक्टर को धमकाया

संवाद न्यूज एजेंसी

दिव्यांग प्रमाणपत्र में प्रतिशत बढ़ाने का बना रहा था दबाव

ब्लॉक प्रमुख ने कॉल करने वाले के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

तरबगंज (गोंडा)। राजकीय मेडिकल कॉलेज के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अरुण मिश्र को तरबगंज ब्लॉक प्रमुख के नाम से धमकी देने का मामला सामने आया है। मामले में तरबगंज ब्लॉक प्रमुख ने धमकी देने के आरोपी के खिलाफ थाना तरबगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

तरबगंज विधायक प्रेम नरायन पांडेय के बेटे एवं तरबगंज ब्लॉक प्रमुख मनोज पांडेय ने तरबगंज थाने में तहरीर दी है। इसमें बताया कि आरोपी ने अपने मोबाइल नंबर 9455096796 के ट्रू-कॉलर की सेटिंग में ब्लॉक प्रमुख तरबगंज लिख रखा है। इस नंबर से अधिकारियों को फोन करके धमकी देने के साथ ही नाजायज तौर पर रकम मांगी जा रही है। आरोपी ने रविवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज के अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ. अरुण मिश्र को फोन करके खुद को तरबगंज ब्लॉक प्रमुख बताते हुए एक व्यक्ति के दिव्यांग प्रमाणपत्र में दिव्यांगता प्रतिशत बढ़ाने का दबाव बनाया। डॉ. अरुण मिश्र ने असमर्थता जताई तो कॉल करने वाले ने उन्हें धमकी दी। इससे पहले भी डॉ. अरुण मिश्र को धमकी दी जा चुकी है। इंस्पेक्टर शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि ब्लॉक प्रमुख मनोज पांडेय की तहरीर पर डॉ. अरुण मिश्र को कॉल करने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सर्विलांस की मदद से आरोपी की तलाश की जा रही है।

आरएएफ व पुलिस किया रूट मार्च



रुपईडीह (गोंडा)। कौड़िया बाजार व गांवों में मंगलवार को रैपिड एक्शन फोर्स व केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने पैदल गश्त कर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। इससे पहले सीआरपीएफ बी-91 बटालियन के निरीक्षक सुरेंद्र कुमार एवं कंपनी कमांडेंट अरुण कुमार तिवारी ने कौड़िया थाने पहुंचकर थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह से क्षेत्र के गांवों की स्थिति, अपराधियों, अराजक तत्वों की जानकारी ली। (संवाद)

निरीक्षक और उपनिरीक्षक लापरवाही में लाइन हाजिर

स्वाट, सर्विलांस एवं साइबर सेल का था चार्ज, 25 दरोगा बदले

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोपी स्वाट, सर्विलांस एवं साइबर सेल के इंस्पेक्टर के साथ ही बड़गांव चौकी प्रभारी को एसपी ने मंगलवार को लाइन हाजिर कर दिया। एसपी ने 25 दरोगाओं की तैनाती में भी फेरबदल किया है।

एसपी अंकित मित्तल ने स्वाट, सर्विलांस एवं साइवर सेल के प्रभारी रहे इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह व बड़गांव चौकी प्रभारी अभिषेक पांडेय को ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में लाइन हाजिर कर दिया है। इसके अलावा

शादाब आलम को सर्विलांस व साइबर का प्रभार व मनोज बने बड़गांव चौकी प्रभारी

उपनिरीक्षक शादाब आलम को पुलिस लाइन से सर्विलांस एवं साइवर सेल का प्रभारी नियुक्त किया है। पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक मनोज कुमार सिंह को बड़गांव चौकी प्रभारी बनाया गया है।

पुलिस लाइन से अवधेश यादव व परशुराम सिंह को थाना धानेपुर, विजेंद्र यादव, अशोक कुमार त्रिपाठी व अरविंद राय को देहात कोतवाली, महेंद्र यादव व वीर बहादुर सिंह को तरबगंज और समीर कुमार मिश्र, अलाउद्दीन अली व सुरेंद्र प्रताप सिंह को नगर कोतवाली में तैनाती दी है।

पुलिस लाइन में तैनात हरिश्चंद्र पांडेय, चंद्रशेखर, मो. यासीन अंसारी व पूर्णमासी प्रसाद को कोतवाली करनैलगंज, वंशीधर तिवारी व चंद्रिका प्रसाद थाना छपिया, प्रेमचंद्र सिंह को थाना खोड़ारे और राधेश्याम दूबे को थाना खरगूपुर में तैनाती मिली है। इसी तरह उपनिरीक्षक लल्लन प्रसाद कोतवाली मनकापुर, दयाशंकर यादव व प्रभाकर सिंह को थाना उमरी बेगमगंज, जयप्रकाश मिश्र को थाना खरगूपुर व सीताराम यादव को थाना कटरा बाजार में तैनाती दी गई है।

शौचालय में मिली नवजात

गोंडा। राजकीय मेडिकल कॉलेज में सर्जिकल वार्ड के शौचालय में मंगलवार को एक नवजात बच्ची लावारिस हालत में पड़ी मिली है। उसे जिला महिला अस्पताल के एसएनसीयू में भर्ती किया गया है।

मेडिकल कॉलेज के आकस्मिक चिकित्सा सेवा में तैनात फार्मासिस्ट आजाद ने बताया कि सोमवार सुबह करीब पांच बजे सर्जिकल वार्ड के शौचालय में एक नवजात के रोने की उन्हें सूचना मिला। महिला स्वास्थ्यकर्मियों के साथ वहां पहुंचे तो देखा कि एक नवजात बच्ची पड़ी थी। बच्ची के शरीर की सफाई कर उसकी नाल काटी गई। इसके बाद महिला अस्पताल के एनएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। नर्सिंग स्टाफ अखिलेश गोस्वामी ने बताया कि बच्ची की हालत में सुधार है। नाल में क्लिप लगा होने से अनुमान लगाया जा रहा है कि उसका जन्म किसी अस्पताल में ही हुआ है। संवाद

कूड़े के ढेर में मिला शव

गोंडा। शहर में टॉमसन चौराहे के समीप कूड़े के ढेर में मंगलवार सुबह नवजात बच्ची का शव पड़ा मिला। देखते ही देखते वहां भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि शव वहां किसने व किन हालात में फेंका? इसकी पड़ताल की जा रही है। संवाद

ये कैसी निर्दयता

नवजात का शव देखकर मौके पर जुटी भीड़ में लोग कह रहे थे कि- आखिर कोई मां-बाप इतना निर्दयी कैसे हो सकता है कि अपने बच्चे को छुट्टा पशुओं व कुत्तों का निवाला बनने के लिए छोड़ दिया। नवजात को वहां मौत के बाद फेंका गया या फिर फेंकने के बाद उसकी मौत हुई? इसे लेकर भी अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है।

BALRAMPUR POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:-20-09-2023

अधेड़ की हत्या में दम्पति व देवर गिरफ्तार

भुसैलवा गांव में युवक को घर बुलाकर लाठी डंडे से पीट कर हुई थी हत्या, आला कत्ल बरामद

कार्रवाई

गौरा चौराहा, संवाददाता। थाना क्षेत्र के भुसैलवा गांव में युवक को घर बुलाकर लाठी डंडे से पीट कर हत्या के मामले में नामजद पति-पत्नी व देवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त आला कत्ल भी बरामद हो गया है।

भुसैलवा में रविवार रात 47 वर्षीय रामकुमार वर्मा को अवैध संबंध के संदेह में घर बुलाकर लाठी डंडे से पीट कर हत्या कर दी गई थी। बेटे रमेश कुमार ने पिता की हत्या में गांव के ही साधु उर्फ हगन पासवान पुत्र तुलसी पासवान, निर्मला पासवान पत्नी साधु पासवान व रामबरन पासवान पुत्र तुलसी पासवान को नामजद किया था। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने 24 घंटे के भीतर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था। गौरा चौराहा थाना की पुलिस टीम रातभर अभियुक्तों की तलाश करती रही। प्रभारी निरीक्षक तेज नरायन गुप्ता के मुताबिक वह उप निरीक्षक कमलेश यादव, किसलय मिश्रा, हेड कांस्टेबल प्रभात कुमार यादव, जितेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, चंद्रशेखर निषाद व महिला कांस्टेबल साक्षी राज के साथ अभियुक्तों की तलाश में लगे थे। भोर प्रहर सूचना मिली कि सभी अभियुक्त सिंघवापुर मोड़ के पास मौजूद हैं। उन्हें कोई साधन मिल गया तो वह नेपाल भाग जाएंगे। पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए उन्हें घेर कर पकड़ लिया। उनकी निशा देही पर घटना में प्रयुक्त दो मोटा डंडा उनके घर में ही बरामद कर लिया गया। एसपी ने पुलिस टीम के कार्यों की सराहना की है।



गिरफ्तार हत्या अभियुक्तों के साथ मौजूद पुलिस कर्मी

रामकुमार के हत्या की पहले से रची गई थी साजिशः पुलिस सूत्रों की मानें तो राम कुमार शराब पीने का आदी था। वह रोज शाम शराप पीकर गांव में हंगामा करता था। रविवार शाम भी उसने गांव में हंगामा किया था। ग्रामीणों की मानें तो राम कुमार देर शाम अपने घर चला गया था। वह घर से कब निकला इसकी जानकारी किसी को नहीं है। पड़ोसियों ने उसकी चीख पुकार सुनी तो हल्ला मचाया। उनके घर वालों को सूचना दी कि राम कुमार को मारापीटा जा रहा है। डायल 112 नम्बर पुलिस पहुंची तो राम कुमार अभियुक्तों के घर लहू लुहान पड़े थे। उन्हें तुलसीपुर स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

- मंगलवार सुबह अभियुक्तों की हुई गिरफ्तारी
- निशानदेही पर घर में रखा आला कत्ल दो मोटे डंडे हुए बरामद

एसपी केशव कुमार ने बताया कि जिले में अपराध करने की छूट किसी को नहीं है। राम कुमार हत्याकांड के सभी आरोपियों को 24 घंटे भीतर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम की इस कार्य के लिए सराहना है।

जिला कारागार का निरीक्षण किया

निर्देश

बलरामपुर, संवाददाता। जिला कारागार का मंगलवार को जिला जज अनिल कुमार झा व जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिली खामियों को दूर करने का निर्देश दिया गया। जेल की व्यवस्थाएं ठीक ठाक पाई गईं। जिस पर अधिकारी संतुष्ट नजर आए।

जिला जज अनिल कुमार झा, डीएम अरविंद सिंह, एसपी केशव कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रीतमाला चतुर्वेदी ने मंगलवार को त्रैमासिक जिला जेल का निरीक्षण किया। जिला जज के नेतृत्व में अधिकारियों की संयुक्त टीम ने यहां निरुद्ध बंदियों के बैरक का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने बंदियों से बातचीत कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। जेल चिकित्सक रत्नेश वर्मा ने अधिकारियों को बताया कि सभी बीमार बंदियों का इलाज किया जा रहा है। अधिकारियों ने पुरुष बैरक संख्या पांच से 12 का निरीक्षण किया। जहां पर भी बंदियों से उनकी समस्याओं को पूछा गया। अधिकारियों ने पाकशाला, महिला बैरक एवं प्रशासनिक आधार पर निरुद्ध बंदियों के बैरक का भी निरीक्षण किया, जिसमें व्यवस्थाएं ठीक मिलने पर अधिकारियों ने जेल प्रशासन की सराहना की। अधिकारियों ने महिला बैरक में महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों को चॉकलेट वितरित किया। जिला जज ने कहा कि महिला बंदी अपने बच्चों का विशेष ध्यान दें। गुणवत्तापूर्ण भोजन व कारागार की सफाई व्यवस्था को भी देखा गया।

दुष्कर्म के दोषी को कारावास

बलरामपुर, संवाददाता। दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने दोषी को 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। दोषी के ऊपर न्यायालय ने 55 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार शुक्ला ने बताया कि थाना कोतवाली देहात में धर्मराज पुत्र मोहन लाल यादव निवासी बेला कौवा किठूरा के विरुद्ध दुष्कर्म सहित अन्य मामले में अभियोग पंजीकृत किया गया था जिसकी विवेचना उप निरीक्षक ओम नारायण मिश्र ने कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। मॉनिटरिंग सेल प्रभारी केके यादव के सफल प्रयास से न्यायालय के समक्ष गवाह प्रस्तुत किया। शासकीय अधिवक्ता शुक्ल ने बताया कि गवाह साक्ष्य के परीक्षण के बाद धर्मराज दोषी पाए गए।

नशीले पदार्थों के रोकथाम के लिए बैठक की

बलरामपुर, संवाददाता। कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को मद्य निषेध एवं आयोजित की गई। डीएम अरविंद सिंह ने सीमा पर विशेष रूप से निगरानी रखने के लिए सशस्त्र सीमा बल को निर्देशित किया। पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम बनाकर अभियान चलाए जाने की बात कही। बैठक के दौरान डीएम ने कहा कि सीमा से लगे गांव में नशीले पदार्थों के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

रामकुमार के हत्यारोपित दंपति समेत तीन गिरफ्तार

संवादसूत्र, गौरा चौराहा (बलरामपुर) : भुसैलवा गांव में रविवार की रात अवैध संबंध के संदेह में 47 वर्षीय रामकुमार वर्मा की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के पुत्र रमेश की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही साधू पासवान, उसकी पत्नी निर्मला व भाई रामबरन पासवान के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। 24 घंटे के भीतर पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक तेज नारायण गुप्त ने बताया कि मृतक के पुत्र रमेश ने आरोप लगाया था कि उसके पिता रामकुमार रविवार की रात धान की रखवाली करने गए थे। निर्मला ने रामकुमार को रात में अपने घर बुलाया था। रमेश अपने भाई राजू व चचेरे भाई नंदलाल के साथ रात करीब एक बजे के रास्ते से आ रहा था। इसी बीच निर्मला पत्नी साधू पासवान के घर के पास शोर सुना तो जाकर देखा कि उसके पिता को साधू, रामबरन व निर्मला लाठी-डंडों से पीट रहे थे। तीनों ने रामकुमार को पीट-मारकर बेदम कर दिया। पिटाई के कारण रामकुमार के पैर की हड्डी टूट गई थी। शरीर में कई जगह गंभीर चोटें आने से मौत हो गई थी। मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही थी। तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

चोरों ने पार किया 1.11 लाख का सामान

बलरामपुर। कोतवाली देहात क्षेत्र के चारो काफरी गांव में चोरों ने एक घर में घुस कर 1.11 लाख रुपये कीमत के सामान पर हाथ साफ कर दिया। इस संबंध में पीड़िता सुनीता देवी नेअज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दी है। इसमें बताया कि बीते 16 सितंबर की रात वह छत पर सो रही थी। करीब एक बजे के बाद कुछ आहट सुनकर वह नीचे आई तो देखा कि घर में रखे 11 हजार रुपये नकद, गैस चूल्हा, सोने- चांदी के कुछ आभूषण व कीमती कपड़े जिनकी कीमत एक लाख रुपये थी, चोरी हो गया। संवाद

महिला ने युवक को चप्पल से पीटा

बलरामपुर। छेड़छाड़ की घटना पर युवक को युवती के चप्पल से पीटने का वीडिया वायरल हुआ है। घटना थाना देहात के हरिहरगंज में तीन दिन पहले हुई है। बीडियो में दिखाया गया है कि एक युवक को चप्पलों से पीट रही है। युवक बार-बार उससे माफी मांग रहा है। वीडियो में तमाम लोगों की भीड़ दिखाई गई है, लेकिन युवक के बचाव में कोई नहीं आया।

बताया जाता है कि थाना देहात क्षेत्र के हंसुआडोल में कुछ लोग मादक पदार्थों की बिक्री का काम करते हैं। बताया जाता है कि गत माह थाना देहात पुलिस टीम ने कुछ महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जिस पर महिलाएं युवक पर नाराज थीं। महिला ने छेड़छाड़ का आरोप लगाकर युवक को बुरी तरह पीटा है। पुलिस का कहना है कि उसे घटना की जानकारी नहीं है।

आत्मरक्षा की दी गई जानकारी

बलरामपुर : मिशन शक्ति अभियान के तहत बेटियों व महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर चौराहों, गांवों व भीड़ वाले स्थानों पर चौपाल लगाकर बेटियों व महिलाओं को सेल्फ डिफेंस के बारे में जानकारी दी गई। (संसू)

बंदियों की सेहत ठीक रखने में न बरतें कोताही

संवाद सूत्र, बलरामपुर : जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों की सेहत ठीक रखने में कोई कोताही न बरतें। जिला जज अनिल कुमार झा, जिलाधिकारी अरविंद सिंह, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रीति माला चतुर्वेदी ने मंगलवार को जिला कारागार का निरीक्षण कर निर्देश दिया।

संयुक्त टीम ने जिला कारागार के अस्पताल बैरक में भर्ती बंदियों की सेहत की जानकारी ली। जेल अधीक्षक रत्नसेन वर्मा ने बताया कि सभी बंदियों की सेहत की निमयित जांच कराई जा रही है। बीमार होने पर उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराकर उनकी उचित देखभाल की जाती है। जिला कारागार के पुरुष बैरक पांच से 12 तक का निरीक्षण किया गया। सभी बंदियों से उनकी समस्याएं पूछी गईं। समस्याओं का निस्तारण कराने का निर्देश दिया गया। पाकशाला, महिला बैरक व एवं प्रशासनिक आधार पर निरुद्ध बंदियों के बैरक का भी निरीक्षण किया गया। सब कुछ ठीक पाए जाने पर टीम ने प्रसन्नता व्यक्त की। बैरक में महिला



जिला कारागार के अस्पताल में भर्ती बंदी से पूछताछ करते जिला जज अनिल कुमार झा ● जागरण

बंदियों के साथ रहने वाले उनके बच्चों को चाकलेट वितरित करके उन्हें दुलारा गया। महिला बंदियों के बच्चों का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया। जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों के लिए शासन स्तर से दी जाने वाली निर्धारित सभी मानकों का पालन करने का सुझाव दिया गया। पाकशाला में गुणवत्तापूर्ण भोजन व संपूर्ण कारागार की साफ-सफाई को देखकर संतोष व्यक्त किया गया। प्रभारी जेल अधीक्षक शैलेश कुमार सिंह सोनकर, उपकारापाल निर्भय सिंह, जन्मेजय सिंह व धीरेंद्र यादव मौजूद रहे।

सीमा सुरक्षा में सेंधमारी से बाज नहीं आ रहे नेपाली

जागरण विशेष

श्लोक मिश्र • बलरामपुर

भारत-नेपाल के रोटी-बेटी का संबंध सदियों पुराना है। अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा के लिए सशस्त्र सीमा बल 24 घंटे मुस्तैद है। फिर भी सोहेलवा जंगल की पगडंडियां नेपाली तस्करों के लिए वरदान हैं। यूं तो वन विभाग व सीमावर्ती थानों की पुलिस सक्रिय है, लेकिन नेपाली सीमा सुरक्षा में सेंधमारी से बाज नहीं आ रहे।

बीते दिनों सोहेलवा में वन्यजीवों को निशाना बनाने आए नेपाली शिकारी सफर को एसएसबी ने गिरफ्तार किया था। इससे पहले भी 690 ग्राम कोकीन के साथ नेपाली महिला व एक करोड़ रुपये के चरस के साथ तस्कर को पकड़ा चुका है। आए दिन वन कटान व नेपाली शराब की तस्करी भी पकड़ी जाती है। इसमें



भारत-नेपाल सीमा की पगडंडियों पर गस्त करते एसएसबी के जवान • जागरण आर्काइव

नेपालियों के साथ भारतीय तस्करों की संलिप्तता भारतीय सुरक्षा में दीमक का काम कर रही है। नेपाली तो गिरफ्तार हो जाते हैं, लेकिन इन्हें संरक्षण देने वाले तस्कर व माफिया की गिरेबां तक खाकी के हाथ नहीं पहुंच रहे हैं।

नहीं थम रही नेपाल से तस्करी : 26 मार्च को पचपेड़वा पुलिस ने 15 बोटा शीशम व सागौन की लकड़ी के साथ नेपाल के कपिलवस्तु जनपद कृष्णानगर के ग्राम हथियागढ़ निवासी दीप कुमार सिंह को देश की सीमा के अंदर गिरफ्तार किया था। उसके पास तमंचा व कारतूस भी बरामद हुआ था। पांच दिसंबर 2022 को पचपेड़वा पुलिस ने 117 लीटर नेपाली शराब के साथ बिजुवा कला निवासी मनीराम व तिलकराम को कर्बला पुल के पास गिरफ्तार किया था। 30 अक्टूबर को पुलिस ने 690 ग्राम कोकीन के साथ नेपाल के जिला दांग थाना गढ़वा के पालिका बेला गुरुंग नाका निवासी दिल कुमारी को गिरफ्तार किया था। पकड़ी गई कोकीन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में सात करोड़ रुपये बताई गई थी। छह अगस्त 2022 को जरवा पुलिस ने 7.967 किलोग्राम चरस के साथ नेपाली तस्कर राज विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया था। आरोपित ककरवा नाका गांव पालिका राजपुर थाना सीरिया जनपद दांग नेपाल का रहने वाला था।

> राष्ट्रविरोधी ताकतों को पस्त करने के लिए सीमा पर जवान मुस्तैद हैं। 24 घंटे सीमा पार से आने-जाने वालों की सघन तलाशी ली जाती है। हमारे लिए देश की सुरक्षा ही सर्वोपरि है।
>
> -उपेंद्र रावत, कमांडेंट एसएसबी

तस्करी में लिप्त लोगों पर करें सख्त कार्रवाई

संवादसूत्र, बलरामपुर : नेपाल सीमा पर तस्करी में लिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई करने का सुझाव जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में दिया है। नशीले पदार्थों की तस्करी को लेकर कार्रवाई में कोई लापरवाही न बरतें, जिससे नशे से होने वाले नुकसान से लोगों को बचाया जा सके।

नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए सीमा पर विशेष निगरानी करें। रोकथाम अभियान चलाकर लिप्त दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए शिकंजा कसें। नशीले पदार्थ की रोकथाम के लिए सीमा पर विशेष रूप से निगरानी सशस्त्र सीमा बल, पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त



नेपाल सीमा पर तस्करी की रोकथाम के लिए निर्देश देते जिलाधिकारी अरविंद सिंह • सौजन्य : सूचना विभाग

टीम द्वारा की जाए। इसके लिए इंटेलिजेंस व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

नेपाल सीमा से लगे ग्रामों में नशीले पदार्थ के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया जाए। नशीले पदार्थ का अवैध व्यापार करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। इसमें तीनों तहसीलों के उपजिलाधिकारियों को वर्चुअल रूप से संबोधित किया। इसमें आबकारी इंस्पेक्टर इंस्पेक्टर अनंत कुमार मिश्र मौजूद रहे।



उतरौला तहसील में अधिवक्ताओं को संबोधित करते संघ के पूर्व मंत्री राकेश श्रीवास्तव ● जागरण

वकीलों के प्रदर्शन से वादकारी हलकान, राजस्व का नुकसान

जागरण टीम, बलरामपुर : हापुड़ की घटना को लेकर मंगलवार को भी वकीलों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया। वकीलों ने बैठक कर हापुड़ जाने के लिए रणनीति तैयार की। वकीलों की हड़ताल से सरकार को राजस्व का चूना लग रहा है। वादकारियों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

अधिवक्ताओं की हड़ताल के कारण बैनामा रजिस्ट्री न होने से सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। मंगलवार को न्यायालय आए वादकारी टहलू ने बताया कि एक अदालत में उनके लड़के का जमानत प्रार्थना पत्र देना है, लेकिन हड़ताल के कारण कई दिन आने पर भी कार्य नहीं हो पा रहा है। वादकारी कृष्ण मुरारी ने बताया कि एक खेत का दाखिल-खारिज कराना है। अधिवक्ताओं की हड़ताल खत्म न होने से इंतजार बढ़ रहा है। दाखिल खारिज न होने से किसान सम्मान निधि के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। जिला बार संघ अध्यक्ष रामानंद मिश्र की अध्यक्षता वकीलों की बैठक हुई। सिविल बार संघ के पूर्व अध्यक्ष श्रवण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 21 सितंबर को हापुड़ में अधिवक्ता महासम्मेलन का आयोजन किया गया है। हापुड़ में निर्णय के बाद अधिवक्ता अगली रणनीति बनाएंगे। कलेक्ट्रेट बार संघ के महामंत्री कमलेश्वर सिंह ने बताया कि 21 तक अधिवक्ताओं का न्यायिक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। हापुड़ की घटना को लेकर अधिवक्ता संघ उतरौला का एक प्रतिनिधिमंडल 21 सितंबर को हापुड़ जाएगा। वहां प्रदेश के अधिवक्ताओं की बैठक होगी, जिसमें सभी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष व मंत्री शामिल होंगे।

21 को महासम्मेलन में भाग लेंगे अधिवक्ता, वैरंग लौटे वादकारी राजस्व का भी हो रहा नुकसान

दो वारंटियों को भेजा जेल

संसू, बलरामपुर : दो वारंटियों को देहात कोतवाली की पुलिस ने जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक जयदीप दुबे ने बताया कि गैंजहवा के मजरा ककरा निवासी शिवराम व ग्राम दुर्गापुर निवास महेश वर्मा को गिरफ्तार किया गया है।

महिला ने चप्पल से युवक को पीटा

जासं, बलरामपुर : हरिहरगंज में महिला ने युवक पर छेड़छाड़ का आरोप लगा सरेराह चप्पल से पिटाई कर दी। तीन दिन पहले हुई घटना का वीडियो तेजी से प्रसिारित हो रहा है।

वीडियो में महिला युवक को चप्पलों से पीट रही है। युवक माफी मांग रहा है। वीडियो में भीड़ भी है, लेकिन युवक के बचाव में कोई नहीं आया। बताया जाता है कि हंसुआडोल में कुछ लोग मादक पदार्थों की बिक्री करते हैं। बीते अगस्त में देहात पुलिस टीम ने कुछ महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस पर महिलाएं युवक पर नाराज थीं। महिला ने छेड़छाड़ का आरोप लगाकर युवक को हरिहरगंज बाजार में पीटा है। प्रभारी निरीक्षक जयदीप दुबे ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है।

अधिकारियों ने किया जेल का निरीक्षण



बलरामपुर। जिला जज, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जिला जेल का निरीक्षण कर बंदियों का हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों को चाकलेट खिलाकर उनकी उचित देखभाल का निर्देश भी जेल प्रशासन को दिया। जिला जज अनिल कुमार झा, जिलाधिकारी अरविंद सिंह व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार मंगलवार को जिला कारागार पहुंचे। त्रैमासिक निरीक्षण के दौरान जिला जज के नेतृत्व में जांच टीम ने जेल चिकित्सक रत्नसेन वर्मा से जेल अस्पताल के मरीजों के बारे में जानकारी भी प्राप्त की। निरीक्षण टीम ने पुरुष बैरक संख्या पांच से 12 तक का निरीक्षण कर जेल में बंद कैदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को भी जाना। संवाद

महिला को पीटने पर केस

बलरामपुर। गैसड़ी थाना क्षेत्र के भवनडीहवा गांव की सकीना बानो ने मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि उसके मायके वालों को जैनब गाली दे रही थी। इसका विरोध करने पर उसे पीटा गया। पुलिस ने सकीना की शिकायत पर मारपीट का केस दर्ज किया है। संवाद

गाली देने से रोकने पर महिला की पिटाई

बलरामपुर। ललिया थाने के मूर्तिहवा घनघटा गांव की जैनब ने तीन लोगों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि वह ललिया जा रही थी, प्रानपुर के पास गांव के ही तीन लोग उसे गाली देकर अभद्रता करने लगे। इसका विरोध करने पर तीनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट भी की। संवाद

नकब लगाकर 70 हजार की चोरी

बलरामपुर। ललिया थाना क्षेत्र के परसिया गोंसाई के जगदंबा प्रसाद ने चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि 16 सितंबर की देर रात नकब लगाकर घर में घुसे चोरों ने 70 हजार रुपये नकद, एक मोबाइल व सोने की माला आदि पर हाथ साफ कर दिया। संवाद

अधेड़ की हत्या में महिला समेत तीन गिरफ्तार

गौरा चौराहा (बलरामपुर)। क्षेत्र के ग्राम भुसैलवा में अवैध संबंध के शक में हुई अधेड़ राम कुमार की हत्या में पुलिस ने एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

तीनों आरोपी कर रहे थे नेपाल भागने की तैयारी

पुलिस के अनुसार हत्यारोपी साधू के साथ ही उसकी पत्नी और भाई राम बरन तीनों नेपाल भागने की तैयारी में थे। इसकी सूचना पर पुलिस ने सिंघवापुर मोड़ के पास घेराबंदी कर तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

बीते रविवार की देर रात खेत की रखवाली करने गए अधेड़ राम कुमार को आरोपी साधू ने घर बुलाया था। इसके बाद परिवार के लोगों ने अवैध संबंध के शक में उसकी पिटाई कर दी।

शोर सुन कर मौके पर पहुंचे राम कुमार के पुत्र रमेश ने इस मामले में साधू व उसकी पत्नी सहित तीन के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया था। तीनों की गिरफ्तारी हो गई है। संवाद

BAHRAICH POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:-20-09-2023

गुंडा एक्ट के नौ अपराधी जिला बदर

बहराइच। जिले में कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बने नौ अपराधियों पर डीएम मोनिका रानी ने गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। सभी को जिला बदर कर दिया गया है। 11 अन्य लोगों को अपने क्षेत्रीय थाने में छह माह तक उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम के आदेश के बाद पुलिस भी सक्रिय हो गई है।

हिन्दुस्त

दिनदहाड़े घर में घुसकर 20 लाख की सम्पत्ति चोरी

बहराइच, संवाददाता। शहर के रायपुर राजा स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा समिति के महामंत्री व एलआईसी प्रतिनिधि के सूने पड़े घर में सोमवार दोपहर बाद दिन दहाड़े चोर घुस गए। चोरों ने पूरे घर को खंगाला। लाखों रुपये की सम्पत्ति, लाइसेंसी रिवाल्वर व कारतूस लेकर चोर फरार हो गए। वारदात की जानकारी होते ही पीड़ित शहर आ गए। जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस फोरेंसिक टीम सहित मौके पर पहुंच गई है। इस मामले में पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।

देहात कोतवाली के रायपुर राजा निवासी एलआईसी प्रतिनिधि व गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कमेटी महामंत्री सरदार भूपेंद्र सिंह का बेटा पत्नी सहित सोमवार को कनाडा जा रहा था। भूपेन्द्र सिंह परिवार सहित उन्हें दोपहर लखनऊ एयरपोर्ट छोड़ने गए थे, घर सूना पड़ा था।

सोमवार दोपहर लगभग चार बजे के आसपास लोगों ने सरदार भूपेंद्र सिंह के घर से तीन युवकों को कूदकर स्कूटी पर सवार होते देख शोर मचाया। तब तक चोर फरार हो गए। लोगों ने मोबाइल पर पीड़ित को चोरी की जानकारी दी, तो वह तत्काल वापस शहर को रवाना हुए। पुलिस को जानकारी दी।

लेखपाल से अभद्रता करने का आरोपित प्रधान भेजा गया जेल

संसू, जरवलरोड(बहराइच) : राजस्व टीम के साथ माडल शाप के जमीन की पैमाइश को गए लेखपाल के साथ दबंग ग्राम प्रधान ने अभद्रता की थी। मामले में लेखपाल राम किशुन की तहरीर पर मुस्तफाबाद के ग्राम प्रधान के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने, लोक सेवक को कार्य से रोकने, गाली-गलौज और धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया गया था। मंगलवार को एसडीएम कैसरगंज के न्यायालय पर उसे पेश किया गया। एसडीएम ने उसकी जमानत अर्जी खारिज कर जेल भेज दिया। मालूम हो कि इलाके के मुस्तफाबाद ग्राम पंचायत में शनिवार को राजस्व विभाग की टीम माडल शाप जमीन की पैमाइश करने पहुंची। ग्राम पंचायत में भूमि चिह्नित करने के बाद राजस्व विभाग की टीम खेसुवा चली गई। खेसुवा के खुइहारे पुरवा में जमीन की पैमाइश करते समय मुस्तफाबाद के ग्राम प्रधान अबू शहमा पहुंच गए। लेखपाल राम किशुन को से गाली गलौज कर धमकाया। हाथापाई कर जानमाल की धमकी दी थी। लेखपाल के सरकारी अभिलेख को फाड़ने का प्रयास किया था।

पहल

सभी थानों की साइबर सेल में पांच-पांच पुलिस कर्मी होंगे तैनात

थाना स्तर पर ही साइबर अपराधों पर लगेगी रोक

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस विभाग ने पहल की है। अब जिले के सभी 23 थानों में साइबर सेल में पांच-पांच पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। इससे साइबर अपराध को थाना स्तर पर ही रोकने का प्रयास किया जाएगा।

हर थाने में इंस्पेक्टर इसके प्रभारी होंगे। एक टीम में सब इंस्पेक्टर, एक हेड कांस्टेबल और एक-एक महिला व पुरुष कांस्टेबल मिलाकर पांच लोग तैनात किए जाएंगे। इस प्रकार 115 पुलिस कर्मी तैनात होंगे। साइबर अपराध होने पर यह टीम तुरंत कार्रवाई शुरू कर देगी और लोगों को जागरूक भी करेगी।

पुलिस कर्मियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

ऑनलाइन शिकायत कर रहे लोग

- साइबर अपराध के लगभग छह शिकायती पत्र रोज आते हैं। जिले में राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल व साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर रोजाना दस से अधिक शिकायतें पहुंच रही हैं। ऐसे में थाना स्तर पर प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों द्वारा साइबर अपराध के मामलों को रोकने का प्रयास करने से लोगों को भी काफी हद तक मदद मिल सकेगी।

जिले में साइबर अपराध की घटनाएं बहुत तेजी से बढ़ी हैं। ब्लैकमेलिंग से लेकर ठगी तक के मामले खूब आ रहे हैं। अभी तक ऐसे मामलों को थाने में शिकायत के बाद मामला जिला मुख्यालय स्थित साइबर सेल के पास भेजा जाता था। यहीं से जांच के बाद थाने में मुकदमा दर्ज किया जाता था। इस पूरी कवायद में साइबर अपराधी पुलिस की पकड़ से दूर चले जाते थे। इधर, साइबर सेल पर दबाव भी काफी बढ़ गया है। एसपी प्रशांत वर्मा के निर्देश पर सभी थानों में साइबर सेल में पुलिस कर्मी तैनात किए जाएंगे।

पुलिसकर्मियों को दी जा रही है ट्रेनिंग

साइबर अपराध को रोकने के लिए प्रत्येक थाना स्तर पर साइबर सेल की टीम में पांच-पांच पुलिस कर्मी तैनात किए जाएंगे। इसके लिए इन पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। साइबर सेल में तैनात होने वाले पुलिस कर्मी ग्रामीण इलाकों में जाकर लोगों को जागरूक भी करेंगे।



-प्रशांत वर्मा, एसपी

पत्नी की पिटाई कर बाल पकड़कर घसीटा, वीडियो प्रसारित

जासं, बहराइच : महिला को मंगलवार को उसके पति ने जमकर पीटा। बाल पकड़कर घसीटा। इस दौरान महिला के दो बच्चे मां को छुड़ाने के लिए लगातार रोते हुए मनुहार करते रहे। पूरे मामले के दौरान लोग मूकदर्शक बने रहे।

इस दौरान किसी पूरी घटना का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। इसके बाद हरदी पुलिस भी हरकत में आ गई। थानाध्यक्ष सूरज कुमार राणा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही है।

चोरों ने रिवाल्वर समेत उड़ाया लाखों का माल, तीन आरोपित गिरफ्तार

नकदी और जेवर किए पार,सीसी कैमरे में कैद हुई थी चोरों की तस्वीर

जासं, बहराइच : अलग-अलग स्थानों पर हुई चोरी की वारदातों में चोरों ने लाखों की नकदी व जेवरात व पिस्टल समेत 20 लाख रुपये से अधिक के सामान पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही घटना का राजफाश करते हुए तीन चोरों को गिरफ्तार कर चोरी का माल भी बरामद कर लिया। पकड़े गए आरोपित दरगाह इलाके के नूरूद्दीनचक के रहने वाले हैं।

कोतवाली देहात इलाके के मुहल्ला रायपुर राजा निवासी सरदार भूपेंद्र सिंह एलआइसी एजेंट हैं। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा प्रबंध समिति के महामंत्री हैं। उनका बेटा कनाडा जा रहा था। सोमवार को सरदार भूपेंद्र सिंह अपनी पत्नी के साथ बेटे को छोड़ने लखनऊ एयरपोर्ट गए थे। इसी दौरान स्कूटी से तीन चोर दीवार फांदकर उनके घर में घुस गए। घर को खंगालकर अलमारी का ताला तोड़ दिया। घर में रखी लाइसेंसी रिवाल्वर, पांच लाख की नकदी, 12 लाख के सोने चांदी के जेवरात समेत लगभग 20 लाख का माल चोरी कर ले गए। चोरी के बाद जब सभी दीवार फांदकर भागने का प्रयास कर रहे थे, तभी मुहल्ले के लोगों ने उन्हें देख लिया। इसके बाद सूचना पीड़ित परिवार को दी। पूरी घटना घर में लगे सीसी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची फारेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलन किया। कोतवाल मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि घटना के राजफाश करने को टीम गठित कर जांच शुरू की गई तो आरोपितों की पहचान दरगाह के नूरूद्दीनचक निवासी इरफान, शेख अफजल व अरशद के रूप में हुई। पुलिस ने चंद घंटों में आरोपितों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान भी बरामद कर लिया।



देहात कोतवाली पुलिस की अभिरक्षा में चोरी के आरोपित • जागरण

चार घरों में चोरी, पुलिस बोली तहरीर नहीं मिली

गजाधरपुर : फखरपुर इलाके के सराय जगना में अलीम, वसीम, इसराख व इकबाल के घरों में चोरों ने धावा बोला। चोरों ने इकबाल के घर से 3500 रुपये समेत 50 हजार के सामान पर हाथ साफ कर दिया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

लेखपाल से अभद्रता करने वाले प्रधान को जेल

जरवलरोड (बहराइच)। मॉडल शॉप की जमीन की पैमाइश करने गए लेखपाल के साथ ग्राम प्रधान ने अभद्रता की थी। सरकारी प्रपत्र फाड़ने का प्रयास किया था। पुलिस ने आरोपी प्रधान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जरवलरोड थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद ग्राम पंचायत में शनिवार को राजस्व विभाग की टीम मॉडल शॉप की जमीन की पैमाइश करने पहुंची। मुस्तफाबाद में भूमि चिन्हित करने के बाद टीम खेसुवा पहुंची। वहां मुस्तफाबाद के ग्राम प्रधान अबु शहमा ने पैमाइश का विरोध करते हुए लेखपाल राम किशुन के साथ अभद्रता की और उन्हें घसीटा था। लेखपाल से सरकारी अभिलेख छीनकर फाड़ने का प्रयास किया था।

प्रकरण में जरवलरोड पुलिस ने ग्राम प्रधान अबु शहमा पर शांतिभंग की कार्यवाही करते हुए एसडीएम न्यायालय भेजा था। वहां एसडीएम पंकज दीक्षित ने ग्राम प्रधान की जमानत खारिज करते हुए उसे जेल भेज दिया। (संवाद)

शराब के साथ दबोचा

बहराइच। खैरीघाट थाना प्रभारी कमलशंकर चतुर्वेदी ने बताया कि मंगलवार को महमूदापुरवा में दबिश देकर इसरार खान को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के पास से 10 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने का उपकरण बरामद किया। आरोपी पर मुकदमा लिख जेल भेज दिया गया। -संवाद

नौ अपराधी जिलाबदर

बहराइच। डीएम मोनिका रानी ने नौ अपराधियों के विरुद्ध गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए छह माह के लिए जिलाबदर कर दिया है। इसके अलावा 11 व्यक्तियों को थाने में छह माह तक उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश दिये गये हैं। डीएम द्वारा जारी आदेश के अनुसार थाना रामगावं अन्तर्गत ग्राम लौकना के फुरकान व मतीन, थाना मोतीपुर के ग्राम मिश्रीपुरवा निवासी संजय, थाना बौण्डी के ग्राम बिसवा बगिया के गुड्डी, थाना रिसिया के ग्राम सिख्खनपुरवा के राम सिंह व थाना फखरपुर के ग्राम परशुरामपुर के मुईद बेग, तौसिब बेग, गुड्डू उर्फ मोहसिन व कादिर को छह माह के जिलाबदर किया गया है। -संवाद

तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

बहराइच। दरगाह थाना प्रभारी हरेंद्र मिश्रा ने बताया कि मंगलवार को पुलिस टीम गश्त कर रही थी, इसी दौरान सूचना पर ईदगाह के पीछे से सलारगंज निवासी अली को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में अभियुक्त के पास से एक तमंचा बरामद हुआ है। आरोपी को जेल भेजा गया है। -संवाद

SHRAWASTI POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:-20-09-2023

26 वाहनों का चालान

श्रावस्ती। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पुलिस की ओर से नियमित वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न थाना क्षेत्र में पुलिस की ओर से अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर वाहनों के मानक चेक किए गए। जिसमें वाहन के कागजात, हेलमेट, तीन सवारी आदि की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 26 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। सभी वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई-चालान कर वाहन स्वामियों पर 71 हजार 600 रुपये का जुमाना लगाया गया।

बाइक बरामद चोर गिरफ्तार

श्रावस्ती। सोनवा पुलिस ने चोरी गई मोटरसाइकिल को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाने लाकर आरोपी को जेल भेज दिया गया। मंगलवार को सोनवा प्रभारी निरीक्षक जीतेन्द्र कुमार सिंह टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण पर निकले थे। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बभन चक शराब भट्ठी के पास एक व्यक्ति के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद किया। बरामद बाइक को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी को एक वर्ष सश्रम कारावास

श्रावस्ती। न्यायालय की ओर से एनडीपीएस एक्ट के आरोपी को एक वर्ष 15 दिन की सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। ऑपरेशन कनविक्शन के तहत पुलिस की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। इसके क्रम में मॉनिटरिंग सेल व विशेष लोक अभियोजक, संयुक्त निदेशक अभियोजन तथा कोर्ट पैरोकार के प्रयास व प्रभावी पैरवी से मंगलवार को एनडीपीएस एक्ट के आरोपी बालकराम सोनकर पुत्र भगौती निवासी प्रतापबली पुरवा थाना सिरसिया को दोषी करार देते हुए एक साल 15 दिन सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। गांजे की बरामदगी के आधार पर आरोपी के विरुद्ध 28 अगस्त 2022 को सिरसिया थाने में मामला दर्ज किया गया था।

40 बोटे खैर की लकड़ी बरामद, चार गिरफ्तार

संसू, श्रावस्ती : भिनगा पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान खैर की लकड़ी लदे डीसीएम वाहन को पकड़ा। वाहन में सवार चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। तलाशी में डीसीएम से 40 बोटे खैर की लकड़ी बरामद हुई।

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। सूचना मिली कि एक डीसीएम वाहन में बिना परमिट ग्रामीण क्षेत्र से काटी गई खैर की लकड़ी लदी है। वाहन मछरिहवा की ओर से जा रहा है। पुलिस टीम को बनघुसरा मोड़ से लगभग डेढ़ किलोमीटर आगे पुलिया के पास डीसीएम आती दिखी। रोककर डीसीएम चालक व अंदर बैठे अन्य तीन व्यक्तियों से नाम पता पूछा गया। उन्होंने अपना नाम जीवनलाल निवासी ग्राम तुरहनी बलराम, थाना सोनवा, अलीम निवासी ग्राम सुकइया, कोतवाली भिनगा, आरिफ निवासी ग्राम अटवा गोपाल, थाना पयागपुर, जिला बहराइच व आशीष



पुलिस हिरासत में खैर की लकड़ी के साथ दबोचे गए आरोपित ● जागरण

पटेल निवासी ग्राम जयचंद्रपुर, थाना संग्रामगढ़, जिला प्रतापगढ़ बताया। डीसीएम की तलाशी ली गई तो तिरपाल से ढके 40 बोटे खैर की लकड़ी बरामद हुई। लकड़ी से संबंधित कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सके। बरामदगी के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध ग्रामीण एवं पर्वतीय क्षेत्र में वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

10 लाख की खैर लकड़ी बरामद

कार्रवाई

- डीसीएम समेत अवैध कटान की खैर की लकड़ी बरामद हुई
- चार आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

श्रावस्ती, संवाददाता। पुलिस ने डीसीएम समेत 10 लाख रुपये की अवैध कटान की खैर की लकड़ी बरामद की। बरामद लकड़ी को जब्त कर पुलिस ने एक डीसीएम को सीज कर दिया। साथ ही चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

कोतवाली भिनगा के प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह टीम के साथ मंगलवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान बनघुसरा मोड़ पर मौजूद थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग बिना परमिट के एक डीसीएम में लादकर भारी मात्रा में खैर की लकड़ी लेकर जा रहे हैं। डीसीएम मछरिहवा से बनघुसरा की ओर आ रही है। पुलिस को बनघुसरा मोड़ से करीब डेढ़ किलोमीटर आगे पुलिया के पास एक डीसीएम आती दिखाई दी। जिसे रुकवा कर पुलिस ने डीसीएम की तलाशी ली जिसमें खैर की लकड़ी लदी हुई थी। पुलिस ने लकड़ी का परमिट मांगा लेकिन डीसीएम में सवार लोग परमिट नहीं दिखा सके। इस पर पुलिस ने डीसीएम समेत उसमें लदी 40 बोटा खैर की लकड़ी को कब्जे में ले लिया। साथ ही डीसीएम में सवार चालक समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान जीवन लाल पुत्र राजितराम निवासी ग्राम तुरहनी बलराम थाना सोनवा, अलीम पुत्र रमजान निवासी ग्राम सुकइया कोतवाली भिनगा, आरिफ पुत्र लल्लन निवासी ग्राम अटवा गोपाल थाना पयागपुर जिला बहराइच व आशीष पटेल पुत्र संगम लाल पटेल निवासी ग्राम जयचन्द्रपुर थाना संग्रामगढ़ जिला प्रतापगढ़ के रूप में हुई। पुलिस ने लकड़ी को जब्त कर डीसीएम को सीज कर दिया। साथ ही चारो आरोपियों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश ग्रामीण एवं पर्वतीय क्षेत्र वृक्षो का संरक्षण अधिनियम में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया।

रैतिक परेड का एएसपी ने किया निरीक्षण



श्रावस्ती। पुलिस लाइन भिनगा में मंगलवार एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने परेड की सलामी ली। उन्होंने शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड में मौजूद कर्मचारियों से एक-एक कर ड्रिल कराई। इस दौरान सभी कर्मचारियों को ड्रिल कमांड सिखाया गया। परेड के बाद यूपी-112 पीआरवी वाहनों, क्वार्टर गार्द व परिवहन शाखा का निरीक्षण किया गया। (संवाद)

गांजा तस्कर को एक वर्ष 15 दिन की कैद

संसू, श्रावस्ती : गांजा तस्कर को अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीष सुदामा प्रसाद ने एक वर्ष 15 दिन के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। एक हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर पांच दिन के साधारण कारावास की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

विशेष लोक अभियोजक द्विजेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि 28 अगस्त 2022 को उपनिरीक्षक योगेंद्र नाथ अपनी टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी दौरान प्रतापबली पुरवा गांव के पास एक व्यक्ति नहर पुलिया पर आ रहा था। संदेह होने पर पुलिस ने उसे रोका। तलाशी लेने पर उसके पास एक किलो 150 ग्राम गांजा बरामद हुआ। उसकी पहचान सिरसिया थाना क्षेत्र के प्रतापबली पुरवा निवासी बालकराम सोनकर के रूप में की गई। इस मामले में सिरसिया थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोप पत्र न्यायालय पर प्रस्तुत किया गया। सुनवाई के बाद दोषी बालकराम को सजा सुनाई गई है।

चोरी की बाइक के साथ दबोचा

तुलसीपुर (श्रावस्ती)। सोनवा थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने मंगलवार को बभन चक के पास से एक व्यक्ति को चोरी की बाइक के साथ दबोचा। गिरफ्तार आरोपी की पहचान थना क्षेत्र के ग्राम चंदर्खा बुजुर्ग निवासी जीवनलाल के रूप में हुई। (संवाद)

पुलिस ने बैंकों की जांची सुरक्षा

श्रावस्ती। सभी थाना व चौकी प्रभारियों ने मंगलवार को बैंकों की सुरक्षा जांच के लिए विशेष अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने बैंक में लगे सीसीटीवी, सायरन व संदिग्धों की जांच किया। बैंक में मौजूद लोगों को साइबर अपराध व सुरक्षा की जानकारी देकर जागरूक रहने के लिए प्रेरित भी किया। (संवाद)

शांतिभंग में सात गिरफ्तार

श्रावस्ती। पुलिस ने सोमवार रात अभियान चलाकर सात लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया। (संवाद)

जनता दर्शन में एसपी ने सुनीं समस्याएं

श्रावस्ती। जनता दर्शन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को पुलिस कार्यालय में एसपी प्राची सिंह ने 34 फरियादियों की समस्याएं व शिकायतें सुनीं। इस दौरान पंद्रह लोगों ने भूमि विवाद, नौ ने पारिवारिक विवाद व दस लोगों ने अन्य मामलों से संबंधित शिकायत की। जिसके निस्तारण के लिए एसपी ने संबंधितों को निर्देशित किया है। (संवाद)

40 बोटा लकड़ी समेत चार गिरफ्तार

श्रावस्ती। बिना परमिट काटी गई खैर की लकड़ी भिनगा पुलिस ने गत दिवस बरामद की है। कोई कागज न दिखा पाने पर चार लोगों को भी गिरफ्तार कर वन अधिनियम में केस दर्ज किया गया है।

भिनगा पुलिस ने सोमवार शाम बनघुसरा मोड़ के आगे एक डीसीएम को रोका। उसमें तिरपाल से छिपा कर 40 बोटा खैर की लकड़ी बरामद हुई। डीसीएम में बैठे लोगों ने अपना नाम जीवन लाल, अलीम, आरिफ व आशीष पटेल बताया। (संवाद)

चरस तस्करी के दो आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

श्रावस्ती। सिरसिया के ग्राम पिपरहवा निवासी अनवर अली व सलमान को एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम ने नेपाल सीमा से 950 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया था।

आरोपी ने जमानत अर्जी न्यायालय में डाली थी। जिसकी सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस सुदामा प्रसाद ने मंगलवार को आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दिया। (संवाद)

गांजा रखने के आरोप में एक वर्ष पंद्रह दिन की कैद

श्रावस्ती। सिरसिया में एक वर्ष पूर्व गांजे के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार हुआ था। जिसे न्यायालय ने मंगलवार एक वर्ष पंद्रह दिन के कारावास के साथ एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि बालकराम सोनकर निवासी प्रताप बली पुरवा थाना सिरसिया को 2022 में गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया था। न्यायालय ने सुनवाई करते हुए मंगलवार को दोषी को कारावास के साथ अर्थदंड की सजा सुनाई है। (संवाद)